दैनिक अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान
चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशित पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में प्रसारित




उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि

" जल्दी जागना हमेशा ही फायदेमंद होता है, फिर चाहे वो नींद से हो या अहम् से या फिर वहम् से। "

सुबल वाणी



शांति की इच्छा हो तो पहले इच्छाओं को शांत करो।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, शुक्रवार, 17 अक्तूबर, 2025 | कार्तिक कृष्ण पक्ष : एकादशी/द्वादशी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक : 287 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ : 16



# श्री गुरु तेग बहादर जी के 350वें शहीदी समारोहों में शामिल होने के लिए पंजाब के मंत्रियों ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को दिया निमंत्रण

## बेंगलुरु स्थित मुख्यमंत्री निवास पर कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. और बरिंदर कुमार गोयल ने की मुलाकात

कैबिनेट मंत्रियों ने 25 अक्टूबर से 25 नवंबर तक आयोजित होने वाले धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी साझा की

सिद्धारमैया ने गुरु साहिब द्वारा दिखाए गए एकता और बलिदान के शाश्वत संदेश को बनाए रखने के लिए पंजाब सरकार के प्रयासों की सराहना की



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़/बेंगलुरु, 16 अक्टूबर।** पंजाब के लोक निर्माण मंत्री स हरभजन सिंह ई.टी.ओ. और जल संसाधन मंत्री श्री बरिंदर कुमार गोयल ने आज बेंगलुरु में कर्नाटक के मुख्यमंत्री श्री सिद्धारमैया से मुलाकात कर अगले महीने श्री आनंदपुर साहिब में आयोजित होने वाले नौवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादर जी के 350वें शहीदी समारोहों में शामिल होने के लिए औपचारिक निमंत्रण दिया।

मुख्यमंत्री निवास पर हुई इस मुलाकात के दौरान दोनों मंत्रियों ने मुख्यमंत्री श्री सिद्धारमैया को ÷हिंद की चादर÷ श्री गुरु तेग बहादर जी की अद्वितीय शहादत को समर्पित धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कर्नाटक के मुख्यमंत्री को श्री आनंदपुर साहिब में होने वाले पावन समापन समारोहों में भाग लेने के लिए आमंत्रित करते हुए इस ऐतिहासिक अवसर पर देशभर में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों का विवरण भी साझा किया।

कार्यक्रमों की रूपरेखा बताते हुए कैबिनेट मंत्रियों ने कहा कि स्मृति समारोह 25 अक्टूबर को दिल्ली स्थित गुरुद्वारा श्री सीस गंज साहिब में अरदास के साथ आरंभ होंगे और उसी शाम गुरुद्वारा श्री रकाब गंज साहिब में कीर्तन दरबार का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार 1 से 18 नवंबर तक सभी 23 जिलों में गुरु साहिब के जीवन और शिक्षाओं पर आधारित लाइट एंड साउंड शो आयोजित करेगी, जबकि गुरु साहिब की चरण छोह प्राप्त 130 स्थलों पर कीर्तन दरबार और धार्मिक कार्यक्रम होंगे। मंत्रियों ने बताया कि चार नगर कीर्तन विभिन्न स्थानों – श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) और पंजाब के गुरदासपुर, फरीदकोट तथा तख्त श्री दमदमा साहिब – से प्रारंभ होंगे और सभी नगर कीर्तन 22 नवंबर की शाम श्री आनंदपुर साहिब में एकत्र होंगे। मुख्य शहीदी समारोह 23 से 25 नवंबर तक आयोजित होंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 'टेंट सिटी' (चक्क नानकी) बनाई जाएगी, जिसमें प्रतिदिन 11,000 से अधिक लोगों के ठहरने की व्यवस्था होगी। समारोहों के दौरान श्री अखंड पाठ साहिब, सर्व धर्म सम्मेलन, भाई जैता जी स्मारक में पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र, श्री गुरु तेग बहादर साहिब जी के जीवन पर आधारित ड्रोन शो तथा प्रसिद्ध रागियों के कीर्तन दरबार शामिल होंगे।

**कि नौवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादर जी की शिक्षाएं आने वाली पीढ़ियों को समानता, सहिष्णुता और आत्म-बलिदान का संदेश देती रहेंगीः सिद्धारमैया**

मुख्यमंत्री श्री सिद्धारमैया ने कहा कि नौवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादर जी की शिक्षाएँ आने वाली पीढ़ियों को समानता, सहिष्णुता और आत्म-बलिदान का संदेश देती रहेंगी। उन्होंने इतने बड़े स्तर पर स्मृति समारोह आयोजित करने के लिए मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की प्रशंसा की और समारोहों की सफलता के लिए पूर्ण सहयोग एवं समर्थन का आश्वासन दिया।

मंत्रियों ने बताया कि आध्यात्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ कई सामाजिक कल्याण पहलें भी की जाएंगी, जैसे रक्तदान शिविर, अंगदान अभियान और 3.5 लाख पौधे लगाने का विशाल अभियान।

# मुख्यमंत्री श्री गुरु तेग बहादर जी के 350वें शहीदी दिवस से संबंधित आयोजनों में शामिल होने के लिए राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को देंगे निमंत्रण

## ई.टी.ओ. और गोयल ने आयोजनों में शामिल होने के लिए कर्नाटक के मुख्यमंत्री को दिया आमंत्रण

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 अक्टूबर।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को श्री गुरु तेग बहादर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित राज्य सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए औपचारिक निमंत्रण देंगे। आज यहां एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री की ओर से राज्य सरकार की तरफ से इन स्मृति समारोहों में शामिल होने के लिए इन विशिष्ट व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन आयोजनों का विस्तृत कार्यक्रम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ साझा किया जाएगा तथा मुख्यमंत्री उनकी सुविधा के अनुसार कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध करेंगे। राज्य सरकार इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए सभी आवश्यक प्रबंध और सुरक्षा इंतज़ाम विशेष रूप से करेगी, ताकि यह आयोजन सभी के लिए यादगार बन सके। प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार पहले ही इस स्मृति दिवस के अवसर पर पूरे राज्य में विशेष आयोजनों की रूपरेखा तय कर चुकी है। उन्होंने कहा कि 'हिंद की चादर' श्री गुरु तेग बहादर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में पंजाब सरकार द्वारा ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ये श्रृंखलाबद्ध आयोजन पूरे राज्य में पूर्ण श्रद्धा और सम्मान के साथ संपन्न होंगे। मुख्य आयोजन श्री आनंदपुर साहिब की पवित्र धरती पर राज्य सरकार की ओर से आयोजित किया जाएगा। इन आयोजनों की श्रृंखला का उद्देश्य जनता को धर्मनिरपेक्ष मूल्यों, धार्मिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले नवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादर जी के मानवता और त्याग की भावना से प्रेरित करना है। श्री गुरु तेग बहादर जी की अनुपम शहादत मानव इतिहास में अद्वितीय है, जो अत्याचार और अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा देती है। श्री गुरु ग्रंथ साहिब में अंकित श्री गुरु तेग बहादर जी की बाणी मानवता, विश्व-भाईचारे, साहस, धार्मिक स्वतंत्रता और करुणा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।

प्रवक्ता ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आयोजित ये श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रम गुरु साहिब जी को सच्ची श्रद्धांजलि होंगे और लोगों को उनकी शिक्षाओं को सच्चे मन से अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। श्री गुरु तेग बहादर जी का जीवन और दर्शन संपूर्ण मानवता के लिए एक उज्ज्वल प्रकाश स्तंभ है। उन्होंने कहा कि ये आयोजन एक ओर पंजाब की गौरवशाली विरासत को जीवित रखने में अहम भूमिका निभाएंगे, वहीं दूसरी ओर सामाजिक सद्भाव, भाईचारे और शांति के सिद्धांतों को और मज़बूत करेंगे। इन आयोजनों का उद्देश्य महान गुरु साहिब की अमूल्य विरासत को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखना है। प्रवक्ता ने यह भी बताया कि पंजाब के कैबिनेट मंत्रियों को देश के अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों को निमंत्रण देने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी क्रम में गुरुवार को लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. और जल संसाधन मंत्री बरिंदर गोयल ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की ओर से कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को इस आयोजन में शामिल होने का आमंत्रण दिया।

# स्पीकर द्वारा महान योद्धा बाबा बंदा सिंह बहादुर को उनके जन्म दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 अक्टूबर।** पंजाब विधानसभा के स्पीकर श्री कुलतार सिंह संधवां ने बाबा बंदा सिंह बहादुर जी के 355वें जन्म दिवस के अवसर पर पंजाब विधानसभा सचिवालय में उन्हें श्रद्धा के फूल अर्पित किए। इस अवसर पर विधायक राणा इंदर प्रताप सिंह, विधायक फौजा सिंह सरारी, पंजाब विधानसभा के सचिव राम लोक खटाना और अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर जी एक महान योद्धा थे जिन्होंने अपना पूरा जीवन मानवता की भलाई के लिए समर्पित कर दिया। बाबा बंदा सिंह बहादुर जी पंजाब में पहले सिख राज्य के संस्थापक थे, जिन्होंने जमींदारी प्रथा को समाप्त किया और भूमि जोतने वालों को मालिकाना हक प्रदान किया। उन्होंने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर जी की यादें हमेशा हमारे दिलों में जीवित रहेंगी और हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए।

# डिजिटल क्रांतिः पंजाब के सरकारी स्कूलों को 98 करोड़ रुपये की लागत से इंटरएक्टिव स्मार्ट पैनलों से किया जाएगा सुसज्जित

## शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए राज्य के 3600 सरकारी स्कूलों में लगाए जाएंगे 8 हजार से अधिक अत्याधुनिक इंटरएक्टिव फ्लैट पैनलः बैंस

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 अक्टूबर।** पंजाब के स्कूल शिक्षा मंत्री श्री हरजोत सिंह बैंस ने आज बताया कि राज्य की शिक्षा प्रणाली को आधुनिक डिजिटल युग के अनुरूप बनाने के उद्देश्य से पंजाब सरकार राज्य के सरकारी स्कूलों में 98 करोड़ रुपये की लागत से 8230 से अधिक अत्याधुनिक इंटरएक्टिव फ्लैट पैनल (आईएफपीज़) स्थापित करेगी। इसका उद्देश्य कक्षाओं में शैक्षिक गतिविधियों को और अधिक रोचक बनाना, अवधारणाओं को बेहतर ढंग से समझाना तथा सीखने के परिणामों में सुधार लाना है। इस महत्वपूर्ण परियोजना के बारे में जानकारी साझा करते हुए श्री हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि राज्य के 3,600 सरकारी स्कूलों में अत्याधुनिक इंटरएक्टिव फ्लैट पैनल (आईएफपीज़) लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मार्च 2026 तक यह पहल लाखों विद्यार्थियों के



लिए शिक्षा प्रणाली में बड़ा बदलाव लाएगी और पारंपरिक शिक्षण पद्धति की जगह गतिशील, इंटरएक्टिव डिजिटल कक्षाएं पेश करेगी। मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए श्री बैंस ने कहा, ''यह पंजाब के हर बच्चे को समान, विश्वस्तरीय शिक्षा सुनिश्चित कर डिजिटल खाई को पाटने की दिशा में एक अहम कदम है। हम अपने शिक्षकों को सशक्त बना रहे हैं और विद्यार्थियों को भविष्य के शोधकर्ता और नेता बनने के लिए तैयार कर रहे हैं। यह निवेश एक भविष्य के लिए तैयार पंजाब के निर्माण के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जहां दूरदराज़ के स्कूलों के बच्चों को भी शहरी स्कूलों जैसी आधुनिक शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।''

शिक्षा मंत्री ने इस डिजिटल पहल के गहरे प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई में रुचि बढ़ेगी, उनकी सहभागिता में वृद्धि होगी, तथा सीखने के परिणाम और बेहतर होंगे। साथ ही यह पहल शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों और अधिक प्रभावी कक्षाओं के माध्यम से सशक्त बनाएगी। इस योजना का प्रमुख लक्ष्य विद्यार्थियों को 21वीं सदी में बुलंदियां हासिल करने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस करना है। यह कदम राज्य में भविष्य की शिक्षा प्रणाली लागू करने के प्रति पंजाब सरकार के दृष्टिकोण को दर्शाता है। श्री हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि कक्षाओं को 75-इंच मल्टी-टच, हाई-डेफिनिशन स्मार्ट पैनलों से सुसज्जित किया जाएगा, जिनमें एकीकृत कंप्यूटिंग, बिल्ट-इन स्पीकर, स्टाइलस सपोर्ट और प्री-लोडेड इंटरएक्टिव लर्निंग टूल्स शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की सफलता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत सपोर्ट सिस्टम स्थापित किया गया है, जिसमें 5 वर्ष की व्यापक ऑन-साइट वारंटी, स्थानीय सेवा केंद्रों का विस्तृत नेटवर्क और एक कुशल निगरानी प्रणाली शामिल है। उन्होंने आगे बताया कि इन उपकरणों को एक रियल-टाइम मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (एमआईएस) से जोड़ा जाएगा ताकि उपकरणों के उपयोग और कार्यप्रणाली की दूरस्थ निगरानी की जा सके। इसका समर्थन एक केंद्रीकृत शिकायत-निपटान डैशबोर्ड द्वारा किया जाएगा, साथ ही चोरी, क्षति और प्राकृतिक आपदाओं के लिए संपूर्ण बीमा कवरेज भी प्रदान किया जाएगा।

# 'युद्ध नशों विरूद्ध': 229वें दिन 95 नशा तस्करों को 3.4 किलोग्राम हेरोइन सहित काबू

'नशा छुड़ाने' के अभियान के तहत पंजाब पुलिस ने 37 व्यक्तियों को नशा मुक्ति उपचार के लिए किया तैयार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा राज्य से नशे के खात्मे के लिए शुरू की गई मुहिम 'युद्ध नशों विरूद्ध' के लगातार 229वें दिन पंजाब पुलिस ने गुरुवार को 427 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान पूरे राज्य में 95 नशा तस्करों को गिरफ्तार कर 82 एफआईआर दर्ज की गईं। इसके साथ ही, पिछले 229 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 33,219 हो गई है।

छापों के दौरान गिरफ्तार तस्करों के कब्जे से 3.4 किलोग्राम हेरोइन, 7.5 किलोग्राम भुक्की, 878 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 9,210 रुपये की ड्रग मनी बरामद हुई है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार ने नशों के खिलाफ अभियान की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन भी किया है।

74 गजटेड अधिकारियों की निगरानी में 1,200 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 120 से ज्यादा पुलिस टीमों ने राज्यभर में 427 स्थानों पर छापेमारी की। पुलिस टीमों ने पूरे दिन चले इस ऑपरेशन के दौरान 469 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की। राज्य सरकार ने नशे के उन्मूलन के लिए तीन-स्तरीय रणनीति - प्रवर्तन, नशा मुक्ति और रोकथाम - लागू की है। इसी के तहत पंजाब पुलिस ने आज 37 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने और पुनर्वास उपचार के लिए तैयार किया है।

# विजीलेंस ब्यूरो ने वसीका नवीस को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों किया काबू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 अक्टूबर।** राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी मुहिम को लगातार जारी रखते हुए, पंजाब विजीलेंस ब्यूरो ने पठानकोट के तहसील कॉम्प्लेक्स में काम कर रहे एक वसीका नवीस (डीड राइटर) दीपक कुमार को 30,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। विजीलेंस ब्यूरो के एक प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपी को पठानकोट जिले के गांव बंगोल के एक निवासी की शिकायत के बाद गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने ब्यूरो से संपर्क कर आरोप लगाया कि जमीन खरीदने के बाद वह अपनी संपत्ति की रजिस्ट्री करवाने के लिए उक्त वसीका नवीस से मिला। शिकायतकर्ता ने रजिस्ट्री की आवश्यक फीस वसीका नवीस



को ट्रांसफर कर दी, जिसके बाद उसने रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी करवा दी। लेकिन बाद में आरोपी ने 30,000 रुपये की रिश्वत की मांग यह कहते हुए की कि तहसीलदार असली रजिस्ट्री के दस्तावेज़ों पर हस्ताक्षर तभी करेंगे जब रिश्वत की रकम दी जाएगी।

शिकायत की पुष्टि के बाद, अमृतसर रेंज की विजीलेंस ब्यूरो टीम ने जाल बिछाया और दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से 30,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए वसीका नवीस को रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत विजीलेंस ब्यूरो थाना अमृतसर रेंज में मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की आगे की जांच जारी है।

# डॉ. अब्दुल कलाम जी के जन्मदिन पर उनके 7वें छात्र सम्मान समारोह का आयोजन

24 मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया

अर्थ प्रकाश/चौहान

**डेराबस्सी, 16 अक्टूबर।** डॉ. बी. आर. अंबेडकर एजुकेशनल सोसाइटी, डेराबस्सी ने भारत के 11वें राष्ट्रपति, भारत रत्न डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम जी के जन्मदिन पर स्थानीय सरकारी कॉलेज के विद्यार्थी भवन में सोसाइटी के अध्यक्ष श्री भाग सिंह घोड़ेवाल के नेतृत्व में %7वें छात्र सम्मान समारोह% का आयोजन किया। यह समारोह भाई जैता जी फाउंडेशन चंडीगढ़ की उपाध्यक्ष श्रीमती परमजीत कौर पसरीचा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसमें विधायक श्री कुलजीत सिंह रंधावा मुख्य अतिथि और कर्नल (सेवानिवृत्त)



अरविंदरपाल सिंह सोमल, पीसीएस, सहायक आयुक्त (जनरल) रूपनगर विशिष्ट अतिथि थे। अध्यक्ष मंडल में निशा चैरिटेबल सोसाइटी ज़ीरकपुर के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह और मुस्लिम वेलफेयर डेवलपमेंट सोसाइटी, हल्का डेराबस्सी के अध्यक्ष शहाबुद्दीन शामिल थे। डॉ. बी. आर. अंबेडकर एजुकेशनल सोसाइटी ने सत्र 2024-25 के दौरान साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर ज़िले के सरकारी स्कूलों के कक्षा आठवीं, मैट्रिक और कक्षा बारहवीं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 24 विद्यार्थियों को प्रशंसा चिह्न, पुस्तकों का एक सेट और 1100 रुपये की नकद राशि भेंट करके सम्मानित किया। पुस्तकों की सेवा डॉ. जसविंदर कौर के परिवार द्वारा और प्रशंसा चिह्न की सेवा सोशल वेलफेयर सोसाइटी डेराबस्सी द्वारा प्रदान की गई।

समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। एडवोकेट अनमोल सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रधानाचार्य प्रीतम दास ने डॉ. अब्दुल कलाम के जीवन और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। लेक्चरर जय पाल ने मंच संचालन शानदार ढंग से किया। इस दौरान जिले से क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में कक्षा 8 की स्मृति वर्मा, मिठू व अमनप्रीत कौर, कक्षा 10 की जशनदीप कौर, जसनप्रीत कौर व कोमल, कक्षा 12 की मेडिकल स्ट्रीम से महक, हरजोत कौर व सलोनी, नॉन-मेडिकल स्ट्रीम से महक शर्मा, महकप्रीत, भावना, कॉमर्स स्ट्रीम से मानसी जोशी, सारिका गुप्ता, राजनदीप कौर, आर्ट्स स्ट्रीम से मनप्रीत कौर, मानसी (लालरू), मानसी (खिजराबाद), वोकेशनल स्ट्रीम से राजविंदर कौर, नंदिनी, सिमरन व रोशनी कुमारी, सिमरनजीत कौर व अनमोल शामिल रहीं। हलके के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने संबोधित करते हुए कहा कि सोसायटी शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी स्कूलों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों व मेहनती शिक्षकों के लिए बहुत अच्छा कार्य कर रही है। सोसायटी के कार्यों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने 11 हजार रुपये की राशि दान की।

श्रीमती परमजीत कौर पसरीचा ने विद्यार्थियों को बधाई दी और भाई जैता जी फाउंडेशन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कर्नल अरविंदरपाल सिंह सोमल ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि, 'सम्मान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भविष्य में भी कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करते हुए सोसायटी की ओर से 11 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।' इस अवसर पर गुरप्रीत सिंह और शहाबुद्दीन ने भी संबोधित किया।

# पंजाब राज्यसभा उम्मीदवार रजिंदर गुप्ता को चुनाव सर्टिफिकेट दिया



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 अक्टूबर।** पंजाब विधानसभा के सचिव-कम-रिटर्निंग अधिकारी श्री राम लोक खटाना ने आज पंजाब राज्यसभा उम्मीदवार श्री रजिंदर गुप्ता, जो संसद के उच्च सदन के लिए निर्विरोध चुने गये थे, को चुनाव सर्टिफिकेट सौंपा। यह सर्टिफिकेट उन्हें पंजाब विधानसभा के स्पीकर श्री कुलतार सिंह संधवां की उपस्थिति में दिया गया। श्री रजिंदर गुप्ता के साथ उनकी पत्नी मधु गुप्ता भी मौजूद थीं।

# आपकी पूंजी -आपका अधिकारः कपूरथला में अन क्लेमड एसेट्स के तवरित निपटान हेतु जन जागरण शिविर का आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कपूरथला, 16 अक्तूबर।** 16 अक्टूबर 2025 को राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति पंजाब के नेत्रत्व में पंजाब के कपूरथला जिले में विशाल शिविर का आयोजन किया गया। पंजाब नेशनल बैंक के उप महाप्रबंधक रामकिशोर मीना द्वारा बताया गया कि अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा सभी वित्तीय संस्थाओ से संपर्क करते हुए भारत सरकार एवं भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा निर्देशानुसार एक विशाल शिविर का आयोजन किया जिसमे बैंक, बीमा, पेंशन एवं म्युचुअल फंड विभागों के शीर्ष अधिकारियो द्वारा भाग लिया गया। उन्होंने आगे बताया की बैंक में जमा राशि को यदि 10 वर्ष तक भी प्राप्त नहीं किया गया हो तो जमा राशि भारतीय रिज़र्व बैंक को चली जाती है। इस दावा रहित पुरानी जमा राशि, म्युचुअल फंड, बीमा राशि, को कैसे



प्राप्त किया जा सकता, इसकी विस्तृत जानकारी दी गयी। इस तरह के जागरूकता शिविर सभी राज्यों में लगाये जा रहे है ताकि पुरानी दावा रहित जमा राशी को वापस उसके असली मालिक को या नामित व्यक्ति को या कानूनन उतराधिकारी उत्तराधिकारियों को वापस की जा सके।

वित्त मंत्रालय द्वारा जारी 'आपकी पूंजी -आपका अधिकार' जन जागरण अभियान 1 अक्टूबर 2025 से 31 दिसम्बर 2025 तक चलाया गया है। आगामी दिनों में प्रत्येक जिले में जागरूकता शिवर आयोजित किये जायेंगे. अधिक जानकारी हेतु भारतीय रिज़र्व बैंक के उदगम पोर्टल एवं अपनी नजदीकी बैंक शाखा में संपर्क कर सकते है। इस मौके पर सामाजिक सुरक्षा योजनाओ की भी विस्तृत जानकारी दी गयी एवं बैंक खातो में अपना पेन कार्ड, आधार एवं मोबाइल अपडेट करने के बारे में भी बताया गया । इस के साथ साइबर फ्राड से बचने के उपाय भी बताये गये।

कार्यक्रम का संचालन अग्रणी जिला प्रबंधक कँवलजीत द्वारा किया गया।

# स्पेशल बच्चों को आगे बढ़ने के लिए मिलने चाहिए मौकेः प्रिंसीपल



अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना

**होशियारपुर, 16 अक्तूबर (अप्रस।** जेएसएस आशा किरन स्पेशल स्कूल जहानखेला के स्पेशल छात्रों की तरफ से जैंमस कैंबरिज स्कूल होशियारपुर में मोमबत्तियों की प्रदर्शनी लगाई गई, इस प्रर्दशनी का उदघाटन स्कूल की प्रिंसीपल श्रीमती संगीता निस्तांदरा की तरफ से किया गया और कहा कि स्पेशल बच्चे भी दूसरे बच्चों की तरह ही जिंदगी में आगे बढने का जजबा रखते है इस लिए इन बच्चों को आगे बढने के मौके प्रदान करने चाहिए। उन्होंने कहा कि आशादीप वैलफेयर सोसायटी की तरफ स्पेशल बच्चों को समाज की मुखय धारा के साथ जोडने के लिए जो प्रयास किए जा रहे है वह सराहनीय है। इस मौके स्कूल के छात्रों ने स्पेशल बच्चों से मोमबत्तियां खरीदी। इस मौके आशादीप वैलफेयर सोसायटी के पुर्व प्रधान मलकीत सिंह महेड्डू, मस्तान सिंह ग्रेवाल, अध्यापक अनिता रानी, ज्योति देवी, कमलजीत कौर आदि भी हाजिर रहे।



// चलता रहूंगा पथ पर, चलने में माहिर बन जाऊंगा या तो मंजिल मिल जाएगी या अच्छा मुसाफिर बन जाऊंगा। \\

दैनिक **अर्थ प्रकाश** खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशित पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में प्रसारित

सुबल वाणी

असफल लोगों के पास बैठा करो, उनके पास अहंकार नहीं अनुभव मिलेगा।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, शुक्रवार, 17 अक्तूबर, 2025 | कार्तिक कृष्ण पक्ष: एकादशी/द्वादशी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 287 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12







## भूपेंद्र सरकार के सभी 16 मंत्रियों का इस्तीफा, नई कैबिनेट की शपथ आज

**गांधीनगर (अप्रस)।** गुजरात में सीएम भूपेंद्र पटेल कैबिनेट के सभी 16 मंत्रियों ने गुरुवार को इस्तीफा दे दिया। कल गांधीनगर में सुबह 11.30 बजे नई कैबिनेट की शपथ होगी। इस फेरबदल को राज्य में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी से जोड़ा जा रहा है। जानकारी के मुताबिक मंत्रिमंडल में नए चेहरे शामिल किए जा सकते हैं, 2 डिप्टी सीएम भी बनाए जा सकते हैं।




### सीएम ने की एक दर्जन सरकारी अस्पतालों के मेंटिनेंस व सफाई व्यवस्था के कार्यों की समीक्षा

# सभी सरकारी अस्पताल आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हो : सीएम सैनी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 अक्टूबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के सभी सरकारी अस्पताल आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होने चाहिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल के भवन आदि की मेन्टेन्स से लेकर सफाई व्यवस्था तक सभी कार्य दुरुस्त रखें। अधिकारी नियमित निरीक्षण करें, सफाई के मामले में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, जबकि बेहतर कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री वीरवार को चंडीगढ़ में प्रदेश के लगभग एक दर्जन सरकारी अस्पतालों के मेन्टेन्स तथा सफाई व्यवस्था के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता ,स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल , लोक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल , वित्त विभाग के आयुक्त एवं सचिव श्री मोहम्मद शाइन , मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ साकेत कुमार, मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती तथा विवेक कालिया के अलावा स्वास्थ्य विभाग तथा लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री ने सरकारी अस्पतालों में चल रहे भवन के मरम्मत , बिजली से संबंधित कार्य, अस्पताल के रिसेप्शन एवं वार्ड से लेकर जन सुविधाओं तक की साफ़ -सफाई एवं सौंदर्यकरण तथा परिसर को हरा भरा बनाने संबंधित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य के सभी सरकारी अस्पताल एकदम से साफ और सुंदर हों , इस कार्य के लिए धन की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पतालों में सफाई -कल्चर पर विशेष बल दें। जो अधिकारी या कर्मचारी स्वच्छता के मामले में लापरवाही बरतेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी जबकि उत्कृष्ट कार्य करने वाले को सम्मानित किया जाएगा।

### मरीजों को नहीं होनी चाहिए परेशानी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए, इसका विशेष ख्याल रखा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा भवन आदि की मरम्मत करने के बाद उसके रखरखाव की जिम्मेवारी अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी की है। मुख्यमंत्री ने अस्पताल में पेड़ -पौधों की देखभाल करने आवश्यकता अनुसार अन्य पौधे लगाने एवं पार्क की व्यवस्था दुरुस्त रखने के भी निर्देश दिए।

# रोपड़ रेंज के डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर पांच लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

- घर से करोड़ों का कैश बरामद
- तीन बैग और एक अटैची में भरे मिले नोट
- सीबीआई को नोट गिनने की मशीन मंगानी पड़ी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



मोहाली। केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) ने पंजाब पुलिस के रोपड़ रेंज के डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर को रिश्वत केस में गिरफ्तार किया है। डीआईजी हरचरण भुल्लर 2007 बैच के आईपीएस अफसर हैं। भुल्लर को मोहाली स्थित डीआईजी ऑफिस से पकड़ने की सूचना है लेकिन अभी तक जांच एजेंसी ने औपचारिक पुष्टि नहीं की है। यह बताया जा रहा कि वह अपनी सरकारी गाड़ी पर सुबह कार्यालय में आए थे और वहां से ही सीबीआई ने उन्हें हिरासत में लिया।

डीआईजी ने बिचौलिए के जरिए फतेहगढ़ साहिब में मंडी गोबिंदगढ़ के स्क्रैप कारोबारी से 8 लाख की रिश्वत मांगी थी। रिश्वत न देने पर उसके 2 साल पहले सरहिंद में दर्ज पुराने केस में चार्जशीट पेश करने और नए फर्जी केस दर्ज करने की धमकी दी गई। कारोबारी ने इसकी शिकायत सीबीआई को कर दी। सीबीआई ने जांच के बाद ट्रैप लगा गुरुवार को डीआईजी को अरेस्ट कर लिया। सीबीआई ने पहले बिचौलिया कृष्नु को पकड़ा।

डीआईजी पर दर्ज एफआईआर की कॉपी भी सामने आई है। जिसमें स्क्रैप कारोबारी आकाश बत्ता ने आरोप लगाया कि डीआईजी ने उसे ऑफिस बुलाकर गुस्से में फटकारा था। डीआईजी ने बिचौलिए कृष्नु के जरिए उससे बार-बार रिश्वत मांगी। इसके बाद दिल्ली और चंडीगढ़ से आई सीबीआई की करीब 52 लोगों की टीम ने उनके मोहाली ऑफिस और चंडीगढ़ के सेक्टर 40 की कोठी को खंगाला। उनकी कोठी से 5 करोड़ का कैश मिला। जो 3 बैग और 1 अटैची में भरा हुआ था। इससे गिनने के लिए सीबीआई की टीम को नोट गिनने वाली मशीन मंगवानी पड़ी। इसके अलावा भारी मात्रा में गहने भी मिले। सीबीआई को डीआईजी की 15 प्रॉपर्टी और लग्जरी गाड़ियों के डॉक्यूमेंट्स भी मिले है। डीआईजी की चंडीगढ़ कोठी में सीबीआई की टीमें अभी भी जांच कर रही हैं।

### यह है शिकायत

मंडी गोबिंदगढ़ के स्क्रैप कारोबारी आकाश बत्ता ने 11 अक्टूबर को यह शिकायत दी थी। 29 अक्टूबर 2023 को उसके खिलाफ सरहिंद पुलिस थाने में केस दर्ज हुआ था। जिसमें आरोप लगाया गया था कि बिजनेस के लिए उसने फर्जीवाड़ा किया। इस केस में चालान और फाइनल रिपोर्ट पेश नहीं हुई थी। आरोप में कारोबारी ने बताया कि अगस्त 2025 में डीआईजी हरचरण भुल्लर का करीबी कृष्नु मुझे मिले। वह मेरा भी जानकार था। उसने कहा कि डीआईजी ने मुझे उसका केस रफा-दफा करने के लिए सेवा पानी (रिश्वत) इकट्ठा करने के लिए कहा है।




▲ अधिकतम 30 डिग्री से.
डिग्री से. 18 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 6.27 बजे
सूर्यास्त 5.50 बजे
सोना 24 कैरेट : 1,29,590.00
सैंसेक्स : 83,467.66
अमेरिका : 87.96
कैनेडियन : 62.64
आस्ट्रेलिया : 57.23

## न्यूज ब्रीफ

### तीन अलग-अलग मामलो में घर से ज्वैलरी, शॉप से डायमंड और कार से लैपटॉप चोरी

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** यूटी पुलिस ने अलग अलग तीन मामलों में घर से ज्वैलरी, शॉप से डायमंड और कार से लैपटॉप चोरी के मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

**केस नंबर एक :** जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सैक्टर 20 निवासी प्रदीप ने पुलिस को बताया कि वह घर को लॉक लगाकर काम पर गए थे।जब वह वापिस आए तो देखा कि घर का लॉक टूटा हुआ है। और अंदर से सारा सामान बिखरा हुआ है। घर में रखा एक मंगलसूत्र,एक पेयर गोल्ड ईयररिंग, एक पेयर सिल्वर एंकलेट्स गायब थी।जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**केस नंबर दो:** जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सैक्टर 22 महिला ने पुलिस को बताया कि 12 अक्टूबर को शॉप पर काम करने वाला स्टाफ रूटीन में गोल्ड की चेकिंग कर रहा था। इसी दौरान उसमें कुछ डायमंड का सामान गायब पाया। जब उन्होंने सीसीटीवी फुटेज को चेक किया तो पता चला कि दो कस्टमर उस दिन उनकी शॉप पर आए। 8 बैंगल्स डायमंड और एक डायमंड रिंग चोरी कर ले गए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**केस नंबर तीन:** सैक्टर 15 निवासी शिकायतकर्ता रविंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि उसने बीते बुधवार समय करीब 9 बजकर 45 मिनट के आसपास अपनी हिमाचल नंबर की कार सैक्टर 12 स्थित पीजीआई पार्किंग में खड़ी की थी। जब वह दोपहर करीब एक वापिस आया तो देखा कि कार का पिछली राइट साइड का विंडो टूटा हुआ था।और कार में रखा लैपटॉप गायब था।मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चंडीगढ़ में कर्मचारियों को दिवाली से पहले अक्टूबर की सैलरी

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** मिठास, रोशनी और खुशियों से भरा दिवाली 2025 का त्योहार अब नजदीक है। जहां इस खास अवसर पर चंडीगढ़ प्रशासन ने अपने कॉन्ट्रैक्ट/गेस्ट/आउटसोर्सिंग और डीसी रेट बेसिस कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले कर दी है। प्रशासन ने फैसला लिया है कि 20 अक्टूबर को दिवाली के त्योहार के मद्देनजर इन सभी कर्मचारियों को अक्टूबर माह की एडवांस सैलरी 17 अक्टूबर से पहले या 17 अक्टूबर तक जारी की जाएगी। चंडीगढ़ प्रशासन के वित्त विभाग ने इस संबंध में सभी विभागों और कार्यालयों के हेड को आदेश जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि उक्त सभी विभाग अपने कॉन्ट्रैक्ट/गेस्ट/आउटसोर्सिंग और डीसी रेट बेसिस कर्मचारियों से संबन्धित बिलों का शीघ्र निपटान करें ताकि यही सुनिश्चित हो सके कि इन श्रेणियों के कर्मचारियों को 17 अक्टूबर से पहले या 17 अक्टूबर तक वेतन का भुगतान कर दिया जाए। इसके अलावा यदि किसी कर्मचारी के परजेंस में कोई समस्या है तो उसे अगले माह के वेतन में एडजस्ट और व्यवस्थित किया जाए।

**चंडीगढ़ में ओला, उबर और इनड्राइव पर शिकंजा**

# किराया नीति का उल्लंघन, 15 दिन में सुधार नहीं तो लाइसेंस रद्द

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 16 अक्टूबर।** चंडीगढ़ प्रशासन ने कैब एग्रीगेटर कंपनियों ओला, उबर और इनड्राइव के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए शो-कॉज़ नोटिस जारी किए हैं। ये कार्रवाई दो प्रमुख कारणों से की गई है इसमें नई किराया नीति लागू न करना और शहर में संचालन योग्य कार्यालयों की अनुपस्थिति शामिल है।

उल्लेखनीय है कि चंडीगढ़ में 7 जुलाई 2025 को लागू हुई 'मोटर व्हीकल एग्रीगेटर पॉलिसी-2025' के तहत टैक्सी, कैब और ऑटो रिक्शा के लिए नया किराया ढांचा तय किया गया था। इसके अंतर्गत पहले 3 किलोमीटर के लिए 90 रुपये का न्यूनतम किराया तय किया गया (जबकि ड्राइवर 100 रुपये की मांग कर रहे थे)। साथ ही, ड्राइवरों को 90त्न किराया देना अनिवार्य किया गया लेकिन ओला, उबर और इनड्राइव ने इस नीति को न तो लागू किया और न ही किसी दिशा-निर्देश का पालन किया। इसके विपरीत, कंपनियों ने पुराने कमीशन मॉडल को हटाकर सब्सक्रिप्शन मॉडल लागू कर दिया, जिससे ड्राइवरों का शोषण और बढ़ गया। इतना ही नहीं, त्नस्न्न का बोझ भी ड्राइवरों पर डाल दिया गया।



### कैब यूनियन का विरोध

इन मुद्दों को लेकर चंडीगढ़ ट्राइसिटी कैब ड्राइवर्स यूनियन के अध्यक्ष अमनदीप सिंह, उपाध्यक्ष सुरिंदर सिंह खालसा और सचिव राजिंदर कुमार भट्टी ने पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से मुलाकात की। उनका आरोप है कि कंपनियां हर दिन करोड़ों की कमाई कर रही हैं, लेकिन न तो प्रशासनिक आदेश मान रही हैं और न ही ड्राइवरों के हितों की परवाह कर रही हैं।

### कार्यालय नहीं, लाइसेंस रद्द की चेतावनी

जांच में सामने आया कि इन कंपनियों के शहर में पंजीकृत कार्यालय या तो बंद हैं या वास्तव में अस्तित्व में ही नहीं हैं। एक कार्यालय तो छह महीने से बंद पाया गया। इससे यह संदेह गहराया कि कंपनियों ने केवल लाइसेंस पाने के लिए अस्थायी कार्यालय खोले थे, जो बाद में बंद कर दिए गए।

### 15 दिन की मोहलत- क्या होगा आगे

प्रशासन ने कंपनियों को 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है। अगर इस अवधि में कंपनियां नए किराया ढांचे को लागू नहीं करतीं और कार्यालयों को पुनः चालू नहीं करतीं तो उनके लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे। इसके तहत पहले तीन सस्पेंशन नोटिस जारी होंगे। फिर ऑपरेशन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया जाएगा।

### प्रशासन का सख्त संदेश

प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल रिपोर्ट तलब की और परिवहन सचिव के उत्तर से असंतुष्ट होकर कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। अब देखना यह होगा कि ओला, उबर और इनड्राइव अगले 15 दिनों में नियमों का पालन करते हैं या चंडीगढ़ से उनकी सेवाएं पूरी तरह बंद कर दी जाएंगी।

# पंजाब और चंडीगढ़ में मौसम ने बदली करवट

## गिरने लगा तापमान, महसूस होने लगी सर्दी

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 16 अक्टूबर।** चंडीगढ़ और इसके साथ सटे पंजाब व हरियाणा के इलाकों में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। जहां सुबह और शाम की हवा में हल्की ठंडक महसूस की जा रही है, वहीं दोपहर के समय धूप तीखी और गर्म बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों में राज्य के औसत अधिकतम तापमान में 0.1 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पंजाब के बठिंडा में सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया, जहां पारा 35.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

यह पूरे राज्य में सबसे गर्म शहर रहा। मौसम के बदलाव के चलते वीरवार से पंजाब के सभी सरकारी अस्पतालों और डिस्पेंसरियों के ओपीडी समय में बदलाव किया गया है। अब ओपीडी सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगी। पहले यह समय सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक था।

इस बदलाव का उद्देश्य मरीजों को बदलते मौसम में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। मौसम विभाग के अनुसार, अब 21 अक्टूबर तक बारिश या आंधी की कोई संभावना नहीं है। आसमान साफ रहेगा और मौसम शुष्क बना रहेगा। तापमान में भी कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा, केवल मामूली उतार-चढ़ाव ही देखा जा सकता है।

मोहाली में न्यूनतम 18डिग्री सेंटीग्रेड जबकि अधिकतम 30 डिग्री सेंटीग्रेड तक तापमान रहा। आसमान साफ रहा और तेज धूप निकली। पटियाला में न्यूनतम 19 डिग्री सेंटीग्रेड जबकि अधिकतम 31 डिग्री सेंटीग्रेड तापमान रहा। लुधियाना में 18 डिग्री न्यूनतम जबकि 30 डिग्री अधिकतम तापमान रहा।

### सेहत विभाग की चेतावनी

सेहत विभाग ने नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। बदलते मौसम में वायरल संक्रमण, खांसी-जुकाम और एलर्जी जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और अस्थमा रोगियों को सावधानी बरतने की ज़रूरत है। डॉक्टरों ने लोगों को साफ पानी पीने व संतुलित आहार लेने और मौसम के अनुसार कपड़े पहनने की सलाह दी है।

# अस्पतालों में 16 अक्टूबर से लागू हुआ नया ओपीडी शेड्यूल

सर्दी के चलते पंजाब और चंडीगढ़ में बदला अस्पतालों का समय

15 अप्रैल तक लागू रहेगा यही समय

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 16 अक्टूबर।** सर्दी की शुरुआत को देखते हुए पंजाब और चंडीगढ़ प्रशासन ने सरकारी अस्पतालों और डिस्पेंसरियों के ओपीडी समय में बदलाव किया है। नया समय आज 16 अक्टूबर 2025 से लागू हो गया है और यह 15 अप्रैल 2026 तक प्रभावी रहेगा। प्रशासन के मुताबिक, यह निर्णय सर्दियों में कोहरे और धुंध के कारण आने वाली परेशानियों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि मरीजों को आने-जाने में सहूलियत मिल सके। अब सरकारी अस्पतालों की ओपीडी सेवाएं सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक उपलब्ध होंगी। पहले यह समय सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक था। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया अब अस्पताल खुलने से आधा घंटा पहले, यानि सुबह 8.30 बजे से शुरू होगी ताकि मरीजों को पर्ची बनवाने और डॉक्टर से समय पर मिलने में आसानी हो। नया शेड्यूल चंडीगढ़ के विभिन्न सरकारी संस्थानों पर लागू होगा जिनमें गवर्नमेंट मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, सेक्टर-16, सिविल हॉस्पिटल, सेक्टर-22, सिविल हॉस्पिटल, मनीमाजरा, सिविल हॉस्पिटल, सेक्टर-45 और इनसे संबंधित सभी डिस्पेंसरी शामिल हैं। ईएसआई डिस्पेंसरी सेक्टर-29 और 23 और यूटी सचिवालय व हाईकोर्ट डिस्पेंसरी में समय नहीं बदला है। मरीजों से अनुरोध किया गया है कि वे नया समय ध्यान में रखते हुए अस्पताल पहुंचें ताकि किसी भी असुविधा से बचा जा सके।

### पंजाब में भी यही नियम लागू

पंजाब की सभी सरकारी सेहत संस्थानों—जैसे कि जिला अस्पताल, सब-डिवीजनल अस्पताल, पीएचसी, सीएचसी, आम आदमी क्लिनिक और ईएसआई अस्पतालों में भी अब ओपीडी का समय सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक रहेगा। यहां भी रजिस्ट्रेशन काउंटर सुबह 8.30 बजे से खुलेंगे। सभी सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी सेवाएं पहले की तरह 24×7 उपलब्ध रहेंगी। इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### 15 अप्रैल के बाद फिर बदलेगा समय

प्रशासन के अनुसार, सर्दियों के बाद यानी 15 अप्रैल 2026 के बाद, अस्पतालों का पुराना ह्वक्कष्ठ समय सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक फिर से लागू कर दिया जाएगा।

# पीएचडीसीसीआई ने चंडीगढ़ में आयोजित किया रैंप कार्यक्रम के तहत पांचवां जागरुकता सत्र

एमएसएमई को दी योजनाओं और तकनीकी सहायता की जानकारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 अक्टूबर।** पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के चंडीगढ़ चैप्टर ने आज उद्योग विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन के सहयोग से 'रेज़िंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस कार्यक्रम श्रृंखला के तहत पाँचवां जागरूकता सत्र आयोजित किया। यह आयोजन पीएचडी हाउस, सेक्टर 31, चंडीगढ़ में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में उद्यमियों और एमएसएमई प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इस सत्र का उद्देश्य माइक्रो, स्मॉल और मीडियम इंटरप्राइजेज (एमएसएमई) को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं, वित्तीय सहायता और तकनीकी नवाचारों के प्रति जागरूक करना था, ताकि वे अपने व्यवसाय की प्रतिस्पर्धात्मकता और क्षमता को बेहतर बना सकें।



कार्यक्रम की शुरुआत में पीएचडीसीसीआई की वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक सुश्री भारती सूद ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय और विश्व बैंक के सहयोग से चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य एमएसएमई इकोसिस्टम को मज़बूत बनाना है। एडवोकेट लोकेश जैन (संयोजक, क्षेत्रीय एमएसएमई समिति, पीएचडीसीसीआई) ने एमएसएमई के लिए निरंतर जागरूकता और सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने रैंप को भारत सरकार की एक क्रांतिकारी पहल बताया। मोहित (अतिरिक्त निदेशक, एमएसएमई-डीएफओ, लुधियाना)ने सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जो उद्योगों को वित्त और मार्गदर्शन प्रदान करती हैं। निभय गार्ग्य( निदेशक, एनसीजी कॉर्पोरेट इंजीनियर्स) ने तकनीकी अपनाने की जरूरत पर प्रकाश डाला। प्रमोद कुमार मिश्रा, (चंडीगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड) ने नवीकरणीय ऊर्जा और इसके दीर्घकालिक लाभों के बारे में बताया। शिव शंकर कुमार (सह-संयोजक, क्षेत्रीय बैंकिंग और वित्तीय सेवा समिति, पीएचडीसीसीआई )ने एमएसएमई के लिए उपलब्ध वित्तीय साधनों और फंडिंग विकल्पों की जानकारी दी।

### इंटरएक्टिव सेशन बना आकर्षण का केंद्र

सत्र का समापन एक इंटरएक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जहां प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों से योजनाओं, वित्तीय चुनौतियों और तकनीकी एकीकरण से जुड़े प्रश्न पूछे और समाधान प्राप्त किए।

# फेस्टिव सीजन : ग्राहकों को बाजारों में नहीं मिल रही समुचित पार्किंग

सेक्टर 22 की सभी मार्केटों में भीड़भाड़ के चलते यातायात प्रभावित

एमसी से पार्किंग की सुदृढ़ व्यवस्था की मांग कर रहे हैं दुकानदार

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

**चंडीगढ़, 16 अक्तूबर।** दीपावली के साथ ही फेस्टिव सीजन शुरू होते ही चंडीगढ़ की मुख्य मार्केटों में ग्राहकों को अपने वाहन को पार्क करने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे बड़ी मार्केट सेक्टर 22, जहां बड़े-बड़े शोरूम हैं, वहां की हालत और भी ज्यादा बदतर हो चुकी है। बता दें कि इस मार्केट में कपड़ों, ज्वैलरी शॉप के अलावा ड्राईफ्रूट्स आदि के बड़े-बड़े स्टाल लगे हैं। सेक्टर 22-सी और डी में ग्राहकों की लंबी-लंबी कतारें देखी जा सकती हैं। त्यौहरी सीजन के अलावा इस मार्केट में लगभग हमेशा भीड़भाड़ देखी जा सकती है। यहां पर आने वाले ग्राहकों को घंटों लाइन में खड़े होकर अपने वाहनों को पार्क करने और उन्हें वापसी में वहां से निकलाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



मार्केट के कई शोरूम मालिकों की तरफ से भी इस मामले को गंभीरतापूर्वक लेकर नगर निगम और प्रशासन से मदद करने की गुहार लगायी है। उनके अनुसार इस सीजन का वह लोग पूरे वर्ष से लंबा इंतजार करते हैं। क्योंकि ग्राहकों को अपने प्रमुख त्यौहारों के लिए घर के लिए कपड़े लत्ते, गहने-जेवर, गिफ्ट आदि के आइट्म के अलावा खाने-पीने के वस्तुएं खरीदनी होती हैं। ऐसे में उन्हें यदि अपने वाहनों को समुचित तरीके से पार्क करने और वहां से निकालने में परेशानी होती है, तो वह लोग इस मार्केट में कैसे आ सकेंगे। इसका नुकसान व्यापारियों के साथ रोजमर्रा की वस्तुएं खरीदने वाले ग्राहकों को भी उठाना पड़ रहा है।

### एमसी व प्रशासन ध्यान दें

रेडीमेड कपड़े के व्यापारी अरविंद जैन ने बताया कि नगर निगम और प्रशासन को इस तरफ विशेष ध्यान देने की जरूरत है। तलवार ज्वैलरी के व्यापारी की भी लगभग यही राय है।

### शास्त्री मार्केट का विशेष आकर्षण

उधर सेक्टर 22 की शास्त्री मार्केट में पूरे साल भीड़-भीड़ का आलम रहता है। किंतु फेस्टिवल सीजन में यहां भी उम्मीद से ज्यादा भीड़भाड़ देखने को मिल रही है। वहां के लगभग सभी दुकानदारों का कहना है कि ग्राहकों में इस बार दीपावली को लेकर खरीद-फरोख्त में ज्यादा उत्साह देखने को मिला है। उनका कहना है कि उनकी दुकानों में वैरायटीज मिल जाती हैं, खासकर लेडीज शूट आदि में। क्योंकि यहां बहुत ही किफायती दरों में और आकर्षक डिजाइनों के शूट के कपड़े मिल जाते हैं।

# चंडीगढ़ ट्रेडर्स एसोसियेशन सेक्टर 17 का प्रतिनिधिमंडल मुख्य सचिव से मिला

## शहर के व्यापारियों व नागरिकों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

**चंडीगढ़, 16 अक्तूबर।** चंडीगढ़ ट्रेडर्स एसोसियेशन सेक्टर 17 और नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड एंटी करप्शन फोर्स का एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल आज प्रशासन के मुख्य सचिव राजेश प्रसाद से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव को शहर के व्यापारियों और नागरिकों से संबंधित कुछ मुद्दों से संबंधित एक मांगपत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कमलजीत सिंह पंछी, जो दोनों संगठनों के अध्यक्ष हैं, ने किया। प्रतिनिधिमंडल में अनिल वोहरा (चेयरमैन, एनएचआर एसीएफ), रजत मल्होत्रा (महासचिव, एनएचआरएसीएफ), अमित जैन (महासचिव, सीटी) तथा राजन महाजन (उपाध्यक्ष, एनएचआरएसीएफ) शामिल थे।



प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्य सचिव का फूलों का गुलदस्ता, सिरोपा और स्वागत पोस्टर भेंट कर हार्दिक स्वागत किया, बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने एक विस्तृत ज्ञापन प्रस्तुत किया, जिसमें चंडीगढ़ के नागरिकों और व्यापारियों से संबंधित प्रमुख नागरिक एवं प्रशासनिक मुद्दों को उजागर किया गया, जिनमें शामिल हैं-लम्बे समय से लंबित मामलों और बकाया राशि के समाधान हेतु वन-टाइम सेटलमेंट स्कीम का कार्यान्वयन, अनुपालन को सरल बनाने और प्रक्रियात्मक देरी को कम करने हेतु बिल्डिंग बायलॉज़ का सरलीकरण, एस्टेट ऑफिस, चंडीगढ़ की दक्षता और कार्यप्रणाली में सुधार, संपत्ति लेनदेन को सुगम बनाने के लिए फ्रीहोल्ड संपत्तियों के लिए वैकल्पिक एनओसी प्रणाली की शुरुआत, सदस्यों ने शेयर-वाइज़ प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन की बहाली के मुद्दे पर भी चर्चा की, जो हितधारकों की लंबे समय से लंबित मांग रही है। एच. राजेश प्रसाद, आई.ए.एस. ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को धैर्यपूर्वक सुना और कहा कि वे ज्ञापन में उल्लिखित मुद्दों की गहनता से समीक्षा करेंगे। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव का समय देने, सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने और सहयोग का आश्वासन देने के लिए आभार व्यक्त किया।

# कचरे से बनी कलाकृति बनी आकर्षण का केंद्र

सरकारी मॉडल हाई स्कूल सेक्टर-25 में हुआ धातु भित्ति चित्र का उद्घाटन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 अक्टूबर।** सरकारी मॉडल हाई स्कूल, सेक्टर-25 में एक अनूठी और प्रेरणादायक पहल के तहत कचरे की वस्तुओं से तैयार किए गए धातु भित्ति चित्र (मैटेलिक वॉल म्यूरल) का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी डायरेक्टर 3, श्रीमती बिंदु अरोड़ा उपस्थित रहीं। इस विशेष कला कृति को विद्यालय के कला अध्यापकों राकेश सहोता और शेख मोहम्मद ने विद्यालय के प्रधानाचार्य राजिंदर सिंह के मार्गदर्शन में तैयार किया है। इस भित्ति चित्र में कचरे की वस्तुओं का रचनात्मक उपयोग करते हुए न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया है, बल्कि यह कचरे से कारीगरी की मिसाल भी पेश करता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती बिंदु अरोड़ा ने इस अभिनव प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय का यह कदम न केवल सौंदर्यात्मक दृष्टिकोण से सराहनीय है, बल्कि यह विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और पुनः उपयोग की भावना को भी जाग्रत करता है। उन्होंने पूरे विद्यालय परिवार को इस उत्कृष्ट रचना के लिए बधाई दी। इस मौके पर सी.आर.सी. श्रीमती सुमन नारंग भी मौजूद रहीं। उन्होंने इस पहल को शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण के सुंदर संगम के रूप में बताया और कहा कि इस प्रकार की कलात्मक गतिविधियां विद्यार्थियों को नई सोच और दिशा प्रदान करती हैं।



**पीजीआईएमईआर के डॉक्टरों की लैंसेट में प्रकाशित अंतरराष्ट्रीय स्टडी**

# नवजात शिशुओं में एंटीबायोटिक का छोटा कोर्स भी है कारगर

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 16 अक्टूबर।** पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ के प्रोफेसर डॉ. सौरभ दत्ता और भारत के अन्य प्रमुख नवजात विशेषज्ञों की एक अहम अंतरराष्ट्रीय स्टडी में यह साबित हुआ है कि गंभीर नवजात संक्रमणों (न्यूबोर्न इनफेक्शंस) में लंबे समय तक एंटीबायोटिक देने की जरूरत नहीं होती। यह शोध दुनिया की प्रसिद्ध मेडिकल जर्नल लैंसेट क्लीनिकल मेडिसन में प्रकाशित हुआ है। इस शोध के मुताबिक, अधिकतर मामलों में 10 से 14 दिन की बजाय केवल 7 दिन का एंटीबायोटिक कोर्स ही काफी होता है। इससे नवजातों को अनावश्यक दवाओं से बचाया जा सकता है। साथ ही एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस (दवाओं के असर कम होने की समस्या) को भी रोका जा सकता है। इस स्टडी का नेतृत्व डॉ. सौरभ दत्ता (पीजीआईएमआर, चंडीगढ़) ने किया, और उनके साथ देशभर के 7 अन्य वरिष्ठ नवजात रोग विशेषज्ञ शामिल रहे। इनमें डॉ. नंदकिशोर काबरा (सूर्या हॉस्पिटल, मुंबई), डॉ. शिव सज्जन सैनी





(पीजीआईएमआर, चंडीगढ़), डॉ. राजेन्द्र प्रसाद अण्णे (कस्तूरबा मेडिकल कॉलेज, मणिपाल), डॉ. संदीप कदम (केईएम हॉस्पिटल, पुणे), डॉ. मोनिषा रमेशबाबू (चेत्तीनाड एकेडमी, चेन्नई), डॉ. सुप्रीत खुराना (जीएमसीएच, चंडीगढ़),डॉ. साई किरण (फर्नांडीज हॉस्पिटल, हैदराबाद) शामिल हैं। डॉक्टरों और अस्पतालों से अपील है कि वे इस नई जानकारी को अपनाएं और अनावश्यक लंबे एंटीबायोटिक कोर्स से बचें। वहीं, शोधकर्ता इस बात पर ज़ोर दे रहे हैं कि जिन क्षेत्रों में डेटा की कमी है, वहां जल्द रिसर्च की जाए।

### क्या किया गया इस रिसर्च में?

शोधकर्ताओं ने दुनियाभर में पहले से की गई कई स्टडीज़ को एक साथ मिलाकर विश्लेषण (मेटा एनेलेसिस) किया। उन्होंने देखा कि छोटे कोर्स (कम दिन) और लंबे कोर्स (ज्यादा दिन) के बीच इलाज के नतीजों में कोई बड़ा फर्क नहीं है। उन्होंने कुछ खास ब्लड टेस्ट्स (जिन्हें बायोमार्कर कहा जाता है) पर भी ध्यान दिया। जब ये टेस्ट नार्मल हो जाते हैं, तब एंटीबायोटिक बंद करना सुरक्षित पाया गया।

### ये रहे मुख्य निष्कर्ष

-खून के संक्रमण (सेप्सिस)में ज़्यादातर मामलों में सिर्फ 7 दिन का कोर्स पर्याप्त है

-ब्लड टेस्ट्स के नार्मल होने पर इलाज रोकना भी सुरक्षित और कारगर साबित हुआ

-संदिग्ध संक्रमणों में (जहां पुष्टि नहीं हो पाई) 3-4 दिन बनाम 5-7 दिन की तुलना में नतीजे स्पष्ट नहीं मिले। इस पर और रिसर्च की ज़रूरत है।

-मेनिनजाइटिस, पेशाब के संक्रमण और फंगल इन्फेक्शन में अब तक पर्याप्त डेटा नहीं है। इन्हें भविष्य की रिसर्च में प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

### इस स्टडी का क्या है महत्व

-नवजातों को अनावश्यक दवाओं से बचाया जा सकता है

-एंटीबायोटिक रेसिस्टेंस को रोकने में मदद मिल सकती है

-अस्पताल में रहने की अवधि और खर्च कम हो सकता है

-भारत जैसे उच्च जनसंख्या और संसाधन-संकट वाले देश में बेहतर संसाधन प्रबंधन संभव होगा।

11 साल घणा कमाल
11 साल, तरक्की बेमिसाल

हरियाणा सरकार

म्हारा हरियाणा
नॉन-स्टॉप हरियाणा



**संकल्प से सिद्धि की राह में हरियाणा सरकार द्वारा एक वर्ष पूर्व जनकल्याण हेतु लिए गए 217 संकल्पों में से पूरे किए गए 46 संकल्प। शेष सभी संकल्पों को जल्द पूर्ण करने हेतु कार्य प्रगति पर।**

# मुख्य संकल्प

## महिला

1. हरियाणा की पात्र महिलाओं को **दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना** के तहत **प्रतिमाह** 2,100 रुपये की वित्तीय सहायता।
2. **हर घर–हर गृहिणी योजना** के तहत अंत्योदय तथा बी.पी.एल. परिवारों को केवल 500 **रुपये में एल.पी.जी. सिलेंडर** दिया जा रहा है।

## युवा

3. नए मंत्रिमंडल के गठन के साथ ही 24,000 **युवाओं को** ग्रुप–सी की **सरकारी नौकरियां** दी।
4. ग्रुप–सी के पदों के लिए जुलाई, 2025 में लगभग 13.50 **लाख युवाओं** ने सी.ई.टी. परीक्षा दी।
5. शहीद सैनिकों के हर बच्चे को **6वीं से 12वीं कक्षा** तक 60,000 **रुपये, स्नातक** तक 72,000 **रुपये** तथा **स्नातकोत्तर** तक 96,000 **रुपये प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति** का प्रावधान।
6. **डंकी रूट की समस्या** को जड़ से खत्म करने के लिए कानून लागू।

## किसान

7. **नकली खाद, बीज और कीटनाशक** बनाने व बेचने वालों को **5 साल की सजा** का कानून लागू।
8. सभी 24 **फसलों** की न्यूनतम समर्थन मूल्य **(MSP)** पर खरीद।
9. किसानों को 48 **घंटे में** डी.बी.टी. के माध्यम से **फसल का भुगतान** किया जा रहा है।

## गरीब

10. सभी जिला **सरकारी अस्पतालों व मेडिकल कॉलेजों** में किडनी रोगियों के लिए **मुफ्त डायलिसिस** सेवा शुरू।
11. ग्रामीण या शहरी क्षेत्र में 20 **वर्षों** से अधिक समय से काबिज सभी परिवारों को भूमि का **मालिकाना हक** दिया।
12. **आयुष्मान भारत योजना** के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को 5 **लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज** की सुविधा।

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा के WhatsApp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

सम्पादकीय

## ग्रीन पटाखों से नहीं होगा प्रदूषण, खुशियों संग सावधानी जरूरी

सुप्रीम कोर्ट की ओर से इस बार दिवाली पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र यानी एनसीआर में ग्रीन पटाखे फोड़ने की अनुमति देना स्वागत और आभार के योग्य है। निश्चित रूप से इस फैसले से आम और खास दोनों को राहत मिली है। देश की राजधानी में इन दिनों प्रदूषण का जो स्तर होता है, वह सुर्खियां बन जाता है। पूरे देश में इसकी चर्चा होती है और केंद्र एवं राज्य सरकारों को अदालतों की फटकार सुननी पड़ती है। हालांकि दीप पर्व दिवाली तो साल में एक बार आता है और इसका अभिप्राय खुशी और खुशहाली से है। रंगत और रोशनी से है। पटाखे शोर करते हैं, लेकिन इनके बगैर सब सूना-सूना भी लगता है। बीते वर्ष एनसीआर में पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध था, लेकिन इस बार सर्वोच्च अदालत ने ग्रीन पटाखों को फोड़ने देने की अनुमति देकर जनता का दिल जीत लिया है। हालांकि इसके साथ ही दिल्ली सरकार, उसके प्रशासन और पुलिस की भूमिका गंभीर हो जाती है। ग्रीन पटाखों की आड़ में कहीं सामान्य पटाखे न फोड़े जाएं, इसका ध्यान रखना होगा। गौरतलब है कि नेशनल एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट यानी नीरी की ओर से ऐसे पटाखे तैयार किए जाते हैं, जोकि कम प्रदूषण फैलाते हैं। अदालत ने ग्रीन पटाखों की बिक्री और इनके फोडने का समय तय किया है, जिसका पालन करना दिल्ली सरकार की जिम्मेदारी है।

**गौरतलब है कि वर्ष के इन महीनों में दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण का स्तर भीषण होता है। आरोप इसके लगते हैं कि पंजाब एवं हरियाणा के खेतों में धान के अवशेष पराली को जलाया जाता है, जिसका धुआं दिल्ली की घुटन बढ़ा देता है। बेशक, ऐसा प्रत्येक सीजन में होता है, लेकिन इस बार हरियाणा सरकार का दावा है कि पराली जलाने की घटनाओं में भारी कमी आई है। किसान अब अपने खेत की पराली का दूसरे तरीकों से निपटान कर रहे हैं। सरकार ने अधिकारियों को उन किसानों पर सख्त कार्रवाई के लिए निर्देशित किया हुआ है, जोकि खेत में ही पराली को जला देते हैं। वहीं पंजाब सरकार के प्रयास भी रंग ला रहे हैं। इस बार राज्य में पराली जलाने की घटनाएं कम हुई हैं। इस संबंध में मान सरकार की सतर्कता और जवाबदेही कारगर साबित हो रही है। जाहिर है, प्रदूषण वैश्विक समस्या है, हालांकि उसका निदान हम से शुरू हो रहा है।**

गौरतलब है कि वर्ष के इन महीनों में दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण का स्तर भीषण होता है। आरोप इसके लगते हैं कि पंजाब एवं हरियाणा के खेतों में धान के अवशेष पराली को जलाया जाता है, जिसका धुआं दिल्ली की घुटन बढ़ा देता है। बेशक, ऐसा प्रत्येक सीजन में होता है, लेकिन इस बार हरियाणा सरकार का दावा है कि पराली जलाने की घटनाओं में भारी कमी आई है। किसान अब अपने खेत की पराली का दूसरे तरीकों से निपटान कर रहे हैं। सरकार ने अधिकारियों को उन किसानों पर सख्त कार्रवाई के लिए निर्देशित किया हुआ है, जोकि खेत में ही पराली को जला देते हैं। वहीं पंजाब सरकार के प्रयास भी रंग ला रहे हैं। इस बार राज्य में पराली जलाने की घटनाएं कम हुई हैं। इस संबंध में मान सरकार की सतर्कता और जवाबदेही कारगर साबित हो रही है। जाहिर है, प्रदूषण वैश्विक समस्या है, हालांकि उसका निदान हम से शुरू हो रहा है। किसान अगर अपनी जिम्मेदारी समझेंगे वहीं सरकार पराली की समस्या के कारगर समाधान के लिए काम करेगी तो वाकई में इस समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जा सकता है। दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण की रोकथाम के लिए पटाखों पर अगर रोक नहीं लगाई जाएगी तो स्थिति बहुत भयावह होने की आशंका से कोई नहीं रोक सकता।

बीते वर्ष की ही बात करें तो इन्हीं दिनों में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़ समेत पूरे क्षेत्र में प्रदूषण की वजह से हालात बेकाबू हो चुके थे। सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिवाली के समय पटाखों पर प्रतिबंध को सख्ती से लागू न कराने के लिए दिल्ली सरकार को फटकार भी लगाई गई थी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट का कहना था कि इस बार पटाखों पर प्रतिबंध पूरी तरह से लागू नहीं किया गया और महज दिखावा किया गया। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली पुलिस से उसके आदेश के पूर्ण पालन के लिए स्पेशल सेल बनाने का निर्देश दिया था। साथ ही यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया था कि बिना लाइसेंस के कोई भी पटाखों का उत्पादन और उनकी बिक्री न कर सके। सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी करते हुए यह भी कहा था कि ऐसा माना जाता है कि कोई भी धर्म किसी भी ऐसी गतिविधि को बढ़ावा नहीं देता, जो प्रदूषण को बढ़ाती है या लोगों की सेहत को नुकसान पहुंचाती है। पीठ का कहना कि अगर पटाखे इसी तरह से फोड़े जाते रहे तो इससे नागरिकों का सेहत का मौलिक अधिकार प्रभावित होगा।

वास्तव में आज के समय में महज पटाखे ही प्रदूषण का कारक नहीं हैं, अपितु रोजाना फैक्ट्रियों और कारखानों से निकलने वाला जहरीला धुंआ भी लोगों के लिए कहर बन गया है। निर्माण कार्यों की वजह से भी हालात गंभीर हो रहे हैं। देश की राजधानी दिल्ली प्रत्येक की जरूरत है, इस शहर की आबादी एक तरफ है, लेकिन यहां रोजाना जितने लोगों का आना-जाना होता है, उसके हिसाब से भी यहां प्रदूषण की समस्या का बढ़ना लाजमी है। हालांकि अब वह समय आ गया है, जब पर्यावरण और प्रदूषण की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। जनता से इसका आग्रह होना चाहिए कि सिर्फ ग्रीन पटाखे फोड़ने की अनुमति के बावजूद बहुत सीमित संख्या में पटाखे फोड़े जाएं, ताकि प्रदूषण की मात्रा को कम से कम किया जा सके। त्योहार मनाना एक रवायत है, लेकिन पर्यावरण की रक्षा करना भी एक धर्म है। यह रवायत साल भर निभानी होती है, हम नहीं निभा रहे, इसलिए प्रदूषण का कहर अपनी सीमाएं लांघ चुका है। ऐसे में यह आवश्यक है कि त्योहार की खुशी मनाएं लेकिन पर्यावरण की रक्षा का धर्म भी निभाएं।

# दीपावली के पावन पर्व पर भारत के आंगन से दुनिया को मिलता है आपसी सौहार्द का संदेश

## पूजा स्थलों,मंदिरों,मठों,शिवालयों, बाजारों की रौनक बनी आकर्षण का मुख्य केन्द्र बिंदु

दैनिक अर्थ प्रकाश



धर्मवीर सिंह,डीआईपीआरओ आर

> विश्व के देशों में भी दशकों से धूमधाम से मनाया जा रहा है दीपों को त्यौंहार
>
> सभ्य समाज की संरचना, स्वस्थ, सुदृढ़ राष्ट्र के नवनिर्माण के लिए सेवा का प्रेरक संकल्प लेने की जरूरत
>
> त्योहारों के मेले में जगमग दीपों का मेला दोगुना कर देता है खुशियों का माहोल

हिंदुस्तान की सभ्यता और संस्कृति के संवाहक त्योंहार हमारी सामाजिक, नैतिक, आध्यात्मिक ऐतिहासिक और धार्मिक व्यवस्था को प्रतिबिंबित और परिभाषित करते है। सामाजिक ताने बाने और राष्ट्रीय सोच को निरंतरता में आगे बढ़ने के चलते दुनिया के धरातल पर भारत की प्रेरक और प्रेरणादायक पहचान रही है, जो वर्तमान में भी जारी है। देश में आए दिन कोई ना कोई त्यौहार मनाया जाता है, जो हमारी संस्कृति में समाहित सामाजिक और नैतिक मूल्यों को प्रदर्शित करता है। सनातन संस्कृति में किसी का नुकसान नहीं बल्कि भलाई छिपी है। किसी प्रकार की बलि देने की बजाए जानवरों से प्यार प्रेम करने की सीख सिखाई जाती है। दीपावली को सबसे बड़े त्योहार के रूप में मनाया जाता है। घर आंगन संवार कर सफाई की जाती है। धनतेरस,जम दीये से शुरू होकर छोटी दीपावली, बड़ी दीपावली,गोवर्धन पूजा, भाई दूज और फिर छठ पूजा , देव उठनी ग्यारस मनाने के रिवाज खुशहाली को शिखर पर पहुंचाने का काम करते है। वैसे दीपावली त्यौहार मनाने की शुरुआत तो बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक दशहरा से शुरू हो जाती है। जब श्रीराम ने लंका फतेह की थी। दशहरे के बीस दिन बाद दीपावली आती है लेकिन तैयारियां तो उसी दिन से शुरू हो जाती है। घरों में नए नए व्यंजन, मिष्ठान, पकवान बनाने का काम शुरू हो जाता है। दीपावली के पावन अवसर पर भारत के आंगन से दुनिया को सदियों से आपसी सौहार्द का संदेश मिल रहा है। इस मौके पर पूजा स्थलों, मंदिरों मठों और शिवालयों, बाजारों की रौनक लोगों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र बन जाती है। विश्व के देशों में भी दर्शकों से धूमधाम से मनाया जाता है दीपों को त्योहार दिवाली। विदेशों में रह रहे भारतीय भी दीपावली के त्यौहार को बड़ी धूमधाम से मनाते है। इसी दिन भगवान श्री राम लंका पर विजय पाकर माता सीता, भाई लक्ष्मण,श्री हनुमान के साथ अयोध्या वापस लौटे थे। लोगों ने भगवान श्रीराम के आगमन की खुशी में दिए जलाकर उनका स्वागत किया। हजारों सालों से चली आ रही समृद्ध परम्परा का निर्वाह हम आज भी कर रहे है। हमारे बुजुर्गो, पुरखों ने जिस संस्कृति को आगे बढ़ाया हमें भी चाहिए कि भावी पीढ़ियों को अच्छी सीख और शिक्षा दें। भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में भगवान श्री राम के भव्य और शानदार मंदिर का निर्माण करवाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने



देश और दुनिया को भारतीय संस्कृति की पहचान को नई दिशा व दशा दी है। हमारे देश और संस्कृति के कुछ दुश्मनों को देश की तरक्की पसंद नही आ रही इसलिए कुछ असामाजिक तत्व देश में भाईचारे का वातावरण बिगाड़ने की कोशिश में लगे रहते है। ऐसे लोगों से हमें सचेत और सतर्क रहने की जरूरत है।

दीपों के त्यौहार दीपावली के अवसर पर शहरों, कस्बों और गांव में महोत्सव देखते ही बनता है। दीपावली के अवसर पर अयोध्या और सरयू नदी के घाटों पर लाखों दीप जलाए जाते है। वह दृश्य कितना शानदार और मनमोहक होगा, इसका अनुमान कल्पना भर से ही लगाया जा सकता है। भारत एक विशाल देश है। विभिन्न हिस्सों या कह लीजिए विभिन्न राज्यों में दीपावली को अलग अलग नामों से मनाया जाता है। उत्तरी भारत में दीपावली को इसी नाम से मनाया जाता है जबकि कर्नाटक में बाली चतुर्दशी के नाम से मनाया जाता है। वहां यह दिन भगवान विष्णु द्वारा बाली के वध करने का प्रतीक भी कहा जाता है। इसी प्रकार गुजरात में बेस्टु बरस के रूप में मनाया जाता है। गुजरात में दीपावली के अगले दिन गुजराती नव वर्ष मनाते है। कोलकाता में काली और श्यामा की पूजा होती है। महाराष्ट्र में यह त्यौहार उतरी भारत की तरह कई दिनों तक चलता है। वाराणसी में देवताओं को पूजा होती है। नागालैंड में तोखू इमोंग,जो एक फसल का त्यौहार है, के रूप में मनाते है। असम में काली पूजा, तमिलनाडु में नरक चतुर्दशी के रूप में मनाते है। यह दिन भगवान श्री कृष्ण द्वारा नरकासुर राक्षस का वध करने के दृष्टिकोण से मनाया जाता है। मेघालय में घरों और पहाड़ों पर दिए जला कर मनाते है। इस प्रकार इस त्यौहार को विभिन्न रूप से मनाया जाता है। इस त्यौहार पर यमराज की पूजा भी की जाती है। इस पांच दिवसीय पर्व को दीपोत्सव भी कहा जाता है। कार्तिक महीने के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को दीपावली का त्यौहार मनाया जाता है। इस दिन सबसे पहले श्री गणेश की पूजा करने का विधान है। तेलगु में इसे वेलुगोली यानी दीपों की पंक्तियों के त्यौहार भी कहा जाता है। अंग्रेजी में दीपावली को फेस्टिवल ऑफ लाइट का पर्व भी कहा जाता है। दीपावली और दिवाली, दोनों ही सही शब्द है, दीपावली जो कि दीप शब्द में आवली की संधि होने से बना है, जिसका अर्थ है दीपों की पंक्ति। कुछ क्षेत्रों में इस दिन को पांडवों के वनवास से वापसी के रूप में भी मनाते है। मुख्य रूप से यह पर्व भगवान श्री राम के लंका पर विजय के बाद अयोध्या लौटने की खुशी में मनाया जाता है। इस अवसर पर घरों, संस्थानों इत्यादी की सफाई की जाती है लेकिन वैचारिक सफाई करने की जरूरत भी है। इस अवसर पर मानसिक मजबूती का संकल्प भी लेने की जरूरत है ताकि संस्कृति और संस्कारों को सहेज कर रखा जा सके और भावी पीढ़ी सात्विक और सार्थकता की सारगर्भित प्रेरणा लेती रहे। दुनिया के धरातल पर हर देश में भारत के त्योहारों की गूंज सुनने और देखने को मिलती है,जिनमें दिवाली का अलग ही महत्व दिखाई देता है।

दीपावली के पावन और पवित्र पर्व पर अच्छे संकल्प लेने की आध्यात्मिक परंपरा भी है। साधु संतों,संत महात्माओं के अखाड़े, मठों, मंदिरों, शिवालयों सहित आध्यात्मिक संस्थाओं और संस्थानों में प्रेरक सीख देने के उत्सव चलना भी हमारी संस्कृति का संवाहक है। अपने घरों से दूर बैठे तथा देश की सरहदों पर तैनात देश के रक्षकों को भी इस त्योहार पर बधाई और शुभकामनाएं भेजने के साथ साथ दुआएं भेजी जाती है, जो कि हमारी सभ्यता और संस्कृति का अभिन्न अंग माना जाता है। आओ दीपावली के पावन और पवित्र पर्व पर संकल्प ले कि देश की आध्यात्मिक, पौराणिक, सामाजिक, नैतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक परम्पराओं से प्रेरणा लेकर परिशोधित, परिष्कृत और परिमार्जित सभ्य समाज,मजबूत और जागरूक राष्ट्र के नव निर्माण में भागीदार बने और देश का सर्वाधिक, सर्वश्रेष्ठ, सर्वांगीण विकास करते हुए अध्यात्मवाद की सर्वकालिक, सार्वभौमिक और सर्वव्यापी सर्व कल्याण की धारणा और भावना को अपेक्षाकृत सुदृढ़,मजबूत करें।

### अर्थ प्रकाश में **34 साल पहले** आज का दिन

## पुलिस कर्मियों के 8 संबंधियों की हत्या

चंडीगढ़। पंजाब में गत रात्रि के दौरान खाड़कुओं ने 8 पुलिस कर्मियों के रिश्तेदारों की हत्या कर दी जबकि सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो खाड़कू मारे गये। प्राप्त समाचारों के मुताबिक खाड़कुओं ने जिला अमृतसर के जम्बाल इलाके के गांव चूम्बा में एक घर में घुस कर 6 लोगों को गांव के बाहर ले गये जहां पर एक लाईन में खड़ा करके उनकी हत्या कर दी। मरने वालों में हजारा सिंह, प्यारा सिंह, करतार सिंह, कुलदीप सिंह, सुबेसिंह व जरनैल सिंह शामिल है। इन लोगों के शव आज सवेरे गांव के बाहर छलनी किये हुए मिले। यह सभी एस.पी.ओ कालू के रिश्तेदार बताए जाते है। एक अन्य घटना में जिन 6 लोगों का कल शाम अपहरण किया था उनमें से 2 की हत्या कर दी जबकि एक बच्चे को अभी तक बंधक बना रखा हुआ है अन्य तीन को रिहा कर दिया गया। इसी दौरान जिला पटियाला में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक अज्ञात खूंखार खाड़कू मनजीत सिंह तरनतारन के जिला गांव कोटली में मारा गया।

### बेअंत सरकार व अकाली नेताओं के बीच टकराव?

अमृतसर। अकाल तख्त पर जनरल वै्र के हत्यारों जिंदा व सुखा के भीग की रस्म अदा करने के प्रश्न पर सिख पंथक बंदियों व पंजाब सरकार के मध्य टकराव की स्थिति पैदा हो गई है। एक और जहां मुख्यमंत्री बेअंत सिंह ने घोषणा की है कि उसकी सरकार किसी भी कीमत पर हत्यारों की रस्म अदा करने के लिए अकाल तख्त का प्रयोग करने की इजाजत नहीं देती, दूसरी ओर अकाली दलों व दमदमी टकराव ने हर हालत में कल अकाल तख्त पर जिंदा व सुखा का भोग डालने का अपना निश्चिय दोहराया है।

### मंडी बोर्ड कर्मियों की सुनवाई 18 को

पंचकूला। हरियाणा मण्डी बोर्ड के कर्मचारियों की मांगों पर बातचीत के लिए कृषिमंत्री हरपाल सिंह ने कर्मचारियों की संयुक्त समिति के महासचिव साधुराम बंसल को अपने प्रतिनिधि मंडल सहित 19 अक्तूबर को आमंत्रित किया है। अपनी मांगों को लेकर धरनं पर बैठे कर्मचारियों को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा है कि इस दौरान क्रमिक अनशन जारी रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि बातचीत सफल नहीं हुई तो 21 अक्तूबर को सामूहिक अवकाश लेकर बोर्ड के पंचकूला सहित अपने मुख्यालय पर रोष स्वरूप प्रदर्शन करेंगे।

### ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1605 - जलालुद्दीन मोहम्मद अकबर का निधन।

1817 - अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के संस्थापक सर सैयद खान का दिल्ली में जन्म हुआ।

1870 - कलकत्ता बंदरगाह को स्वायत्त निकाय के अंतर्गत लाया गया।

1874 - कोलकाता को हावड़ा से जोड़ने के लिए 1874 में हुगली नदी पर पीपे से बनाए पंटून पुल को यातायात के लिए खोला गया। इसी पुल की जगह बाद में हावड़ा ब्रिज का निर्माण किया गया।

1888- वैज्ञानिक थॉमस अल्वा एडिसन ने ऑप्टिकल फोनोग्राफ के पेटेंट के लिए एप्लिकेशन दी।

1906 - स्वामी रामतीर्थ का निधन।

1912: बुल्गारिया, यूनान और सर्बिया ने ओटोमन साम्राज्य के खिलाफ लड़ाई की घोषणा की।

1917- प्रथम विश्व युद्ध में ब्रिटेन ने पहली बार जर्मनी पर हवाई हमले किए।

1918 - युगोस्लाविया ने खुद को गणतंत्र देश घोषित किया।

1920 - भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की ताशकंद में स्थापना।

1933: प्रसिद्ध वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन नाजी जर्मनी से अमेरिका चले गए।

1940 - महात्मा गांधी ने व्यक्तिगत सत्याग्रह की घोषणा की।

1949- संविधान सभा ने संविधान के अनुच्छेद 370 को स्वीकार किया। इसके अंतर्गत जम्मू-कश्मीर को विशेष प्रावधान प्रदान किए गए।

1955 - हिंदी फिल्मों की मशहूर अभिनेत्री स्मिता पाटिल का जन्म हुआ।

1968 - मेक्सिको ओलंपिक में अमेरिका के दो अश्वेत खिलाड़ियों ने रंगभेद के खिलाफ मौन विरोध व्यक्त किया।

1970 - भारतीय स्पिन गेंदबाजी के धुरंधर अनिल कुंबले का जन्मदिन। कुंबले के नाम एक दुर्लभ रिकार्ड है। वह टेस्ट क्रिक ट में एक पारी में 10 विकेट लेने वाले भारत के पहले और विश्व के दूसरे खिलाड़ी हैं।

1979 - गरीबों और बेसहारों की मसीहा मदर टेरेसा को नोबल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

1994 - 1983 में देश को विश्व कप दिलाने वाले भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने अपने करियर का अंतिम एक दिवसीय मुकाबला वेस्टइंडीज के खिलाफ फरीदाबाद में खेला।

2003 - चीन ने अंतरिक्ष में एशिया के पहले और रूस के बाद तीसरे देश के रूप में मानव भेजने में सफलता प्राप्त की।

2004: गुआंतानामो बे जेल में कैदियों को यातना देने का खुलासा।

2007 - आयरिश लेखिका एनी एनराइट को उनके उपन्यास 'द गेदरिंग' के लिए बुकर पुरस्कार प्रदान किया गया।

### बोल ब्यूटीफुल

**राजेश शुक्ला:** इस बार बिहार विधानसभा चुनाव की चुनौतियां भी अभूतपूर्व है। इसका प्रभाव राष्ट्रीय राजनीति पर पड़ेगा। राहुल गांधी का वोट चोरी का आरोप जनता खारिज करती है या उनसे सहमत है? बीस वर्षो से अजातशत्रु बने रहे नीतीश कुमार के करियर का अंत या प्रशांत किशोर के करियर के आगाज का भी फैसला होगा।



**विनय सुल्तान:** मल्लोजुला वेणुगोपाल राव उर्फ सोनू दादा ने गढ़चिरौली में 60 गुरिल्लाओं के साथ हथियार डाल दिए। नबाला केशवराव की मौत ऐसा धक्का है, जिससे माओवादी अब तक उबर नहीं पाए। अभी माओवाद बेहद कमजोर स्थिति में है, पर यह पूरी तरह खत्म हो जाएगा, यह कहना थोड़ी जल्दबाजी होगी।

**अशोक श्रीवास्तव:** दिल्ली में वर्षो बाद दीपावली पर पटाखें फोड़ सकेंगे। हालांकि सिर्फ ग्रीन क्रैकर्स को कुछ सीमित समय के लिए अनुमति मिली है, लेकिन यह बड़ा फैसला है। जब सरकार बदलती है तो बहुत कुछ बदल जाता है। इसमें दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के प्रयासों की भूमिका रही है।

# तालिबान संग भारत का नया अध्याय, बदल रहा दक्षिण एशिया का भू-राजनीतिक समीकरण

अंतरराष्ट्रीय सम्बन्धों में कोई स्थाई मित्र या शत्रु नहीं होता, सभी राष्ट्र समय और परिस्थितियों के अनुसार पारस्परिक व्यवहार करते हैं। इस समय भारत के लिए सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण अफगानिस्तान में तालिबान का शासन है। तालिबान की पहचान आतंकी संगठन की है किन्तु अफगानिस्तान की तालिबान सरकार अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त करने के लिए वैश्विक जगत से संवाद स्थापित कर रही है। अभी तक तालिबान सरकार को केवल रूस ने ही मान्यता दी है। इस बीच अफगानिस्तान के तालिबान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी सात दिन की भारत यात्रा पर आए हैं यद्यपि भारत ने अभी तक तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है और वह काफी फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है।

भारत में मुत्ताकी के अनेक कार्यक्रम हो रहे हैं। वह उप्र में मुसलमानों की संस्था दारुल उलूम देवबंद गए हैं, उनकी दो पत्रकार वार्ताएं भी हो चुकी हैं जिसमें पहली पत्रकार वार्ता में महिला पत्रकारो को प्रवेश ण मिलने के कारण विवादों आ गई जिससे अफगानी विदेश मंत्री को दूसरी पत्रकार बुलानी पड़ी जिसमें महिला पत्रकार भी आमंत्रित थीं। अफगान विदेश मंत्री की इस यात्रा से भारत ने दक्षिण एशिया में पाकिस्तान के विरुद्ध अपना एक नया समर्थक बनाया है। मुत्ताकी की भारत यात्रा से भारत ने एक कूटनीतिक बढ़त यह प्राप्त कर ली है संयुक्त बयान में अफगानिस्तान ने अप्रैल में जम्मू -कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए भारत की जनता व सरकार के प्रति संवेदना व एकजुटता व्यक्त की है। भारत और अफगानिस्तान के बयान के अनुसार दोनो पक्षों ने क्षेत्रीय देशों से उत्पन्न सभी आतंकवादी कृत्यो की स्पष्ट रूप से निंदा की और क्षेत्र में शांति स्थिरता एवं आपसी विश्वास को बढ़ावा देने के महत्व पर बल दिया गया है।

अफगान विदेश मंत्री ने जम्मू कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बताया जिससे पाकिस्तान को इतनी चोट पहुंची कि उसने अफगानिस्तान पर हमला कर दिया फिर अफगानिस्तान ने करते हुए पाकिस्तान के 58 सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया और उनकी कई चौकियों पर कब्जा कर लिया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अफगान विदेश मंत्री मुत्ताकी की मुलाकात के बाद बयान जारी किया गया कि भारत और अफगानिस्तान के रिश्ते सदियों पुराने हैं तथा इन संबंधों को और मजबूत किया जाएगा। भारत ने काबुल स्थित दूतावास फिर से खोलने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। यह वही तालिबान सरकार है जिस पर कभी कोई भरोसा नहीं कर रहा था। जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अफगानिस्तान से अपनी सेनाओं को वापस बुलाने और अफगानिस्तान की सत्ता तालिबान को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया था उस समय दक्षिण एशिया में भय, आतंक, चिंता व निराशा का वातावरण उत्पन्न हो गया था कि अब क्या होगा?



अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी पर चीन और पाकिस्तान बहुत खुश थे। इन दोनों देशों को लगा कि अब अफगान सरकार उनके कहने पर चलेगी। पाकिस्तान ने सोचा कि वह तालिबान की मदद से जम्मू-कश्मीर को हथियाकर वहां शरिया कानून लागू करवा देंगे किंतु समय बदलने के साथ ही पाकिस्तान का यह प्लान पूरी तरह से धराशायी गया है। आज भारत के तालिबान से सम्बन्ध बेहतर हो गए हैं क्योंकि भारत केवल राष्ट्र प्रथम को ध्यान में रख कर चल रहा।

सामारिक, आर्थिक, राजनैतिक व मानवीय दृष्टिकोण से भारत का अफगानिस्तान के साथ रिश्ते सुधारना राष्ट्हित में है। वहां से हिंदू व सिख समाज के लोग अपना कारोबार संपत्ति जायदाद आदि छोड़ के आए हैं। अफगानी विदेश मंत्री मुत्ताकी से भारत ने यह कहलवा लिया है कि अब कोई भी ताकत अफगान की धरती का उपयोग भारत के खिलाफ नही कर सकेगी। इसका स्पष्ट इंगित पाक परस्त खुफिया एजेंसी आईएसआई की ओर था।

तालिबान विदेश मंत्री मुत्ताकी की भारत यात्रा के लिए काफी समय से होमवर्क किया जा रहा था। जनवरी में ही तालिबान शासन और भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कई दौर की वार्ता हो चुकी थी जिसके बाद मुत्ताकी ने भारत को एक अहम क्षेत्रीय और आर्थिक शक्ति बताया था।

यह सर्वविदित तथ्य है कि भारत और अफगानिस्तान के रिश्ते अत्यंत लंबे समय से प्रगाढ़ रहे हैं और अफगानिस्तान के कठिन समय में भारत ने सदा उसकी सहायता की है। तालिबान शासन आने के बाद भी जब वहां पर विनाशकारी भूकंप आया तब भारत अफगान नागरिकों के साथ खड़ा रहा। अफगान विदेश मंत्री और भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर की मुलाकात के बाद अफगानिस्तान को 20 एम्बुलेंस देने के साथ ही वहां की आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने के लिए भारत ने सहायता की घोषणा की है।

यदि भारत अफगानिस्तान में अपना दूतावास खोलता है तो वह वहां से पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई की गतिविधियों पर सूक्ष्म दृष्टि रख सकेगा। तालिबान शासन से मैत्री इसलिए भी महत्वपूर्ण हो गई है क्योंकि इस समय भारत के सभी पड़ोसी देश अस्थिरता का शिकार हैं ऐसे में सामरिक दृष्टिकोण से एक नया मार्ग खोलना अति आवश्यक हो गया है।

# भ्रूण लिंग जांच मामले में 2 महिला सहित चार काबू, पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन बरामद

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 16 अक्तूबर।** जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शाहबाद के गांव अरुप नगर से गर्भ में भ्रूण लिंग जांच के मामले में एक घर से 2 महिलाओं सहित चार लोगों को पक?ा है। मौके से पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन, चार मोबाइल व एक बाइक को बरामद किया है। शाहबाद पुलिस ने भ्रूण लिंग जांच मामले में कृष्ण गोपाल निवासी छोटा बाजार अंबाला, संदीप निवासी मद्दीपुर कुरुक्षेत्र, अमरजीत सिंह निवासी अरुप नगर शाहबाद व रेखा रानी निवासी अरुप नगर शाहबाद के खिलाफ मामला दर्ज किया है। डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. रमेश सभ्रवाल ने बताया कि विभाग को सूचना मिली थी कि एक महिला बाहर से बुलाकर गर्भ में भ्रूण लिंग जांच करवाने का काम कर रही है। सूचना पर टीम ने डिकोय को शाहाबाद के अरूप नगर के अमरजीत कौर के संपर्क में भेजा था। डिकोय ने महिला ने 40 हजार रुपए में गर्भ में भ्रूण लिंग जांच करवाने का सौदा तय किया। इसमें 20 हजार रुपये 8 अक्टूबर को अमरजीत कौर के खाते में ट्रांसफर की गई। रकम मिलने के बाद अमरजीत कौर ने डिकोये को जांच के लिए 14 अक्टूबर को सुबह 11.30 बजे शाहाबाद बस अड्डा पर बुलाया था। इस पर डिकोय 20 हजार रुपए नकद लेकर बताई जगह पर पहुंची, मगर कुछ देर इंतजार करने के बाद आरोपी ने अल्ट्रासाउंड के लिए अगले दिन का टाइम दे दिया। आरोपी महिला अमरजीत कौर ने दूसरे दिन 15 अक्टूबर को डिकोय को दोपहर 3 बजे दोबारा अरुप नगर शाहाबाद बुलाया। टीम भी डिकोय के पीछे चल रही थी। कुछ देर आरोपी अमरजीत कौर डिकोय को अपने साथ घर में ले गई। करीब एक घंटा इंतजार करने के बाद 2 लोग घर में दाखिल हुए और उसके आधे घंटे बाद डिकोय घर से बाहर आ गई। बाहर आते ही डिकोय ने टीम को इशारा कर दिया और टीम ने घर के अंदर रेड कर दी। टीम ने यहां से अमरजीत कौर, कृष्ण गोपाल उर्फ सोनू बजाज, मद्दीपुर निवासी संदीप और अरूपनगर निवासी रेखा रानी को काबू कर लिया। डिकोय ने टीम को बताया कि जिसके पास भूरे रंग का बैग था, जिसमें अल्ट्रासाउंड करने वाली मशीन (टैब) थी। उस व्यक्ति ने कमरे में लेटाकर उसके पेट पर सरसों का तेल लगाकर गर्भ में भ्रूण लिंग जांच की और कहा रिपोर्ट ठीक है यानी इशारे में लड़का होना बताया। जांच के बाद महिला अमरजीत ने डिकोय से बकाया 20 हजार रुपए ले लिए। टीम ने चारों आरोपियों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने उनके खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पोषण माह और बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम आयोजित

**शहजादपुर (अप्रस)।** खंड शहजादपुर के गांव जटवाड़ में महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी विनीत सूद के मार्गदर्शन में पोषण माह और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं प्रोग्राम आयोजित किया गया। सर्कल सुपरवाइजर अरविन्द्र कौर द्वारा पोषण अभियान के तहत अपने रोजाना के खानपान बारे बताया गया तथा अपने भोजन में मोटे अनाज को शामिल करने बारे लोगों को प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि गुड व चना को अपने खाने में जरूर शामिल करे। बच्चों को बाहर की वस्तुएं खाने में न दें और बाहर की चीजें जैसे जंक फूड खाने से सेहत खराब होती है। महिलाओं और किशोरी लड़कियों में होने वाले एनीमिया के बारे में जानकारी दी गई। इसकी रोकथाम के लिए हरि सब्जियां अपने भोजन में अवश्य शामिल करें। महिलाओं को स्वयं के स्वास्थ्य और बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी देखभाल बारे भी जानकारी दी गई । कार्यक्रम में पोषण बारे और बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं बारे लोगों को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर पौधारोपण, जागरूकता रैली और पोषण शपथ दिलाई गई।

# लोकतंत्र के मजबूत हथियार आरटीआई को भाजपा सरकार ने कमजोर किया : राजीव आर्य

कहा- आरटीआई ने कमजोर तबके को भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपनी आवाज उठाने का हक दिया

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 16 अक्तूबर।** युवा भाकियू प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य ढांड ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम कानून देश के आम नागरिकों को सशक्त बनाने का एक मजबूत हथियार था। पूर्व यूपीए सरकार ने 12 अक्तूबर 2005 को इस कानून को लागू कर देश में पारदर्शिता और जवाबदेही की नई मिसाल कायम की थी। लेकिन बीजेपी ने सत्ता में आने के बाद से लगातार संशोधन कर, इस कानून को कमजोर करके, आम नागरिक को इस सशक्त अधिकार से वंचित करने का काम किया है। कस्बे में बातचीत करते हुए युवा किसान नेता राजीव आर्य ढांड ने कहा कि सूचना का अधिकार कानून उस एजेंडे का हिस्सा था, जिसमें मनरेगा, शिक्षा का अधिकार, वन अधिकार अधिनियम और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा जैसे जनहितकारी कदम शामिल थे। आरटीआई ने आम लोगों, खासकर समाज के सबसे कमजोर तबके को भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपनी आवाज उठाने का हक दिया। लेकिन 2014 के बाद से बीजेपी द्वारा आरटीआई को लगातार कमजोर किया जा रहा है, जिससे देश की पारदर्शिता और लोकतंत्र पर गहरा असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य आयोगों में खाली पदों को पारदर्शी और जल्दी भरा जाए। आयोगों के लिए कामकाज के मानक तय हों और मामलों के निपटारे की रिपोर्ट सार्वजनिक हो। व्हिसलब्लोअर प्रोटेक्शन एक्ट को तुरंत लागू कर आरटीआई कार्यकर्ताओं को सुरक्षा दी जाए। आयोग में पत्रकारों, कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों और महिलाओं को शामिल कर विविधता सुनिश्चित हो। युवा भाकियू प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य ने आरोप लगाया कि अपने फायदों के लिए इसमें भाजपा सरकार ने संशोधन किए हैं। आरटीआई के आलावा और भी कई कानूनों को कमजोर किया गया है। सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम लागू करके देश को एक नई राह दिखाने का काम किया था। राजीव आर्य ने कहा कि इस कानून के तहत किसी भी विभाग में किसी भी तरह की किसी भी स्तर के व्यक्ति के बारे में देश का आम नागरिक जानकारी हासिल कर सकता था। वर्ष 2014 के बाद भाजपा सरकार बनी तो एक के बाद एक कानून को कमजोर किया जाता रहा। संशोधन के नाग पर नए नियम इसमें तय कर दिए गए। यह एक तरह से देश की पारदर्शिता पर चोट करने जैसा था। उन्होंने आरटीआई कार्यकर्ताओं पर हुए हमलों पर भी चिंता जाहिर की।

## न्यूज़ ब्रीफ

### गुरुकुल लाडवा खरकाली में धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** गुरुकुल लाडवा खरकाली में वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मुख्यातिथि हरियाणा शूगर फेडरेशन के चेयरमैन धर्मबीर डागर रहे, जबकि अध्यक्षता गुरुकुल चेयरमैन डा. अमन पंजेटा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। छात्रों ने योगा, मलखम, लाठी चलाना, देशभक्ति गीत, भंगड़ा आदि प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की वाहवाही लूटी। मुख्य वक्ता आरएसएस विभाग प्रचारक संजीव कुमार व आचार्य धर्मपाल आर्य ने गुरुकुल शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्यातिथि धर्मबीर डागर ने कहा कि गुरुकुल शिक्षा से संस्कारवान नागरिक तैयार होते हैं। समारोह के अंत में प्रतिभागी छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### धूमधाम से मनाया दीवाली मिलन समारोह



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** रोटरी क्लब लाडवा की ओर से रोटेरियन एवं समाजसेवी सचिन गर्ग के फार्महाउस पर दीवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब प्रधान संजीव जिंदल ने की। शाम का आगाज रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और गजलों से हुआ, जबकि आतिशबाजी ने दीपावली की रौनक बढ़ा दी। सचिन गर्ग ने कहा कि रोटरी क्लब उनका परिवार है और वे हमेशा सदस्यों के साथ खड़े रहेंगे। समारोह में सभी सदस्यों को दीपावली उपहार देकर सम्मानित किया गया।

### भाटिया सेवा मंच ने दीपावली मिलन में बिखेरे रंग

**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** भाटिया सेवा मंच द्वारा पंजाबी विरादरी भवन में दीपावली मिलन 'जगमग' कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में विधायक जगमोहन आनंद और मेयर रेनू बाला गुप्ता मुख्य अतिथि रहे, जबकि संजय बठला, संजय मदान, घनश्याम भाटिया व डॉ. वंदना भाटिया विशिष्ट अतिथि थे। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, लोकनृत्यों और मनोरंजक प्रस्तुतियों ने माहौल को जीवंत बना दिया। खानपान और दैनिक उपयोग की वस्तुओं के आकर्षक स्टाल कार्यक्रम की विशेषता रहे। वनीत भाटिया ने बताया कि मंच पर्यावरण, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में सामाजिक कार्य कर रहा है।

### जींद में दो दिवसीय पेरेंट टीचर मेंटर मीटिंग आयोजित



**जींद (अप्रस/सुरेश सिसोदिया)।** राजकीय महाविद्यालय, जींद में प्राचार्य प्रो सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में आज विद्यार्थियों, अभिभावकों और मेंटर्स के बीच संवाद को मजबूत करने के लिए दो दिवसीय पेरेंट टीचर मेंटर मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग का उद्देश्य बताते हुए उन्होंने कहा कि हम अभिभावकों, विद्यार्थियों और कॉलेज के बीच एक खुला और सकारात्मक माहौल बनाना चाहते हैं, जहाँ छात्र अपनी पढ़ाई, प्रदर्शन और भविष्य की योजनाओं पर बेझिझक बात कर सकें, ताकि वे अपने लक्ष्यों की ओर बेहतर तरीके से बढ़ सकें। महाविद्यालय में सभी शिक्षकों ने अपने-अपने निर्धारित विद्यार्थियों को बैठक के एजेंडे से अवगत कराया और उन्हें संबंधित विषयों नई शिक्षा नीति-2020, कॉलेज अनुशासन, एनएसएस, एनसीसी, छात्रवृत्ति, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियाँ, एबीसी आईडी, विश्वविद्यालय परीक्षा और इंटर्नशिप जैसे विषयों पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन चीफ़ मेंटोर प्रो लाभ सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसे संवाद छात्रों की सोच और समझ को बढ़ाते हैं, जिससे वे अपने कॉलेज के अनुभव को और बेहतर बना पाते हैं। साथ ही उन्हें महाविद्यालय के अवसरों की जानकारी मिलती है, ताकि वे उनका पूरा लाभ उठा सकें।

## छठ पूजा पर नदियों के घाटों पर साफ-सफाई और जल शुद्धता बनी रहे : उपायुक्त

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 16 अक्टूबर।** हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने छठ पूजा को लेकर प्रदेश भर में सफाई और प्रदूषण नियंत्रण को सुनिश्चित करने के लिए सभी उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। उन्होंने प्रदेश में नदियों के पास स्थापित एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) और ईटीपी (इफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट) की स्थिति की जानकारी ली और इनके सुचारु संचालन के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि छठ पर्व, जो दिवाली के छह दिन बाद मनाया जाता है, के दौरान श्रद्धालुओं को स्वच्छ जल और सुरक्षित वातावरण मिलना चाहिए। इसको ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारियों को पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

पानीपत के उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने भी जिला अधिकारियों के साथ बैठक कर जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन की ड्यूटी है कि छठ पर्व के दौरान सभी धार्मिक स्थलों और नदियों के घाटों पर साफ-सफाई और जल शुद्धता बनी रहे, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उपायुक्त डॉक्टर दहिया ने पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अधिकारियों को उद्योगों का निरीक्षण कर वहां लगे ईटीपी को सही ढंग से संचालित करवाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि एसटीपी और सीटीपी (कॉमन ट्रीटमेंट प्लांट) की नियमित मॉनिटरिंग के लिए एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है। गड़बड़ पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बच्चों के साथ दीपावली मना कर प्रेरणा बनीं समाजसेवी निधि मोहन

## सरकारी स्कूल पूंडरी में दीपों, रंगों और मुस्कानों से सजी एक यादगार शाम

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पूंडरी, 16 अक्टूबर।** जब दीपावली की रौशनी हर दिशा में बिखर रही थी, उसी दिन पूंडरी के सरकारी स्कूल में एक विशेष आयोजन ने सबका ध्यान खींचा। समाजसेवी श्रीमती निधि मोहन ने स्कूल के बच्चों के साथ मिलकर दीपावली का पर्व उत्साह और स्नेह से मनाया, जो सबके लिए एक यादगार अनुभव बन गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में श्रीमती मोहन ने बच्चों से संवाद करते हुए दीपावली के सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और नैतिक महत्व पर चर्चा की। उन्होंने त्योहारों के पीछे की शिक्षाओं को सरल और प्रभावी ढंग से समझाया। बातचीत के दौरान उन्होंने बच्चों से हिंदू त्योहारों से जुड़े सवाल भी पूछे, जिनका बच्चों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया।

इसके बाद सभी बच्चों को दीये, रंग, पेंटिंग सामग्री और मिठाइयाँ भेंट की गई। बच्चों ने अपने-अपने दीयों को रंगों से सजाया और खूबसूरत डिज़ाइनों में ढालकर अपनी रचनात्मकता को प्रदर्शित किया। स्कूल परिसर रंगों, मुस्कानों और उल्लास से जगमगा उठा।

श्रीमती मोहन ने अपने संदेश में कहा- दीपावली केवल रोशनी का पर्व नहीं, बल्कि यह एक अवसर है – एक-दूसरे के साथ खुशियाँ बाँटने का, साथ मिलकर रचनात्मकता और अपनापन बढ़ाने का।

कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को ताजे फल और मिठाइयाँ वितरित की गई। बच्चों के चेहरे पर दिखी प्रसन्नता और चमक ने आयोजन को पूरी तरह सार्थक बना दिया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या और स्टाफ ने श्रीमती मोहन का सौहार्दपूर्वक धन्यवाद करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को संवेदनशीलता, सामूहिकता और संस्कृति के प्रति प्रेम सिखाने का उत्तम माध्यम हैं।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के साथ-साथ हरियाणा सरकार की ब्याज माफी योजना का लाभ उठायें बिजली उपभोक्ता : एसडीओ

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार

**नारायणगढ़, 16 अक्तूबर।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम परिचालक मंडल नारायणगढ़ द्वारा गांव बधौली में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार हेतु एक जागरूकता कैंप आयोजित किया गया। इस कैंप में 10 उपभोक्ताओं को सब्सिडी के चैक वितरित किये गये जिन्होंने अपने घरों की छतों पर रूफ टॉप सोलर सिस्टम लगवाकर केंद्र सरकार से 60 हजार तथा हरियाणा सरकार से 50 हजार की सब्सिडी प्रत्येक लाभार्थी ने प्राप्त की है।

कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थी उपभोक्ताओं को सबसे पहले चेक गांव के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति सुबोध राणा द्वारा दिया गया। उसके बाद बाकी उपभोक्ताओं को सरपंच कुलदीप राणा, पंच राजेश कुमार, भीम सिंह, जयकुमार नंबरदार व हरपाल सिंह नंबरदार व उपमंडल अधिकारी नारायणगढ़ विकास बंसल द्वारा चेक वितरित किए गए।

चेक प्राप्त करने वालों में रामकरण रजौली, रवि कुमार, देवी सिंह रजौली, राजेश कुमार, सविता सैनी रजौली, राकेश खोखर बड़ी बस्सी, हरनेक सिंह टोडा, तिलक राज शेरपुर, भोपाल सिंह उपलाना आदि लाभार्थी शामिल रहे जिन्हें योजना के अनुसार हरियाणा सरकार की ओर से 50,000-50,000/- की राशि के चेक वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा दी जाने वाली 60 हजार रूपये की सब्सिडी प्रत्येक लाभार्थी के खाते में आ चुकी है।

इस अवसर पर एसडीओं विकास बंसल ने कहा कि क्षेत्र के सभी डिफाल्टर बिजली उपभोक्ता हरियाणा सरकार की बिजली बिल सरचार्ज माफी योजना का 11 नवम्बर 2025 से पहले पहले लाभ उठाएं जिसमें सभी डिफाल्टर उपभोक्ताओं के बिजली का सरचार्ज माफ करके व सरचार्ज माफ करने के उपरांत शेष राशि एक मुस्त भरने पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त छूट प्रदान की जा रही है। यदि डिफॉल्टर उपभोक्ता उक्त स्कीम का लाभ नहीं उठाते तो 11 नवंबर के बाद उनके कनेक्शन काट दिए जाएंगे। एसडीओ विकास बंसल ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में देश को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर घर को सस्ती और पर्यावरण अनुकूल बिजली उपलब्ध कराना है। इस योजना के माध्यम से न केवल बिजली खर्च में कमी आएगी।

## नारायणगढ़ में समाधान शिविर, नायब तहसीलदार ने सुनी लोगों की समस्याएं

**नारायणगढ़ (अप्रस/सुशील कुमार)।** उपमण्डल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में नायब तहसीलदार सुनील कुमार ने नागरिकों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। शिकायतों में जाति प्रमाण पत्र संशोधन, प्रॉपर्टी आईडी, बीपीएल राशन कार्ड, परिवार पहचान पत्र और सड़क निर्माण से जुड़ी समस्याएं शामिल थीं। सुनील कुमार ने अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों का निपटारा और फॉलो-अप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर हर सोमवार और वीरवार को प्रातः 10 से 12 बजे आयोजित किया जाता है।

## एसडीएम आकाश शर्मा ने अधिकारियों के साथ समाधान शिविर में सुनी जनसमस्याएं

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 16 अक्तूबर।** एसडीएम आकाश शर्मा ने वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों से सीधे संवाद करते हुए उनकी विभिन्न शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राप्त सभी आवेदनों पर समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

एसडीएम आकाश शर्मा ने कहा कि आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। समाधान शिविरों के माध्यम से जनता को एक ही स्थान पर सभी विभागों की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे लोगों को सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो मामले मौके पर निपटाए जा सकते हैं, उन्हें वहीं तत्काल हल किया जाए।

शिविर में आए कई आवेदनों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के निवारण के लिए संबंधित विभागों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कार्य पेंशन, परिवार पहचान पत्र, बिजली, राजस्व तथा अन्य नागरिक सेवाओं से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाता है। इस दौरान डीएसपी उमेद सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## बीजेपी नेता ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को दी दीपावली की शुभकामनाएं

अर्थ प्रकाश/ मोहित पौलस्त्य

**पिहोवा, 16 अक्टूबर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित जय भगवान शर्मा (डीडी) ने , सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर उन्हें दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस सौहार्दपूर्ण भेंट के दौरान दोनों नेताओं के बीच पिहोवा क्षेत्र के विकास कार्यों और नई सड़क परियोजनाओं को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई।

पंडित जय भगवान शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हो रहे अभूतपूर्व विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आज भारत सड़क निर्माण के क्षेत्र में विश्व स्तर पर नई पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि नितिन गडकरी के दूरदर्शी नेतृत्व में देशभर में सड़कों का जाल बिछाया गया है, जिससे न केवल एक राज्य से दूसरे राज्य तक का सफर सुगम हुआ है बल्कि व्यापार और औद्योगिक विकास को भी नई दिशा मिली है। सड़क संपर्क बढ़ने से यात्रा समय में कमी, ईंधन की बचत और राज्य-राज्य के बीच व्यापारिक मजबूती जैसी अनेक सकारात्मक परिवर्तन हुए हैं, जिनका सीधा लाभ आम जनता और व्यापारियों दोनों को मिल रहा है। इस अवसर पर पंडित जय भगवान शर्मा ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को धर्मनगरी पिहोवा आने का स्नेहपूर्ण निमंत्रण भी दिया और आग्रह किया कि पिहोवा से हरिद्वार तक बनने वाली फोर लेन सड़क, जिसे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पहले ही स्वीकृति प्रदान की है। उस पर जल्द कार्य प्रारंभ हो। उन्होंने साथ ही कुरुक्षेत्र बाईपास, पिहोवा से पंजाब को जोड़ने वाली सड़क तथा अन्य स्थानीय मार्गों के शीघ्र निर्माण की भी मांग रखी, जिससे क्षेत्र का यातायात सुगम और व्यापारिक विकास और भी तीव्र गति से हो सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सैनी के नेतृत्व में हरियाणा आज विकास के नए आयाम छू रहा है।

# जय भगवान शर्मा डीडी ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात, पिहोवा के विकास को लेकर हुई सार्थक चर्चा

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 16 अक्तूबर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित जय भगवान शर्मा डीडी ने भारत सरकार के लोकप्रिय एवं दूरदर्शी नेता, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर उन्हें दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस सौहार्दपूर्ण भेंट के दौरान दोनों नेताओं के बीच पिहोवा क्षेत्र के विकास कार्यों और नई सड़क परियोजनाओं को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। पंडित जय भगवान शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हो रहे अभूतपूर्व विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आज भारत सड़क निर्माण के क्षेत्र में विश्व स्तर पर नई पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि नितिन गडकरी के दूरदर्शी नेतृत्व में देशभर में सड़कों का जाल बिछाया गया है, जिससे न केवल एक राज्य से दूसरे राज्य तक का सफर सुगम हुआ है बल्कि व्यापार और औद्योगिक विकास को भी नई दिशा मिली है। सड़क संपर्क बढ़ने से यात्रा समय में कमी, ईंधन की बचत और राज्य-राज्य के बीच व्यापारिक मजबूती जैसी अनेक सकारात्मक परिवर्तन हुए हैं, जिनका सीधा लाभ आम जनता और व्यापारियों दोनों को मिल रहा है। इस अवसर पर पंडित जय भगवान शर्मा ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को धर्मनगरी पिहोवा आने का स्नेहपूर्ण निमंत्रण भी दिया और आग्रह किया कि पिहोवा से हरिद्वार तक बनने वाली फोर लेन सड़क, जिसे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पहले ही स्वीकृति प्रदान की है, उस पर जल्द कार्य प्रारंभ हो। उन्होंने साथ ही कुरुक्षेत्र बाईपास, पिहोवा से पंजाब को जोड़ने वाली सड़क तथा अन्य स्थानीय मार्गों के शीघ्र निर्माण की भी मांग रखी, जिससे क्षेत्र का यातायात सुगम और व्यापारिक विकास और भी तीव्र गति से हो सके। पंडित जय भगवान शर्मा ने इस अवसर पर हरियाणा सरकार के उत्कृष्ट कार्यों की भी प्रशंसा की। पंडित जय भगवान शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संयुक्त नेतृत्व में हरियाणा सहित पूरा देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के मार्गदर्शन और सहयोग से पिहोवा क्षेत्र में सड़क व आधारभूत ढांचे का विकास नए आयाम छुएगा, जिससे क्षेत्र की जनता को सीधा लाभ मिलेगा।

# मुख्यमंत्री और सभी कैबिनेट मंत्री 25 अक्टूबर को गुरुद्वारा सीस गंज साहिब में टेकेंगे माथा

## नवम पातशाह श्री गुरु तेग बहादर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित पंजाब सरकार के समारोहों की श्रृंखला का शुभारंभ गुरुद्वारा सीस गंज साहिब में अरदास से होगा

- भाई मती दास, भाई सती दास और भाई दयाला जी को भी अर्पित की जाएगी श्रद्धा और सम्मान
- नई दिल्ली के गुरुद्वारा श्री रकाब गंज साहिब में होगा विशाल कीर्तन दरबार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नई दिल्ली/ चंडीगढ़, 16 अक्टूबर।** नवम पातशाह श्री गुरु तेग बहादर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई वाली पंजाब सरकार द्वारा आयोजित समागमों की श्रृंखला का शुभारंभ 25 अक्टूबर को राष्ट्रीय राजधानी स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा सीस गंज साहिब में अरदास के साथ किया जाएगा।

आज यहां पंजाब भवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस, पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों की मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद और विभाग के सलाहकार दीपक बाली ने बताया कि पंजाब सरकार ने इस अवसर पर एक माह तक चलने वाले आयोजनों की रूपरेखा तैयार कर ली है।

उन्होंने कहा कि समारोहों की शुरुआत 25 अक्टूबर को दिल्ली स्थित गुरुद्वारा सीस गंज साहिब से होगी। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान, सभी कैबिनेट मंत्री और अन्य विशिष्ट हस्तियां गुरुद्वारे में माथा टेकेंगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भाई मती दास जी, भाई सती दास जी और भाई दयाला जी के शहीदी स्थलों पर जाकर श्रद्धा और सम्मान अर्पित करेंगे–इन तीनों ने गुरु साहिब के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा और निष्ठा दिखाते हुए अप्रतिम बलिदान दिया था। उन्होंने बताया कि उसी दिन शाम को गुरुद्वारा श्री रकाब गंज साहिब में विशाल कीर्तन दरबार आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में संगत श्रद्धाभाव से हाज़िरी लगाएगी।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में ÷हिंद की चादर÷ श्री गुरु तेग बहादर साहिब जी ने मानव अधिकारों की रक्षा और धार्मिक स्वतंत्रता के लिए जो बलिदान दिया, उसकी मिसाल विश्व इतिहास में कहीं नहीं मिलती। नवम पातशाह सांझीवालता और धर्मनिरपेक्षता के प्रतीक थे, और उनका महान जीवन व दर्शन सम्पूर्ण मानवता के लिए प्रकाश स्तंभ है।

मंत्रियों ने बताया कि 1 नवम्बर से 18 नवम्बर तक पंजाब के सभी जिलों में ÷लाइट एंड साउंड शो÷ आयोजित किए जाएंगे, जिनमें गुरु तेग बहादर जी के जीवन और दर्शन को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके साथ ही, गुरु साहिब के पावन चरणों से जुड़े नगरों में कीर्तन दरबार भी होंगे। इन समारोहों का उद्देश्य गुरु साहिब के जीवन, उनके दर्शन और मानवता के लिए दिए गए महान बलिदान के बारे में लोगों को जागरूक करना है।

उन्होंने बताया कि 18 नवम्बर को श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) में कीर्तन दरबार आयोजित किया जाएगा। अगले दिन 19 नवम्बर को श्रीनगर से नगर कीर्तन आरंभ होगा, जिसमें सैकड़ों कश्मीरी पंडित भी संगत के साथ शामिल होंगे। यह नगर कीर्तन 19 नवम्बर को जम्मू, 20 नवम्बर को पठानकोट और 21 नवम्बर को होशियारपुर में विश्राम करेगा तथा 22 नवम्बर को श्री आनंदपुर साहिब में संपन्न होगा।

इसी अवधि में 20 नवम्बर को तख्त श्री दमदमा साहिब (तलवंडी साबो), फरीदकोट और गुरदासपुर से तीन नगर कीर्तन निकाले जाएंगे, जो 22 नवम्बर को श्री आनंदपुर साहिब में मिलेंगे।

उन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक अवसर पर पंजाब सरकार 23 से 25 नवम्बर तक श्री आनंदपुर साहिब में भव्य समारोह आयोजित करेगी। श्रद्धालुओं के ठहराव हेतु 'चक्क नानकी' नामक टेंट सिटी बनाई जाएगी, जिसमें प्रतिदिन 15,000 श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था होगी। इस पवित्र नगरी में सर्व धर्म सम्मेलन, प्रदर्शनी और ड्रोन शो भी आयोजित किए जाएंगे, जो गुरु साहिब के जीवन और दर्शन को उजागर करेंगे।

24 नवम्बर को श्री गुरु तेग बहादर जी के शहीदी दिवस को समर्पित पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र श्री आनंदपुर साहिब में आयोजित होगा, जिसमें गुरु साहिब के जीवन, दर्शन, मानवाधिकारों और धार्मिक स्वतंत्रता के लिए उनके बलिदान पर विचार साझा किए जाएंगे।

25 अक्टूबर को गुरुद्वारा सीस गंज साहिब से आरंभ हुए कार्यक्रमों की श्रृंखला का समापन 25 नवम्बर को श्री आनंदपुर साहिब में होगा। उसी दिन राज्य स्तर पर रक्तदान शिविर और वन विभाग द्वारा पौधारोपण अभियान के साथ ÷सर्वत्र कल्याण एकता÷ कार्यक्रम भी चलाया जाएगा। इन समारोहों में भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों और विभिन्न देशों के राजदूतों सहित अनेक गणमान्य अतिथियों को आमंत्रित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पंजाब के सभी सरकारी और निजी स्कूलों के लगभग 70 लाख विद्यार्थियों को प्रतिदिन कुछ समय गुरु साहिब के जीवन, दर्शन और बलिदान के बारे में बताया जाएगा।

मंत्रियों ने आगे कहा कि 350वें शहीदी दिवस को श्रद्धा और आदरपूर्वक मनाने के लिए विश्वभर के संत समाज से आशीर्वाद और सुझाव प्राप्त किए गए हैं। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार अपने आप को सौभाग्यशाली मानती है कि उसके कार्यकाल में यह ऐतिहासिक अवसर आया है। उन्होंने देश-विदेश में बसे सभी श्रद्धालुओं से इन आयोजनों में भाग लेने की अपील की।

इस अवसर पर श्री गुरु तेग बहादर जी के 350वें शहीदी दिवस का प्रतीक-चिह्न (लोगो) भी जारी किया गया।

इस मौके पर दिल्ली के तिलक नगर क्षेत्र के विधायक जरनैल सिंह और पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों के सचिव अभिनव त्रिखा उपस्थित रहे।


grtr mhll erlA ivks AQirtI
pf Bvn, sktr 62, As e As ngr (mhlI)
jnqk scn

isgl ivf n 454301 imql 26 .08 .2025 rwhl GMADA/25-26/LP/3 LOI No.- GMADA/2025-2026/LOI/2 , Size 200 Sq Yard, Sector 101 Industiral Park As e As ngr d mlk Gurmail Singh S/o Jharia Singh Alias Jhanda Singh ( 22.63 % share ), Ragvir Singh S/o Mota Singh ( 13.28 % share ) & Jharia Singh Alias Jhanda Singh S/o Mota Singh ( 13.97 % share ) R/o Village- Dhurali, Distt SAS Nagar ny Akhil Monga S/o Tarsem Monga R/o House no 57/11 , preet nagar , Ambala , Haryana f Apxi jlple inXkq klqh, j ik vslk n : Document No 2022-2023/3/4/82 Book No 4 imql 05.04.2022 f dPqr sb rijstrr , As e As ngr ivK rijstrf hel h, pS klql h.
ies jlple d ADr q Gurmail Singh S/o Jharia Singh Alias Jhanda Singh ( 22.63 % share ), Ragvir Singh S/o Mota Singh ( 13.28 % share ) & Jharia Singh Alias Jhanda Singh S/o Mota Singh ( 13.97 % share ) R/o Village-Dhurali, Distt SAS Nagar vl akq plt f ANUJ GUPTA S/D/W/o SUSHIL KUMAR GUPTA R/o House No 3109 , Sector -32/D, Chandigarh d nm Al E Ael trlsPr krn lel dsqvj pql bnql isgl ivf n : 454301 imql 26.08.2025 f id-ql h. hx ieh ks imlK APsr ( p ) gmfw , As e As ngr ( mhlI ) d dPqr ivc ivcr ADIn h . ies lel GMADA/25-26/LP/3 LOI No.- GMADA /2025-2026/LOI/2, Size 200 Sq Yard, Sector 101 Industrial Park As e As ngr f Al E Ael trlsPr krn q pihl sicq klq jd h ik ies br iks f kel ieqrj hv q ies ivigApn dl imql q 15 idn d Adr Adr Apx ieqrj imlK APsr gmfw , mhll ps ilKql rp ivc d skd h . insicq imql Aq sm q bAd pPq ieqrj q kel ivcr nhl klq jvg akq rijstrf hel jlple d ADr q GMADA/25-26/LP/3 LOI No.- GMADA /2025-2026/LOI/2, Size 200 Sq Yard, Sector 101 Industrial Park As e As ngr dl Al E Ael trlsPr akq ibnkr d n jrl kr id-ql jvgl

imlK APsr ( p )
gmfw , As e As ngr


# दीपावली मेले में 'हर घर स्वदेशी' के संदेश के साथ गूंजा कम्युनिटी सेंटर

- महापौर कुलभूषण गोयल ने किया मेला का उद्घाटन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 16 अक्तूबर।** दीपावली मेला का वीरवार को सेक्टर-20 स्थित महाराजा अग्रसेन भवन (सामुदायिक केंद्र) में ÷स्वदेशी लाओ, विदेशी भगाओ÷ के नारे के साथ शुभारंभ हुआ। मेले का उद्घाटन नगर निगम पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल ने किया। विशिष्ठ अतिथि पंचकूला नगर निगम आयुक्त आरके सिंह और हरियाणा स्वदेशी जागरण मंच के जिला अध्यक्ष अजय मित्तल रहे। कुलभूषण गोयल और आरके सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। यह मेला 20 अक्टूबर तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात 11 बजे तक चलेगा। आयोजन नगर निगम पंचकूला द्वारा स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन के सौजन्य से किया जा रहा है। कार्यक्रम में नगर निगम के पार्षदों के साथ बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

मेले में स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, बच्चों के खेल, स्वादिष्ट खानपान स्टॉल और झूले विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। देश में बने वस्त्र, हस्तशिल्प, गृह-उपयोगी सामग्री, मिठाइयां, दीये, खिलौने और अन्य स्वदेशी वस्तुएं प्रदर्शित की गई हैं, जिनसे स्थानीय उद्योगों और कारीगरों को बढ़ावा मिल रहा है।

इस अवसर पर महापौर कुलभूषण गोयल ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग न केवल हमारी अर्थव्यवस्था को बल देता है, बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सच्चा कदम है। हमें गर्व होना चाहिए कि हमारे देश में हर वस्तु बनाने की क्षमता है।

आयुक्त आरके सिंह ने कहा कि स्वदेशी अपनाने के लिए लोगों को जागरुक करना बहुत जरुरी है। इसलिए मेले में स्वदेशी उत्पादों को प्रदर्शित किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से बढ़चढ़ कर मेले में आने की अपील की।

जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने बताया कि हरियाणा के सभी जिलों में ऐसे स्वदेशी मेले आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि नागरिक बाजार से विदेशी नहीं, स्वदेशी सामान ही खरीदें का संकल्प लें। मेले में पंचकूला व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग उमड़े। स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियां, पारंपरिक झाँकियाँ और बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने वातावरण को उल्लासमय बना दिया। आयोजकों ने नागरिकों से अपील की कि इस दिवाली 'स्वदेशी वस्त्र, स्वदेशी कारोबार- यही हो हर घर का नारा' को अपनाकर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अपना योगदान दें।


### सार्वजनिक सूचना

हम, सुनीता सोनी पत्नी सज्जन कुमार और रिंकू पत्नी रिक्की संपत्ति के संबंध में मालिक हैं। Property id. 8J8PYGF2, Part of Bearing Khewat no. 1865 (New Khewat no. 2057), Khasra no. 230//4 (7-8), Measuring 0K-12M (350 Sq. Yards), Situated at CHOBIS Colony, with in MC Limit Uklana Mandi, Tehsil Uklana and Distt Hisar as per Sale deed no. 318 dated 16.06.2020 and Fard Jamabandi of the year 2021-22 हमने उकलाना में कहीं भी sale deed no. 1330 dated 27.02.2003 खो दिया है। उकलाना में एक डीडीआर नंबर 132290942500693/2025 भी पंजीकृत है। हम यह भी घोषणा करते हैं कि हमने उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का ऋण, सीसी सीमा या ओडी सीमा नहीं ली है। अगर किसी को इस संपत्ति के संबंध में आपत्ति है। कृपया इस प्रकाशन के 07 दिन के भीतर एडवोकेट भूपेंद्र कुमार, फोन नंबर 8295949981 # 1591 सेक्टर 16-17 हिसार से संपर्क करें।

### बयान हल्फिया

मैं आकाश पुत्र स्वर्गीय सुभाष चंद स्वर्गीय शिबू राम निवासी मकान नंबर 160 वार्ड 11 बाल्मीकि मोहल्ला भादड गली का तहसील टोहाना जिला फतेहाबाद का स्थाई निवासी हूं मैं अपने हलफ से निम्नलिखित बयान करता हूं।

1. जिस घर में हम कई वर्षो से रहते हैं जिसमें मेरी दादी की सुनहरी देवी पत्नी शिबू राम की मृत्यु 26 .8 .1997 को हो चुकी है

2. उनके दाहवासन के बाद उनकी मिल्कीयत के हम 1 सुरेश कुमार 2 जसवंत 3 सरला देवी 4 आकाश, प्रिंस, शालू पुत्री सुभाष चंद 5 विकास, रिंकू, मनीषा कन्नौज पुत्री पुष्पा 6 श्रीमती उषा, गुड्डी , ओमपति, विमला पुत्री का शिबू राम के कानूनी हकदार हैं जो की प्रॉपर्टी लाल डोरे में है मैं अपने हक की रजिस्ट्री करवाना चाहता हूं इनमें से या किसी को भी कोई ऐतराज है वह एक महीने में कर सकता है इसके बाद में कानून रूप से अपने हक का मिल्कीयत वारिस होगा ।

शपथ कर्ता
आकाश पुत्र सुभाष चंद
भादड गली मकान नंबर 160 वार्ड
तहसील टोहाना जिला फतेहाबाद

### आम सभा की बैठक की सूचना

रक्षा वैज्ञानिक (टीबीआरएल) सहकारी भवन (प्रथम) सोसायटी लिमिटेड, प्लॉट संख्या 7, सेक्टर 51/डी, चंडीगढ़ के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि सोसायटी की आम सभा की बैठक संयुक्त रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, यूटी, चंडीगढ़ के अनुमोदन से दिनांक 03.11.2025 को प्रातः 11:00 बजे सोसायटी के सेंट्रल पार्क में आयोजित की जाएगी। ज्ञापन संख्या-coop/hb-tbrl/2025/8993 दिनांक 03.10.2025। विस्तृत एजेंडा आइटम सोसायटी के नोटिस बोर्ड पर चिपका दिए गए हैं और सदस्यों को हाथों-हाथ भी सौंप दिए गए हैं।

अध्यक्ष

### रक्षा वैज्ञानिक टीबीआरएल कोऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग फर्स्ट सोसाइटी लिमिटेड, सेक्टर 51-डी, चंडीगढ़
### चुनाव सूचना

**सूचना की तिथि 17.10.2025**
**नामांकन की तिथिः 04.11.2025 (प्रातः 10:00 बजे से 11:00 बजे तक)**
**मतदान की तिथि (यदि आवश्यक हो) 04.11.2025**
**( दोपहर 3:00 बजे से सायं 4:30 बजे तक)**
**स्थानः सोसाइटी का सेंट्रल पार्क, सेक्टर-51/डी, चंडीगढ़**

अध्यक्ष

### खोया-पाया

मैं मीना कुमारी पत्नी श्री राम दयाल निवासी # 125, प्रीत एन्क्लेव, अंजा मंडी खरड़ के पास, निम्नलिखित घोषणा करती हूँ- 1. प्लॉट वसीका संख्या 15572 की मूल रजिस्ट्री, जो मेहर सिंह और हरविंदर सिंह के पक्ष में दिनांक 16.03.2018 को हुई थी, खो गई है। 2. मैं एसबीआई मोहाली से ऋण ले रही हूँ। उक्त संपत्ति एसबीआई आरएसीपीसी, सेक्टर 68 मोहाली, पंजाब के पास गिरवी रखी जाएगी। 3. यदि किसी पक्ष का संबंधित संपत्ति पर कोई दावा है, तो उसे इच्छुक पक्ष और एसबीआई सेक्टर 68 आरएसीपीसी मोहाली, पंजाब की उपरोक्त शाखा में इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर दर्ज कराया जाना चाहिए। मोबाइल नंबर 98769-84183


# ट्रेनें हो गई फूल, चेकिंग करना मुश्किल

## चुनौतियों के बीच टिकट चेकर स्टाफ निभा रहे ड्यूटी

- रेलवे सिर्फ पटरियों का नहीं, इंसानियत का भी सफर

अर्थ प्रकाश/भरत मेहंदीरत्ता

**अंबाला, 16 अक्तूबर।** भारत में त्योहारों का मौसम शुरू होते ही रेल यातायात पर दबाव बढ़ गया है। हर स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ उमड़ रही है। कई जगह हालात ये हैं कि ट्रेनों के डिब्बों में पैर रखने की जगह तक नहीं। भीड़ इतनी कि मानो इंसान के ऊपर इंसान चढ़ा हो। ऐसे हालात में काम करना किसी चुनौती से कम नहीं होता – लेकिन कुछ रेलवे कर्मचारी अब भी अपने कर्तव्य को सर्वोपरि मानकर सेवा में जुटे हैं।

बीती रात चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस (15904) में ऐसा ही उदाहरण देखने को मिला, जब ट्रेन में तैनात टीटी सुनील कुमार ने भीड़भाड़ और अफरातफरी के बीच अपनी ड्यूटी पूरे ईमानदारी और शालीनता से निभाई।

**भीड़ में भी व्यवस्था बनाए रखी:** त्योहारों के सीजन में ट्रेनों में आमतौर पर टिकट चेकिंग मुश्किल हो जाती है। कई यात्री बिना आरक्षण या बिना टिकट सफर करते हैं। लेकिन सुनील कुमार हर कोच में जाकर यात्रियों के न केवल टिकट जांचे, बल्कि बिना टिकट वालों की सरकारी रसीदें काटीं और कुछ लोगों को उनकी सीट दिलवाने में भी मदद की।

इस दौरान यात्रियों ने बताया कि उन्होंने न सिर्फ टिकट चेक किया बल्कि कई बुजुर्ग यात्रियों को सीट दिलाने में भी मदद की। उन्होंने भीड़ के बावजूद यात्रियों से शालीनता और मुस्कुराहट के साथ बातचीत की।



**इतनी भीड़ में भी शांति से काम करना आसान नहीं:** यात्रियों का कहना है कि जब ट्रेन के डिब्बों में अफरातफरी हो, तब भी सुनील जी शांत और संयमित रहे। एक यात्री ने बताया – इतनी भीड़ में सब चिड़चिड़े हो जाते हैं, लेकिन सुनील जी ने सबकी बात सुनी, मदद की और टिकट भी जांचा। ऐसे अधिकारी बहुत कम देखने को मिलते हैं।

**रेलवे की साख मजबूत करने वाले कर्मी:** त्योहारों के इस भीड़भाड़ वाले सीजन में जब हादसों और असुविधाओं की खबरें अक्सर सामने आती हैं, तब सुनील जी जैसे कर्मचारी यह दिखाते हैं कि रेलवे केवल पटरियों का नहीं, बल्कि ईमानदारी और इंसानियत के सफर का भी हिस्सा है। त्योहारों की इस भागदौड़ में जब ज्यादातर लोग अपने घर की राह में हैं, ऐसे में सुनील जैसे कर्मचारी याद दिलाते हैं कि रेलवे सिर्फ पटरियों का नहीं, इंसानियत का भी सफर है।


### उत्तर रेलवे
#### संशोधन सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडलीय वाणिज्य प्रबंधक/एफ़एस, उत्तर रेलवे, अंबाला मंडल द्वारा IREPS वेबसाइट पर ई–टेंडर (खुली) के माध्यम से कार्य "गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल के विकास एवं प्रबंधन" (GCT नीति के अंतर्गत), मलौट रेलवे स्टेशन के निकट–आंशिक रूप से रेलवे भूमि पर – हेतु संशोधन जारी किया गया है।

| क्र.सं. | सूचना | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना एवं तिथि | UMB-GCT-SCII-MOT-01-25/23.09.2025 |
| 2 | कार्य का नाम | GCT नीति के अंतर्गत मलौट रेलवे स्टेशन के निकट – आंशिक रूप से रेलवे भूमि पर–गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल का विकास एवं प्रबंधन। |
| 3 | संशोधन संख्या | 1 |
| 4 | निविदा की अंतिम तिथि एवं समय (पुरानी) | 24.10.2025, 15:00 बजे तक |
| 5 | निविदा की अंतिम तिथि एवं समय (नई) | 14.11.2025, 15:00 बजे तक |
| 6 | बोली प्रारंभ तिथि (पुरानी) | 10.10.2025 |
| 7 | बोली प्रारंभ तिथि (नई) | 31.10.2025 |

जारी किए गए इस संशोधन से संबंधित अन्य जानकारी हेतु इच्छुक निविदाकार www.ireps.gov.in वेबसाइट पर जा सकते हैं।

3188/25
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे
#### ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आमंत्रित करने हेतु ई–नीलामी रेलवे वेब साइट www.ireps.gov.in के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आमंत्रित की जाने वाले ठेकों का विवरण निम्नलिखित है।

| | क्र. सं. | नीलामी कटलॉग सं | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| PAR-KING | 1 | UMB-Mix-30-2025 | सुनाम ऊधम सिंह वाला रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में कुल 1275 वर्ग मीटर क्षेत्र में व्यापक पार्किंग का आवंटन (साइट प्लान के अनुसार) | 21.10.25 15:00:00 |
| | 2 | UMB-Mix-31-2025 | खन्ना रेलवे स्टेशन पर कुल 520.08 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के चार पहिया वाहन पार्किंग स्थल का आवंटन। | 23.10.25 12:00:00 |
| | 3 | UMB-Mix-31-2025 | बरनाला रेलवे स्टेशन के परिचालित क्षेत्र में कुल 300.3 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का व्यापक पार्किंग स्थल। | 23.10.25 12:00:00 |
| | 4 | UMB-Mix-31-2025 | अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन (मुख्य साइड) पर कुल 8682.70 वर्ग मीटर क्षेत्र को कवर करते हुए सभी वाहनों (गैर वाणिज्यिक और वाणिज्यिक) के लिए व्यापक पार्किंग सह प्रवेश नियंत्रण अधिकार 'पिकअप / ड्रॉप' लेन (प्रवेश से निकास) का आवंटन। | 23.10.25 12:00:00 |
| | 5 | UMB-Parkg-18-25 | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर 2384.74 वर्ग मीटर पार्किंग क्षेत्र के साथ सभी वाहनों (गैर वाणिज्यिक और वाणिज्यिक) के लिए व्यापक पार्किंग सह प्रवेश नियंत्रण अधिकार 'पिकअप / ड्रॉप' लेन (प्रवेश से निकास) का आवंटन। | 24.10.25 12:00:00 |
| | 6 | UMB-Mix-32-2025 | यमुनानगर जगाधरी रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में कुल 2610.22 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में व्यापक पार्किंग का आवंटन। | 29.10.25 12:00:00 |
| | 7 | UMB-Mix-32-2025 | ई–रिक्शा/थ्री व्हीलर (780 वर्ग मीटर), टैक्सी (1651 वर्ग मीटर), टू व्हीलर पार्किंग (1744 वर्ग मीटर), फोर व्हीलर पार्किंग (1145 वर्ग मीटर) के लिए क्षेत्र के व्यापक पार्किंग सह प्रवेश नियंत्रण अधिकारों का आवंटन, चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन (डिवीजन अंबाला) के स्थान द्वितीय प्रवेश (पंचकूला साइड) पर कुल 11,326 वर्ग मीटर क्षेत्र का पार्किंग स्थल | 29.10.25 12:00:00 |
| Cate-ring | 8 | UMB-Mix-31-2025 | बरनाला रेलवे स्टेशन के PF नंबर 1 पर विशेष लघु खानपान इकाई (आकार 10'x6') का आवंटन | 23.10.25 12:00:00 |
| | 9 | UMB-Mix-31-2025 | खन्ना रेलवे स्टेशन के PF संख्या 1 पर 10'x6' आकार की विशेष लघु खानपान इकाई (स्टॉल) का आवंटन | 23.10.25 12:00:00 |
| | 10 | UMB-Mix-31-2025 | पटियाला रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर एसएमयू स्टॉल नंबर 12 | 23.10.25 12:00:00 |

3197/25
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### न्यायालय सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी, महम।

इस अदालती ईश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुकदमा [illegible] बनाम [illegible] बाबत खेवट तकसीम करवाने खेवट नम्बर 337 खतौनी नम्बर 346 [illegible] मौजा [illegible] तहसील महम जिला रोहतक इस न्यायालय में लंबित है। प्रतिवादी [illegible] ... 31. [illegible] तहसील महम व जिला रोहतक को बजरीये समन तलब किया जा चुका है। परन्तु प्रतिवादीगण हाजिर अदालत नहीं आ रहा है। न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि प्रतिवादीगण की तामील साधारण तरीके से नहीं हो पाई है। इसलिए प्रतिवादीगण की तामील बजरीये अखबार ईश्तहार की जानी उचित है। अतः इस नोटिस द्वारा प्रतिवादी व आम जनता को सूचित किया जाता है कि वाद ग्रस्त भूमि में हितबद्ध प्रतिवादीगण या अन्य कोई व्यक्ति दिनांक 21.10.2025 को इस न्यायालय में स्वयं या अपने वकील के माध्यम से उपस्थित हो कर अपना पक्ष रख सकता है। हाजिर ना आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। अतः 15.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर न्यायालय से जारी किया गया है।

सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी, महम

### LOST NOTICE


I Paramjit Kaur W/O Harbans Singh R/O Village Marhl PO Sidhwan Tehsil & Distt. Gurdaspur (Punjab) declare that original Allotment of residential plot no.246 ( facing park) sector 89, Block A , 300 Sq.Yards, under landpooling scheme in sector 88-89, Sahibzada Ajit Singh Nagar Memo no. GMADA/2018/70527, dated 29.11.2019 has been lost & reported in police station Tibber (distt. Gurdaspur) General Diary no. 021 dated 28/02/2023, 16.59 hrs If anybody found please contact this no.9876222277

### न्यायालय सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी, महम।

इस अदालती ईश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुकदमा जगवन्त आदि बनाम संदीप आदि बाबत खेवट तकसीम करवाने खेवट नम्बर 507 खतौनी नम्बर 512, खेवट नम्बर तादादी बाबत मौजा मदीना गिन्धरान तहसील महम जिला रोहतक इस न्यायालय में लंबित है। प्रतिवादी 1. संदीप पुत्र रामभगत 2. शीलक पुत्र राम भगत 3. जगबीर पुत्र रामभगत निवासीगण मदीना तहसील महम व जिला रोहतक को बजरीये समन तलब किया जा चुका है। परन्तु प्रतिवादीगण हाजिर अदालत नहीं आ रहा है। न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि प्रतिवादीगण की तामील साधारण तरीके से नहीं हो पाई है। इसलिए प्रतिवादीगण की तामील बजरीये अखबार ईश्तहार की जानी उचित है। अतः इस नोटिस द्वारा प्रतिवादी व आम जनता को सूचित किया जाता है कि वाद ग्रस्त भूमि में हितबद्ध प्रतिवादीगण या अन्य कोई व्यक्ति दिनांक 21.10.2025 को इस न्यायालय में स्वयं या अपने वकील के माध्यम से उपस्थित हो कर अपना पक्ष रख सकता है। हाजिर ना आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। अतः 15.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर न्यायालय से जारी किया गया है।

सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी, महम

### ਗਰੇਟਰ ਮੁਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ। (ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ)




ਮ੍ਰਿਤਕ ਲਾਭਪਾਤਰੀ

ਪਲਾਟ ਨੰਬਰ 67, ਸੈਕਟਰ-55, ਫੇਜ 1 ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ ਦੇ ਅਲਾਟੀ Darshan Dass Jain S/o Hans Raj Jain R/o House No. 67, Phase 1, Sector 55 SAS Nagar ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 16-06-2025 ਨੂੰ ਹੋ ਗਈ ਹੈ। ਉਕਤ ਪਲਾਟ ਸਬੰਧੀ ਅਲਾਟੀ Darshan Dass Jain S/o Hans Raj Jain ਵਲੋਂ ਆਪਣੀ ਮੌਤ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਆਪਣੀ ਪਤਨੀ Gunmala Jain ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਕੀਤੀ ਹੈ। ਇਹ ਵਸੀਅਤ ਵਸੀਕਾ ਨੰ: 559, ਜਾਇਦ ਬਹੀ 3. ਮਿਤੀ 12-07-2024 ਰਾਹੀਂ ਸਬ ਰਜਿਸਟਰਾਰ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ ਵਿਖੇ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੈ।

ਹੁਣ ਉਕਤ ਕੀਤੀ ਗਈ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ Gunmala Jain W/o Darshan Dass Jain R/o Kothi No. 67, Phase-1, Sector-55, Mohali, ਵੱਲੋਂ ਪਲਾਟ ਨੰਬਰ 67, ਸੈਕਟਰ-55, ਫੇਜ 1 ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਆਪਣੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਲਈ ਦਸਤਾਵੇਜ ਇਸ ਦਫਤਰ ਨੂੰ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਨ ਅਤੇ ਇਹ ਕੇਸ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ), ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿਚ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮਲਕੀਅਤ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਸਭ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ ਵਲੋਂ ਕੀਤੀ ਗਈ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਸਬੰਧੀ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ) ਗਮਾਡਾ ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਇਤਰਾਜ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਪਲਾਟ ਨੰਬਰ 67, ਸੈਕਟਰ-55, ਫੇਜ 1 ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਉਕਤ ਲਾਭਪਾਤਰ ਦੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ)
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ

### ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ, ਪੁਡਾ ਭਵਨ ਸੈਕਟਰ-62, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ



ਮਕਾਨ ਨੰਬਰ ਐਚ 462 ਸੈਕਟਰ 55 ਫੇਜ 1 ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ 20% ਹਿੱਸੇ ਦੇ ਅਲਾਟੀ Smt. Urmila W/o Jai Chand R/o H. No. 1280 B, Sector 28 B, Chandigarh ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 25-05-2021 ਨੂੰ ਹੋ ਗਈ ਹੈ। ਉਕਤ ਮਕਾਨ ਦੇ 20% ਹਿੱਸੇ ਸਬੰਧੀ ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ ਵੱਲੋਂ ਆਪਣੀ ਮੌਤ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾ ਮਿਤੀ 27-4-2021 ਨੂੰ JATINDER SINGH BEDI S/O GURLAL SINGH, BABITA BEDI W/o JATINDER SINGH BEDI ਦੇ ਨਾਂ ਤੇ ਅਣ-ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਕੀਤੀ ਗਈ ਸੀ।

ਹੁਣ ਉਕਤ ਕੀਤੀ ਗਈ ਅਣ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ JATINDER SINGH BEDI S/o GURLAL SINGH R/o HOUSE NO. 165/17, BADHERI, CHANDIGARH BABITA BEDI W/o JATINDER SINGH BEDI R/O HOUSE NO 165/17 BADHERI CHANDIGARH ਵਲੋਂ ਮਕਾਨ ਨੰਬਰ ਐਚ 462 ਸੈਕਟਰ 55 ਫੇਜ 1 ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ 20% ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਆਪਣੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਲਈ ਦਸਤਾਵੇਜ਼ ਇਸ ਦਫਤਰ ਨੂੰ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਨ ਅਤੇ ਇਹ ਕੇਸ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ) ਗਮਾਡਾ ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਦੇ ਵਿੱਚ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮਲਕੀਅਤ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਸਭ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ ਵਲੋਂ ਕੀਤੀ ਗਈ ਅਣ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਸਬੰਧੀ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-ਅੰਦਰ ਇਤਰਾਜ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ), ਗਮਾਡਾ ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੋਏ ਇਤਰਾਜ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਮਕਾਨ ਨੰਬਰ ਐਚ 462 ਸੈਕਟਰ 55 ਫੇਜ 1 ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ 20% ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਉਕਤ ਅਣ-ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਉਕਤ ਲਾਭ ਪਾਤਰ ਦੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ),
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ

### सार्वजनिक सूचना

विषयः- [illegible] EA7-C [illegible] A1/27-FF [illegible] DLF [illegible] DLF [illegible] EA7-C और A1/27-FF [illegible] C-4/32, SDA, [illegible] 110016, [illegible]

[illegible] कानूनी वारिस

### न्यायालय सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी, महम।

इस अदालती ईश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुकदमा सूबे सिंह आदि बनाम ममता आदि बाबत खेवट तकसीम करवाने खेवट नम्बर 308 खतौनी नम्बर 312 तादादी बाबत मौजा मदीना गिन्धरान तहसील महम जिला रोहतक इस न्यायालय में लंबित है। प्रतिवादी 1. ममता विधवा अनिल 2. मोहित पुत्र अनिल 3. अजय पुत्र अनिल 4. संतोष पत्नी रामनिवास 5. सन्दीप पुत्र राजबीर 6. सन्नी पुत्र राजबीर 7. विमला विधवा जयबीर 8. श्रीमती रेनु पत्नी सुनील 9. नवीन पुत्र रणबीर 10. प्रवीन पुत्र रणबीर 11. शीला पत्नी रणबीर निवासीगण मदीना गिन्धरान तहसील महम व जिला रोहतक को बजरीये समन तलब किया जा चुका है। प्रतिवादीगण हाजिर अदालत नहीं आ रहा है। न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुँचा है कि प्रतिवादीगण पर तामील साधारण तरीके से नहीं हो पाई है। इसलिए प्रतिवादीगण की तामील बजरीये अखबार ईश्तहार की जानी उचित है। अतः इस नोटिस द्वारा प्रतिवादी व आम जनता को सूचित किया जाता है कि वाद ग्रस्त भूमि में हितबद्ध प्रतिवादीगण या अन्य कोई व्यक्ति दिनांक 21.10.2025 को इस न्यायालय में स्वयं या अपने वकील के माध्यम से उपस्थित हो कर अपना पक्ष रख सकता है। हाजिर ना आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। अतः 15.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर न्यायालय से जारी किया गया है।

सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी, महम

### 03 मेगावाट क्षमतावाले स्वलीय सोलर पीवी सिस्टम प्रोजेक्ट का स्थापन

ई-निविदा सूचना संख्या. AP/EL/16/25-26 तारीख 14-10-2025। नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया गया है। ई-निविदा संख्या. AP/EL/16/25-26। कार्य का नामः अलीपुरद्वार मंडल में 25 सालों की एक अवधि हेतु डिजाइन, निर्माण, फिट, परिचालन, रख-रखाव एवं स्थानांतर (डीबीएफओएमटी) द्वारा पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) के जरिये अलीपुरद्वार मंडल स्थित कदम्ब कानन के बाद कॉलोनी पर 03 मेगावाट क्षमतावाले स्थलीय सोलर पीवी सिस्टम प्रोजेक्ट का स्थापन। निविदा राशिः ₹42,37,65,000/-। धरोहर राशिः ₹32,04,000/-। निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः 05-11-2025 तारीख के 15.00 बजे में एवं खुलेगीः 15.30 बजे में डीआरएम/ इलेक्ट (जी), अलीपुरद्वार जंक्शन कार्यालय में। उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

वरिष्ठ डीईई/जी एवं सीएफजी,
अलीपुरद्वार जंक्शन
पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

### सार्वजनिक नोटिस


आम जनता को सूचित किया जाता है कि लखविन्द्र सिंह पुत्र कुलदीप सिंह गांव नाहरा तहसील बराड़ा जिला अम्बाला (हरियाणा) ने आदित्या बिरला हाऊसिंग फाईनैंस लि. ब्रांच पहली मंजिल, एस.सी.ओ. 181-182 कर्मशियल काम्पलैक्स , सैक्टर-17 हुडडा जगाधरी जिला यमुनानगर के पास लोन आवेदन किया है। निम्न जयदाद (जिसका ब्यौरा नीचे दिया गया है) पर लखविन्द्र सिंह पुत्र कुलदीप सिंह गांव नाहरा तहसील बराड़ा जिला अम्बाला (हरियाणा) पर काबिज है। यदि किसी व्यक्ति को रहनकर्ता द्वारा निम्न जयदाद पर लोन लिए जाने बारे कोई एतराज है तो वह 7 दिन के अन्दर प्रमाण सहित दावा प्रस्तुत करे वरना रहनकर्ता लोन के लिए आगे बढ सकता है और निम्न जयदाद रहन कर सकता है। जयदाद का विवरण- प्लाट/ मकान(यू.आई.डी. न. 576280004 (लाल डोरा)प्रापर्टी कोड (एन00एम1000 आरएल004ए)लैटर न. 2393 तारीख 30/09/2021, डीड ऑफ टाईटल ऑनरशीप न. 3710 तिथि 04/10/2021,कुल एरिया 256.403 स्क वायर मीटर, निर्माणधीन एरिया 200.452 स्कवायर मीटर और 55.951 स्कवायर मीटर , गांव नाहरा तहसील बराड़ा जिला अम्बाला (हरियाणा) में स्थित है।

### बेदखली नोटिस

मैं शिवानी पत्नी स्वर्गीय श्री दीप चंद, निवासी 1430/2, सेक्टर 30-बी, चंडीगढ़ घोषणा करती हूं कि मेरे पुत्र [illegible] दीप, [illegible] दीप, [illegible] दीप और पुत्रियां [illegible] , [illegible] कुमारी [illegible] मेरे नियंत्रण से बाहर हैं और मैं उन्हें सभी चल/अचल संपत्तियों से बेदखल करती हूं। यदि कोई भी उनके साथ लेन–देन करता है तो मैं जिम्मेदार नहीं रहूंगी।

### सार्वजनिक सूचना

**संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों के निर्वहन में श्री राजीव तिवारी, सहायक संपदा अधिकारी के समक्ष**



**विषयः** क्र.सं. 5753, बुक सं. 1, वॉल सं.– पृष्ठ सं.–, दिनांक 19.03.2015 पर पंजीकृत, बिक्री विलेख के आधार पर 100.00% हिस्से के विस्तार तक औद्योगिक वाणिज्यिक (कनवर्टेड) यूनिट–सं.–बी306बी–एटी–प्लाट–सं.–178–178ए, औद्योगिक क्षेत्र– I, चंडीगढ़ के संबंध में स्वामित्व हस्तांतरण के संबंध में।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकार्ड के अनुसार, मेसर्स सीएसजे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि. 100.00% हिस्से के विस्तार तक औद्योगिक वाणिज्यिक (कनवर्टेड) सं. यूनिट–सं.–बी306बी–एटी–प्लाट–सं.–178–178ए, औद्योगिक क्षेत्र–1, चंडीगढ़ के स्वामी/लीजी है।

श्री समीर नागपाल, मधुलिका नागपाल द्वारा सूचित किया गया है कि मेसर्स सीएसजे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि. 100.00% हिस्से के विस्तार उक्त कथित संपत्ति के स्वामी हैं, ने 19.03.2015 को समीर नागपाल, मधुलिका नागपाल के पक्ष में 100.00% हिस्से के विस्तार तक बिक्री विलेख निष्पादित की है और जो कार्यालय सब रजिस्ट्रार, यूटी, चंडीगढ़ में क्र.सं. 5753, बुक सं. 1, वॉल सं., पृष्ठ सं., दिनांक 19.03.2015 पर पंजीकृत है। अब, श्री समीर नागपाल, मधुलिका नागपाल ने बिक्री विलेख दिनांक 19.03.2015 के आधार पर अपने पक्ष में उक्त कथित संपत्ति के 100.00% हिस्से के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त नामतः आवेदक के पक्ष में कथित संपत्ति में कथित हिस्से के हस्तांतरण के विरूद्ध कोई आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में (मजीस्ट्रेट/नोटरी द्वारा पूर्ववत सत्यापित शपथपत्र के साथ समर्थित) लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित संपत्ति में कथित हिस्सा उक्त नामतः लाभार्थियों के नामों में उक्त अनुसार हस्तांतरित कर दिया जाएगा एवं बाद में कोई दावा विचारणीय नही होगा।

**राजीव तिवारी, सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों का निर्वहन करते हुए**


# समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निपटान करें: एसडीएम

**बराड़ा (अप्रस/जयबीर राणा थंबड)।** जनता की शिकायतों का त्वरित और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपमंडल बराड़ा में सप्ताह में दो दिन समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उपमंडल अधिकारी (ना.) सतीन्द्र सिवाच ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उसका मौके पर ही समाधान किया जाए। यदि कोई शिकायत दस्तावेजों या विभागीय जांच पर आधारित है, तो भी उसका निपटान समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाना चाहिए। एसडीएम सतीन्द्र सिवाच ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए यह पहल शुरू की गई है। अब यह शिविर सप्ताह में दो दिन ङ्क हर सोमवार और वीरवार को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक-लघु सचिवालय, बराड़ा के सभागार में आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है, ताकि नागरिक अपनी समस्याओं को बिना किसी बाधा के संबंधित अधिकारियों के समक्ष रख सकें और समाधान पा सकें। समाधान शिविरों की यह व्यवस्था जनता को दफ्तरों के अनावश्यक चक्कर लगाने से भी बचाती है। एसडीएम ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा सुशासन को धरातल पर लागू करने की दिशा में यह शिविर एक सशक्त माध्यम बनकर सामने आए हैं। समय पर समाधान, अधिकारी की भागीदारी और नागरिकों की सक्रिय सहभागिता इन शिविरों को सफल बना रही है।

एक्स्ट्रा बॉडी लगे, डंपर दिन रात दौड़ रहे हैं बेकाबू

# खनन माफिया के ट्रक बेलगाम, प्रशासन मौन

- ओवरलोड ट्रक दौड़ रहे हैं सड़कों पर
- कागजों में 9 टन पास, मगर ले जा रहे हैं 40 टन
- एक्स्ट्रा बॉडी लगे, डंपर दिन रात दौड़ रहे है बेकाबू
- सड़कों पर बढ़ रहा हादसों का खतरा
- छोटे वाहनों का चालान, भारी भरकम ओवरलोड डंपरों पर चुप्पी, सवालिया निशान, यह कैसा दोहरा मापदंड है?




### जनता का प्रश्न

- खनन माफिया पर कार्रवाई करने से क्यों डरता है प्रशासन ?
- क्या कानून सिर्फ आम लोगों के लिए है ?
- .ओवरहाइट और ओवरलोड से सड़के भी टूट रही
- .सरकार जनता के टैक्स पेयर रुपए से सीसीटीवी कैमरा लगवाने के लिए क्यों भारी भरकम राशि खर्च करती है
- . सी सी टी वी कैमरो से चालान करने के लिए स्कूटर, मोटरसाइकिल ,कार दिखाई देती है, मगर टिप्पर दिखाई क्यों नहीं देते ?
- .खनन माफिया के लिए पुलिस और परिवहन विभाग धृतराष्ट्र क्यों बन बैठे हैं?

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** जिले में खनन माफिया के ट्रक और डंपर सड़कों पर दिन-रात बेकाबू दौड़ रहे हैं। कई गाड़ियों के पास सिर्फ 9 टन पास है, मगर वे कई-कई टन ओवरलोड माल लेकर जा रहे हैं। इन गाड़ियों पर एस्टा बॉडी लगी हुई है जिससे क्षमता से कहीं ज़्यादा भार लादा जाता है।

ओवरलोडिंग से सड़कें बुरी तरह टूट-फूट रही हैं और आम जनता की जान पर भी संकट मंडरा रहा है। हैरानी की बात यह है कि स्कूटर और छोटे वाहनों के चालान सी सी टी वी कैमरो द्वारा काटे जाते हैं, परंतु इतने बड़े-बड़े टिपर जो खनन में दिन रात एक कर रहे हैं वह क्यों दिखाई नहीं देते। जो की प्रकृति का विनाश करने में लगे हुए हैं । भारी-भरकम डंपरों पर कोई हाथ नहीं डालता। यही भारी ओवरलोड वाले वाहन जो की सड़कों पर गंभीर हादसों से लोगों को शिकार बनाते हैं वो लोग अपनी जिंदगी से हाथ धो बैठते हैं। जिससे परिवारों के परिवार उजड़ रहे है।

प्रशासन की चुप्पी और खनन विभाग की बेख़बरी से माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। जनता सवाल उठा रही है कि आखिर सरकार और पुलिस की कार्रवाई सिर्फ़ आम लोगों तक ही क्यों सीमित है? क्या बड़े-बड़े खनन माफियाओं के सामने कानून बौना हो गया है?

बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि यदि यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में सड़क हादसे बढ़ेंगे, सरकारी राजस्व का नुक़सान होगा और लोगों की सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ेगा।

जनता की माँग है कि खनन माफिया पर सख़्त कार्रवाई हो, ओवरलोड गाड़ियों की जाँच हो और प्रशासन तुरंत कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करे।

# चमियाणा और टांडा के बाद आईजीएमसी शिमला में शुरू होगी रोबोटिक सर्जरी : मुख्यमंत्री सुक्खू

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा




**शिमला।** एआइएमएसएस चमियाणा और टांडा मेडिकल कॉलेज में रोबोटिक सर्जरी की शुरूआत के बाद राज्य सरकार शीघ्र ही आईजीएमसी शिमला में यह सुविधा उपलब्ध करवाने जा रही है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने यहां बुधवार सांय स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आईजीएमसी शिमला में कमला नेहरू अस्पताल के मरीजों की रोबोटिक सर्जरी के लिए 40 बेड आवंटित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार लोगों को विशेषज्ञ स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रदेश के अस्पतालों में अत्याधुनिक मशीनरी उपलब्ध करवा रही है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आईजीएमसी में गाइनी की रोबोटिक सर्जरी शुरू की जाए। बैठक में गाइनी की रोबोटिक सर्जरी से जुड़े अनेक अन्य निर्णय भी लिए गए। उन्होंने कहा कि केएनएच के स्त्री रोग विशेषज्ञ रोबोटिक सर्जरी के अलावा आईजीएमसी में इलेक्टिव सर्जरी भी करेंगे। उन्होंने कहा कि केएनएच प्रशासन रोबोटिक व इलेक्टिव सर्जरी के लिए आईजीएमसी में डॉक्टरों की टीम तैनात करेगा ताकि दोनों जगह महिला रोगियों को सुगम इलाज मिल सके। उन्होंने कहा कि आईजीएमसी में रोबोटिक व इलेक्टिव सर्जरी का तीन माह तक ट्रायल आधार पर प्रयोग किया जाएगा। इसके बाद समीक्षा कर आगामी बदलाव किए जा सकते हैं।

ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि 25 करोड़ रुपये की लागत से आईजीएमसी में डायग्नोस्टिक लैब स्थापित की जा रही है। कॉलेज प्रशासन को इसके लिए राशि जारी कर दी गई है। इसमें टेस्ट शुरू होने के बाद केएनएच के स्त्री रोग विशेषज्ञों को भी महिला रोगियों के उपचार में काफी लाभ होगा।

# महिला मोर्चा एवं किसान मोर्चा की टीमों ने पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार से की मुलाकात

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर, 16 अक्टूबर।** हमीरपुर जिले के विभिन्न मंडलों से महिला मोर्चा की नव-नियुक्त टीमों ने आज पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो. प्रेम कुमार धूमल से उनके समीरपुर स्थित आवास पर मुलाकात की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला महिला मोर्चा की महामंत्री मंजू ठाकुर और शंकुतला देवी, समीरपुर मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष रीना ठाकुर सहित महिला मोर्चा की अनेक पदाधिकारी भी उपस्थित रहीं।

युवा मोर्चा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष बुद्धि सिंह (सुजानपुर) और मोहित डोगरा (टौणी देवी-बामसन) ने भी प्रो. धूमल से मुलाकात की और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इसके अलावा, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अश्वनी ठाकुर (आशु) और जिला महामंत्री संजीवन पटियाल सहित किसान मोर्चा के नव-नियुक्त पदाधिकारियों ने भी वरिष्ठ नेता से मुलाकात की और भविष्य की संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, समीरपुर मंडल अध्यक्ष अभयवीर लवली, बमसन मंडल अध्यक्ष विक्रम राणा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजकुमारी ठाकुर, जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुमन चौहान, जिला सचिव मंजीत सिंह और भाजपा नेत्री अनीता गर्ग भी उपस्थित थे। प्रो. धूमल ने सभी नव-नियुक्त मोर्चों के पदाधिकारियों को बधाई दी और उन्हें हर बूथ स्तर पर पार्टी संगठन को और मजबूत करने के लिए समर्पण और अनुशासन के साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## थानाकलां-खुरवाई रोड वाया त्यार एक माह के लिए बंद, यातायात डायवर्ट

**ऊना (रोहित शर्मा)।** थानाकलां-खुरवाई रोड वाया त्यार (किलोमीटर 3/300 से 6/600) 17 अक्तूबर से 17 नवम्बर (एक माह) तक बंद रहेगा। इस अवधि के दौरान यातायात को ककराणा, घुंगन, हरोट और थानाकलां से क्यारियां रोड पर मोड़ा गया है।


उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने इस संबंध में मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 115 और 116 के तहत आदेश जारी किए हैं ताकि सड़क अपग्रडेशन सहित अन्य निर्माण कार्यों को सुचारू और त्वरित किया जा सके।

उपायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि लोगों को पहले से सूचित करने के लिए सड़क पर संकेतक बोर्ड लगाए जाएं और सूचना प्रसार के सभी माध्यमों का उपयोग किया जाए। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि इस अवधि में यात्रा के लिए वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल करें।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत बना विश्व के लिए उदाहरण : अखिलेश

वैश्विक मंदी के बीच सुदृढ़ अर्थव्यवस्था का चमकता मॉडल

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 16 अक्तूबर।** विश्व बैंक ने भारत के वित्त वर्ष 2026 के लिए जीडीपी ग्रोथ अनुमान को जून के 6.3त्न से बढ़ाकर 6.5त्न कर दिया है, जबकि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 6.4त्न से बढ़ाकर 6.6त्न किया है। यह दोनों संस्थाएं भारत की नीतिगत स्थिरता और आर्थिक क्षमता पर बढ़ते वैश्विक विश्वास को दर्शाती हैं।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने कहा कि जब पूरी दुनिया आर्थिक मंदी और अस्थिरता के दौर से गुजर रही है, ऐसे समय में भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति यह दर्शाती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश की नीतियां वैश्विक मानकों पर खरी उतर रही हैं।

उन्होंने आगे कहा कि आईएमएफ की रिपोर्ट के मुताबिक भारत की तुलना अन्य प्रमुख देशों से की गई , जिसमें भारत का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा है। चीन की अनुमानित वृद्धि दर 4.8त्न, अमेरिका की 1.9त्न, और वैश्विक औसत लगभग 3त्न के आसपास है। इन सबके मुकाबले भारत की 6.6त्न जीडीपी ग्रोथ दर यह स्पष्ट करती है कि भारत आज विश्व अर्थव्यवस्था का नया इंजन बन चुका है। 2014 से 2025 तक भारत की अर्थव्यवस्था में म?बूत वृद्धि हुई है, जिसमें जीडीपी लगभग तीन गुना बढ़कर ?106.57 लाख करोड़ (2014-15) से ?331.03 लाख करोड़ (2024-25) हो गई है। जबकि भारत को एक लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था बनने में आजादी के बाद 60 साल लगे, पी एम मोदी के शासनकाल के दौरान भारत दुनिया की सबसे ते?ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना रहा, सेवा निर्यात दोगुना हुआ, एफडीआई प्रवाह में वृद्धि हुई, और डिजिटल लेनदेन में भारी उछाल आया। मुद्रास्फीति में कमी आई है।

अखिलेश कपूर ने कहा कि 2014 में भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में 10वें स्थान पर थी, और अब (2024-2025 में) यह चौथे स्थान पर है। यह वृद्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुई आर्थिक सुधारों और मजबूत नितियों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने हर अंतरराष्ट्रीय दबाव को अवसर में बदला है – ÷मोदी है तो मुमकिन है÷ का भाव आज देश के विकास पथ पर साकार रूप ले चुका है। कपूर ने कहा कि भारत की आर्थिक प्रगति का मूल आधार आत्मनिर्भर भारत अभियान है , मेक इन इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया,पी एल आई जैसी दूरदर्शी योजनाएं भारत के विकास को गति दे रही है । इन योजनाओं ने न केवल देश की उत्पादन क्षमता बढ़ाई है, बल्कि करोड़ों युवाओं को रोजगार के अवसर देकर ग्रामीण व शहरी अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी है। कपूर ने कहा कि मोदी सरकार की पारदर्शी नीतियों, सुधारों की निरंतरता और नीति-निर्माण में दूरदर्शिता के कारण ही भारत आज दुनियाभर के निवेशकों के लिए सबसे भरोसेमंद गंतव्य बना है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत न केवल विकसित भारत 2047 के संकल्प को समय से पहले साकार करेगा, बल्कि आने वाले वर्षों में विश्व अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### जोगिंद्रनगर में तीन सीबीएसई स्कूलों की मांग

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से आज शिमला में मंडी जिला के जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर ने शिष्टाचार भेंट कर क्षेत्र की विभिन्न मांगों पर चर्चा की। उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र के जोगिंद्रनगर, चौंता और ल?भ?ेल में सीबीएसई स्कूल खोलने की मांग रखी। मुख्यमंत्री ने उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। जीवन ठाकुर ने इस अवसर पर अपने क्षेत्र के महिला मंडल टिक्करू की ओर से मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 11,000 रुपये का चेक भी मुख्यमंत्री को भेंट किया। मुख्यमंत्री ने इस पुनीत कार्य के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि इस तरह के योगदान आपदा में जरूरतमंदों की सहायता करने में बहुत मददगार साबित होते हैं।

### तंबाकू नियंत्रण जिला समिति की बैठक संपन्न



**बिलासपुर, 16 अक्तूबर (अजय मल्होत्रा)।** जिला स्तरीय तंबाकू नियंत्रण समिति की बैठक आज उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, हितधारकों तथा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर उपायुक्त ने तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 का औपचारिक शुभारंभ करते हुए उपस्थित अधिकारियों एवं प्रतिभागियों को तंबाकू सेवन से दूर रहने की शपथ दिलाई। उपायुक्त ने कहा कि तंबाकू सेवन एक गंभीर सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी समस्या है, जो न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि समाज पर भी इसके दुष्प्रभाव छोड़ती है। उन्होंने कहा कि युवाओं को इस बुरी लत से दूर रखना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यही देश का भविष्य हैं। तंबाकू से होने वाले कैंसर, हृदय रोग और श्वसन संबंधी बीमारियों के खतरे को देखते हुए जागरूकता फैलाना अब सामाजिक जिम्मेदारी बन गई है। उन्होंने बताया कि तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के अंतर्गत जिले के विद्यालयों, महाविद्यालयों, पंचायतों और शहरी निकायों में व्यापक जन-जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। पोस्टर अभियान, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं, नुक्कड़ नाटक, जन संवाद, रैलियां और अन्य रचनात्मक माध्यमों के जरिये युवाओं एवं आम नागरिकों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति संवेदनशील बनाया जाएगा। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि शिक्षण संस्थानों के आसपास तंबाकू बेचने वाले दुकानदारों तथा बच्चों को तंबाकू उत्पाद बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि खुली सिगरेट बेचने वालों पर चालान काटे जाएं और इस तरह की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाई जाए। साथ ही, उपायुक्त ने पब्लिक प्लेस पर धूम्रपान करने वालों पर सख्त कार्रवाई के लिए पुलिस विभाग और स्काड टीमों को बड़े स्तर पर चालान करने के निर्देश दिए। संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों को तंबाकू मुक्त पंचायत घोषित करने और सभी शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त संस्थान बनाने के लिए ठोस एवं समन्वित प्रयास किए जाएं। बैठक के दौरान कोटपा अधिनियम, 2003 के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान निषेध के नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए।

# 'हरित दीपावली' के संदेश पर कार्यक्रम आयोजित

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देश पर हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने वायु और ध्वनि प्रदूषण को कम करने के लिए स्वच्छ और हरित दिपावली मनाने के सन्देश के साथ राज्य के विभिन्न जिलों के सरकारी स्कूलों में ब? पैमाने पर जागरूकता अभियान आयोजित किए।

बोर्ड द्वारा बिलासपुर, कांग?ा, शिमला, चम्बा, ऊना, सिरमौर, सोलन और हमीरपुर जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

बोर्ड की परवाणु स्थित केंद्रीय प्रयोगशाला ने बुधवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पट्टा मसूलखाना और परवाणु में 'हरित दीपावली' पहल के तहत 'स्वच्छ दीपावली, हरित दीपावली' विषय पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए। इस आयोजन में पटाखे फो?ने के दुष्प्रभावों के बारे में आमजन को जागरूक करने के लिए विद्यार्थियों द्वारा जन जागरूकता रैली निकाली गई। इसके पश्चात् विद्यार्थियों द्वारा थीम पर आधारित नारा लेखन और रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इसी प्रकार, हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की क्षेत्रीय प्रयोगशाला, पांवटा साहिब ने भी सिरमौर जिला के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय बेच? का बाग में 'स्वच्छ दीपावली, हरित दीपावली' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों और समुदाय को प्रदूषण मुक्त और पर्यावरण के अनुकूल दीपावली मनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान पोस्टर बनाने, नारा लेखन और भाषण जैसी रचनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से लोगों को ग्रीन दीपावली के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान युवा प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और अपनी कलाकृतियों और भाषणों के माध्यम से प्रभावशाली संदेश दिए।

प्रधान विज्ञानी डॉ. हितेंद्र कुमार शर्मा ने पटाखों के दुष्प्रभावों पर एक व्याख्यान दिया और सभी से स्वस्थ पर्यावरण के लिए दीपावली मनाने का एक पर्यावरण-अनुकूल तरीका चुनने का आग्रह किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को उनके सराहनीय प्रयासों के लिए प्रमाणपत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए।

# कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने सुनी जन समस्याएं

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा



**बिलासपुर।** झंडूता विस क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत गंडीर के गांव कोलका में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने समस्याएं सुनीं। इस दौरान स्थानीय लोगों ने उनके समक्ष समस्याएं रखीं। लोगों द्वारा कोलका संपर्क सड़क को मुख्य सड़क से गांव तक लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत किया जाए। वहीं साथ ही इस सड़क पर हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस भी चलाई जाए।

इसके अलावा संपर्क सड़क के शुरू में नाले पर पुली है, जोकि बरसात के कारण क्षतिग्रस्त हो रही है। इसका विस्तार किया जाए। वहीं, साथ ही भीषण बरसात के कारण टुटी हुई सड? का प्राथमिकता के आधार रप जल्द से जल्द नवीनीकरण करवाए जाए। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि जल्द से जल्द इन समस्याओं का समाधान किया जाए।

वहीं, इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव विवेक कुमार ने लोगों को सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि लोगों द्वारा जो मांगें रखी गई हैं, उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा आपदा के समय बेहतर कार्य किया गया है। आपदा में हुआ नुकसान किसी से छिपा नहीं है। लेकिन फिर भी प्रदेश सरकार ने बेहतर कार्य किया है और आम जनता को राहत प्रदान की है। विवेक कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं।

विवेक कुमार ने कहा कि झंडूता क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है। प्रदेश सरकार के सहयोग से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इस दौरान लेखराम शर्मा, धनीराम शर्मा, सुखदेव शर्मा, रमेश शर्मा, रामकृष्ण शर्मा, विजय कुमार पूर्व उप्रधान, सूबेदार राजेंद्र सिंहह, राकेश कुमार शर्मा, जगदीश चंद, लेखराम, यशवंत सिंह नंबरदार, कुलदीप सिंह, इकवाल मुहम्मद, देसराज शर्मा, देवदत्त शर्मा, राम प्रकाश, राम आसरा, लेखराम सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

शिक्षा | पाइनग्रोव स्कूल का वार्षिक समारोह आयोजित

# 100 स्कूल सीबीएसई पाठ्यक्रम में होंगे संचालित : रोहित

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र से प्रथम चरण में प्रदेश भर में 100 स्कूलों को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) पाठ्यक्रम पर संचालित किया जाएगा। रोहित ठाकुर वीरवार को कसौली विधानसभा क्षेत्र के धर्मपुर स्थित पाइनग्रोव स्कूल द्वारा वार्षिक समारोह को संबोधित कर रहे थे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सीबीएसई पैटर्न आधारित स्कूलों का अलग रंग होगा और यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों की अलग रंग की वर्दी होगी। इन स्कूलों में स्मार्ट कक्षाओं के साथ-साथ मैस का प्रबंध भी किया जाएगा और विद्यार्थियों को पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाएगा।

रोहित ठाकुर ने कहा कि पाइनग्रोव निसंदेह ही देश के बेहतरीन विद्यालयों में शामिल है। उन्होंने कहा कि पाइनग्रोव स्कूल छात्रों के समग्र विकास पर बल दे रहा है। स्कूल के छात्र शैक्षणिक उत्कृष्टता, खेल, कला, संगीत, वाद-विवाद और नेतृत्व प्रशिक्षण में बेहतर प्रदर्शन कर रहे है।

उन्होंने मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के तहत जरूरतमंद बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए पाईनग्रोव स्कूल की पहल की सराहना भी की। रोहित ठाकुर ने कार्यक्रम के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने युवा पीढ़ी से नशे से दूर रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मादक पदार्थों के दुरुपयोग और उनके अवैध व्यापार पर अंकुश लगाने के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ रही है।कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि द्वारा परेड की सलामी ली गई तथा निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर स्कूली छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कसौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि पाइनग्रोव स्कूल राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। इस विद्यालय में से शिक्षा ग्रहण कर चुके विद्यार्थी प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर रहे है।

पाईनग्रोव स्कूल के कार्यकारी निदेशक कैप्टन ए.जे. सिंह ने शिक्षा मंत्री व अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया और विद्यालय की गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

मेजर जनरल विनीत गौड, चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू, हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी विपणन एवं उपभोक्ता संघ लिमिटेड (हिमफेड) के निदेशक भीम सिंह जौहटा, पाइनग्रोव स्कूल के प्रशासन की निदेशक समीक्षा सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, पाईनग्रोव स्कूल के अध्यापक व छात्र उपस्थित थे।


**HIMACHAL PRADESH**
**JAL SHAKTI VIBHAG**
**NOTICE INVITING E-TENDER**

Online bids on item rate basis are invited by the Executive Engineer Jal Shakti Division Anni, Himachal Pradesh on the behalf of Governor of Himachal Pradesh, in electronic tendering system in two covers for the under mentioned work from contractors/firms of an appropriate class enlisted with Jal Shakti Vibhag.

| Sr No. | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | Time Limit | Cost of tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | C/o PLWSS from Kurpan khad to GP Ghatoo Gamog and shilli in Nirmand Block Distt. Kullu (H.P) (SH: - Excavation in foundation trenches etc. in earth work, Providing Laying Jointing and Testing of MSERW pipe, Laying Jointing and Testing of GI pipe with butt welding (For Rising Main), Providing Laying Jointing and Testing of MSERW pipe/G.I Pipe with flanged joints and Providing & Installation of Pumping Machinery with allied accessories for 1st stage at Nouni village & 2nd stage at Lohandi village), Job-II | Rs. 2,48,16,209/- | Rs. 3,23,162/- | 12 Months | 5000/- |

Last Date of filling/ uploading the tender through e-tendering: 23-10-2025up to 05:00 P.M.
The tender forms and other detailed conditions can be downloaded from the website www.hptenders.gov.in or from office of above Executive Engineer, up to date specified above.

**HIM SUCHNA AVAM JAN SAMPARK**

RO No. 3759_2025-2026

*Executive Engineer,*
*Jal Shakti Division Anni,*
*Distt. Kullu (H.P).*

# अम्बाला छावनी इंडस्ट्रियल एरिया के पम्प हाउस को बिजली की हॉटलाइन से जोड़ने की मंजूरी मिली : अनिल विज

टांगरी नदी को गहरा करने के लिए अब 15 नवंबर से पुनः मिट्टी/सिल्ट निकालने का कार्य प्रारंभ होगा - अनिल विज

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने शहीदी स्मारक का निर्माण कार्य एक नवंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**अंबाला, 16 अक्टूबर।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी इंडस्ट्रियल एरिया के पंप हाउस को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्ति करने के लिए पंप हाउस को हॉटलाइन से जो?ने के लिए मंजूरी मिल गई है और जल्द ही पंप हाउस को हॉटलाइन से जो?ा जाएगा। इसके अलावा, श्री विज ने कहा कि आगामी 15 नवंबर से टांगरी नदी में मिटटी/सिल्ट इत्यादि की निकालने का कार्य आरंभ किया जाएगा।

श्री विज आज अम्बाला छावनी में विभिन्न विकास कार्यों को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों को जल्द पूरा करने के दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि इंडस्ट्रियल एरिया की दीवार बनाने के कार्य का टेंडर हाई पॉवर परचेस कमेटी की बैठक में पारित किया जाएगा और उसके पश्चात दीवार निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा ताकि इंडस्ट्रियल एरिया का पानी से बचाव किया जा सके।

बैठक के दौरान ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को टांगरी नदी में मिट्टी/सिल्ट निकालने का कार्य 15 नवंबर तक प्रारंभ करने के निर्देश दिए। नदी को चंदपुरा से लेकर कोटकछुआ तक गहरा किया जाएगा जिससे बरसाती पानी की निकासी और बेहतर होगी। उन्होंने टांगरी नदी पर तीन स्थानों पर काजवे निर्माण का कार्य भी जल्द प्रारंभ कर तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, श्री विज द्वारा संबंधित अधिकारियों को रामगढ़ माजरा गांव से टांगरी नदी में पानी लिफ्ट करने हेतु पंप लगाने के भी निर्देश दिए गए।

गौरतलब है कि नदी को गहरा करने का कार्य इसी वर्ष प्रारंभ कर दिया गया था, मगर बरसातों की वजह से इसे बीच में ही रोकना पड़ा था।

इस अवसर पर सिंचाई विभाग के एसई मुनीष भारद्वाज, एक्सईएन कृष्ण भुक्कल, बिजली निगम के एसई वीके गोयल, एक्सईएन विकास, पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन रितेश अग्रवाल, नगर परिषद के ईओ देवेंद्र नरवाल, एक्सईएन सुरेंद्र व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने शहीदी स्मारक में निर्माण कार्य एक नवंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए

बैठक के दौरान ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने शहीदी स्मारक में निर्माण कार्य को एक नवंबर तक पूरा करने के निर्देश पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को दिए तथा शेष कार्य जल्द पूरा करने को भी कहा। उन्होंने शहीदी स्मारक के कार्य से संबंधित जानकारी अधिकारियों से ली। साइंस म्यूजिक के संबंध में अधिकारियों ने ऊर्जा मंत्री अनिल विज को बताया कि साइंस म्यूजियम का टेंडर शुक्रवार 17 अक्टूबर को अलॉट होगा जिसके बाद इसके निर्माण का कार्य आरंभ किया जाएगा। मंत्री अनिल विज ने मच्छौंडा आरओबी निर्माण कार्य प्रारंभ करने के साथ-साथ टांगरी नदी बांध रोड का निर्माण कार्य भी जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने नगर परिषद को महेशनगर में बब्याल रोड के शेष हिस्से पर सीवरेज जल्द से जल्द डालने के निर्देश दिए ताकि शेष रोड का निर्माण पूरा किया जा सके।

### डेयरियां शहर से बाहर ले जाने के लिए ब्राह्मण माजरा में जल्द बनाया जाए डेयरी काम्पलेक्स - विज

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने अम्बाला छावनी शहरी क्षेत्र से डेयरियों को बाहर करने के लिए ब्राह्मण माजरा में डेयरी काम्पलेक्स का कार्य जल्द प्रारंभ करने के निर्देश नगर परिषद अधिकारियों को दिए। इसके अलावा, उन्होंने मल्टीलेवल पार्किंग में लिफ्ट लगाने के कार्य को जल्द पूरा करने, दीवाली से पहले खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने, स्टेडियम के समक्ष फुटबाल चौक का निर्माण कार्य प्रारंभ करने, बस क्यू शेल्टरों का निर्माण करने के साथ-साथ पंखे लगाने की मजबूत व्यवस्था करने, उगाड़ा-बाड़ा में खाली भूमि पर गौशाला स्थापित करने व अन्य दिशा-निर्देश दिए। इसी प्रकार, ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने विद्युत निगम के अधिकारियों को सड़कों से ट्रांसफार्मर हटाने, सदर बाजार में अंडरग्राउंड बिजली की खराब तारों को आधुनिक मशीन के माध्यम से बदलने, टांगरी बांध रोड से 11 केवी लाइन के पोल शिफट करने एवं अन्य दिशा-निर्देश दिए।

## हरियाणा में मनरेगा कानून का खुला उल्लंघन हो रहा है: मनरेगा



अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 16 अक्टूबर।** हनुमान वाटिका पार्क में मनरेगा मजदूर यूनियन ने मनरेगा मजदूरों की मांगों पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। प्रेस कान्फ्रेंस को मनरेगा मजदूर यूनियन के राज्य प्रधान कामरेड नरेश कुमार, यूनियन के सलाहकार कामरेड फूल सिंह, उप-प्रधान सत्यवीर सिंह, प्रचार सचिव कर्मजीत कौर, महासचिव कामरेड सोमनाथ, सचिव सुनहरा सिंह ने संबोधित किया। यूनियन नेताओं ने कहा कि हरियाणा में मनरेगा कानून का खुला उल्लंघन हो रहा है और मनरेगा में भारी भ्रष्टाचार व्याप्त है। मनरेगा मजदूर यूनियन हरियाणा के मनरेगा मजदूरों की समस्याओं का समाधान करवाने के लिए सरकार व विभिन्न सरकारी अधिकारियों के पास बार-बार ज्ञापन भेज चुकी है। समाधान नहीं होने पर गत 11 अप्रैल को 20 सूत्री मांगपत्र मुख्यमंत्री को सौंपा था परंतु मनरेगा मजदूरों की समस्याएं हल नहीं की गई। ग्रामीण विकास विभाग के आयुक्त ने मांगपत्र का जो जवाब भेजा है, वह बेहद हास्यास्पद और गैर-जिम्मेदाराना है। उनका जवाब दर्शाता है कि हरियाणा की भाजपा सरकार मनरेगा मजदूरों की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है। मजदूरों की मांगें 1000 रुपए दैनिक मजदूरी और साल में कम से कम 200 दिन रोजगार गारंटी, भ्रष्टाचार पर नकेल आदि मांगें पूरी तरह न्यायसंगत हैं। गांव कक्हेड़ी के भ्रष्ट मेटों, करनाल में कोयर के मजदूरों ने भ्रष्ट मेटों की शिकायत, कुरुक्षेत्र में बोधनी के मजदूरों की शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की मांगों को लेकर प्रदर्शन आज



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान रघुबीर सिंह, वरिष्ठ उपप्रधान छज्जू राम, सचिव पवन कुमार, सह सचिव मियां सिंह सिंहमार ने संयुक्त प्रेस ब्यान जारी करते हुए बताया कि गत 13 अक्टूबर को जिला कमेटी ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की समस्याओं व मांगों के समाधान के लिए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजा था। परन्तु उनके कार्यालय से अब तक कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं मिला है। इससे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों में काफी रोष है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की मुख्य मांगों में पार्ट टाइम सफाईकर्मी कर्मचारियों का बकाया वेतन जारी करना, प्राथमिक स्कूलों में कार्यरत अवैतनिक सफाईकर्मियों को सरकार द्वारा अलॉट राशि हर महीने जारी की जाए, वर्दी भत्ता दिया जाए, ब्लॉक ईयर 2024-2027 की एलटीसी दी जाए आदि मांगों को लेकर 17 अक्तूबर को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय समक्ष एक दिन का सांकेतिक धरना दिया जाएगा। इसमें जिले भर से बड़ी संख्या में कर्मचारी बढ़ चढ़ कर भाग लेंगे।

### कैथल पुलिस ने शुरू की क्यूआर कोड फीडबैक प्रणाली



**कैथल (अप्रस)।** जिला पुलिस द्वारा कैसा काम किया जा रहा है, आमजन अब इसकी फीडबैक दे सकेंगे। यह फीडबैक क्यूआर कोड के जरिए दी जा सकेगी। क्यूआर कोड सभी पुलिस थानों में लगाए गए हैं। नागरिक अपने मोबाइल फोन से इन कोड को स्कैन करके एक फीडबैक फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं, जहां वे सेवा की गुणवत्ता, पुलिसकर्मियों के व्यवहार और आमजन की समस्याओं के प्रभावी समाधान के बारे में स्वतंत्र रूप से अनुभव साझा कर सकते हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बुधवार को थाना सीवन से एसपी उपासना द्वारा इस अभियान की शुरुआत की गई। यह सेवा सभी थानों में शुरू कर दी गई है। एसपी उपासना ने कहा कि पुलिस का यह स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम है। यह न केवल सेवा की गुणवत्ता को बेहतर बनाएगा बल्कि पुलिस एवं आमजन के बीच विश्वास और सहभागिता को भी और अधिक सुदृढ़ करेगा। कोई भी नागरिक अपने मोबाइल से कोड स्कैन कर फीडबैक फॉर्म भर सकता है जिसमें वह संबंधित सेवा की गुणवत्ता, पुलिसकर्मी के व्यवहार तथा समाधान की स्थिति के बारे में अपनी राय दर्ज कर सकता है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्यूआर कोड को स्कैन करते ही सबसे पहले हिंदी, अंग्रेजी भाषा का विकल्प मिलेगा। जिस भाषा में नागरिक फीडबैक देना चाहता है, उसका प्रयोग कर सकेगा। इसके बाद नाम, मोबाइल नंबर, शिकायत की तिथि, शिकायत के प्रकार, कंसर्न ऑफिसर का नाम, कमेंट लिख सकेंगे। इसमें पुलिस स्टेशन की साफ-सफाई को लेकर भी फीडबैक दिया जा सकेगा।

### देवबन में फसल अवशेष में जलाने का पहला मामला, केस दर्ज

**कैथल (अप्रस)।** डीसी प्रीति ने बताया कि हरसेक प्रणाली से गांव देवबन में आग लगाने की पहल घटना दर्ज की गई है। प्रशासन के अधिकारियों द्वारा तुरंत इसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के साथ-साथ पांच हजार रुपये जुर्माना तथा रेड एंट्री की गई है। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि वे फसल अवशेष प्रबंधन करके अपनी आय में बढ़ोत्तरी करें। किसान फसल अवशेषों में आग न लगाएं। आग लगाने से पर्यावरण दुषित होता है तथा जमीन की उर्वरा शक्ति भी कमजोर होती है। डीसी प्रीति ने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा दी जानकारी के अनुसार बताया कि जिला में पिछले साल अब तक 95 फसल अवशेषों में आग लगाने की घटनाएं दर्ज की गई थी। पहले की अपेक्षा अबकी बार जिला में न के बराबर ही आग लगाने की घटनाएं हुई हैं। जिला प्रशासन के अधिकारी कड़ी निगरानी बनाए हुए हैं। विभाग के अधिकारी व कर्मचारी गांव-गांव में जाकर किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में जागरूक कर रहे हैं। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. सुरेंद्र कुमार यादव ने कहा कि डीसी प्रीति के नेतृत्व में जिला कैथल में पिछले साल की अपेक्षा आग लगाने की घटनाओं में काफी कमी आई है। जिला प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी तथा ग्रामीण स्तर पर बनी टीमें पूरे तालमेल से कार्य कर रही है। किसानों को जागरूक किया जा रहा है।



## संयुक्त कार्यालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में तहसीलदार अनिल कुमार बिढान ने सुनी जन समस्याएं

अर्थ प्रकाश/दिनकर गावड़ी

**हांसी, 16 अक्तूबर।** वीरवार को स्थानीय संयुक्त कार्यालय परिसर में समाधान शिविर का आयोजन हुआ। इसमें तहसीलदार अनिल कुमार बिढान ने जन समस्याएं सुनी और इनके समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए।

समाधान शिविर में स्थानीय उत्तम नगर निवासी बिजेंद्र ने अपनी शिकायत प्रस्तुत करते हुए कहा कि उत्तम नगर में एक आर .ओ. लगा हुआ है। जिसके कारण उनके सबमर्सिबल पंपसेट का पानी खराब हो गया है और अन्य दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। तहसीलदार ने इस समस्या के समाधान के लिए नगर परिषद के अधिकारियों को मौके पर जाकर मामले की जांच कर समाधान करवाने के निर्देश दिए। हांसी शहर में स्थित रूप नगर निवासी जतिन ने परिवार पहचान पत्र में वर्णित आय दुरुस्त करवाने को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर तहसीलदार ने संबंधित अधिकारियों को परिवार पहचान पत्र में दर्ज आय की वेरिफिकेशन करने के निर्देश दिए।

कुम्भा गांव के ग्रामीणों ने नायक बस्ती में बिजली के पोल लगवाने को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर तहसीलदार ने दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधिकारियों को मौका मुआयना करने उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार से तहसीलदार अनिल कुमार बिढान ने ढाणा कला के ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत समस्या के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह तालाब से गंदे पानी की निकासी करवाने के लिए कार्य योजना तैयार करें। ढाणी मेहंदा गांव निवासी रत्ना देवी ने विधवा पेंशन बनवाने को लेकर आवेदन किया।

## एनएचपीसी ट्रेनी इंजीनियरों को एसडीआरएफ टीम ने दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

## इंजीनियर तकनीकी दक्षता के साथ आपातकालीन स्थितियों में निभाएं भूमिका : डा. तृप्ता ठाकुर

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** सेक्टर-33 स्थित विद्युत मंत्रालय के राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) में चार सप्ताह के इंडक्शन एवं ऑरिएंटेशन कार्यक्रम के अंतर्गत गुरूग्राम से आई हरियाणा राज्य आपदा मोचन बल (स्ठ्त्रक्र) की टीम ने एनएचपीसी ट्रेनी इंजीनियरों को आपदा प्रबंधन एवं प्राथमिक बचाव से संबंधित आपातकालीन परिस्थितियों में पी?ितों तक राहत पहुंचाने की विधियाँ एवं सुरक्षा रणनीतियों के विषय में विशेष सत्र दिया। एनपीटीआई की महानिदेशक डा. तृप्ता ठाकुर ने इस सत्र को जीवन में बेहद ही उपयोगी बताया।

इस सत्र में एसडीआरआफ टीम ने भूकंप, बाढ़, अग्नि, उर्फी आपातस्थितियों आदि आपदाओं के प्रबंधन एवं प्राथमिक बचाव उपाय के शुरुआती कदम के बारे में जानकारी दी। कैसे जख्मी व्यक्तियों को सुरक्षित निकालना है, इंजुरी मैनेजमेंट, प्राथमिक चिकित्सा के अलावा पुलिस, अग्निशमन विभाग, सरकारी और गैर सरकारी एजेंसियों के साथ संचार एवं समन्वय कैसे करना है जैसे विषयों पर भी प्रकाश डाला।

एनपीटीआई की महानिदेशक डा. तृप्ता ठाकुर ने कहा कि इस प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य था कि एनएचपीसी के ट्रेनी इंजीनियर केवल तकनीकी दक्षता ही न प्राप्त करें, बल्कि आपातकालीन स्थितियों में राहत एवं बचाव कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने में सक्षम बनें। इस तरह की जागरूकता और प्रशिक्षण से संस्थान की सतर्कता एवं संचालन क्षमता को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से हमारे प्रशिक्षु इंजीनियरों को न केवल विद्युत परियोजनाओं से जुड़े तकनीकी कार्यों को बेहतर तरीके से समझने में मदद मिलेगी, बल्कि आपदा प्रबंधन में भी उनकी भूमिका सुदृढ़ होगी। बहु-आयामी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आगे भी एनपीटीआई द्वारा जारी रखा जाएगा ताकि संस्थान के सभी प्रशिक्षुओं को आपदा-तंत्र संबंधी योग्यताओं का प्रशिक्षण मिल सके।

एसडीआरफ टीम के वरिष्ठ अधिकारी एएसआई संजय सिंह ने इस अवसर पर कहा कि आपात स्थिति में समय और समन्वय दोनों महत्वपूर्ण होते हैं। सही प्रशिक्षण से जीवन बचाने में मदद मिलती है।

## एएसआई संदीप का जुलाना में हुआ अंतिम संस्कार

### पुलिस महानिदेशक हरियाणा श्री ओपी सिंह भा.पु.से हुए भावुक

अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया



**जींद, 16 अक्तूबर।** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि एएसआई संदीप कुमार जो रोहतक में तैनात था । जिसने दिनांक 14.10.25 को आत्महत्या कर ली थी जिसका आज उसके पैतृक गांव जुलाना में अंतिम संस्कार किया गया उसके अंतिम संस्कार में हरियाणा के पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह भा पु से ने भी श्मशान घाट पहुंचकर संदीप के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित किए तथा श्रद्धांजलि अर्पित की श्री ओपी सिंह भा पु से पुलिस महानिदेशक हरियाणा ने संदीप कुमार की लड़कियों व लड़के से भी मुलाकात की तथा मुलाकात के दौरान भावुक हो गए उन्होंने परिजनों से कहा कि पुलिस परिवार आपके साथ है तथा आपकी हर संभव सहायता करेगा इस दौरान पुलिस पार्टी ने एएसआई संदीप कुमार को शोक सलामी दी इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक हरियाणा के अलावा श्री केके राव आईपीएस, एडीजीपी हिसार मंडल हिसार , श्री सिमरदीप सिंह आईपीएस, आईजीपी रोहतक मंडल रोहतक ,श्री सुरेंद्र भोरिया आईपीएस पुलिस अधीक्षक रोहतक, श्री अमित यशवर्धन आईपीएस एसपी हांसी, श्री कुलदीप सिंह आईपीएस पुलिस अधीक्षक जींद, श्रीमती सोनाक्षी सिंह आईपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जींद, श्री संदीप कुमार, उप पुलिस अधीक्षक जींद, श्री संजय कुमार, उप पुलिस अधीक्षक उचाना, श्री कमलदीप राणा उप पुलिस अधीक्षक नरवाना ने भी एएसआई संदीप के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित किए तथा दिवंगत आत्मा के लिए शोक व्यक्त किया।

## एएसपी रोहतक ने बाजारों में व्यापारियों संग बैठक का किया आयोजन

## त्यौहार सीजन को लेकर यातायात व्यवस्था, पार्किंग व सुरक्षा व्यवस्था बारे हुई चर्चा

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 16 अक्टूबर।** पुलिस द्वारा त्यौहार सीजन को ध्यान में रखते हुए यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था के सुदृढ बन्दोबस्त किए गए है। एएसपी रोहतक श्री प्रतीक अग्रवाल द्वारा बाजारों की यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। नाकों व गश्त में तैनात जवानों को चैक किया गया तथा उन्हें उनकी ड्यूटी बारे समझाया गया। एएसपी रोहतक द्वारा किला रोड, डी-पार्क, शौरी मार्केट, रेलवे रोड, दिल्ली रोड मार्केट, गांधी कैम्प मार्केट व मैडीकल मोड मार्केट का दौरा कर व्यापारियों से मुलाकात की है। इस दौरान निगम पार्षद, नगर निगम के अधिकारी व प्रभारी यातायात निरीक्षक प्रशांत व निरीक्षक जसबीर भी मौजूद रहे है। इसके अतिरिक्त व्यापारियों के साथ बैठक का भी आयोजन किया तथा व्यापारियों से यातायात व्यवस्था तथा सुरक्षा प्रबंधों बारे प्रतिक्रिया ली गई। रोहतक पुलिस द्वारा बाजारों को ट्रैफिक फ्री करने के लिए तथा यातायात व्यवस्था के लिए 20 स्थानों पर नाकें लगाए गए है। किला रोड, रेलवे रोड, शोरी क्लोथ मार्केट व मॉडल टाउन मार्केट को वाहन फ्री जोन बनाया गया है। जिला प्रशासन के सहयोग से 8 स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। झज्जर रोड टी-प्वाईट से कच्चा बेरी रोड़ तक की सड़क को भी वाहन फ्री किया गया है।

## जापानी नवाचार करेगा भारत में चमत्कार

## श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के साथ समझौता करेगी जापान की दिग्गज कंपनी एनएमटी और मसायुमे एडुटेक एलएलपी

कैंसर पीड़ितों की भौहें, पलकें उड़ने और हादसों के निशान छिपा कर आत्मविश्वास लौटाएगी परमानेंट मेकअप तकनीक

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**पलवल, 16 अक्तूबर।** कल्पना कीजिए, एक ऐसी दुनिया जहां कैंसर से जूझ रहे मरीजों की मुस्कान फिर से खिल उठे और दुर्घटना के निशानों को छिपाकर आत्मविश्वास की नई उड़ान भरी जाए! यह हसरत अब हकीकत बनने वाली है और इस महत्वाकांक्षी पहल का सूत्रधार बनेगा श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय। जापान की दिग्गज कंपनी एनएमटी और मसायुमे एडुटेक एलएलपी के साथ एक ऐतिहासिक समझौता करने की दिशा में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने कदम बढ़ा दिया है। यह साझेदारी न केवल कौशल विकास की नई इबारत लिखेगी, बल्कि सामाजिक बदलाव की एक मिसाल भी बनेगी। एनएमटी की निदेशक एमी त्सुचिया, मेडीब्यूटी ग्लोबल के विनोद सिंह परिहार और मसायुमे एजुटेक एलएलपी के संस्थापक निदेशक जयकांत सिंह ने श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के साथ भागीदारी के उद्देश्य से कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार के साथ बैठक की है। उन्होंने बताया कि दोनों संस्थाओं के बीच कई महत्वपूर्ण सहमति बनी हैं। इसके अंतर्गत चिकित्सकों को यह परमानेंट मेकअप तकनीक सिखाने के लिए श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय प्रशिक्षण प्रोग्राम चलाएगा। युवाओं के लिए भी शार्ट टर्म प्रोग्राम शुरू किए जाएंगे। कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि शीघ्र ही इसे क्रियान्वित कर ऐसे लोगों का आत्मविश्वास लौटाने की दिशा में काम करेंगे, जिनके चेहरे कैंसर के इलाज के दौरान किसी रूप में विकृत हो गए हैं। बहुत से मरीजों की भौहें चली गई हैं अथवा पलकों के बाल उड़ गए हैं। किसी न किसी दुर्घटना के कारण भी शरीर पर ऐसे निशान आ जाते हैं, जिनकी वजह से व्यक्ति का आत्मविश्वास प्रभावित होता है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय जापानी कंपनी के साथ एमओयू करके गुरुग्राम कैंपस से शॉर्ट टर्म प्रोग्राम शुरू करेगी। इससे परमानेंट मेकअप की जापानी तकनीक का लोग फायदा उठा सकेंगे। कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने जापानी कंपनी की इस पहल का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि एनएमटी जापान और मसायुमे के साथ यह गठजोड़ न केवल तकनीकी उन्नति लाएगा, बल्कि उन लोगों की जिंदगी रोशन करेगा जो आत्मविश्वास की तलाश में हैं। एनएमटी की निदेशक एमी त्सुचिया ने कहा हम भारतीय युवाओं को परमानेंट मेकअप की यह तकनीक सिखाने को लेकर उत्सुक हैं। इससे कैंसर पीड़ित मरीजों और दुर्घटनाओं में चोटिल हुए लोगों को अपना खोया हुआ स्वरूप पाने में मदद मिलेगी। नॉन-सर्जिकल तरीकों से होंठों की मरम्मत, कैंसर से बालों का झड़ना या अंगों का खराब होना, इन सबको इस तकनीक से छिपाकर मरीजों का आत्मसम्मान बहाल करने में सफलता मिलेगी। दुर्घटना के निशान या कैंसर के दागों को मिटाकर, यह ट्रेनिंग मरीजों की भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक चिकित्सा में मदद करेगी। इससे चिकित्सा और सौंदर्य उद्योग को नई ऊंचाई पर ले जाने के रस्ते खुलेंगे। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के अकादमिक अधिष्ठाता प्रोफेसर विक्रम सिंह ने बताया कि गुरुग्राम कैंपस से यह प्रोग्राम शुरू होगा। समझौता ज्ञापन की औपचारिकता पूरी होने के बाद इस प्रोजेक्ट पर तीव्रता से कार्य होगा। डायरेक्टर, इंडस्ट्री रिलेशन्स एन्ड एलुमनी अफेयर्स चंचल भारद्वाज ने कहा कि यह जापानी तकनीक के प्रशिक्षण का प्रोग्राम क्रांतिकारी कदम साबित होगा। इसके अतिरिक्त एल्डर केयर के विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम पर भी विचार किया जा रहा है। जापान से एल्डर केयर के क्षेत्र में काफी मांग आ रही है। इससे युवाओं के लिए रोजगार के रास्ते खुलेंगे। एनएमटी की भारतीय साझेदार के रूप में मसायुमे ट्रेनिंग और कौशल विकास को लेकर श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के साथ समन्वय का जिम्मा संभालेगी। अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी कौशल संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर आर एस राठौड़ ने कहा कि इस साझेदारी से युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खुलेंगे।

# स्वर्णप्रस्थ संग्रहालय में 100 साल पुराना रहट बनेगा आकर्षण का केंद्र, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे उद्घाटन

**स्वर्णप्रस्थ संग्रहालय में प्राचीन रहट स्थापना का शुभारंभ, बडौली व निखिल मदान हुए शामिल**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** महाभारत कालीन नगर सोनीपत में स्थापित हुआ स्वर्णप्रस्थ संग्रहालय को जल्द ही देश दुनिया से पहुंचने वाले पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा। गुरुवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली के साथ विधायक निखिल मदान संग्रहालय पहुंचे। मौके पर ब्यूटीफिकेशन सोसायटी के सदस्यों ने उनका स्वागत किया और गैलरियों में मौजूद 100 से 5000 वर्ष पुरानी वस्तुओं की जानकारी दी। ओरिजिनल रूप से रहत संग्रहालय में चलता हुआ नजर आएगा। मौके पर बाल्टियों से निकलने वाले पानी से सुंदर फव्वारा भी चलता हुआ नज़र आएगा। रहट को स्थापित करने पर आने वाला खर्च सामाजिक सरोकार के मद्देनजर हरियाणा की प्रमुख फिल्म अभिनेत्री सुमित्रा हुड्डा द्वारा वहन किया जाएगा। जिसके निमार्ण कार्य में 200 साल पुरानी लखोरी ईंटों का इस्तेमाल किया जाएगा।

प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली और विधायक निखिल मदान ने यहां संग्रहालय परिसर में 100 वर्ष पहले इस्तेमाल होने वाले सिंचाई के साधन रहट को स्थापित करने के कार्य का



नारियल तोड़कर शुभ आरंभ किया। गांव मीमारपुर के खेतों में मौजूद कुएं में रहट कंडम रूप में पड़ा हुआ था। बडौली ने बताया कि यह स्थल भविष्य में देश दुनिया से स्वर्णप्रस्थ संग्रहालय में पहुंचने वाले पर्यटकों में यह मुख्य आकर्षण का केंद्र बनेगा। जल्द ही हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से इस स्थल का उद्घाटन करवाया जाएगा।

वहीं विधायक निखिल मदान ने सोसायटी के सदस्यों ओर प्रशासन के अधिकारियों का म्यूजियम को स्थापित करने के लिए धन्यवाद किया और कहा कि यहां पर प्राचीन धरोहरों को सजा कर रखा गया है तो भविष्य में युवा पीढ़ी के लिए यह एक प्रेरणादायक भी जरूर रहने वाली है कि उनके बुजुर्ग किस तरह से वस्तुओं का इस्तेमाल करते थे एक शिक्षा के क्षेत्र में भी यह संग्रहालय काफी महत्वपूर्ण रहने वाला है।

सोसायटी के सदस्य सचिव राजेश खत्री ने बताया कि संग्रहालय की 17 गैलरियों में वस्तुएं सजाने का कार्य केंद्र सरकार में संस्कृति मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) के माध्यम से पूर्ण किया जा चुका है। अब संग्रहालय के संचालन का कार्य भी इसी विभाग के माध्यम से किया जाएगा। म्यूजियम और हिस्ट्री से संबंधित पढ़ाई करने वाले देश और विदेश के स्टूडेंट्स भी भविष्य में यहां ज्ञान अर्जित करते हुए नजर आएंगे। देश और हरियाणा में जहां एक संग्रहालय की गिनती और बढ़ाने वाली है वहीं सोनीपत जिला को संग्रहालय की सौगात मिलने जा रही है। ऐतिहासिक धरोहरो को बचाने के मकसद को लेकर ब्यूटीफिकेशन सोसायटी पिछले 25 वर्षो से डिप्टी कमिश्नर के नेतृत्व में कार्य कर रही है। उपायुक्त सुशील सारवान के मार्ग दर्शन में पांडव कालीन कुआं और सुंदर सावरी अलौकिक सरोवर के जीर्णोद्वार का कार्य प्रगति पर है। इस मौके पर ब्यूटीफिकेशन सोसायटी के सदस्य सचिव राजेश खत्री, सयुक्त सचिव जसबीर खत्री, सदस्य कृष्ण सैनी, सत?भा धाम के पुजारी सूरज शास्त्री, ललिता कौशिक, समित कौशिक, भाजपा जिला अध्यक्ष, अशोक भारद्वाज, विशाल खत्री , रितेश , रमेश पांची , कैलाश चंद के अलावा काफ़ी गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**विधायक देवेंद्र कादियान ने 27 खिलाड़ियों और कोच को किया सम्मानित, बोले –**

# खेल और शिक्षा को साथ बढ़ाना हमारी प्राथमिकता

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। गन्नौर के गांव आहुलाना स्थित भगत सिंह वाटर स्पोर्ट्स क्लब के नौकायन खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र और देश का नाम रोशन किया है। हाल ही में आयोजित खेल महाकुंभ में क्लब के खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर ऑल ओवर विनर ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं, फिलिपींस में आयोजित वर्ल्ड चैंपियनशिप 2024-25 में क्लब के 13 खिलाड़ियों ने कांस्य पदक हासिल कर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व किया। गुरुवार को विधायक देवेंद्र कादियान ने अपने निजी कार्यालय पर आयोजित सम्मान समारोह में 27 खिलाड़ी और कोच बिजेंद्र सिंह को सम्मानित किया। विधायक कादियान ने कहा कि गांव



आहुलाना की प्रतिभा ने यह साबित कर दिया है कि अगर सही मार्गदर्शन और मेहनत मिले तो गांवों के खिलाड़ी भी इंटरनेशनल लेवल पर चमक सकते है। कादियान ने कहा कि उनकी देवा संस्था क्षेत्र में शिक्षा और खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उनका प्रयास है कि ग्रामीण प्रतिभाओं को वह प्लेटफॉर्म दिया जाए, जिसकी उन्हें जरूरत है। शिक्षा और खेल साथ-साथ चलें, यही हमारा लक्ष्य है। उन्होंने भरोसा दिलाया, ऐसे संस्थानों को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा जो युवाओं को सकारात्मक दिशा दे रहे है।

**इंटरनेशनल स्तर पर 13 खिलाड़ियों ने जीते मेडल:** भीम अवॉर्डी कोच बिजेंद्र सिंह ने बताया कि 13 खिलाड़ियों ने फिलिपींस में आयोजित वर्ल्ड चैंपियनशिप 2024-25 में कांस्य पदक हासिल किया। साथ ही, खिलाड़ियों ने चीन के यिचांग में आयोजित वर्ल्ड कप 2024-25 में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया।

**क्लब के निकले कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी:** कोच ने बताया कि क्लब में वर्तमान में करीब 150 खिलाड़ी नियमित अभ्यास कर रहे है। कोच ने बताया कि अब तक क्लब के करीब 25 खिलाड़ी विभिन्न सरकारी विभागों में नौकरी पा चुके है। इनमें कई खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके है। हिमांशु खासा, कुनाल, यश, सचिन कुमार जैसे नाम क्लब की पहचान बन चुके है। कोच ने बताया कि क्लब में खिलाड़ियों को हर प्रकार की खेल सुविधा, प्रशिक्षण और एकेडमिक सहयोग दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य युवाओं को गलत दिशा में जाने से रोक कर उन्हें खेलों के माध्यम से उज्जवल भविष्य की ओर ले जाना है।

## अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 ने 276 करोड़ ग्राहक विज़िट्स के साथ तोड़े सभी रिकॉर्ड

शिमला। अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 ने भारत में त्योहारों के दौरान खरीदारी और जश्न मनाने के तरीके को बदल दिया है।इस वर्ष अमेजन इंडिया ने 276 करोड़ से अधिक ग्राहक विज़िट्स दर्ज कीं जिनमें से 70 प्रतिशत टियर 2 और 3 शहरों से थीं।ग्राहकों ने स्मार्टफोन और स्मार्ट टीवी से लेकर साड़ियों,त्योहारी सजावट,ब्यूटी प्रोडक्ट्स और रोज़मर्रा की आवश्यक वस्तुओं तक की खरीदारी की।इस 30.दिवसीय समारोह में केवल पाँच दिन शेष रहते हुए अमेजन इंडिया ने आज सभी मापदंडों पर अभूतपूर्व भागीदारी की घोषणा की ग्राहक विज़िट्स सर्वाधिक स्तर पर पहुँचीं जिससे विभिन्न श्रेणियों में सैकड़ों करोड़ रुपये के जीएसटी लाभ संभव हुए।इसके अलावा इस साल पूरे देश में सबसे अधिक संख्या में विक्रेता बिक्री के लिए पंजीकृत हुए जिनमें कांगड़ा,हरिद्वार,मुजफ्फरपुर, जामनगर, दार्जिलिंग,शिमोगा और सेलम जैसे विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं।पूरे अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान प्राइम सदस्य विशेष ऑफ़र,डील्स और अमेजन की सबसे तेज डिलीवरी सेवाओं का लाभ उठा सके।

सौरभ श्रीवास्तव उपाध्यक्ष अमेजन इंडिया ने कहा अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 ने एक बार फिर 276 करोड़ ग्राहक विज़िट्स के रिकॉर्ड के साथ नए मानक स्थापित किए हैं जिससे यह साबित होता है कि अमेजन भारत का सबसे पसंदीदा और विश्वसनीय ऑनलाइन शॉपिंग गंतव्य है।हमें विशेष गर्व है कि हमारी सेवाएं भारत के हर सर्विसेबल पिनकोड तक पहुँची हैं।इस साल के त्योहार के दौरान ग्राहकों को बैंक ऑफ़र्स,विक्रेताओं के माध्यम से जीएसटी लाभ और कैश बैक रिवॉर्ड्स के जरिए 1000 करोड़ रुपये से अधिक की बचत हुई।

## एशियन यूथ गेम्स 2025, बहरीन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे पंजाब के अविक भाटिया

मोहाली। पंजाब और भारतीय इक्वेस्ट्रियन स्पोर्ट्स (घुड़सवारी खेल) के इतिहास में एक गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए, युवा राइडर अविक भाटिया का चयन एशियन यूथ गेम्स 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए हुआ है, जो बहरीन में आयोजित होने जा रहे हैं। यह पहली बार है जब पंजाब से कोई राइडर इस प्रतिष्ठित इक्वेस्ट्रियन शो-जंपिंग इवेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। अविक भाटिया का चयन उनके पिछले वर्ष के बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर हुआ है, जिसने उन्हें भारतीय टीम की मेरिट लिस्ट में शीर्ष स्थान पर पहुंचा दिया। मात्र 16 वर्ष की आयु में, अविक ने अपनी निरंतरता, दक्षता और जुनून से खेल जगत को प्रभावित किया है। वर्ष 2024-25 में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय शो-जंपिंग प्रतियोगिताओं में 40 से अधिक पदक जीते हैं, जो उन्हें देश के सबसे होनहार युवा इक्वेस्ट्रियन एथलीट्स में शामिल करता है। आगामी गेम्स में अविक अपने 7 वर्षीय घोड़े बीबी' एस निरभउ (नेथन) के साथ एशिया के श्रेष्ठ राइडर्स के खिलाफ मैदान में उतरेंगे। यह जोड़ी अपनी सटीकता, तालमेल और टाइमिंग के लिए जानी जाती है और पहले ही एक मजबूत साझेदारी के रूप में अपनी पहचान बना चुकी है। यह पहली बार नहीं है जब अविक ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तिरंगा लहराया हो। वे वर्ष 2022 में भारतीय चिल्ड्रन टीम के सदस्य रह चुके हैं और एशियन इक्वेस्ट्रियन फेडरेशन कप (यूथ) में इंडिविजुअल ब्रॉन्ज मेडल जीत चुके हैं।

## बायर ने भारतीय किसानों के लिए नई पीढ़ी का गेहूं खरपतवार नाशक मटेनो मोर किया लॉन्च

पटियाला। बायर, जो खेती और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वाली एक बड़ी वैश्विक कंपनी है, ने भारत में गेहूं किसानों के लिए माटेनो मोर नामक नया खरपतवार नाशक लॉन्च किया है। यह हर्बिसाइड खासतौर पर किसानों के खेतों में उगने वाले जिद्दी खरपतवारों पर बेहतर नियंत्रण के लिए तैयार किया गया है।माटेनो मोर में तीन शक्तिशाली सक्रिय तत्व शामिल हैं, जो अलग-अलग तरीकों से खरपतवारों पर असर करते हैं। यह भारत में अपना तरह का पहला तीन-दवाओं का मिश्रण है और फैलारिस माइनर, रुमेक्स और चेनोपोडियम जैसे मुश्किल खरपतवारों पर भी बेहतरीन प्रभाव दिखाता है। भारत दुनिया में गेहूँ उत्पादन में दूसरा सबसे बड़ा देश है, लेकिन गेहूँ उगाने वाले मुख्य क्षेत्रों के किसान फलारिस खरपतवार के बढ़ते प्रकोप से परेशान हैं। यह खरपतवार कई पुराने हर्बिसाइड्स के असर को खत्म कर चुका है, जिससे किसानों के लिए फसल की पैदावार बनाए रखना मुश्किल हो गया है। 'माटेनो मोर' के लॉन्च के अवसर पर, बायर के क्रॉप साइंस डिविजन में भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका के क्लस्टर कमर्शियल लीड मोहन बाबू ने कहा, माटेनो मोर को बाजार में लाकर हम सिर्फ एक नया खरपतवार नाशक ही पेश नहीं कर रहे हैं, बल्कि भारत की खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने और किसानों को गेहूँ उत्पादन में आने वाली बदलती चुनौतियों से निपटने में मदद करने की अपनी प्रतिबद्धता को भी आगे बढ़ा रहे हैं।

## दीपावली से पहले सभी कार्यों को पूरा करवाने उनका लक्ष्य: पुनीत त्यागी



**निगम के वार्ड में विकाय कार्य पूरे करवाने व वार्ड को जगमगाने के लिए निरीक्षण**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

राई16 अक्टूबर। नगर निगम वार्ड 8 में विकास कार्यों की निगरानी और जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से निगम पार्षद पुनीत राई ने निर्माण कार्यो का दौरा किया। दीपावली से पहले वार्ड की मुख्य सड़कों और गलियों का निर्माण कार्य पूरा करवाने के लिए पार्षद टीम के साथ लगे हुए है। वही वार्ड का हर कोना दीपावली पर जगमग जगमगाने के लिए भी स्ट्रीट लाईट ठीक करवाने व लगवाने में लगे है। पुनीत राई ने बताया कि वार्ड में सड़कों की मरम्मत, नई इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाने, नालियों की सफाई और बिजली व्यवस्था के सुधार जैसे कई कार्य अंतिम चरण में हैं। उन्होंने कहा कि जनता का सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और हर काम जनता की सुविधा को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले दिनों में वार्ड में एलईडी स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी ताकि कोई भी गली अंधेरे में न रहे। इस अवसर पर राकेश कौशिक, सुरेश त्यागी, शिवचरण त्यागी, नीतू कौशिक, संदीप त्यागी, संजय कौशिक, बिजेंद्र कौशिक, हरिओम त्यागी, चरण सिंह कौशिक, छोटे लाल, भारत ढाका, नितिन त्यागी आदि मौजूद थे।

## त्योहार हमारी संस्कृति और परंपराओं के प्रतीक हैं: योगेश जठेड़ी



अर्थ प्रकाश संवाददाता

राई। महाराणा प्रताप युवा समाज सेवा समिति व जीवन रक्षक ब्लड समिति की ओर से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने व विदेशी वस्तुओ का बहिष्कार करने का संकल्प दिलवाने के लिए राजकीय उच्च विद्यालय जठेड़ी में जागरूकता कार्यक्रम किया। दीप जलाओ लड़ी भगाओ अभियान के तहत विद्यार्थियों में मिटी के दीपक वितरित किये गए। गांव के सरपंच एवं भाजपा युवा नेता योगेश जठेड़ी ने मुख्यातिथि शिरकत की। योगेश जठेड़ी ने संबोधित करते हुए कहा कि त्योहार हमारी संस्कृति और परंपराओं के प्रतीक हैं। दीपावली पर मिटी के दीपक जलाने का विशेष महत्व है, इस लिए विदेशी बिजली की लड़ियों की जगह हर घर में मिटी के दिये जलाने चाहिए। स्कूल मुख्य अध्यपिका सविता व प्राध्यापक नीलम, महावीर पहल व समस्त स्टाफ के सहयोग से कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। धर्मवीर दहिया व हुकमचंदभारद्वाज ने बच्चों को दीपक जलाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम आयोजक धर्मवीर दहिया एक्स डीटीओ रेड क्रॉस, जीवन रक्षक ब्लड समिति समिति से हुकमचंद भारद्वाज,अजीत सिंह, नरेदर, भूपेंदर निशांत रोहिल्ला मोनू सैनी तरुण भारद्वाज आदि उपस्तिथ रहे।


**अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS**

**आज ही बुक करें PH. : 0172-2638515, 98883-03520 Email : arthparkashadvt29@gmail.com**

### सार्वजनिक सूचना

**मैं,** अजमेर सिंह पुत्र श्री गिनवा राम, निवासी गांव एवं डाकघर पालियों, तहसील नाहन, जिला सिरमौर (हि.प्र.), यह घोषणा करता हूं कि मैंने अपने नाबालिग पुत्र का नाम शैंकी (पुराना नाम) से बदलकर सैंकी (नया नाम) कर दिया है। संबंधित व्यक्ति कृपया नोट करें।
एपी-5111

**मैं,** Purnendu Paria पुत्र Bhanu Pharia निवासी मकान नंबर 504, सेक्टर 10-सी, चंडीगढ़ ने अपना नाम Punnu Phria से बदलकर Purnendu Paria रख लिया है।
एपी-एफ

हम ललित जैन (आधार नं. 993523474975) पुत्र श्री प्रेम चंद जैन व श्रीमति वंदना जैन (आधार नं. 578681708154) पत्नी ललित जैन निवासी मकान नं. 1427/बी-2, नजदीक सीता मन्दिर पिंजौर, तहसील कालका, जिला पंचकूला ब्यान करते हैं कि हमारी सुपुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम लावण्या से बदलकर लावण्या जैन दर्ज किया जाए।
एपी-5114

**मैं,** सिमरनजीत कौर पत्नी मान सिंह वासी मकान नं. 819, गाँधी नगर जिला करनाल ने अपना नाम बदलकर सिमरजीत कौर रखा है।

**मैं,** रविंदर बत्रा पुत्र श्री सोभ राज वासी इ-94, स्कूल एरिया, वार्ड नं.13, नीलोखेड़ी, जिला करनाल ने अपना नाम बदलकर रविंदर कुमार बत्रा रखा है।

**मैं,** समीना पत्नी हिलाल अहमद दुनू वासी गोल्ड होम्स, मकान नं. सी504, सी टावर, सैक्टर 116, लांडरां रोड़, लांडरां, मोहाली, एस ए एस नगर ने अपना नाम बदलकर समीना चाचू रखा है।

**मैं,** Arushi वासी 301, शिव साई अपार्टमेंट, सावरकर नगर, Opp आर.जे. ठाकुर कॉलेज, ठाणे वेस्ट, ठाणे, महाराष्ट्र ने अपना नाम बदलकर Aarushi शिवकुमार सिंह रखा है।

**मैं,** सिंह सानिया शिवकुमार उर्फ सानिया सिंह पुत्री शिवकुमार सिंह वासी फ्लैट नं.1104, ब्लॉक जी, टी डी आई वेलिंगटन हाइट्स, सैक्टर 117, खरड़, एस ए एस नगर, मोहाली ने अपना नाम बदलकर सानिया आरुषि सिंह रखा है।

**मैं,** गुलशन कुमार पुत्र चुनी लाल वासी गांव बस्सा डाक नगरोटा सूरियां तहसील जवाली, जिला कॉंगड़ा हि.प्र. ने अपना नाम बदलकर गुलशन चौधरी से गुलशन कुमार रखा है, नोट करें।

**मैं,** किरन लता पत्नी गुलशन कुमार वासी गांव बस्सा डाक नगरोटा सूरियां तहसील जवाली, जिला कॉंगड़ा हि.प्र. ने अपना नाम बदलकर किरन चौधरी से किरन लता रखा है, नोट करें।
एपी-5115

**मैं,** गुरजीत सिंह लूथरा पुत्र कृष्ण सिंह निवासी VPO Matehri Shekhan (256) अंबाला हरियाणा 134003 ने अपना नाम गुरजीत सिंह लूथरा से बदलकर गुरजीत सिंह रख लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाएगा।
एपी-5116

I, CHANDSAB AMIRSAB WADIWALE is Father of Army No. 4583927Y, Rank-NK, Name- WADIWALE JAVED CHANDSAB presently Resident of At Post Dawangaon, Tehsil-Udgir, District-Latur, Maharashtra- 413517 declare that I have changed my name from CHANDSAB to CHANDSAB AMIRSAB WADIWALE.

I, SARTAJBI CHANDSAB WADIWALE is Mother of Army No. 4583927Y, Rank-NK, Name- WADIWALE JAVED CHANDSAB presently Resident of At Post Dawangaon, Tehsil-Udgir, District-Latur, Maharashtra- 413517 declare that I have changed my name from SARTAJBI to SARTAJBI CHANDSAB WADIWALE.

I, Army No. 4583927Y, Rank-NK, Name- WADIWALE JAVED CHANDSAB presently Resident of At Post Dawangaon, Tehsil-Udgir, District-Latur, Maharashtra- 413517 declare that I have changed my daughter name from NASRIN to NASRIN JAVED WADIWALE.

I, SARVAIYA VINUBA BHIKHUBHA is Mother of Army No. 4590326W, Rank-SEP, Name- SARVAIYA HARDIPSINH BHIKHUBHA Resident of Village- Nava Sangana, District-Bhavnagar, Gujarat- 364140 declare that I have changed my name from from SARVAIYA VINUBA BHIKHUBHAI to SARVAIYA VINUBA BHIKHUBHA

I, SARVAIYA BHIKHUBHA LALUBHA is Father of Army No. 4590326W, Rank-SEP, Name- SARVAIYA HARDIPSINH BHIKHUBHA Resident of 33, Ambika Ashram, Village- Nava Sangana, Juna Sangana, District- Bhavnagar, Post-Nava Sangana, State-Gujrat- 364140 declare that I have changed my name from SARVAIYA BHIKHUBHA to SARVAIYA BHIKHUBHA LALUBHA

I, Army No. 4590326W, Rank-SEP, Name- SARVAIYA HARDIPSINH BHIKHUBHA presently Resident of Village- Nava Sangana, District- Bhavnagar, Gujarat- 364140 declare that I have changed the name of my son from YASHDIPSINH TO SARVAIYA YASHDIPSINH HARDIPSINH

**मैं,** जसप्रीत कौर, सैन्य संख्या- 15575663F रैंक- नायक नाम- मलकीत सिंह की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हूँ जो वर्तमान में यूनिट- 118 इंजीनियर रेजिमेंट C/o 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- फफरे भाईके, मानसा, पंजाब-151502 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपनी जन्मतिथि 06/07/1987 से 01/01/1988 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11AA219271, दिनांक- 16/10/2025

**मैं,** के कमलम सैन्य संख्या- 15321748ए रैंक- हवलदार नाम- ससी कुमार पी के की माता हु स्थायी पता- 12-02/2 कक्काविलाई, वाझाविलाल वीटीसी- करिंकल, पोस्ट ऑफिस- पलापलम, उप जिला- विलावनकोड, जिला, कन्नियाकुमारी, राज्य- तमिलनाडु, पिन कोड- 629159 घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम के कमालम से बदलकर कमालम पी कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA219273, दिनांक- 16/10/2025

**मैं,** कमालम पी, सैन्य संख्या- 15321748ए रैंक- हवलदार नाम- ससी कुमार पी के की माता हूं स्थायी पता- 12-02/2 कक्काविलाई, वाझाविलाल वीटीसी- करिंकल, पोस्ट ऑफिस- पलापलम, उप जिला- विलावनकोड, जिला, कन्नियाकुमारी, राज्य- तमिलनाडु, पिन कोड- 629159 घोषणा करती हूं कि मैंने अपनी जन्मतिथि 01/07/1957 से 11/10/1952 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11AA219274, दिनांक- 16/10/2025

**मैं,** सैन्य संख्या- 15321748ए रैंक- हवलदार नाम- ससी कुमार पी के स्थायी पता- 12-02/2 कक्काविलाई, वाझाविलाल वीटीसी- करिंकल, पोस्ट- पलापलम, उप जिला- विलावनकोड, जिला, कन्नियाकुमारी, राज्य- तमिलनाडु, पिन कोड- 629159 घोषणा करता हूं कि मैंने अपनी बेटी का नाम एस एशलिन से बदलकर एशलिन एस कर दिया है। शपथ पत्र के माध्यम से क्रमांक- 11एए 219275, दिनांक- 16/10/2025

**मैं,** श्रीमती संतोषी, सैन्य संख्या- 6486923L रैंक- हवलदार नाम- जीतेंद्र नायक (सेवानिवृत्त) की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हूँ स्थायी पता- वार्ड संख्या- 17, गांधी नगर, डाकघर- नवरंगपुर, जिला- नवरंगपुर, राज्य- उड़ीसा, पिन कोड- 764050 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम श्रीमती संतोषी से बदलकर संतोषी नायक कर लिया है। शपथ पत्र क्रमांक- 11AA219272, दिनांक- 16/10/2025
एपी-5117

**मैं,** सुभाष चंद्र पुत्र दिलबाग चंद निवासी #1184, टिपरा, वार्ड नंबर-6, तहसील- कालका, जिला पंचकूला (हरियाणा) ने अपना नाम सुभाष चंद्र कपूर से बदलकर सुभाष चंद्र रख लिया है।
एपी-5119

**मैं,** शिल्पा पतनी गौरव निवासी #13, प्रीत एन्क्लेव, अनाज मंडी, खरड, एसएएस नगर मोहाली ने अपना नाम शिल्पा वर्मा से बदलकर शिल्पा रख लिया है।

**मैं,** वेदांत पुत्र श्री कुलबीर सिंह नैन, कौशिक नगर, जींद तहसील व जिला जीन्द का स्थाई निवासी हूं। मैने अपना नाम वेदांत से बदलकर वेदांत नैन रख लिया है। भविष्य में मुझे वेदांत नैन के नाम से ही जाना/पुकारा जाए।

**मैं,** कृष्ण पाल पुत्र श्री हेम सिंह निवासी मकान नंबर 81, राज बरोलिया, बिल्सी बदायूँ, यूपी-243633 घोषणा करता हूँ कि कृष्ण पाल और केरेसना दोनों नाम एक ही व्यक्ति हैं।
एपी-5120

**मैं,** इंद्र कुमार राठी पुत्र धन सुख दास राठी, मकान नंबर 162/2, दूसरी मंजिल, शिवालिक एवेन्यू, सेक्टर 125, सन्नी एन्क्लेव, खरड़, एसएएस नगर, मोहाली ने अपना नाम इंद्र कुमार से बदलकर इंद्र कुमार राठी रख लिया है।
एपी-5121

I, Tapas Kumar Behera S/o Gayadhar Behera R/o No-121, Block G, Gali No-4, Near Hanuman Mandir, Ashok Vihar, Phase-3, Gurgaon, Haryana- 122001, have changed my minor son's name from Divyansh Devjyot Aged 08 Years to Khitish Kumar Behera forever.
एपी-5123

### बेदखली सूचना

हम लाल चाँद पुत्र मूल चाँद और सलोचना देवी पत्नी लाल चाँद नीवासी 31, रायपुर खुर्द चंडीगढ़, घोषणा करते है कि मेरा बेटा गुरदीप चाँद और उसकी पत्नी अम्बिका और उनके बच्चे मिश्का, लिश्का हमारे कहने सुनने से बाहर है। इसीलिए हूँ इन सभी को अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करते है। जो कोई भी इनसे लेन - देन करेगा खुद जिम्मेवार होगा।
एपी-5112

हम रमेश कुमार पुत्र श्री दर्शन सिंह और कमलेश पत्नी रमेश कुमार निवासी कोट हिल, पी एंड टी कॉलोनी के पास, शिमला अर्बन सूचित करते हैं कि हमारा बेटा अमित हमारे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए हम उसे अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करते हैं। इससे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।
एपी-5113

**मैं,** निर्मला पत्नी स्व. देवेन्द्र सिंह, निवासी गांव जाजवान तहसील व जिला जीन्द हाल निवास #4808 सैक्टर-11 (एक्सटेंशन) जीन्द की स्थाई निवासी हूं। मेरा पुत्र साहिल मोर व उसकी पत्नी जानवी सैनी मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर हैं इसलिए मैं इन दोनों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। जो कोई भी इनके साथ किसी प्रकार का लेन-देन व व्यवहार रखता है वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
एपी-5118

**अर्थ प्रकाश समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभांवित करें**

**मैं,** डिंपल पत्नी ऋषी चौहान दुकान नंबर 16 एकता विहार बलटाना जीरकपुर एसएएस नगर, मोहाली, पंजाब, घोषणा करती हूं कि मेरे पति ऋषी चौहान निवासी 5097/1 मॉडर्न हाउसिंग कॉम्प्लेक्स मनीमाजरा चंडीगढ़, मुझे पता चला है कि मेरे पति धोखाधड़ी करने के इरादे से मेरे नाम पर ग्राहकों से किश्तों में पैसे ले रहे हैं, मैं स्पष्ट करना चाहती हूं कि भविष्य में मैं उनके किसी भी लेनदेन के लिए जिम्मेदार नहीं रहूंगी, वे स्वयं सभी लेनदेन के लिए जिम्मेदार होंगे।

**मैं,** दाताराम मिश्रा पुत्र श्री खिला नन्द मिश्रा निवासी फ्लैट नंबर 4, मधुबन होम, शिवा एंक्लेव भबात, जीरकपुर एसए एस नगर मोहाली पंजाब ब्यान करता हूं कि मेरा बेटा पंकज मिश्रा मेरे कहने सुनने से बाहर है इसलिए मैं उसको अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं उससे लेन देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा मैं और मेरे परिवार का कोई भी सदस्य उसके किसी भी कृत्य के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
एपी-5120

**मैं,** मोहन पुत्र श्री बाबु लाल निवासी 278, वार्ड नं. 10 दीप कालोनी, तहसील, गन्नौर जिला सोनीपत घोषणा करता हूं कि मेरा पुत्र करण मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर मैं इसे अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में जो भी इससे लेन-देन करेगा वह स्वयं जिम्मेवार होगा।
एपी-5122

Asl sBS cdr Srm p qr iSv kmr Srm v pm lq Srm pqnl sBS cdr Srm vslAn mkn n: 168, gln Pl f ln n: 2, Andpr rf, vr f n: 2 pTnkt, qihsl q izl pTnkt d rihx vl h[ sf lVk mnlS Srm sf kihx q bhr h[ s A j Asl as f Apxl qmm c l Ac l jied q bdKl krd h[ A j q bAd as nl j vl lx dx krg ah Kd ijmvr hvg[ sbDq nt krn[
एपी-एफ

### खोया-पाया

**मैं,** गौतम जैन सूचित करता हूँ कि मेरी एमए (लोक प्रबंधन) की डिग्री, जो मैंने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के अंतर्गत लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी से प्राप्त की थी, जोकि 15 सितंबर से 17 सितंबर के बीच पारगमन के दौरान गुम हो गई है। अगर किसी को मिल जाए तो कृपया मुझे मेरे नंबर 9958122047 पर सूचित करें।
एपी-

**आवश्यक सूचना**
**अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।**

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।


हरियाणा सरकार
साल
घणा
कमाल
11 साल, तरक्की बेमिसाल
हरियाणा की डबल इंजन सरकार विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। विकसित भारत बनाने के लिए हरियाणा का विकसित होना बहुत जरूरी है।
– नरेन्द्र मोदी
जन विश्वास - जन विकास
गौरवमयी एक वर्ष
17 अक्तूबर, 2025 । प्रातः 10:00 बजे
इंद्रधनुष ऑडिटोरियम, सैक्टर-5, पंचकूला
मुख्य अतिथि
श्री नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा
कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें
इस अवसर पर
फंड वितरण
शहरी स्थानीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं को
आबंटन-पत्र वितरण
मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना-2.0
अंतरिम मलकियत प्रमाण-पत्र वितरण
मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना
हर जिले में भी होगा कार्यक्रम का आयोजन
आप सभी सादर आमंत्रित हैं
सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

# ट्राईसिटी का लुटेरा गिरोह पंचकूला में गिरफ्तार

**पंचकूला।** पुलिस की क्राइम ब्रांच-19 की टीम ने तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। क्राइम ब्रांच सैक्टर-19 पंचकूला के इंचार्ज मुकेश सैनी की टीम ने लगातार सुराग जुटाने शुरू किए। गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने 14 अक्टूबर को कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रकाश सिंह, अमन मोहन उर्फ बनी और सचिन उर्फ मुंशी के रूप में हुई है। सभी की उम्र लगभग 27 वर्ष है।

एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 8 अक्टूबर को शिमला निवासी एक शिकायतकर्ता ने थाना मनसा देवी में शिकायत दी थी कि वह ड्राइवर है और मनीमाजरा से शिमला की ओर सामान लेकर जा रहा था। जब वह सिंहद्वार रोड पंचकूला से गुजर रहा था तभी तीन बाइक सवार युवकों ने उसका पीछा किया और उस पर नुकीले हथियार से हमला कर मोबाइल फोन छीन लिया तथा मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने तुरंत लूट का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। डीसीपी क्राइम के अनुसार आरोपियों को 15 अक्टूबर को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। आरोपियों से लूटा गया मोबाइल फोन, वारदात में प्रयोग किया गया नुकीला हथियार, लूट में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद कर ली है। इसके अलावा ट्राईसिटी से चोरी की गई 4 बाइक भी बरामद की गई है। पुलिस अब आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है ताकि उनके आपराधिक नेटवर्क का पर्दाफाश किया जा सके। रिमांड के दौरान हुई पूछताछ में यह खुलासा हुआ कि तीनों आरोपी ट्राईसिटी में चोरी, स्नैचिंग और लूट जैसी कई वारदातों में पहले भी शामिल रह चुके हैं।

## फेस्टिवल सीजन : बाजारों में बढ़ने लगी भीड़, लेकिन ट्रैफिक व्यवस्था बेहाल

# बाजार अतिक्रमण ग्रस्त, पार्किंग स्थल में लोग त्रस्त

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



**पंचकूला।** पहले से ही खचाखच भरे मौजूदा पार्किंग स्थल अतिक्रमण से ग्रस्त हैं और अतिरिक्त पार्किंग स्थल निर्धारित नहीं किए गए हैं, वहीं पंचकूला के बाज़ारों को त्योहारों के मौसम में पार्किंग की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पड़ोसी चंडीगढ़ के विपरीत, जहां सरकारी स्कूलों को पार्किंग स्थल के रूप में नामित नहीं किया गया है, यहां ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे निवासियों को खुद ही अपनी देखभाल करनी पड़ती है। इसके कारण, सड़कों के किनारे, सड़क के किनारों, फुटपाथों, साइकिल ट्रैक और यहाँ तक कि निवासियों के घरों के बाहर भी वाहन खड़े देखे जा सकते हैं, जिससे अव्यवस्था फैलती है। कुछ लोगों को दूर-दराज के स्थानों पर वाहन पार्क करने पड़ते हैं और पैदल ही बाज़ार तक जाना पड़ता है। इस स्थिति के कारण सड़कों पर ट्रैफ़िक जाम और भीड़भाड़ भी हो रही है, जिससे लोगों को परेशानी और असुविधा हो रही है। जनता के लिए व्यवस्था करना तो दूर, स्थानीय नगर निगम ने विक्रेताओं और दुकानदारों को भी खुला छोड़ दिया है, जिन्होंने नगर निगम के पार्किंग स्थलों में स्टॉल और टेंट लगा लिए हैं। अतिक्रमण तो कभी नहीं रोका गया, लेकिन त्योहारों के मौसम में यह और भी बदतर हो जाता है, और पार्किंग स्थलों को भी नहीं बख्शा जाता, जिससे वाहनों के लिए जगह न के बराबर या बहुत कम बचती है। यहां के सभी बाजारों की यही दुर्दशा है।

सेक्टर 9 निवासी ने कहा कि हम रोजाना इस अव्यवस्था के शिकार होते हैं। हम शाम 5 बजे के बाद सेक्टर 9-बी की सड़क, जो शिव मंदिर से लेकर सरकारी डिस्पेंसरी तक फैली है, का इस्तेमाल नहीं करते। इस समय अपने परिसर में आने-जाने वाले निवासियों के लिए यह एक यातना बन जाती है,÷ जिनके इलाके में जगह की कमी के कारण बड़ी संख्या में वाहन खड़े रहते हैं।

सेक्टर 25 निवासी मोहित गुप्ता ने कहा कि पंचकूला के संबंधित अधिकारियों ने सेक्टर 9 के अंदरूनी बाज़ार के दुकानदारों को त्योहारों के दौरान बहुत अच्छा सहयोग दिया है क्योंकि सभी पार्किंग की जगह हड़प ली गई है और नागरिकों को त्योहारों की खरीदारी के लिए सड़कों पर वाहन पार्क करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ज़्यादातर दूसरे बाज़ारों में भी यही स्थिति है। अधिकारियों को जागना चाहिए और आगंतुकों को कुछ राहत देने के लिए ज़रूरी कदम उठाने चाहिए। सॉल्यूशन बॉक्स के संस्थापक गुप्ता ने कहा कि बाजार संघ और ट्रैफ़िक पुलिस कम से कम इतना तो कर सकते हैं कि शहर के हर भीड़भाड़ वाले बाज़ार में एकतरफ़ा यातायात लागू कर दें। कम से कम ट्रैफ़िक तो चलता रहेगा। सामुदायिक केंद्रों और सरकारी स्कूलों में अतिरिक्त पार्किंग की सुविधा, यदि आस-पास उपलब्ध हो, तो उसे भी खोला जाना चाहिए।

> इस बीच, नगर निगम के मेयर कुलभूषण गोयल ने बताया, ÷त्योहारों के मौसम के कारण पार्किंग में भीड़भाड़ है। हालांकि हमने अतिरिक्त पार्किंग की व्यवस्था नहीं की है, लेकिन लोग और दुकानदार एक-दूसरे का सहयोग कर रहे हैं।
>
> *कुलभूषण गोयल, महापौर, पंचकूला नगर निगम*

# हरियाणा में लिव-इन, हनीट्रैप व एनआरआई के मामलों ने बढ़ाई चिंता : रेनू भाटिया

राज्य महिला आयोग के पास 60 फीसदी मामले लिव-इन विवाद के हैं



अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** हरियाणा में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध में लिव-इन-रिलेशनशिप, एनआरआई दूल्हों और हनी ट्रैप के मामलों ने लोगों को सोचने पर मजबूर किया है। चौंकाने वाली बात यह है कि हरियाणा राज्य महिला आयोग के पास अभी तक पहुंचे करीब 20 हजार से अधिक मामलों में 60 फीसदी से अधिक मामले केवल लिव-इन के शामिल हैं। हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने वीरवार को कहा कि आयोग महिलाओं के अधिकारों की रक्षा, शिकायतों की जांच और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। हालही में आई शिकायतों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि विदेश भागे व्यक्ति के शादी रचाने और यहां पत्नी के साथ हो रही प्रताड़ना के मामलों में भी इजाफा हुआ है, जो चिंता का विषय है। एनआरआई के ऐसे 30 मामले सामने आए हैं, जिनमें पीड़ित महिलाएं हरियाणा पुलिस से न्याय की मांग कर रही हैं। उधर, हनीट्रैप के दो मामलों ने खुद महिला आयोग को भी चौंका दिया है। लोगों को हनीट्रैप में पिछले 26 वर्षों से अपनी मां के साथ हनीट्रैप में फंसाती आ रही एक महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं, एक अन्य महिला को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया जो हनी ट्रैप के 8 मामलों में नामजद रही और लोगों से लाखों रुपए ऐंठ चुकी थी। उसके साथ तीन वकीलों को भी पुलिस ने काबू किया, जो बिचौलिए की भूमिका निभा रही थी।

उन्होंने कहा कि आयोग का उद्देश्य महिलाओं की जीवन के सभी क्षेत्रों में पूर्ण और समान भागीदारी सुनिश्चित करना है। रेनू भाटिया आज सेक्टर-2 स्थित आयोग के कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं।

# कई कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं ने थामा आम आदमी पार्टी का दामन

आप प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने नए सदस्यों को पार्टी की ग्रहण करवाई सदस्यता

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** आम आदमी पार्टी के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने प्रदेश में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं को लेकर कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी पर एक एक कर निशाना साधा। दोनों पार्टियों की गलत नीतियों और जनविरोधी फैसलों से प्रदेश को पीछे धकेल दिया है। यही कारण है कि प्रदेश की राजनीति में इन पार्टियों की गलत नीतियों से परेशान होकर कई बड़े नेताओं ने आम आदमी पार्टी में अपना विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस को पंजाब के आप मॉडल से सीख लेनी चाहिए। पंचकूला से कांग्रेस के कई बड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया है। आम आदमी पार्टी (आप) के पंचकूला जिला कार्यालय, सेक्टर 20 में गुरुवार को हुए एक भव्य ज्वाइनिंग कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता के कर-कमलों से पार्टी की सदस्यता ली। इस कार्यक्रम का संचालन आम आदमी पार्टी हरियाणा की प्रदेश ज्वाइनिंग समिति के चेयरमैन ओम प्रकाश गुज्जर ने किया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व हरियाणा के उपमुख्यमंत्री के पूर्व ओएसडी अनिल पंगोत्रा सहित रणवीर ग्रेवाल, चंद्रकांता, ज्योति सैनी, वीनस, सुनील खोसला, राजीव कुमार, सुनील कुमार, कन्नू चावला, धन सिंह राणा ने अपने सैकड़ों साथियों के साथ पार्टी में शामिल हुए।

# ऑनलाइन नहीं, स्थानीय दुकानदारों और रेहड़ी फड़ी वालों से सामान खरीदे : सिहाग



अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई

**पंचकूला, 17 अक्टूबर।** जननायक जनता पार्टी के जिला पंचकूला के जिला अध्यक्ष ओ पी सिहाग एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं ने पंचकूला वासियों से अपील की है कि दीवाली के त्यौहार पर जो भी खरीदारी करनी है वो ऑनलाइन न करके केवल स्थानीय दुकानदारों एवं रेहड़ी फड़ी वालों से करे।

उन्होंने कहा कि ऑनलाइन खरीदारी में बड़ी भूमिका विदेशी कम्पनियों जैसे एमोजोन,फ्लिपकार्ट, मिनतरा , नाईका आदि की है तथा ये सारा पैसा विदेश में जाता है अगर हम स्थानीय दुकानदारों या गरीब रेहड़ी फड़ी वालों से दिवाली के अवसर पर चाहे मिठाई, ग्रीन पटाखे,कपड़े,दीये ,बर्तन, ड्राई फ्रूट्स , लाइटिंग का समान या अन्य समान खरीदेंगे तो ये लोग भी अपनी दिवाली अच्छी तरह मना सकेंगे। जजपा जिला अध्यक्ष के साथ पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष के सी भारद्वाज ,जिले के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पार्षद राजेश निषाद, जिला उपाध्यक्ष सतबीर धनखड़, कार्यालय सचिव सुरिन्दर चड्डा, जयपाल सिंह ने यह भी कहा कि हमे विदेशी कम्पनियों का समान जैसे चाइना का लाइटिंग का समान नहीं खरीदना चाहिए।

# 50 लाख से सुधरेगी चंडीगढ़ की सड़कें

चंडीगढ़ नगर निगम की सड़क समिति ने प्रमुख सड़क एवं बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को मंजूरी दी

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 16 अक्टूबर।** चंडीगढ़ नगर निगम की सड़क समिति की तीसरी बैठक आज पार्षद श्री दलीप शर्मा की अध्यक्षता में हुई, जिसमें समिति के सदस्य श्रीमती सरबजीत कौर, श्री गुरचरणजीत सिंह, श्रीमती सुमन देवी, श्रीमती निर्मला देवी, श्री मनौर, महेशइंदर सिंह सिद्धू सहित नगर निगम के संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान, समिति के सदस्यों ने संबंधित अधिकारियों से सड़कों की रीकार्पेटिंग का काम जल्द शुरू करने को कहा, जिसके लिए निविदाएँ पहले ही आमंत्रित की जा चुकी हैं। समिति ने 59.29 लाख रुपये की राशि के विभिन्न विकास प्रस्तावों की भी समीक्षा और चर्चा की।

### इन परियोजनाओं पर किया गया विचार

9.67 लाख रुपये की अनुमानित लागत से सेक्टर 47-ए स्थित आर्मी अस्पताल के पास सड़कों और पार्किंग का सुधार।

सेक्टर 26 स्थित बापू धाम कॉलोनी में सड़क कटों की मरम्मत, अनुमानित लागत 24.07 लाख रुपये।

रायपुर कलां स्थित एबीसी सेंटर में जीआई चेन लिंक फेंसिंग का कार्य, अनुमानित लागत 2.23 लाख रुपये।

रायपुर कलां स्थित गौशाला में पशु चिकित्सालय और बीमार पशु भवन का निर्माण कार्य, अनुमानित लागत 23.32 लाख रुपये।

विस्तृत विचार-विमर्श के बाद, समिति ने जनता की सुविधा और कल्याण हेतु सभी कार्यों के समय पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए, प्रशासनिक और तकनीकी अनुमोदन हेतु अनुशंसा की।

# मोहाली में डि.ई.एस.आई.जी.एन. फॉर बायो-ई3 प्रतियोगिता का उद्घाटन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**मोहाली, 16 अक्तूबर।** बी.आर.आई.सी.-राष्ट्रीय कृषि-खाद्य एवं जैव-निर्माण संस्थान (बी.आर.आई.सी.-एन.ए.बी.आई.) ने उभरते विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार सम्मेलन (ई.एस.टी.आई.सी.-2025) का शुभारंभ समारोह आयोजित किया और इसी अवसर पर डि.ई.एस.आई.जी.एन. फॉर बायो-ई3 प्रतियोगिता की शुरुआत की।

ई.एस.टी.आई.सी.ङ्क2025 का उद्देश्य भारत एवं विदेशों के वैज्ञानिकों, नवप्रवर्तकों, नीतिङ्कनिर्माताओं और विशेषज्ञों को एक साझा मंच पर लाना है, ताकि वे नई एवं उभरती प्रौद्योगिकियों पर विचारङ्कविमर्श कर सकें और सामूहिक सहयोग से समाधान विकसित करें। यह सम्मेलन 3 से 5 नवम्बर, 2025 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगा। इसमें प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के मार्गदर्शन में 13 मंत्रालय और विभाग सहभागिता करेंगे। सम्मेलन में भारत की विभिन्न उपलब्धियों को 11 प्रमुख क्षेत्रों में प्रदर्शित किया जाएगा, जिनमें जैवङ्कनिर्माण क्षेत्र का नेतृत्व जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डी.बी.टी.) एवं बी.आर.आई.सी.-एन.ए.बी.आई. द्वारा किया जाएगा।

विकसित भारत 2047 की दृष्टि के अनुरूप, ई.एस.टी.आई.सी. ऐसे मंचों और नीतियों, जैसे बायोङ्कई3 (अर्थव्यवस्था, पर्यावरण एवं रोजगार के लिए जैव प्रौद्योगिकी) के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करता है, ताकि सतत विकास को बढ़ावा मिल सके। डि.ई.एस.आई.जी.एन. फॉर बायो-ई3÷ एक राष्ट्रीय प्रतियोगिता है, जो अगस्त 2024 में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित बायोङ्कई3 नीति के अंतर्गत आरंभ की गई है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से देशभर के कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, पर्यावरण और स्थायित्व से जुड़ी वास्तविक समस्याओं के समाधान हेतु जैव-प्रौद्योगिकी आधारित नवाचार प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया है।

विद्यार्थी 1 नवम्बर, 2025 से माईगव इनोवेट इंडिया पोर्टल पर अपने विचार प्रस्तुत कर सकेंगे। यह प्रक्रिया एक वर्ष तक प्रत्येक माह संचालित की जाएगी। विजेता प्रतिभागियों को योग्यता प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे तथा चयनित विचारों को बायोरैक के 'यूङ्कयुवा' या 'बायोङ्कनेस्ट' कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदर्शन एवं ऊष्मायन हेतु सहायता दी जाएगी।

# स्वदेशी अंदाज में मनाएं दिवाली, मिट्टी की रोशनी से सजाएं घर : नवीन गोयल



अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका।** गोयल बुक डिपो के एम डी नवीन गोयल और सी ई ओ मीनू गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल अभियान से प्रेरित होकर लोगों को विदेशी सामानों की बजाय भारतीय उत्पाद खरीदने के लिए जागरूक कर रहे है।

दिवाली पर कालका के लोअर बाज़ार स्थित गोयल बुक डिपो ने एक विशेष पहल की है – अपनी मिट्टी की रौशनी से सजाएँ घर। इस अभियान के तहत दुकान में स्वदेशी उत्पादों और देशी कारीगरों द्वारा बनाए गए सजावटी सामानों की आकर्षक रेंज उपलब्ध कराई गई है। दुकान में हाथों से बने सुंदर मिट्टी के दीये, परफ्यूम कैंडल्स, तोरण, सीढ़ी सजावट की वस्तुएँ और अनेक सजावटी सामग्री रखी गई हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### आनन फानन में किया नर्सिंग कॉलेज का उद्घाटन : विजय

**कालका (जग्गी)।** शिवालिक विकास मंच प्रदेश अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव विजय बंसल एडवोकेट ने बताया कि वर्तमान



भाजपा सरकार अपने 11 वर्ष के कार्यकाल में न केवल कालका विधानसभा क्षेत्र से विकास के मामले में भेदभाव कर रही है बल्कि स्वास्थ्य शिक्षा सफाई व्यवस्था आदि उपलब्ध करवाने में असफल साबित हुई है। उन्होंने बताया कि पिछले लगभग 6 वर्षों से कालका विधानसभा क्षेत्र के पिंजौर ब्लॉक के गांव खेड़ा वाली में निर्माण अधीन एएनएम और जीएनएम नर्सिंग कॉलेज का बिना किसी योजना के गत 5 अक्टूबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से आनन फानन में उद्घाटन करवा दिया गया जबकि विभाग को खुद पता नहीं है कि नर्सिंग कॉलेज में कक्षाएं कब आरंभ होगी और कॉलेज निर्माण के लिए निशुल्क जमीन देने वाली पंचायत के स्थानीय छात्रों को आरक्षण देने का प्रावधान भी है या नहीं। विजय बंसल ने बताया कि उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से आरटीआई एक्ट 2005 के तहत हेल्थ विभाग के महानिदेशक से नर्सिंग कॉलेज संबंधी जानकारी मांगी थी जिसमें खुलासा हुआ कि वास्तव में विभाग को नर्सिंग कक्षाएं आरंभ करने के विषय में कोई जानकारी ही नहीं है।

### कार्तिक माह में हर रोज निकाली जाती है प्रभातफेरी



**न्यू- चंडीगढ़ (जेके बत्ता)।** कार्तिक माह में श्री राधे श्याम परिवार नयागांव द्वारा प्रभात फेरी निकाली जाती है। कार्तिक मास में कृष्ण भक्ति में चूर होते हैं भक्त, इस महीने को माना जाता है बेहद पवित्र माना जाता है । कार्तिक मास के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। कार्तिक मास के अवसर पर पूरे महीने श्री कृष्ण की सेवा की जाती है और प्रात- काल प्रभात फेरी निकाली जाती है। राकेश कुमार जी व महावीर गोयल जी ने बताया कि इस दौरान भगवान की बड़ी नियम सेवा की जाती है। इस महीने जो मनुष्य संयम के साथ नियमों का पालन करता है उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही भगवान की भक्ति में लीन होकर उसके करीब पहुंचने का यह उत्तम समय है। कार्तिक मास में सात नियमों का पालन करना आवश्यक बताया गया है, जिनसे मनुष्य को समस्त सुखों की प्राप्ति होती है। यह माह भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी को अत्यंत प्रिय है। इसमें भगवान विष्णु के कृष्ण अवतार को पूजा जाता है। इस दौरान, सभी भक्त सुबह 5 बजे जल्दी उठकर भजन-कीर्तन करते हुए नयागांव की गलियों में घूमते हैं और भगवान कृष्ण की भक्ति में लीन रहते हैं। इसमें लगभग 50 से अधिक भक्त भाग लेते है ।

# उपायुक्त ने समाधान शिविर में 6 लोगों की सुनी समस्याएं

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई

**पंचकूला, 17 अक्टूबर।** उपायुक्त सतपाल शर्मा ने बुढ़नपुर के लोगों की समय पर कूड़ा न उठाने और मीट की दुकान को हटवाने की शिकायत पर कारवाई करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारी को मौके पर जाकर जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त आज लघु सचिवालय के सभागार में सरकार द्वारा निर्देशित समाधान शिविर में जिलावासियों की समस्याएं सुन रहे थे। उपायुक्त ने आज समाधान शिविर में 6 लोगों की समस्याएं सुनी व संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है । जिले में सोमवार व वीरवार को कार्यदिवस के दिन प्रातः 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन लगातार किया जा रहा है। उन्होने बताया कि समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं की मुख्यमंत्री स्वयं मानिटरिंग करते हैं और समाधान शिविर से जुडते भी हैं।

इस अवसर पर नगराधीश जागृति, जिला विकास एव पंचायत अधिकारी विशाल पराशर, तहसीलदार सुरेश कुमार, जिला वन अधिकारी, जिला बागवानी अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, पीडब्ल्यूडी बी एंड आर, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, सिंचाई, नगर निगम, नगर परिषद, पुलिस तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# एसडी कॉलेज करेगा 66वें पीयू जोनल यूथ एंड हेरिटेज फेस्टिवल की मेजबानी, वीसी ने किया लोगो का अनावरण

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज 66 वें पंजाब यूनिवर्सिटी ज़ोनल यूथ एंड हेरिटेज फेस्टिवल 2025-26 की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। यह फेस्टिवल दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। फेस्टिवल का पहला चरण 25 व 26 अक्टूबर को होगा और दूसरा चरण 1 व 2 नवंबर को आयोजित होगा। इसमें संगीत, नृत्य, रंगमंच, साहित्य और ललित कलाओं में विविध प्रकार की प्रतियोगिताएं प्रदर्शित की जाएंगी। यूथ फेस्टिवल के आधिकारिक लोगो अनावरण समारोह का आयोजन वीरवार को पंजाब यूनिवर्सिटी के वाइस-चांसलर कार्यालय में हुआ और पीयू की वीसी प्रो. रेणु विग ने डॉयरेक्टर यूथ वेलफेयर सुखजिंदर ऋषि, असिसटेंट डॉयरेक्टर तेजिंदर गिल, जीजीडीएसडी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा, एएस कॉलेज, खन्ना के प्रिंसिपल डॉ. केके शर्मा और आयोजन सचिव व डीन को-करिकुलर एक्टीविटीज प्रो. रविंदरजीत सिंह की उपस्थिति में लोगो का अनावरण किया।

लुधियाना स्थित आत्म वल्लभ जैन कॉलेज के कामर्स विभाग के डॉ. मनोज अरोड़ा द्वारा डिज़ाइन किया गया यह लोगो विविधता में एकता और युवाओं की जीवंत भावना का खूबसूरती से प्रतीक है। यह इस वर्ष की थीम - ÷एक सतत भविष्य के लिए प्रकृति का पोषण÷ का एक दृश्य रूप है। उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने इस प्रतिष्ठित सांस्कृतिक कार्यक्रम की मेजबानी के लिए चुने जाने पर प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा और जीजीडीएसडी कॉलेज की फैकल्टी को बधाई दी।

# छठ घाट का निरीक्षण करने पहुंचे मेयर ने तैयारी तेज करने के दिए निर्देश

**पंचकूला।** महापौर कुलभूषण गोयल ने वीरवार को सेक्टर 21 स्थित घग्गर नदी किनारे बनाए जा रहे छठ घाट का निरीक्षण किया। आगामी 25 अक्तूबर से शुरू होने वाले छठ पूजन की तैयारियों का जायजा लेते हुए उन्होंने नगर निगम अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

महापौर ने कहा कि छठ पूजा आस्था और पवित्रता का पर्व है, जो मुख्यत- उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड के लोगों द्वारा मनाया जाता है, लेकिन पंचकूला में भी हजारों श्रद्धालु पूरे उत्साह से इसमें भाग लेते हैं। उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि घाट के आसपास सफाई अभियान को तेज किया जाए, जेसीबी की मदद से मिट्टी को समतल किया जाए और प्रकाश, पेयजल एवं सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था की जाए।

# नायब के 46 संकल्प 'नायाब'

## नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा ने भरी विकास की उड़ान

**हरियाणा की एक साल में बदली तस्वीर, रोजगार से विकास तक नई दिशा**






**17 अक्टूबर 2025 को, उनके नेतृत्व का एक वर्ष पूरा हो रहा है – एक ऐसा वर्ष जिसने हरियाणा की दिशा और दशा, दोनों में बदलाव की नींव रखी**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 18 अक्टूबर।** मुस्कान में आत्मविश्वास, स्वभाव में सादगी और काम में गति – यही तीन विशेषताएं हैं जो मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को अलग बनाती हैं। 12 मार्च 2024 को पहली बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले सैनी ने कुछ ही महीनों में अपनी कार्यशैली से न केवल जनता का भरोसा जीता, बल्कि अक्टूबर 2024 में हुए विधानसभा चुनावों में दोबारा प्रचंड जनादेश पाकर यह साबित कर दिया कि जनता विकास और पारदर्शिता को प्राथमिकता देती है।

आज, 17 अक्टूबर 2025 को, उनके नेतृत्व का एक वर्ष पूरा हो रहा है – एक ऐसा वर्ष जिसने हरियाणा की दिशा और दशा, दोनों में बदलाव की नींव रखी है। 'विकसित भारत' के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विज़न को साकार करते हुए नायब सैनी ने हरियाणा को 'विकसित हरियाणा' बनाने का जो सफर शुरू किया है, उसने जनकल्याण, पारदर्शिता और सुशासन के नए मानक स्थापित किए हैं।विपक्ष की आलोचनाओं और भ्रम फैलाने की कोशिशों के बीच नायब सिंह सैनी ने अपने सहज स्वभाव, मुस्कराते आत्मविश्वास और ज़मीनी नेतृत्व से हरियाणा की जनता का दिल जीता। विधानसभा चुनावों में 48 सीटों की ऐतिहासिक जीत ने यह साफ कर दिया कि जनता ने उनके काम, नीयत और नेतृत्व पर भरोसा जताया है।

मुख्यमंत्री बनने के बाद से सैनी का पूरा ध्यान राजनीति से ज़्यादा जनसेवा और विकास पर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' विज़न को साकार करने की दिशा में वे हरियाणा की भूमिका को निर्णायक बनाना चाहते हैं। संकल्प पत्र में किए गए 46 वादों को धरातल पर उतारने के साथ-साथ नायब सरकार ने कई नई योजनाएं शुरू की हैं – जिनका उद्देश्य गरीबों को सशक्त बनाना, युवाओं को अवसर देना, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और किसानों को सम्मानजनक जीवन देना है।

सरकारी व्यवस्थाओं में पारदर्शिता लाकर उन्होंने 'पर्ची-खर्ची' जैसी पुरानी व्यवस्था को समाप्त कर दिया है। यही कारण है कि आज हरियाणा में प्रशासन के साथ-साथ जनता के मन में भी विश्वास का एक नया अध्याय लिखा जा रहा है।

### किसान और ग्रामीण विकास

सरकार ने किसानों को फसल का भुगतान 48 घंटे में डीबीटी से — पारदर्शिता और भरोसे का उदाहरण पेश किया है। 24 फसलों की एमएसपी पर ख़रीद, किसान की मेहनत का सम्मान किया है। नकली खाद, बीज व कीटनाशक पर सख़्त क़ानून, 5 साल की सजा तक का प्रावधान किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में 500 गज तक ज़मीन पर बसे परिवारों को मालिकाना हक़ और अमृत सरोवर पहल का विस्तार, हर ज़िले में जल संरक्षण को नई गति दी गई है। हांडी व धनिया फसलों पर अनुदान, किसानों की आय में वृद्धि की दिशा में बेहतरीन कदम उठाया गया है। हर ज़िले में कोल्ड स्टोरेज योजना प्रारंभ कृषि उत्पादों के संरक्षण की दिशा में क्रांति आई है।

### युवा और शिक्षा

24,000 युवाओं को सरकारी नौकरियां समूह–सी के पदों पर पारदर्शी चयन हुआ है। इसी प्रकार सी.ई.टी. परीक्षा में 13.5 लाख युवाओं की भागीदारी, भरोसे की मिसाल बना है। सभी सरकारी कॉलेजों को डिजिटल लाइब्रेरी सदस्यता बनाया गया है। स्मार्ट आंगनवाड़ी परियोजना- 2804 आंगनवाड़ियों को अपग्रेड, लक्ष्य 2029 तक 10,000, पंडित दीनदयाल उपाध्याय सामूहिक पशुधन बीमा योजना से ग्रामीण आजीविका को सुरक्षित किया गया है। शहीद सैनिकों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति योजना, 60,000 से 96,000 तक वार्षिक सहायता, मातृभाषा विशेषज्ञों का मानदेय 15,000 से बढ़ाकर 20,000 रुपए किया गया है, जिससे उनका जीवन खुशहाल बना है।

### स्वास्थ्य और जनसेवा

सभी जिला अस्पतालों में मुफ़्त डायलिसिस सेवा शुरू की गई है। इससे मरीजों को राहत मिली है। 70 वर्ष से अधिक बुज़ुर्गों को 5 लाख तक मुफ़्त इलाज आयुष्मान योजना के तहत दिया गया है। प्रदेश में 'निरोगी हरियाणा' के तहत वरिष्ठ नागरिकों की मुफ़्त स्वास्थ्य जांच और मधुमेह, रक्तचाप और हृदय रोगों की जांच हेतु गैर–संचारी रोग क्लिनिक से लोगों को फायदा मिला है। आयुष हर्बल पार्क जींद और रेवाड़ी में प्राकृतिक चिकित्सा का नया केंद्र बनने से लोगों में नई चेतना का विकास हुआ है। इसी प्रकार हर घर–हर गृहिणी योजना- गरीब परिवारों को 500 में एलपीजी सिलेंडर मिलने से आर्थिक राहत मिली है।

### बुनियादी ढांचा और कनेक्टिविटी

प्रदेश सरकार की तरफ से सड़क उन्नयन परियोजना के तहत 4827 करोड़ से 9410 किमी लंबी 4227 सड़कों का पुनर्निर्माण किया गया है। हिसार एयरपोर्ट से अयोध्या, जयपुर, दिल्ली व चंडीगढ़ के लिए सीधी उड़ानें शुरू होने के बाद हरियाणा ने नई बुलंदियों को छुआ है। 800 मेगावॉट का नया थर्मल पावर प्लांट (यमुनानगर) की आधारशिला रखी गई है। साथ ही शहरी और ग्रामीण जल निकासी सुधार योजना, बरसात में राहत हेतु नई पहल से जनता में विश्वास पैदा हुआ है। हर गांव को मुख्य सड़कों से जोड़ने की नीति विकास की डोर हर घर तक पहुंची है और लोगों में खुशी की लहर है।

### महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा

'लाडो लक्ष्मी योजना' पात्र महिलाओं को 2100 प्रतिमाह वित्तीय सहायता से महिलाओं में खुशी की लहर है। महिला सरकारी कर्मचारियों को मनचाहे दिन पर मासिक अवकाश का भी प्रावधान किया गया है। सीसीटीवी कवरेज का विस्तार, स्कूलङ्कॉलेजों के आसपास सुरक्षा की नई परत से सुरक्षा को यकीनी बनाया गया है। अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर 50,000 तक नकद पुरस्कार, प्रतिभा का सम्मान से दिव्यागजनों का आत्मविश्वास बढ़ा है। गरीब महिलाओं के लिए विशेष स्किल ट्रेनिंग केंद्रों की स्थापना की गई है, जिससे सैकड़ों महिलाओं के दैनिक जीवन में सुधार हुआ है।

### संस्कृति, खेल और गौरव

प्रदेश की धर्मस्थली 48 कोस कुरुक्षेत्र क्षेत्र के 182 प्राचीन तीर्थस्थलों का विकास हुआ है। अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती प्राधिकरण का गठन, खो–खो और कबड्डी को खेल महाकुंभ में शामिल किया गया है। खिलाड़ियों के लिए 500 रुपए प्रतिदिन डाइट मनी का प्रावधान किया गया है। 390 ब्लॉक स्तर इंडोर जिम, फिट हरियाणा की ओर बढ़ते कदम का सजग उदाहरण है। पितरों, शिव और शक्तिपीठों के संरक्षण हेतु तीर्थ परियोजना का विस्तार किया जा रहा है। ग्राम स्तर पर सांस्कृतिक महोत्सवों की पुनः शुरुआत होने से ग्रामीणों के चेरो पर मुस्कान आई है।

### शासन और पारदर्शिता

प्रदेश में 25–दिवसीय शिकायत समाधान ढांचा बनाया गया है। हर विभाग में जवाबदेही तय की गई है। अनुबंधित कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा अधिनियम 2024, लेक्चरर, इंजीनियर, पॉलीटेक्निक कर्मियों को स्थायित्व प्रदान किया गया है। एकीकृत पेंशन योजना के तहत सरकारी कर्मचारियों के लिए नई सुरक्षा व्यवस्था की गई है। छोटे व्यापारियों के लिए जीएसटी पूर्व करों का निपटान योजना लाई गई है। ड्रग रूट पर नियंत्रण हेतु नया क़ानून और एनडीपीएस मॉनिटरिंग सेल्स की स्थापना होने से अपराधियों पर शिकंजा कसने में राह आसान हुई है। हर उपमंडल में साइबर पुलिस सेल, डिजिटल सुरक्षा को नई ताकत मिली है। फास्ट ट्रैक कोर्ट्स से न्याय व्यवस्था में गति आई है। डिजिटल शासन और ई–खरीद प्रणाली, अब गेट पास घर बैठे बनाए जा सकते हैं। जनसेवा केंद्रों पर नागरिक सेवाओं का विस्तार होने से शासन को जनता तक पहुंचाया गया है।



### संकल्प जो सिद्ध किए

1. नए मंत्रिमंडल के गठन के साथ ही 24,000 युवाओं को ग्रुप सी की सरकारी नौकरियां दी।
2. सभी जिला सरकारी अस्पताल व मेडिकल कॉलेज में किडनी रोगियों के लिए मुफ्त डायलिसिस सेवा शुरु ।
3. 25–दिवसीय शिकायत समाधान ढांचा स्थापित और सभी सरकारी विभागों में नागरिक शिकायतों पर पारदर्शिता सुनिश्चित।
4. 2804 आंगनवाड़ियों को 'सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों में बदला जा रहा है। वर्ष 2029 तक 10,000 आंगनवाड़ियों को 'सक्षम आंगनवाड़ी' केंद्रों में बदला जाएगा।
5. किसानों को 48 घंटे के भीतर डी.बी.टी. के माध्यम से फसल खरीद का भुगतान ।
6. ई–खरीद एप्लीकेशन के माध्यम से घर बैठे गेट पास बनाने की सुविधा।
7. आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को 5 लाख रुपये तक के मुफ्त ईलाज की सुविधा ।
8. अनुबंधित कर्मचारी सेवा सुरक्षा अध्यादेश, 2024 की तर्ज पर शेष श्रेणियों जैसे एक्सटेंशन लेक्चरर, इंजीनियरिंग कॉलेज व पॉलिटेक्निक की गेस्ट फैकल्टी जैसी अनेक श्रेणियों के अनुबंधित कर्मचारियों की सेवाओं को सुरक्षित करने के लिए कानून।
9. खेल, रंगमंच, कला और संस्कृति के क्षेत्र में सफल दिव्यांगों को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर 50,000 रुपये तक नकद पुरस्कार ।
10. हरियाणा राज्य के गठन से पहले के पट्टेदारों को भूमि का मालिकाना हक दिया।
11. सभी 24 फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद ।
12. शैक्षणिक संस्थानों के आस–पास सी.सी.टी.वी कवरेज का विस्तार कर लड़कियों की सुरक्षा बढ़ाई गई।
13. मातृभाषा सत्याग्रहियों की पेंशन 15,000 रुपये से बढ़ाकर 20,000 रुपये की।
14. ग्रामीण क्षेत्र में 500 वर्ग गज तक की भूमि पर पिछले 20 वर्षों से अधिक समय से रिहायशी मकान बना कर रह रहे सभी परिवारों को भूमि का मालिकाना हक दिया।
15. सभी सरकारी कॉलेजों को डिजिटल लाइब्रेरी सदस्यता दी गई।
16. सभी जिलों को शामिल करने के लिए अमृत सरोवर पहल के तहत काम का विस्तार और तेजी लाने के लिए कदम उठाए।
17. नकली खाद, बीज और कीटनाशक बनाने व बेचने वालों को 5 साल की सजा देने का कानून लागू।
18. जींद व रेवाड़ी में आयुष हर्बल पार्क स्थापित ।
19. रेवाड़ी में सैन्य संग्रहालय स्थापित।
20. राज्य में हल्दी के लिए 30,000 रुपए प्रति एकड़ तथा धनिया के लिए 15,000 रुपए प्रति एकड़ की दर से अनुदान दिया जा रहा है।
21. राज्य के छोटे व्यापारियों को जी.एस.टी. से पहले के 7 अधिनियमों के तहत बकाये का निपटान करने के लिए एकमुश्त ब्याज व जुर्माना राहत स्कीम लागू ।
22. सभी अन्य पिछड़ा वर्ग के उद्यमियों को मुद्रा योजना के अतिरिक्त, 25 लाख रुपये के ऋण की गारंटी हरियाणा सरकार देगी।
23. डंकी रूट की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए कानून लागू ।
24. यमुनानगर में 800 मेगावाट का नया थर्मल पावर प्लांट की आधारशिला रखी गई।
25. हिसार हवाई अड्डे से अयोध्या, जयपुर, दिल्ली और चंडीगढ़ के लिए फ्लाइट शुरु।
26. सभी जिलों में फास्ट ट्रैक कोर्ट और केंद्रीकृत एन.डी.पी.एस. मॉनिटरिंग सेल स्थापित ।
27. हरियाणा के हर पुलिस उपमंडल में एक साइबर पुलिस सेल स्थापित।
28. मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोगों जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के निदान के लिए राज्य के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में गैर–संचारी रोग क्लीनिक स्थापित।
29. 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना' में वैष्णो देवी और शिरडी जैसे अतिरिक्त तीर्थ स्थलों को शामिल किया।
30. शहीद सैनिकों के बच्चों को 6वीं से 12वीं कक्षा तक 60,000 रुपये, स्नातक तक 72,000 रुपये तथा स्नातकोत्तर तक 96,000 रुपये प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति का प्रावधान।
31. महिला सरकारी कर्मचारियों को उनके मनचाहे दिन पर मासिक छुट्टी का प्रावधान।
32. हरियाणा सरकार के कर्मचारियों के लिए नई एकीकृत पेंशन योजना लागू ।
33. हर जिले में एक बड़ा कोल्ड स्टोरेज बनाने की योजना शुरू।
34. ग्रुप–सी के पदों के लिए लगभग 13.50 लाख युवाओं ने सी.ई.टी. परीक्षा दी ।
35. पंडित दीन दयाल उपाध्याय सामूहिक पशुधन बीमा योजना के तहत प्रति पशु 15ल्न प्रतिवर्ष प्रीमियम पर बीमा ।
36. पंडित दीन दयाल उपाध्याय सामूहिक पशुधन बीमा योजना के तहत अनुसूचित जाति परिवारों द्वारा पाले गए भेड़, बकरी और सूअर जैसे जानवरों का बीमा मुफ़्त किया जा रहा है।
37. हर हरियाणवी अग्निवीर को सरकारी नौकरी की गारंटी।
38. खिलाड़ियों को 500 रुपये प्रतिदिन डाइट मनी।
39. सड़क उत्थान परियोजना शुरु, लगभग 4827 करोड़ रुपये से 9410 किलोमीटर लम्बी 4227 सड़कों की मरम्मत का कार्य प्रगति पर।
40. हरियाणा के ब्लॉकों में 390 इंडोर जिम की स्थापना की गई।
41. दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 2,100 रुपये की वित्तीय सहायता।
42. हर घर–हर गृहिणी योजना के तहत अंत्योदय तथा बी.पी.एल. परिवारों को केवल 500 रुपये में एल.पी.जी. सिलेंडर दिया जा रहा है।
43. हरियाणा अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती मेला प्राधिकरण गठित ।
44. खो–खो और कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों को खेल महाकुम्भ में शामिल कर प्रतियोगिता करवाई गई।
45. निरोगी हरियाणा योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की निःशुल्क जाँच की जा रही है।
46. 48 कोस कुरुक्षेत्र में आने वाले सभी 182 महाभारत, पितृ मोक्ष, शिव, शक्ति और अन्य प्राचीन तीर्थ स्थलों पर विकास कार्य प्रगति पर और तीर्थाटन को बढ़ाने के लिए 2 परिक्रमा बस सर्विस शुरु ।

# यूपी का चमत्कारी पाटेश्वरी मंदिर, त्रेता युग से जल रही है अखंड धूनी

हिंदू धर्म में मां सती के 51 शक्तिपीठों को विशेष दर्जा प्राप्त है। मां सती के 51 शक्तिपीठ अलग-अलग जगह मौजूद हैं और इन शक्तिपीठों के निर्माण का कारण पुराणों में विस्तार से बताया गया है। इन 51 शक्तिपीठों में उत्तर प्रदेश का पाटेश्वरी देवी मंदिर भी शामिल है। यह स्थान सिद्ध शक्तिपीठ के साथ योगपीठ है। यह मंदिर तंत्र साधना के लिए भी प्रसिद्ध है और साधक यहां पर विशेष अनुष्ठान करते हैं। मंदिर के गर्भगृह में स्थित मां की मूर्ति स्वयंभू मानी जाती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस मंदिर का इतिहास और महत्व के बारे में बताने जा रहे हैं।



**आस्था का केंद्र है ये मंदिर:** धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक जहां अब पाटेश्वरी देवी का मंदिर है। वहां पर मां सती का बायां कंधा और पट गिरा था। जिसका खास महत्व माना जाता है। मंदिर में मां पाटेश्वरी देवी की प्रतिमा भी विराजमान है। यह मंदिर उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले में स्थित है, जोकि आज भी लोगों के बीच आस्था का केंद्र बना हुआ है।


**आध्यात्मिक उन्नति:** नवरात्रि के मौके पर मां पाटेश्वरी की विशेष पूजा की जाती है। ऐसे में इस दौरान अधिक संख्या में दूर-दूर से भक्त आते हैं। जो लोग मां की पिंडी के पास चावल की ढेरी बनाते हैं, जिसके बाद उसकी पूजा कर चावल को प्रसाद के रूप में वितरित किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि जो भी भक्त मां पाटेश्वरी की सच्चे मन से पूजा करते हैं, उनको मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति की प्राप्ति होती है।

**त्रेता युग से जल रही है धूनी:** बता दें कि मां पाटेश्वरी देवी मंदिर में आज भी अखंड धूनी जल रही है। पौराणिक कथा के मुताबिक गुरु गोरक्षनाथ जी महाराज ने त्रेता युग के दौरान मां पाटेश्वरी को प्रसन्न करने के लिए ज्यादा तपस्या की थी। ऐसे में उन्होंने एक धूनी को प्रज्वलित किया था, जो आज भी जल रही है। मंदिर के गर्भ गृह में भक्तों को नियमों का पालन करना पड़ता है। वहीं जो लोग इस मंदिर के राख को अपने घर ले जाते हैं, जिससे जीवन के सभी तरह के कष्ट खत्म हो जाते हैं।

**कुण्ड में स्नान से दूर होता है चर्म रोग:** इस मंदिर में एक सूर्य कुण्ड भी है और धार्मिक मान्यता के मुताबिक महाभारत काल के दौरान कर्ण ने इस पवित्र स्थान पर स्नान किया था। फिर सूर्य देव को जल अर्पित किया था और इसी कारण से इस कुण्ड का नाम सूर्य कुण्ड पड़ा। इस कुंड में स्नान करने से चर्म रोगों से छुटकारा मिलता है।

## गोहाना मंडी का दौरा करने पहुंचे भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कहा-

# किसानों से हो रही खुली लूट, एमएसपी से कम रेट में बिक रही धान



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आज गोहाना की अनाज मंडी का दौरा किया। उन्होंने वहां किसानों, आढ़तियों और मजदूरों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को समझा। पत्रकारों से बातचीत में हुड्डा ने कहा कि वो लगातार प्रदेश की मंडियों का दौरा कर रहे हैं। गोहाना समेत तमाम मंडियों में किसानों ने ऐसी ही शिकायतें की थीं।

किसानों ने बताया कि मंडियों में उनके साथ खुली लूट हो रही है। उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम रेट पर फसल बेचनी पड़ रही है और धान खरीद में भारी अनियमितताएं हो रही हैं। मंडी में गेट पास बनवाने और फसल रखने की जगह ना मिलने से उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। सरकारी एजेंसियां नमी या काले दानों का बहाना बनाकर धान खरीदने से इनकार कर रही हैं, जिसके कारण किसानों को एमएसपी से 500 तक प्रति क्विंटल कम दाम मिल रहे हैं।

हुड्डा ने कहा कि इस बार भारी बारिश, बाढ़ और जलभराव ने किसानों की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। कई जगह फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई, और जो फसल बची है, उसमें उत्पादन बहुत कम है। उसपर सितम ये कि सरकार बची हुई फसल का भी पूरा रेट नहीं दे रही। उन्होंने मांग करी कि सरकार धान खरीद में 22-24 प्रतिशत नमी पर छूट दे, काले दानों में राहत प्रदान करे और 500 प्रति क्विंटल बोनस की घोषणा करे। हुड्डा ने कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव से पहले धान का रेट 3100 प्रति क्विंटल देने का वादा किया था, लेकिन अब किसानों को स्वक्कभी नहीं मिल रहा। मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल, रजिस्ट्रेशन और गेट पास की जटिलताओं ने किसानों को परेशान कर रखा है। फसल उठान में देरी और भुगतान में लेटलतीफी से उनकी मुश्किलें और बढ़ रही हैं। सरकार को इन समस्याओं के समाधान के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए।

# हरियाणा खेल विश्वविद्यालय राई के जिम्नास्ट्स को कुलपति अशोक कुमार ने दी शुभकामनाएं



**एशियन एक्रोबेटिक्स चैंपियनशिप में करेंगे अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधित्व**


अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनपत।** खेल विश्वविद्यालय हरियाणा के जिम्नास्ट्स – सागर, सचिन और राहुल – आगामी एशियन एक्रोबेटिक्स चैंपियनशिप (गोवा, भारत) में भाग लेने जा रहे हैं। विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद यह पहली बार है जब नियमित विद्यार्थी विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कर रहे हैं, जो विश्वविद्यालय की उल्लेखनीय उपलब्धि है। कुलपति अशोक कुमार ने विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित प्रीपरेटरी कोचिंग कैंप का निरीक्षण किया, खिलाड़ियों के प्रशिक्षण की सराहना की और उन्हें पदक जीतने की शुभकामनाएँ दीं। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण, संतुलित आहार, उत्तम आवास, तकनीकी सहयोग एवं संपूर्ण खेल समर्थन प्रदान किया गया। कुलपति महोदय ने कहा कि यह सफलता खेल विश्वविद्यालय हरियाणा की दूरदर्शी नीतियों और सुदृढ़ खेल ढाँचे का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सागर, सचिन और राहुल अपने प्रदर्शन से विश्वविद्यालय और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

# मानव है तो मानवता का होना भी जरूरी है

इन्सानों ने सोच लिया है कि किसी खास प्रकार के कपड़े पहनना ही धर्म है और किसी विशेष प्रकार की क्रिया करने के साथ ही धर्म की पहचान बनती है। लेकिन महापुरुषों का सीधा ही फैसला हे कि अगर इन्सानियत है तो फिर धर्म भी है। एक मानव है तो मानवता का होना भी जरुरी है। अगर मानव है लेकिन मानवता नहीं, इन्सान है इन्सानियत नहीं फिर वो किस लिहाज से भक्तों की श्रेणी में आ सकता है? उसे किस प्रकार से धर्म का पैरोकार माना जा सकता है। तो यहां पर यही प्रार्थना की जा रही है कि यदातार कृपा करें कि हम मानवता-इंसानियत का दामन न छोड़ें। हम ऐसे रास्ते पर चलते चले जायें जिसे इन्सानियम कहते हैं।

मानवता जिसे कहते हैं उसमें प्यार होना लाजिमी है। भक्त जिसे कहते हैं उसमें अगर प्यार की कमी है तो वो हमारी सच्ची पहचान नहीं बनती। इसलिए प्यार का होना जरुरी है। प्रेम के भाव से युक्त होकर प्यार भरा व्यवहार करना जरुरी है और यही भक्तजन करते आये हैं। इसलिए उन्होंने प्यार के सबक को सबसे उत्तम कहा है। जो इस प्यार के पाठ को अपना लेते हैं उनके लिये कबीर जीने कहा है-



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

पोथी पढ़ी पढ़ी जग मुआ पंडित भया न कोय,
ढाई आखर प्रेम के पढ़े सो पंडित होय।।

प्रेम से ही पंडित बनते हैं कोई विशेष जाति में पैदा होने से नहीं, कोई ऊंची शिक्षा हासिल करने से नहीं, कोई ऊंची शिक्षा हासिल करने से नहीं। कबीर जी कहते हैं, उसी काशी नगरी में जहां सारे पढ़े-लिखे लोग मौजूद हैं, अनेक प्रकार की क्रियायें हो रही हैं, उन्हीं के बीच रह कर उन्होंने यह पैगाम दिया कि आप पंडित कहलाना चाहते हो लेकिन ढाई अक्षर प्रेम क आज तक पढ़े ही नहीं तो फिर किस प्रकार की पोथियां आप पढ़ रहे हैं?

पढ़ पढ़ के इस दुनिया से रुख़सत भी हो गए लेकिन प्यार वाली देन नहीं दी, प्यार भरा व्यवहार नहीं किया। अगर दूसरों को देखा है तो नफ़रत की नज़र से देखा है, घृणा के भाव से देखा है। दूसरों को अपने से नीचे माना है, उनसे नफ़रत की है, उनके प्रति जलन की भावना रखी है तो फिर पढ़ा ही क्या है? अगर प्यार का पाठ ही नहीं पढ़ा है, यह सीखा ही नहीं है तो इस प्रकार की गलतफहमियों के बीच में जीने वाल इस धरती पर तो अनोखें ही हुए। उसको गलतफहमी कह लो या खुशफहमी कह लो कि जो ऐसा मानकर चलते आ रहे हैं।

यह तो वास्तविकता में बाहरी सिलसिले हैं कि इन्हें हम निभाते चले जाएं, पठन-पाठन करते चले जायें, हम माला फेरते चले जाएं, हम यात्रा करते चले जाएं, हम विशेष प्रकार के कपड़े पहनते चले जाएं, हम अपने शरीर पर चंदन का लेप लगाते चले जाएं या फिर अपने शरीर पर भस्म मलते चले जाएं तो फिर क्या यही पहचान बनी है धर्म की, धर्मी होने की?

## पंचांग

शुक्रवार, 17 अक्तूबर, 2025, सूर्योदयः 06:23 ए एम, सूर्यास्तः 05:49 पी एम, चन्द्रोदयः 03:24 ए एम, अक्टूबर 18, चन्द्रास्तः 03:38 पी एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः आश्विन, पूर्णिमान्त महीनाः कार्तिक, वारः शुक्रवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः एकादशी - 11:12 ए एम तक, नक्षत्रः मघा - 01:57 पी एम तक, योगः शुक्ल - 01:49 ए एम, अक्टूबर 18 तक, करणः बालव - 11:12 ए एम तक, द्वितीय करणः कौलव - 11:42 पी एम तक, सूर्य राशिः कन्या - 01:54 पी एम तक, चन्द्र राशिः सिंह, राहुकालः 10:40 ए एम से 12:06 पी एम, गुलिक कालः 07:49 ए एम से 09:15 ए एम, यमगण्डः 02:58 पी एम से 04:24 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:43 ए एम से 12:29 पी एम, दुर्मुहूर्तः 08:40 ए एम से 09:26 ए एम, दुर्मुहूर्तः 12:29 पी एम से 01:15 पी एम, अमृत कालः 11:26 ए एम से 01:07 पी एम, वर्ज्यः 10:32 पी एम से 12:15 ए एम, अक्टूबर 18

## भविष्य फल

**मेषः** आज आप अपनी फिटनेस को लेकर कोई नया कार्यक्रम शुरू कर सकते हैं। आपके भाग्य की प्रबलता आपको अनेक जगहों पर आगे बढ़ाएगी।

**वृषः** तुम्हारा हठ तुम्हारा पतन होगा। आराम से दृष्टिकोण करें और भले ही चीजें आपके खिलाफ हो रही हों, लचीला हो।

**मिथुनः** आज आप अपने जीवन में कुछ सकारात्मक बदलाव लाने की कोशिश करेंगे।

**कर्कः** भाग्य और कर्म किसी पर आपका जीवन आगे बढ़ेगा। आप भाग्य में भी विश्वास रखेंगे और खूब मेहनत भी करेंगे।

**सिंहः** आपके परिवार के सदस्यों को आपका ध्यान आकर्षित करने और शाम को खाने के लिए बाहर ले जाने की आवश्यकता हो सकती है।

**कन्याः** आज आपकी किस्मत खुलने वाली है बहुत बड़ा धन लाभ होगा। कारोबार सम्बन्धी कोई योजना यदि आपके मन में चल रही है तो इसे आज पूरा किया जा सकता है।

**तुलाः** जीवन साथी की सेहत बिगड़ सकती है, जिस पर आपको अच्छा खासा पैसा भी खर्च करना पड़ सकता है। समय रहते इलाज पर ध्यान दें।

**वृश्चिकः** आपको अपने जीवन की कुछ कठिन चुनौतियों का सामना करने की संभावना है।

**धनुः** आज दांपत्य जीवन में कहीं ना कहीं मतभेद तथा रुठना-मनाना चलता रहेगा। आप की मनोकामनाएं पूर्ण होंगी।

**मकरः** आपको यात्रा समाप्त करके दोपहर तक अपने घर वापसी कर सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों का सहयोग आपके काम में मिलेगा।

**कुंभः** कम झूठ बोलना और भविष्य के लिए अपनी ऊर्जा का संरक्षण करना सबसे अच्छा है।

**मीनः** आज प्रत्येक कार्य में आपको सफलता प्राप्त होगी। ऊपरी अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। आपके साथ कुछ ना कुछ अच्छा होगा।

# 'मेडिएशन फॉर द नेशन' के प्रति जागरूकता के लिए डीएलएसए सचिव प्रचेता सिंह ने ग्रामीणों के साथ की बैठक



**महलाना, मोहाना, जुआं व भटगांव के ग्रामीण रहे उपस्थित**

**मध्यस्थता के माध्यम से न्याय तक पहुंच की दिशा में कदम**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रचेता सिंह ने बताया कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा वैकल्पिक विवाद निवारण प्रणाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष जन-जागरूकता अभियान 'मेडिएशन फॉर द नेशन' के तहत गाँव महलाना, मोहाना,जुआं व भटगांव के ग्रामीणों के साथ बैठक की। यह अभियान भारत के न्यायिक तंत्र पर बढ़ते बोझ को कम करने और जनता को त्वरित, सरल, सुलभ तथा सौहार्दपूर्ण न्याय उपलब्ध कराने के लिए मध्यस्थता (मेडिएशन) के महत्व को रेखांकित करता है। अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न अदालतों में चल रहे मुकदमो को मध्यस्थता केंद्र द्वारा सुलझाने के प्रयास किया जायेगा।

डीएलएसए सचिव प्रचेता सिंह ने बताया कि मेडिएशन फॉर नेशन के तहत ब्लॉक विकास एवं पंचायत अधिकारी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करेंगे। बीडीपीओ अंकुर ने ग्रामीणो को बताया की किस प्रकार सामुदायिक मध्यस्थता के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर अपनी आपसी विवादों का निपटारा आपसी सहमति से किया जा सकता है जिस समय एवं धन की बचत होगी और सामाजिक सौहार्द बना रहेगा। मध्यस्थों के माध्यम से गाँव के लोग आपसी बातचीत और सहमति से अपने विवादों का समाधान कर सकेंगे, जिससे आपसी रिश्तों में सुधार होगा और न्याय सभी तक आसानी से पहुँच सकेगा। उन्होंने कहा की जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सभी ग्रामवासियों से अपील करता है कि निकट भविष्य में वे इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएँ और विवादों का शांतिपूर्ण समाधान प्राप्त करे। अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, सोनीपत के हेल्प लाइन नंबर 0130-2220057 पर संपर्क किया जा सकता है। इस अवसर पर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अंकुर , जिला विधिक सेवा द्वारा नियुक्त किए गए मेडिएटर कुलदीप सिंह, ओमप्रकाश रंगा, सुनीता, अधिवक्ता एवं मध्यस्था प्रशिक्षक यशपाल दहिया, संबंधित गांव के सरपंच व गणमान्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## छठ पूजा पर जल प्रदूषण रोकने के लिए सोनीपत में सभी औद्योगिक इकाइयों को निर्देश

# अपना अपशिष्ट जल केवल ईटीपी में डालें

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। उपायुक्त सुशील सारवान ने एचएसआई आईडीसी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि छठ पूजा के समय जल प्रदूषण को रोकने के लिए वो अपने स्तर पर कार्य कर, सभी औद्योगिक ईकाईयों से ये सुनिश्चित करवाएं कि वो अपना जल अपशिष्ट अपने क्षेत्र के ईटीपी में डाले। कोई भी औद्योगिक ईकाई अपने औद्योगिक अपशिष्ट को बाहर खुले में या ड्रेन में न डाले। ऐसा करते पाए जाने पर औद्योगिक ईकाई के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में कार्यरत सभी एसटीपी व सीटीपी अपनी पूरी क्षमता पर कार्य करें।



वीरवार को हरियाणा सरकार में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने छठ पूजा के समय होने वाले यमुना व अन्य जल स्रोत में प्रदूषण को रोकने के लिए संबंधित उपायुक्तों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव ने उपायुक्तों को आवश्यक दिशा-निदेश दिए। मुख्य सचिव की बैठक उपरांत उपायुक्त सुशील सारवान ने अधिकारियों को निर्देश दिए की सोनीपत में यमुना व अन्य जल स्रोत में कम से कम बीओडी हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। दीपावली से छह दीन बाद होने वाले इस त्यौहार मे आमजन को किसी भी तरह की प्रदूषण से संबंधित समस्या न हो। उपायुक्त ने बैठक के दौरान पिछली बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशन पर संबंधित विभागों ने अब तक क्या कार्यवाही की उसकी रिपोर्ट ली।

उन्होंने एचएसआईआईडीसी विभाग से औद्योगिक क्षेत्रो के प्रवेश व निकास द्वार पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरो, व औद्योगिक क्षेत्रों में टैकरों के प्रवेश व निकास पर निगरानी की रिपोर्ट ली। उन्होंने ड्रेन नम्बर 6 से संबंधित सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो इसे 6 भागो में बांट लें व प्रत्येक भाग पर बीओडी चैक किया जाए। हर भाग पर अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाए। जिससे यमुना व अन्य जल स्रोत पर प्रदूषण को रोका जा सके। सभी अधिकारी अपनी ड्यूटी ईमानदारी से निभाए, लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को बख्शा नही जाएगा। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, नगराधीश डॉ. अनमोल, एसीपी ऋषिकांत शर्मा व सभी संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# जिला युवा महोत्सव के आयोजन की तिथि में बदलाव

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि अब जिला युवा महोत्सव का आयोजन 6 नवंबर से 7 नवंबर तक किया जाएगा। जिसमें छात्र-छात्राओं के आवेदन की अंतिम तिथि 05 नवंबर रहेगी। उन्होंने बताया कि जिला युवा महोत्सव के आयोजन की तिथि में बदलाव जिला शिक्षा विभाग की अर्ध-वार्षिक परीक्षाएं और प्रशासनिक कारणों से किया गया है। पहले युवा महोत्सव को आयोजन 29 व 30 अक्टूबर को होना निश्चित हुआ था। उन्होंने बताया कि यह आयोजन जिले के युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा। जिला युवा महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक, वैज्ञानिक व अन्य विभिन्न-विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं को आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव में 15 से 29 वर्ष की आयु वर्ग के प्रतिभाशाली युवा भाग ले सकते है। सभी इच्छुक प्रतिभागी अपने निकटतम आईटीआई में जाकर 5 नवंबर तक अपना पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करे। पंजीकरण के समय प्रतिभागियों को आधार कार्ड एवं बैंक खाते की मूल प्रति साथ लानी होगी।

# पोषण माह समापन एवं स्मार्ट आंगनवाड़ी प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। महिला एवं बाल विकास विभाग, सोनीपत द्वारा रॉकेट लर्निंग के सहयोग से वीरवार को 8वे राष्ट्रीय पोषण माह समापन समारोह एवं स्मार्ट आंगनवाड़ी प्रमाण पत्र वितरण समारोह का सफल आयोजन किया गया। समापन समारोह का आयोजन जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रवीन कुमारी, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती गीता, एवं रॉकेट लर्निंग के प्रोग्राम मैनेजर रितेश की उपस्थित में किया गया।



कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवीन कुमारी ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पोषण माह के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की और समुदाय में पोषण, स्वास्थ्य जागरूकता तथा प्रारंभिक बाल शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रयासों की प्रशंसा की। इस अवसर पर उन स्मार्ट आंगनवाड़ी केंद्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए, जिन्होंने डिजिटल और नवाचारपूर्ण प्रयासों के माध्यम से उत्कृष्ट कार्य किया है।

कार्यक्रम अधिकारी प्रवीन कुमारी ने कहा कि ऐसी पहलें बच्चों और महिलाओं के पोषण एवं समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम का समापन अन्य अधिकारियों के प्रेरणादायक संदेशों के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने समुदाय की सक्रिय भागीदारी एवं आंगनवाड़ी में डिजिटल तकनीक के सतत विकास की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया।

# जीएसटी 2.0 एक ऐसा सुधार है जो आम लोगों को मिलेगी राहत : पीएम मोदी

निवेश के लिए सरकारों पर भरोसा ज़रूरी है

गठबंधन के नेतृत्व में 15 साल तक एक स्थिर सरकार चलनी चाहिए

सुपर जीएसटी सुपर बचत सभा में उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

कुरनूल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के माध्यम से देश को विश्व मानचित्र प्रदेश'देश में कर का बोझ तो बढ़ा है, लेकिन कर रिटर्न में कभी कमी नहीं आई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाए गए जीएसटी 2.0 सुधार से गरीबों और आम लोगों को बड़े पैमाने पर लाभ होगा। लोगों को शिक्षा और चिकित्सा खर्च के बोझ से राहत मिलेगी।' उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने स्पष्ट किया। जीएसटी 2.0 से हर परिवार को सालाना 20 हज़ार रुपये तक की बचत होगी।

उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के माध्यम से देश को विश्व मानचित्र पर स्थापित करने वाले श्री मोदी के प्रयासों से देश और राज्य में निवेश का प्रवाह बढ़ रहा है।



उन्होंने कहा कि गूगल जैसी बड़ी परियोजनाएँ आंध्र प्रदेश में आई हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को एक कर्मयोगी बताया जो बिना किसी परिणाम की आशा किए देश के लिए काम करते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, राज्य के राज्यपाल न्यायमूर्ति अब्दुल नज़ीर, मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, केंद्रीय और राज्य के मंत्री तथा उपमुख्यमंत्री कुरनूल शहर के उपनगर नन्नूर में सुपर जीएसटी - सुपर बचत के नाम से आयोजित जनसभा में शामिल हुए।

इस अवसर पर सभा में उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए, पवन कल्याण ने कहा हम भाग्यशाली हैं कि हमें श्री नरेंद्र मोदी जैसे व्यक्ति का प्रधानमंत्री के रूप में साथ मिला है जो धर्म को आगे बढ़ा रहे हैं। श्री मोदी न केवल देश का नेतृत्व कर रहे हैं बल्कि भावी पीढ़ी का भी मार्गदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत का संकल्प लिया है ताकि देश आगे बढ़ सके। उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया है कि हम केवल सेवक नहीं हैं, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर विश्व का मार्गदर्शन भी करेंगे। उन्होंने अपने कार्यों से यह दर्शाया है कि भारत एक अग्रणी देश है।

**हम जन आकांक्षाओं को आगे ले जाएंगे :** जिस प्रकार किसी देश का ध्वज पुरुषोचित होता है। उसी प्रकार, हमारे देश को विश्व मानचित्र पर स्थापित करने वाले श्री मोदी आज हमारे राज्य में आए हैं और 13 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यक्रमों का शुभारंभ किया है। अकेले ओर्वाकल औद्योगिक क्षेत्र में ही 4 हज़ार करोड़ रुपये का निवेश आ रहा है। निवेश आना चाहिए, जिसका अर्थ है सरकारों में विश्वास होना चाहिए। गठबंधन सरकार कम से कम 15 वर्षों तक सत्ता में रहनी चाहिए। निवेश को उद्योगों का विश्वास अर्जित करना चाहिए। हम साथ मिलकर काम करते रहेंगे और बिना किसी समझौते के एक स्थिर सरकार बनाएँ। मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री श्री चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में, हम जनता की आकांक्षाओं को आगे बढ़ाएँगे।

इससे पहले, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का सुपर जीएसटी सुपर बचत सभा के मंच पर मुख्यमंत्री श्री चंद्रबाबू नायडू और श्री पवन कल्याण ने अभिनंदन किया। उन्हें भगवान शिव की एक प्रतिमा भेंट की गई।

## भारत में सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि चिंताजनक 'गोल्डन ऑवर' के महत्व पर विशेषज्ञों ने दिया जोर



अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। पार्क हॉस्पिटल, मोहाली की टीम ने सड़क दुर्घटनाओं और ट्रॉमा सेवाओं के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त की। डायरेक्टर आर्थोपेडिक्स डॉ. भानु प्रताप सिंह ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में वैश्विक स्तर पर सड़क दुर्घटनाओं में 5 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि भारत में 15.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारत में यातायात से संबंधित मौतों का 83त्न हिस्सा सड़क दुर्घटनाओं का है। डॉ. सिंह ने 'गोल्डन ऑवर' की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी दुर्घटना के बाद पहला 60 मिनट जीवनरक्षक साबित हो सकता है। डॉ. अंकुर शर्मा और डॉ. आशीष शर्मा ने बताया कि तेज गति, सीट बेल्ट न पहनना, नशे में गाड़ी चलाना, लाल बत्ती तोड़ना और दोपहिया वाहन पर सुरक्षा उपायों की अनदेखी प्रमुख कारण हैं। मोटरसाइकिल चालक दुर्घटना में 26 गुना अधिक जोखिम में हैं, लेकिन हेलमेट पहनने से जान बचाने की संभावना 42 प्रतिशत और मस्तिष्क चोट का खतरा 74 प्रतिशत तक कम होता है। पार्क अस्पताल, मोहाली अब ईसीएचएस, सीजीएचएस, ईएसआई और आयुष्मान हरियाणा सहित कई प्रमुख संस्थाओं से सूचीबद्ध है और सभी प्रकार की ट्रॉमा सर्जरी नियमित रूप से करता है। विशेषज्ञों ने आमजन से सड़क नियमों का पालन और सुरक्षा उपकरणों के उपयोग का आग्रह किया ताकि दुर्घटनाओं और जानलेवा चोटों को रोका जा सके।

राजद-कांग्रेस पर मुख्यमंत्री योगी का प्रहार, बोले

## ये फर्जी वोट डलवाएंगे, चेहरा नहीं दिखलाएंगे

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

**सहरसा/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार से बिहार विधानसभा के चुनावी रण में उतरे। उन्होंने दूसरी जनसभा सहरसा में की। यहां नामांकन रैली में सहरसा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार आलोक रंजन झा, प्रदेश सरकार के मंत्री व सोनबरसा से एनडीए प्रत्याशी रत्नेश सादा, महिषी से गुंजेश्वर शाह व सिमरी बख्तियारपुर से संजय सिंह (लोजपा) को जिताने की अपील की। सीएम ने कहा कि बिहार को आज जब मेट्रो, रेल कनेक्टिविटी, हाईवे, एक्सप्रेस वे, एयरपोर्ट, वाटरवे के रूप में पहचान मिल रही है तो इस पहचान को फिर से धूमिल करने के लिए राजद- कांग्रेस ने शिगूफा छोड़ा है कि विकास नहीं, बुर्का चाहिए, जिससे यह लोग फर्जी मतदान कराकर गरीबों-दलितों के हकों पर डकैती डाल सकें। चुनाव में यह विकास की बात नहीं कर रहे। इन्हें बुर्का चाहिए। मुख्यमंत्री ने दोनों विपक्षी दलों पर कटाक्ष किया कि फर्जी वोट डलवाएंगे, लेकिन चेहरा नहीं दिखवाएंगे। तीर्थयात्रा में विदेश जाएंगे, एयरपोर्ट पर चेहरा दिखाएंगे, पासपोर्ट पर फोटो भी दिखाएंगे, लेकिन बिहार में वोटिंग पर कहेंगे कि बुरका को छेड़ो मत, चेहरा दिखाओ मत, फर्जी वोट डलवाने दो। कांग्रेस व राजद फिर से गरीबों के हकों पर डकैती डालने की साजिश कर रही है। इनकी साजिश को सफल नहीं होने देना है, क्योंकि कांग्रेस व राजद ने बिहार के सामने पहचान का संकट खड़ा किया था।



मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि यह अपने शासनकाल में भारत को अपमानित करते थे। यह कहते थे कि राम-कृष्ण हुए ही नहीं। यह भारत व भारतीयों को गाली देते थे। घुसपैठ कराकर अराजकता फैलाते थे। राजद ने बिहार का नहीं, परिवार का विकास किया। एनडीए पूरे भारत के लिए सोचता है। प्रधानमंत्री मोदी कहते है कि 140 करोड़ का भारत मेरा परिवार है, जबकि लालू कहते हैं कि राबड़ी देवी का परिवार ही मेरा परिवार है। 20 वर्षों में नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। बिहार में विकास नई आभा के साथ आगे बढ़ रहा है। बाढ़ की समस्या का समाधान बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सर्वाधिक समय तक शासन करने वाली कांग्रेस गरीबों का मकान नहीं बना पाई, लेकिन एनडीए शासन में बिना भेदभाव गरीब, किसान, नौजवान को हर योजनाओं का लाभ मिल रहा है। पहले पैसा कांग्रेस, राजद व उनके पार्टनर्स में बंट जाता था और गरीब ताकता था। यहां का पैसा दुनिया के बैंकों में जमा करके आने वाली पीढ़ियों के लिए खजाना भर देते थे। मोदी जी अब कहते हैं कि गरीब के हक पर जो डाका डालेगा, उसकी जगह जेल में होगी। उत्तर प्रदेश में हमने इसका उदाहरण दिया है। सीएम योगी ने यूपी के प्रयागराज जनपद से उपस्थित विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह का नाम लेकर कहा कि इनकी विधानसभा में एक दुर्दांत माफिया के बंगले को हमने खाली कराया, बुलडोजर चलवाया। फिर हाईराइज बिल्डिंग बनाकर गरीबों को फ्री में आवास उपलब्ध करा दिया। हर जनपद में माफिया द्वारा कब्जा की गई भूमि पर यही कर रहे हैं। किसी ने 10 एकड़ जमीन कब्जा की है और उसके पास पुश्तैनी भूमि है तो सब मिलाकर ब्याज सहित वापस लिया गया, फिर गरीबों के मकान बनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि माफिया, गुंडागर्दी, देशद्रोही, अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ एनडीए सरकार व कार्यकर्ता ही लड़ पाएगा। कांग्रेस व राजद के कारण 2005 के पहले यहां का नौजवान पहचान को छिपाता था। किसान आत्महत्या को मजबूर था। उपचार और सड़कें नहीं थीं, राजद वाले कहते थे कि सड़क बनाओगे तो फिर कच्ची शराब कैसे बना पाओगे। यह लोग राज्य की पहचान को धूमिल करते थे।

## आरेडिका ने स्वच्छता अभियान 5.0 के तहत साफ-सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश



अर्थ प्रकाश नेटवर्क

रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता अभियान 5.0 के अन्तर्गत महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन को प्रभावी बनाने के लिए स्वच्छता पखवाडा के अन्तर्गत सिविल विभाग तथा विभिन्न विभागों के सहयोग से आवासीय परिसर, शॉपिंग कॉम्पलेक्स की दुकानों, अधिकारी विश्रामगृह गंधमादन, मंदार, वर्कर क्लव, केन्द्रीय विद्यालय, एडमिन कैंटीन, वर्कर कैंटीन, वर्कशॉप के सभी शॉपों में स्वच्छता कार्यक्रम चलाए जाए रहे हैं। स्वच्छता पखवाडा के अन्तर्गत स्टोर विभाग द्वारा स्टोर स्थल की साफ-सफाई की और इंवेन्ट्री के सुरक्षित रख-रखाव को सुनिश्चित किया इसके साथ ही फिनिशिंग शॉप में गहन स्वच्छता कार्यक्रम चलाकर परिसर को स्वच्छ किया।

9 अक्टूबर 2025 को स्वच्छ आहार दिवस के उपलक्ष्य में अधिकारी विश्रामगृह की कैंटीन,शॉपिंग कॉम्पलेक्स की दुकानों, एडमिन कैंटीन, वर्कर कैंटीन आदि का निरीक्षण किया तथा विक्रेताओं को व्यक्तिगत कूड़ा-कचरा के निस्तारण एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग से बचने की सलाह दी। अपने आस-पास के परिसर का साफ-सुथरा रखने के लिए जागरूक किया। आरेडिका द्वारा स्वच्छता के प्रति ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरुक करने के लिए संबंधित कार्य-क्रम, नुक्कड़ नाटक स्वच्छता सेल्फी आदि का सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म का उपयोग कर स्वच्छता के प्रति लागों को जागरुक करने के लिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

## मोहाली में गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन संपन्न



अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। गायत्री शक्तिपीठ मोहाली की ओर से लिबड़ा ऑर्चिडस मोहाली में चंडीगढ़ और पंजाब के गायत्री परिवार के समर्पित कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम में देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार के प्रति कुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। अपने उदबोधन में उन्होंने कहा कि आज विश्व में बढ़ती प्राकृतिक आपदाएं और अशांति मानव की नकारात्मक प्रवृत्तियों का परिणाम है।इन परिस्थितियों का समाधान केवल सत्प्रवृति संवर्धन और दुष्प्रवृत्ति उन्मूलन से संभव है।

उन्होंने कहा कि हम सभी युग परिवर्तन काल में है और समाज में सदविचार फैलाना ही आज की सबसे बड़ी जरूरत है। इस अवसर पर डॉ. पण्ड्या ने बताया कि वर्ष 2026 से 2032 तक का समय परिवर्तन का काल होगा। वर्ष 2026 में अखंड ज्योति शताब्दी वर्ष और वंदनीय माताजी भगवती देवी जी के जन्म शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जाएगा और इस अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार में दिव्य तथा भव्य कार्यक्रम का आयोजन होगा ।

## स्मॉल वंडर्स स्कूल के वार्षिक दिवस पर 'स्टारलीफ क्रॉनिकल्स' ने मोहा सबका मन, बच्चों ने दादियों की कहानियों को मंच पर किया जीवंत

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**मोहाली।** रचनात्मकता, भावनाओं और बचपन की कहानियों से भरी एक शाम–कुछ ऐसा नज़ारा था स्मॉल वंडर्स स्कूल, मोहाली के वार्षिक दिवस समारोह का। रंगीन रोशनी, मधुर संगीत और बच्चों की सजीव प्रस्तुतियों के बीच स्कूल के प्रांगण में हुआ म्यूज़िकल 'स्टारलीफ क्रॉनिकल्स- ग्रैंड टेल्स बाय द ग्रैनीज़ दर्शकों के लिए यादगार अनुभव बन गया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई, जिसमें स्कूल प्रबंधन के सदस्यों ने शुभारंभ किया। इसके बाद स्कूल की प्रिंसिपल हरदीप नामा ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि यह दिन बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और सहयोग की भावना का उत्सव है। उन्होंने विद्यार्थियों के जोश और समर्पण की सराहना की।

मंच पर जब बच्चों ने 'स्टारलीफ क्रॉनिकल्स' के पात्रों को जीवंत किया, तो दर्शक मानो बीते वक्त की उन कहानियों में खो गए, जो कभी दादी-नानी की गोद में सुनी जाती थीं। नैतिकता, जादू, कल्पना और सीख से भरी हर कहानी एक नए रंग में उभरी। गीत, संगीत और नृत्य की लहरों पर सवार यह म्यूज़िकल न केवल मनोरंजक था बल्कि शिक्षाप्रद भी।

प्रिंसिपल सुश्री हरदीप नामा ने कहा कि स्मॉल वंडर्स में हमारा उद्देश्य केवल अकादमिक शिक्षा नहीं, बल्कि जीवन कौशल और आत्मविश्वास से भरे नागरिक तैयार करना है। इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को अपनी प्रतिभा को पहचानने और व्यक्त करने का अवसर देते हैं।



कार्यक्रम के अंत में जब अंतिम दृश्य पर सभी छात्रों ने एक साथ मंच संभाला, तो सभागार तालियों की गूंज से भर गया। अभिभावक, शिक्षक और अतिथि सभी ने बच्चों की रचनात्मकता और स्कूल की टीम की मेहनत की जमकर प्रशंसा की।

वार्षिक दिवस का समापन खुशी और गर्व के माहौल में हुआ – हर चेहरे पर मुस्कान थी, और दिलों में उन कहानियों की गूंज, जो आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करती रहेंगी।

## पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के 112 स्टेशनों पर 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना से स्थानीय कारीगरों को मिला नया मंच

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने रेल मंत्रालय की 'एक स्टेशन एक उत्पाद' (ओएसओपी) पहल में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को रेलवे स्टेशनों पर अपने स्वदेशी उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री के लिए एक मंच प्रदान कर उसे बढ़ावा देना है। अक्टूबर 2025 तक, एनएफआर के अंतर्गत कुल 112 स्टेशनों पर ओएसओपी स्टॉल चल रहे हैं, जो 135 कार्यात्मक इकाइयों को कवर करते हैं। इस पहल को अलीपुरद्वार मंडल ने 12, कटिहार मंडल ने 23, लामडिंग मंडल ने 32, रंगिया मंडल ने 20 और तिनसुकिया मंडल ने 25 स्टेशनों में चालू किया है। भौगोलिक विस्तार की दृष्टि से, ओएसओपी आउटलेट अब असम में 71, पश्चिम बंगाल में 26, बिहार में 8, त्रिपुरा में 4, अरुणाचल प्रदेश में 2 और नागालैंड में 1 स्टेशन पर चालू हैं। इस पहल ने 'वोकल फॉर लोकल' विजन के अनुरूप, पूर्वोत्तर क्षेत्र में स्थानीय शिल्प, पारंपरिक उत्पादों और स्व-रोज़गार के अवसरों को व्यापक बढ़ावा दिया है। ओएसओपी के अलावा, एनएफआर यात्रियों और स्थानीय नागरिकों को किफायती दामों पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र (पीएमबीजेके) योजना भी लागू कर रहा है। वर्तमान में कटिहार, बदरपुर, अगरतला, न्यू तिनसुकिया और न्यू कोचबिहार में पीएमबीजेके की पाँच इकाइयाँ कार्यरत हैं। यह पहल पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे की सामाजिक कल्याण, आर्थिक सशक्तिकरण और यात्री सुविधा के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं, साथ ही साथ पूरे क्षेत्र में स्थानीय समुदायों के पारंपरिक शिल्प और आजीविका को बढ़ावा देती हैं।



## नगर निगम चंडीगढ़ ने दिवाली स्टॉल परमिशन प्रक्रिया शुरू की, आज तक कर सकते है आवेदन



अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

चंडीगढ़। चंडीगढ़ नगर निगम ने दिवाली त्योहार के अवसर पर अस्थायी स्टॉल लगाने के लिए इच्छुक दुकानदारों, विक्रेताओं व आम नागरिकों से आवेदन मांगे हैं। इसके लिए हेल्प डेस्क एमसी ऑफिस, सेक्टर 17 और मनीमाजरा में स्थापित किए गए हैं।

परमिशन अवधि केवल 3 दिनों के लिए मान्य होगा। सेक्टर 17 और 22 में केवल चिन्हित स्थानों पर अनुमति (इसमें 17 प्लाज़ा शामिल नहीं है) वी-1, वी-2 और वी-3 सड़कों पर स्टॉल लगाने की अनुमति नहीं होगी।

आवेदन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर तक है और पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर परमिशन दी जाएगी। अंतिम तिथि के बाद कोई कूपन जारी नहीं होगा। बिना वैध कूपन के स्टॉल लगाने पर दोगुना शुल्क देना होगा व स्टॉल हटाया जा सकता है

आवेदन ऑनलाइन उपलब्ध है और IamChandigarh" मोबाइल ऐप गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करें आवश्यक जानकारी भरें व वैध दस्तावेज़ अपलोड करें (जैसे- आधार कार्ड, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट आदि) स्टॉल लगाते समय सभी आवेदकों को अपना वैध पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य है। नगर निगम सभी इच्छुक लोगों से अनुरोध करता है कि वे नियमों व समयसीमा का पालन करें ताकि त्योहार शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित रूप से मनाया जा सके।

गुरु तेग़ बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर विभाजन की कोशिशों पर कालका की चिंता

## गुरु साहिब के शहीदी पुर्ब पर एकता बनाए रखें, विवाद नहीं : हरमीत सिंह कालका

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका ने नौवें पातशाह श्री गुरु तेग़ बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस (शहीदी पुर्ब) को सामूहिक रूप से मनाए जाने वाले कार्यक्रमों में विभाजन पैदा करने की कोशिशों पर गहरी चिंता व्यक्त की है।

उन्होंने कहा कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, श्री अमृतसर साहिब की ओर से इस वर्ष की शुरुआत से ही देशव्यापी धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला चलाई जा रही है, जो नवंबर 2025 तक जारी रहेगी। लेकिन यह दुःख की बात है कि सरदार परमजीत सिंह सरना ने दिल्ली में अलग से कार्यक्रम आयोजित करने शुरू कर दिए हैं। वही विभाजनकारी परंपराएँ दोहराई जा रही हैं, जो उनके दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष काल में भी देखने को मिली थीं। जब वे एक ही गुरुपर्व दो-दो तिथियों पर मनाते थे और संगत में भ्रम की स्थिति पैदा करते थे।

सरदार कालका ने बताया कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से डूबरी साहिब से आरंभ किया गया नगर कीर्तन अपनी यात्रा के दौरान दिल्ली पहुंचने वाला था। लेकिन सरदार सरना ने बिना शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष या दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी से परामर्श किए, दिल्ली में अलग से आयोजन शुरू कर दिए हैं, जिससे कार्यक्रमों की एकता प्रभावित हो रही है। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष ने कहा कि पिछले सप्ताह से ही दिल्ली में नगर कीर्तन और अन्य कार्यक्रमों के विज्ञापन जारी हो रहे हैं – जैसे कि 24 अक्टूबर को गुरुद्वारा नानक पिओ साहिब और 25 अक्टूबर को गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में – परंतु शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी या कार्यक्रम आयोजकों की ओर से दिल्ली कमेटी को किसी प्रकार की आधिकारिक सूचना, आवास या प्रबंध सहयोग का अनुरोध हाल ही में ही प्राप्त हुआ है। सरदार कालका ने कहा कि उन्होंने स्वयं शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरजिंदर सिंह धामी से संपर्क किया, जिन्होंने बाद में सभी प्रबंधों की जानकारी साझा की और दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की सहयोगी भूमिका की सराहना की।हालांकि, सरदार कालका ने 18 अक्टूबर 2025, शनिवार को इंडिया हैबिटैट सेंटर, नई दिल्ली में होने वाले महत्वपूर्ण सेमिनार 'गुरु तेग़ बहादुर -हिंद की चादर' के स्थल की चयन पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि यह स्थान प्रायः ऐसे आयोजनों के लिए प्रयोग होता है जहाँ शराब और मांसाहारी भोजन परोसा जाता है, जो एक पवित्र धार्मिक आयोजन के लिए बिल्कुल अनुपयुक्त है। उन्होंने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष धामी से तुरंत इस स्थल की चयन पर पुनर्विचार करने की अपील की। सरदार कालका ने जोर देकर कहा कि दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पास कई उपयुक्त धार्मिक और शैक्षणिक स्थल हैं – जैसे कि खालसा कॉलेज और गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ कॉमर्स के ऑडिटोरियम – जहां यह आयोजन श्रद्धा और सम्मान के साथ बिना किसी खर्चे के आयोजित किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की दिल्ली सहयोगी टीम में भी अंतरकलह है। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सरदार मनजीत सिंह जी.के. ने भी इंडिया हैबिटैट सेंटर के चयन का विरोध किया था, लेकिन उसे रोक नहीं सके। कालका ने कहा, 'सिर्फ विरोध करना पर्याप्त नहीं था, आपका कर्तव्य था कि गुरु साहिब का शहीदी गुरुपर्व उस स्थान पर न मनाया जाए जहाँ शराब का सेवन होता हो।'



इसके अलावा, उन्होंने यह भी चिंता जताई कि शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल – जो शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी में संवैधानिक रूप से किसी आधिकारिक पद पर नहीं हैं – को सेमिनार का मुख्य वक्ता बताया गया है, जबकि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष धामी का नाम बाद में लिखा गया है। उन्होंने पूछा, 'क्या अब राजनीतिक व्यक्तियों को अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार से भी ऊपर रखा जा रहा है?' अंत में, सरदार कालका ने पुनः शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरजिंदर सिंह धामी से अपील की कि गुरु तेग़ बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी पुर्ब की पवित्रता बनाए रखते हुए, सेमिनार का स्थल इंडिया हैबिटैट सेंटर से बदलकर किसी उपयुक्त धार्मिक या शैक्षणिक संस्थान में रखा जाए। उन्होंने कहा, 'हमारा उद्देश्य एकता और श्रद्धा है, विभाजन नहीं। आओ हम गुरु साहिब की पवित्र याद को विनम्रता और सामूहिक सम्मान के साथ मना कर सच्ची सेवा का प्रतीक बनें।'

# नयागांव में पटियाला की राव नदी में नाडा पुल के पास बनाये अवैध निर्माण व दुकानों पर चला प्रशासन का पीला पंजा

माइनिंग-ड्रेनेज विभाग ने अवैध कब्जे के गिराए- उच्च न्यायालय में में केस है विचाराधीन

अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता



**न्यू- चंडीगढ़, 16 अक्तूबर।** नयागांव में ड्रेनेज एवं माइनिंग विभाग द्वारा पटियाला की राव नदी के किनारे नाडा पुल के पास पर किये हुए अवैध निर्माणों पर पीला पंजा चलाया गया है। सभी विभागों के अधिकारी सुबह लगभग 10-30 बजे पहुंच गये थे । तब उसके बाद सभी ने कार्यवाही शुरू करने के लिये हलचल की । यह करवाई उन्होंने अवैध कब्जों के आरोप में की जो पटियाला की राउ नदी की जगह पर कब्जा करके बनाये गए दुकानो व शैड पर की गई है। विभाग की टीम ने इलाके में पहुंचकर ऐक जेसीबी मशीन से कई मकानों को गिरा दिया है। यह सभी पटियाला की राव नदी के किनारे पर बनी हुई अवैध दुकानो को जे सी बी से गिरा दिया गया है। विभाग ने गुरुवार को राव नदी के किनारे किए गए अवैध निर्माणों को हटाने की कार्वाई की। यह कार्रवाई नाडा पुल के समीप की गई, जहां पटियाला की राव बरसाती नदी किनारे कई दुकानों का निर्माण अवैध रूप से किया गया था। कार्रवाई के दौरान ब्लॉक माजरी के नायब तहसीलदार राजवीर सिंह मरवाहा ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में मौजूद रहे। ड्रेनेज एवं माइनिंग विभाग की ओर से एसडीओ शुभम गोयल और जेई की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माणों को गिराया। विभागीय टीम ने बताया कि नदी की चौड़ाई को 195 फुट के करीब निर्धारित की हुई है इसी चौड़ाई के बीच बने निर्माणों को नोटिस देकर खाली करवाने की प्रक्रिया की जा रही है। भविष्य में सख्त कार्रवाई की चेतावनी ,विभाग ने चेतावनी दी है कि राव नदी या किसी अन्य जल स्रोत के किनारे दोबारा अवैध निर्माण किया गया तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे ड्रेनेज एवं माइनिंग विभाग के संरक्षण में सहयोग करें और अवैध कब्जों से बचें। पटियाला की राव नदी की जगह पर कब्जा के अधीन आते कुछ घरों की दीवारों पर पीला पंजा चलाया । जो पटियाला की राव नदी की जहग पर बनी है उनको भी पीले पंजे से तोड़ा गया । कुल मिला कर आज ड्रेनेज एवं माइनिंग विभाग के अधिकारियों द्वारा पटियाला की राव नदी के किनारे पर किये हुऐ अवैध निर्माणों पर पीला पंजा चला कर एक बड़ी कार्यवाही की गई ।

# एएस कॉलेज खन्ना करेगा 66वें पंजाब यूनिवर्सिटी इंटरज़ोनल यूथ एंड हेरिटेज फेस्टिवल का आगाज: प्रिंसिपल केके शर्मा

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण/राजू खन्ना



**खन्ना, 16 अक्तूबर।** 66वें %पंजाब यूनिवर्सिटी इंटरज़ोनल यूथ एंड हेरिटेज फेस्टिवल 2025-26 का आगाज एएस कॉलेज खन्ना के जीवंत और ऊर्जावान कैंपस में किया जाएगा, इसकी जानकारी एक प्रेस नोट के माध्यम से कॉलेज के प्रिंसिपल के के शर्मा ने दी, पत्रकारों को जानकारी देते हुए उन्होंने बताया की आयोजन 8 नवंबर से 11 नवंबर 2025 तक किया। जिसमें संगीत, नृत्य, रंगमंच, साहित्य, ललित कला सहित विविध कार्यक्रम शामिल होंगे। यह यूथ फेस्टिवल विद्यार्थियों को एक जीवंत मंच प्रदान करेगा जहाँ पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ के अंतर्गत आने वाले विभिन्न जोन्स के लगभग 200 कॉलेजों की युवा प्रतिभाएँ अपनी रचनात्मकता, संस्कृति, सहयोग और प्रतिस्पर्धा का जश्न मनाने एक साथ आएंगी। इंटरज़ोनल यूथ फेस्टिवल 2025 का आधिकारिक 'लोगो विमोचन समारोह' आज 16-10-25 को पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के कुलपति कार्यालय में आयोजित किया गया। फेस्टिवल के लोगो का अनावरण पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के माननीय वाइस चांसलर डॉ रेणु विग, डायरेक्टर यूथ वेल्फेयर सुखजिंदर ऋषि, सहायक डायरेक्टर तेजिंदर गिल, एएस कॉलेज खन्ना के प्रिंसिपल डॉ. के के शर्मा, एसडी कॉलेज चंडीगढ के प्रिंसिपल अजय शर्मा और फेस्टिवल के औरगेनाइसिंग सेक्रेटरी एवं कालेज डीन को-करीकुलर एक्टिविटीज प्रो. रविंदरजीत सिंह की उपस्थिति में हुआ।

प्रिंसिपल डॉ. केके शर्मा ने एएस कॉलेज खन्ना के परिसर में इंटरजोनल यूथ एंड हेरिटेज फेस्टिवल की आधिकारिक शुरुआत की घोषणा करते हुए कहा कि ऐसे प्रतिष्ठित महोत्सव की मेजबानी करना एएस कॉलेज एवं खन्ना क्षेत्रवासियों के लिए सम्मान की बात है। यह लोगो केवल एक डिज़ाइन नहीं बल्कि युवाओं की आवाज़ और दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है और हम पूरे क्षेत्र से प्रतिभागियों का स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं।

उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने प्रिंसीपल डॉ केके शर्मा तथा फैकल्टी सदस्यों को इंटरजोनल यूथ एंड हेरिटेज फेस्टिवल 2025 के सफल आयोजन के लिए शुभ कामनाएँ दी।

# डॉ. मोहम्मद जमील बाली पंजाब के राज्यपाल द्वारा सम्मानित



अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना

**होशियारपुर, 16 अक्तूबर।** नगर के प्रमुख समाज सेवी डॉ. मोहम्मद जमील बाली को इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी पंजाब राज्य की शाखा का पैट्रन बनने पर पंजाब राज भवन चंडीगढ़ में पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया द्वारा सम्मानित किया गया।

गौरतलब है कि डॉ. मोहम्मद जमील बाली को पंजाब राज्य रेड क्रॉस अवार्ड कमेटी की तरफ से इंडियन रेड क्रास सोसायटी पंजाब राज्य शाखा का पैट्रन बनाया गया है।

# अंडर-15 महिला क्रिकेट में होशियारपुर की बच्चियों ने फाइनल में प्रवेश करके रचा इतिहास: डा. रमन घई

भूमिका, अन्नया, अंशिका, काशवी व ध्रुविका ने किया शानदार प्रदर्शन

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना



**होशियारपुर, 16 अक्तूबर।** महिला अंडर-15 अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट में होशियारपुर की बच्चियों ने सेमीफाइनल में इतिहास रचते हुए लुधियाना को हराकर पहली बार फाइनल में प्रवेश किया। इस संबंधी जानकारी देते हुए एचडीसीए सचिव डा. रमन घई ने बताया कि पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा करवाए जा रहे अंतर जिला अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट में आज खेले गए सेमीफाइनल मैच में होशियारपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। उन्होंनें बताया कि होशियारपुर की सारी टीम 28.3 ओवरों में 92 रन बनाकर आउट हो गई। होशियारपुर की ओर से एक बार फिर भूमिका शर्मा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 30 रन, मनप्रीत ने 12 रन तथा प्रतिका ने 11 रनों का योगदान दिया। लुधियाना की ओर से गेंदबाजी करते हुए प्रतिका जैन व सरिता चौधरी ने 3-3 खिलाड़ियों को आउट किया। जीत के लिए 35 ओवरों का 93 रनों का लक्ष्य लेकर बल्लेबाजी करने उतरी लुधियाना की टीम होशियारपुर की शानदार गेंदबाजी के आगे पूरी तरह बिखर गई तथा पूरी टीम 22.4 ओवरों में केवल 46 रन ही बना सकी। होशियारपुर की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए उपकप्तान अन्नया ठाकुर व अंशिका ने 3-3 विकेट तथा काशवी राणा ने 2 विकेट व कप्तान ध्रुविका सेठ ने लुधियाना के 1 खिलाड़ी को आउट किया। डा. घई ने बताया कि होशियारपुर की अंडर-15 महिला क्रिकेट टीम ने इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही फाइनल में प्रवेश कर लिया। उन्होंनें बताया कि होशियापुर का फाइनल मुकाबला अमृतसर के साथ खेला जाएगा। होशियारपुर की इस बड़ी जीत पर एचडीसीए अध्यक्ष डा. दलजीत खेला, चेयरमैन टूर्नामेंट कमेटी डा. पंकज शिव, विवेक साहनी, ठाकुर योगराज, अमित ठाकुर, अरविंद सूद, जतिंदर सूद, साहब दियाल, मनोज ओहरी, डा. अवनीश ओहरी, आशोक भंडारी, डा. राजकुमार सैनी, गौरव वालिया, डा. आदर्श सेठी आदि समूह एसोसिएशन अधिकारियों ने टीम को फाइनल में प्रवेश करने के लिए बधाई दी। होशियारपुर की इस बड़ी जीत पर टीम की कोच दविंदर कौर कल्याण, मुख्य एचडीसीए कोच दलजीत सिंह, महिला सहायक कोच निकिता कुमारी, जिला सहायक कोच दलजीत धिमान, पंकज पिंका, दिनेश शर्मा तथा जिला ट्रेनर व पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी कुलदीप ने टीम को फाइनल में पहुंचने के लिए बधाई देते हुए आगे भी अच्छा प्रदर्शन करने की बात कही। इस अवसर पर नरेश कालू, सतप्रीत साबी, दीपक कुमार, अतुल ठाकुर, सुरभि, अंजलि, शिवानी, पूजा, निरंका, सुहाना, वंशिका आदि वरिष्ठ खिलाड़ियों ने भी टीम को फाइनल में पहुंचने के लिए शुभकामनाएं दी।

# लुधियाना में दरेसी ग्राउंड के पास धू-धूकर जलीं कारें

**2 गाड़ियों से अचानक निकली लपटें, पार्किंग में खड़ी थीं; जलकर राख हुईं**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**लुधियाना, 16 अक्तूबर।** लुधियाना के दरेसी ग्राउंड के पास गुरुवार शाम उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एस. एन. जैन स्कूल के सामने पार्किंग में खड़ी कार से अचानक धुआं उठने लगा। कुछ ही देर में लपटें इतनी तेज हो गईं कि वहां खड़ी दो कारें एक आल्टो और एक स्विफ्ट देखते ही देखते आग की लपटों में घिर गईं।

आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते इससे पहले दोनों गाड़ियां पूरी तरह जलकर राख हो गईं। लोगों ने बताया की शाम 6 बजे की यहां घटना है जिस के बाद तुरंत फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी।

मौके पर हेडक्कार्टर और सुंदर नगर से दमकल की दो गाड़ियां पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि राहत की बात यह रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

स्थानीय लोगों का कहना है लोगों ने यहां पार्किंग एरिया बनाया हुआ है और यहां कूड़ा भी इकट्ठा होता रहता है। लगता है की किसी शरारती ने कूड़े को आग लगा दी जो वहां खड़ी गाड़ियों तक पहुंच गई। लोगों ने कहा कि ऐसी घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं।

# जसविंदर सिंह सहोता नेपॉलिटिकल साइंस के लेक्चरर का कार्यभार संभाला

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना



**होशियारपुर, 16 अक्टूबर।** आज पॉलिटिकल साइंस के लेक्चरर जसविंदर सिंह सहोता ने विभागीय पदोन्नति प्राप्त करने के बाद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फतेहपुर भाटला में लेक्चरर का कार्यभार संभाल लिया है।

इस अवसर पर लुधियाना की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश परमिंदर कौर और कार्यवाहक प्रधानाचार्य बलदेव सिंह धुग्गा ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी। इस अवसर पर लुधियाना की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश परमिंदर कौर ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र के निर्माता होते हैं और समाज के निर्माण में शिक्षकों का बहुत बड़ा योगदान होता है। उन्होंने कहा कि जसविंदर सिंह सहोता जहाँ एक ओर शिक्षण कार्य कर रहे हैं, वहीं वे समाज को दिशा देने के लिए एक लेखक के रूप में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं, जो एक अत्यंत सराहनीय कदम है। उन्होंने लेक्चरर सहोता के बेहतर भविष्य की कामना की और अन्य शिक्षकों से एक बेहतर समाज के निर्माण के लिए आगे आने की अपील की। उल्लेखनीय है कि जसविंदर सिंह सहोता स्कूल ऑफ एमिनेंस बाग बागपुर-साटोर में पंजाबी मास्टर के पद पर कार्यरत थे, शिक्षा विभाग ने सहोता की योग्यता को देखते हुए उन्हें लेक्चरर पॉलिटिकल साइंस के पद पर पदोन्नत किया है। इस मौके पर सरबजीत सिंह, मंजीत कौर, हेड टीचर हरमिंदर कौर, कर्मचारी नेता जागीर सिंह, लाइनमैन जगदीश सिंह, हेल्थ इंस्पेक्टर बसंत कुमार, हेड टीचर रिंपल कुमार, लेक्चरर गुरदीप सिंह, लेक्चरर संजीव कुमार, लेक्चरर तिलकराज, लेक्चरर अमृतपाल, देवदत्त शर्मा, मोहन लाल, दलवीर सिंह, दविंदर सिंह, लखबीर सिंह, जगजीत सिंह, बलवंत सिंह, जसविंदर कौर, नसीब चंद, रोजी शर्मा, रमनीत कौर, सुमन बाला, ममता देवी, सविता, लव कुमार आदि भी मौजूद थे।

# डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्रवासियों को दिवाली से पहले मिली दो नई दमकल गाड़ियां

विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा, पंजाब सरकार के इस तोहफे से अब विधानसभा क्षेत्रवासी और ज़्यादा सुरक्षित रहेंगे

जनता का पैसा जनता के कल्याण पर खर्च करना हमारा कर्तव्य: विधायक रंधावा

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 16 अक्टूबर।** डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने दिवाली से पहले विधानसभा क्षेत्रवासियों को दो नई दमकल गाड़ियाँ समर्पित कीं, जो हर समय जनता की सेवा के लिए तत्पर रहेंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा यह तोहफा दिया गया है, जिससे प्राकृतिक आपदाओं से विधानसभा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था और मज़बूत होगी।

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष, पार्टी ब्लॉक अध्यक्ष, नगर पार्षद और पार्टी की पूरी टीम उनके साथ मौजूद थी।

विधायक ने कहा कि ये नई दमकल गाड़ियाँ विधानसभा क्षेत्रवासियों की सुरक्षा में एक नया अध्याय जोड़ेंगी। आधुनिक अग्निशमन सेवाएँ प्रदान करने की दिशा में पंजाब सरकार का यह एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि शहर में एक नए फायर स्टेशन की स्थापना के लिए भी बातचीत चल रही है, जिसे जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा।

इससे अग्निशमन सेवाओं की पहुँच और सुगम होगी और आपातकालीन स्थितियों में तुरंत मदद मिल सकेगी।

उन्होंने बताया कि पहले डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र में कुल 8 फायर ब्रिगेड गाड़ियाँ थीं - 5 डेराबस्सी और लालड़ू क्षेत्रों के लिए और 3 ज़ीरकपुर के लिए। अब 2 नई गाड़ियाँ आने से यह संख्या बढ़कर 10 हो गई है, जिनमें से 1 गाड़ी डेराबस्सी और 1 ज़ीरकपुर के लिए समर्पित की गई है। इससे शहर और आसपास के क्षेत्रों में किसी भी आग या आपातकालीन घटना पर तुरंत काबू पाया जा सकेगा।

स. रंधावा ने कहा कि जनता का पैसा जनता के कल्याण पर खर्च करना हमारी ज़िम्मेदारी है। सरकार और नगर परिषद मिलकर जनता की सेवा के लिए समर्पित हैं, लेकिन ये प्रयास तभी सफल हो सकते हैं जब जनता भी अपना सहयोग दे। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार की यह पहल इस बात का प्रमाण है कि सरकार लोगों के हितों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और हर नागरिक की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता दे रही है।

इस अवसर पर नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी श्री रवनीत सिंह, सहायक मंडल अग्निशमन अधिकारी अमरिंदर पाल सिंह संधू, उप अग्निशमन अधिकारी जसवंत सिंह, महिंदर सिंह, बलजीत सिंह और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सनातन धर्म के अनुयाई 21 अक्टूबर को मनाएंगे दिवाली

## ब्राह्मण सभा जगराओं तथा सर्व ब्राह्मण परिषद पंजाब ने की घोषणा

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल







**जगराओं, 16 अक्टूबर।** जगराओं ज्योतिष एवं कर्मकांड ब्राह्मण सभा रजिस्टर्ड जगराओं ने सनातन अनुयायियों के लिए दिवाली का त्यौहार 21 अक्टूबर दिन मंगलवार को मनाने का निर्णय लिया है उन्होंने पंचांग दिवाकर जालंधर ,मारकंडे पंचांग, धर्म सिंधु, निर्णय सिंधु, तथा पुरुषार्थ चिंतामणि का हवाला देते हुए कहा कि अमावस्या दो दिन पड़ रही हो तो पहले दिन की अमावस्या को छोड़कर जो अमावस्या सूर्य उदय से अब्दोष कल तक व्यापक हो उसी दिन महालक्ष्मी पूजन करना शुभ होगा ऐसे में दिवाली का पर्व 21 अक्टूबर को ही मनाया जाएगा उपरोक्त घोषणा ज्योतिष एवं कर्मकांड ब्राह्मण सभा रजिस्टर जगराओं तथा सर्व ब्राह्मण परिषद पंजाब तथा धर्म जागरण मंच जगराओं ने आपस में विचार विमर्श करके की। उपरोक्त घोषणा ब्राह्मण समाज से जुड़ी प्रमुख शख्सियतो ने ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष पंडित श्री राज शर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक के दरमियान की , जिसमें प्रसिद्ध ज्योतिषी सर्वश्री पंडित प्रेम पाल शर्मा , चेयरमैन पंडित बलवंत दास शर्मा प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित हरिओम प्रकाश भट्ट, प्रसिद्ध कथावाचक पंडित दुर्गेश भट्ट उप चेयरमैन अरुण शर्मा , सेकेट्री पंडित अंकुश शर्मा ,ज्योतिष विशेषज्ञ पूनम शर्मा, ज्योतिष आचार्य विपिन चंद्र शास्त्री पंडित संदीप शास्त्री ऊप प्रधान पंडित संजीव शर्मा पंडित गगन शर्मा धर्म जागरण जगराओं प्रमुख श्री राकेश अरोड़ा पंडित लाडी शर्मा आदि उपस्थित थे

# सन्मति विमल जैन स्कूल के खिलाड़ियों ने खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं, 16 अक्टूबर।** पंजाब स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सन्मति विमल जैन सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के लिए अंडर-11 वर्ग की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन केंद्र स्तर पर किया गया, जिसमें सन्मति विमल जैन स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। 200 मीटर दौड़ में जैस्मीन कौर ने रजत पदक जीता। 600 मीटर दौड़ में नवजोत सिंह ने स्वर्ण, कीर्ति ने रजत और जैस्मीन कौर ने कांस्य पदक जीता। रस्साकशी प्रतियोगिता में नवजोत सिंह, तरुण अरोड़ा, करणवीर सिंह, मेहर सिंह, प्रभदीप सिंह, प्रभसिमरन सिंह, पवनदीप सिंह और अवनूर सिंह की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीते। रिले दौड़ में नवजोत सिंह, करणवीर सिंह, प्रभदीप सिंह और प्रभसिमरन सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते। लंबी कूद में नवजोत सिंह ने तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक जीता। गोला फेंक प्रतियोगिता में प्रभसिमरन सिंह और जसमीत कौर ने तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक जीता। जीत का जश्न मनाते हुए जब छात्र स्कूल पहुँचे, तो प्रिंसिपल सुख्या खुराना ने उन्हें बधाई दी और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने स्कूल की इस शानदार सफलता का श्रेय डी.पी. बबीता क्वारी, कुलविंदर कौर और इंद्रजीत सिंह को दिया, जिनकी कड़ी मेहनत और मार्गदर्शन से बच्चों ने यह सफलता हासिल की। विजेता खिलाड़ियों ने प्रिंसिपल सुप्रिया खुराना और डी.पी. अधियम्पक के साथ यादगार तस्वीर खिंचवाई।

# वशिष्ठ के युवाओं की मिसाल, बर्फ में फंसे मवेशी बचाए

## समय से पहले घाटी में एकाएक हुई बर्फबारी में सैकड़ों पशु पहाड़ों की चोटियों में फंस गए थे

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 16 अक्तूबर।** मनाली के नजदीक वशिष्ठ गांव के युवाओं ने एक अनोखी मिसाल पेश करते हुए बर्फ में फंसे बेजुबान जानवरों को बाहर निकलने में मदद की है। समय से पहले घाटी में एकाएक हुई बर्फबारी में सैकड़ो पशु पहाड़ों की चोटियों में बर्फ के बीच फंस गए थे।

वशिष्ठ मनाली जैसे पहाड़ी गाँवों की संस्कृति में गहराई से समाया एक ऐसा ही रिवाज़ है, ऊँचे-ऊँचे घास के मैदानों में मवेशियों को गर्मियों में चराना। जैसे ही बर्फ़ पिघलती है, हमारी गायें और भैंसें भृगु झील जैसे स्थानों के पास हरे-भरे चरागाहों में ले जाई जाती हैं, जहाँ वे स्वतंत्र रूप से चरती हैं, जिससे उनका स्वास्थ्य और हमारे गाँव की आजीविका, दोनों समृद्ध होते हैं।



हालांकि, इस साल प्रकृति ने एक अप्रत्याशित चुनौती पेश की। पहाड़ों पर अचानक, अनुमान से बहुत पहले, भारी बर्फबारी हुई, जिससे कई मवेशी अब बर्फ़ से ढके घास के मैदानों में फँस गए। 10 से ज़्यादा कष्टदायक दिनों तक, हमारी गायें लगभग 4000 मीटर की ऊँचाई पर फँसी रहीं, समय से पहले आई सर्दी की कठोर वास्तविकताओं का सामना करते हुए वशिष्ठ के युवाओं ने अपने पशुओं की दुर्दशा देखकर तुरंत हरकत में आ गए। अपनी सुरक्षा की ज़रा भी परवाह किए बिना उन्होंने एक साहसिक बचाव अभियान चलाया। इन पहाड़ों के हर खतरनाक मोड़ और छिपी दरार से अच्छी तरह वाकिफ ये बहादुर युवक गहरी बर्फ और बर्फीली हवाओं के बीच एक कठिन यात्रा पर निकल पड़े।

मौसम की मार झेलते हुए और खतरनाक इलाकों को पार करते हुए उन्होंने विशाल बर्फ से ढके परिदृश्य को छान मारा। और आखिरकार कई दिनों की अथक खोज के बाद उन्हें सफलता मिली। उन्होंने फंसे हुए झुंड का पता लगाया और उन्हें गाँव की सुरक्षा में वापस लाने की कठिन यात्रा शुरू की। गांव निवासी पिंटू ठाकुर ने बताया कि यह सिर्फ़ एक बचाव की कहानी नहीं है, यह हमारे समुदाय और हमारे पशुओं के बीच गहरे बंधन का एक सशक्त चित्रण है। हमारे युवाओं के साहस का प्रमाण है, और हिमालय में जीवन को परिभाषित करने वाली लचीली परंपराओं का एक ज्वलंत उदाहरण है। उनकी बहादुरी ने न केवल हमारे अनमोल मवेशियों को बचाया है, बल्कि हमारे दिलों को भी अपार गर्व से भर दिया है। हमें अपने युवाओं पर बहुत गर्व है जिन्होंने वशिष्ठ की सच्ची भावना को साकार किया है।

## ऊना में राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण का कार्य शुरू

**ऊना (रोहित शर्मा)।** उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने जिले के सभी नागरिकों से राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण में पूर्ण सहयोग करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार का आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सहयोग से राज्य में विभिन्न सामाजिक-आर्थिक संकेतकों पर यह सर्वेक्षण कार्य कर रहा है।

उन्होंने बताया कि इसी क्रम में जिला ऊना में विभाग के प्रगणक सितम्बर, 2025 से टैब एप्लीकेशन के माध्यम से घर-घर जाकर जानकारी एकत्र कर रहे हैं। यह कार्य चयनित गांवों और शहरी वार्डों में किया जा रहा है।

सर्वेक्षण के माध्यम से जुटाई जा रही सूचनाओं से नागरिकों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का यथार्थ आंकलन किया जाएगा, जो सरकार की विकास योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होगा। उपायुक्त ने कहा कि नागरिकों द्वारा दी गई सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

# डीसी ने निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश



अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 16 अक्तूबर।** उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस. रवीश की अध्यक्षता में बबेली स्थित निर्माणाधीन ÷शी हाट÷ परियोजना की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी कुमार, जिला पंचायत अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी (बीडीओ) तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों से शी हाट निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शी हाट जिला का एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है, जो महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और स्थानीय उत्पादों को बाज़ार से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना की निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी कार्य पूर्ण किए जाएं ताकि शी हाट को शीघ्र क्रियाशील किया जा सके। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि निर्माण कार्य से जुड़ी सभी प्रशासनिक और तकनीकी औपचारिकताओं को समय पर पूरा किया जाए। उन्होंने संबंधित विभागों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि निर्माण गुणवत्ता, डिज़ाइन और सुरक्षा मानकों पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक के अंत में उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना की नियमित प्रगति रिपोर्ट समय-समय पर प्रस्तुत की जाए।

# पीएनबी आरसेटी ऊना में कंस्ट्रक्शन एंड मेसनरी वर्क पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आरंभ

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** पंजाब नेशनल बैंक आरसेटी ऊना में 'कंस्ट्रक्शन एंड मेसनरी वर्क' विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला गुरुवार को आरंभ हुई। कार्यशाला का शुभारंभ नगर निगम ऊना के संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार ने किया। यह कार्यशाला हिमाचल प्रदेश के विभिन्न आरसेटी संस्थानों से आए अभ्यर्थियों के लिए आयोजित की गई है।



मनोज कुमार ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में कंस्ट्रक्शन एंड मेसनरी वर्क प्रशिक्षण का यह पहला बैच ऊना से प्रारंभ किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य निर्माण कार्य क्षेत्र में दक्षता और गुणवत्ता को बढ़ावा देते हुए ग्रामीण स्तर पर प्रशिक्षित प्रशिक्षकों की एक सशक्त श्रृंखला तैयार करना है। यह प्रशिक्षण ÷डोमेन स्किल ट्रेनर एंड सर्टिफिकेशन÷ कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय प्रशिक्षण उपरांत प्रतिभागियों को प्रमाणित प्रशिक्षक के रूप में मान्यता प्राप्त होगी, जिसके पश्चात वे प्रदेश ही नहीं, देशभर में मेसनरी क्षेत्र में प्रशिक्षण देने के पात्र होंगे।

राज्य नियंत्रक आरसेटीज़, हिमाचल प्रदेश डॉ. अंबिका साहू ने बताया कि राज्य के सभी जिलों से चयनित प्रतिभागियों को इस प्रशिक्षण में शामिल किया गया है। प्रशिक्षण के उपरांत अभ्यर्थियों का कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट और स्किल टेस्ट विषय विशेषज्ञों द्वारा लिया जाएगा। डॉ. साहू ने बताया कि चालू वित्त वर्ष में प्रदेश को कुल 1150 प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। वर्तमान में प्रदेश में 10 आरसेटी संचालित हैं, जिनमें प्रत्येक को 150 प्रशिक्षु तैयार करने का लक्ष्य दिया गया है। सफल प्रतिभागियों को रूरल मेसन ट्रेनिंग प्रोग्राम के अंतर्गत प्रमाणित प्रशिक्षक के रूप में पैनल में शामिल किया जाएगा। मुख्य अग्रणी बैंक प्रबंधक संजीव सक्सेना ने बताया कि पीएनबी आरसेटी ऊना की स्थापना वर्ष 2010 में हुई थी। अब तक यहां 64 प्रकार की प्रशिक्षण योजनाओं के माध्यम से 372 बैचों में 9845 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इनमें से 2694 अभ्यर्थियों ने बैंकिंग सहायता से तथा 3569 ने बिना क्रेडिट लिंक के स्वयं का व्यवसाय शुरू किया है।

# सिरमौर के मरयोग में निजी स्कूल की बस दुर्घटनाग्रस्त

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** सिरमौर जिला की सीमा पर मरयोग के समीप एक निजी स्कूल की बस वीरवार दोपहर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई,जिसमें सवार स्कूली बच्चे घायल हुए हैं। गंभीर रूप से घायल बच्चों को सोलन के जोनल अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया है। पुलिस मौके पर पहुंचकर हादसे के कारणों की जांच में जुट गई है।



जानकारी के अनुसार वीरवार दोपहर बाद मरयोग के समीप बाल भारती स्कूल की छोटी बस स्कूली बच्चों को लेकर सिरमौर जिला के सराहां उपमंडल के मरयोग होते हुए नारग की ओर जा रही थी। मरयोग से कुछ ही दूरी पर जाकर बस अनियंत्रित होकर खाई में लुड? गई। बताया जा रहा है कि हादसे के समय बस में करीब 16 से 17 बच्चे सवार थे। हादसे की सूचना मिलते ही हर कोई घटनास्थल की ओर दौड़ पड़ा और तुरंत ही राहत कार्य शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि इस हादसे में करीब 5 बच्चे गंभीर रुप से घायल हो गए, जबकि अन्य बच्चों को हल्की चोटें आई है। घायलों को उपचार के लिए सोलन लाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शाहतलाई बाल रामलीला में सीता हरण, राक्षस खरदूषण और बाली वध

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा

**बिलासपुर।** मंदिर प्रांगण तलाई रामलीला मंचन में स्वरूपनखा लीला में नहीं रिझा पाई राम लखन उल्टा नाक कान कटवा दृश्य के बाद स्वरूपनखा का बदला लेने पहुंचे खर दूषण राक्षसी सेना का प्रभु श्री राम ने पल भर में संहार दृश्य दर्शाया गया। रावण ने खरदूषण मरे जाने की खबर स्वरूपनखा से वृतांत सुनते ही सीता हरण मारीच को सोने का मृग बना दृश्य अति सुंदर दर्शाया गया।



जोगी बाबा भेषधारण रावण लक्ष्मण ने खिंची रेखा उल्गंन न करने पर सीता से बिना भिक्षा लिए सीता दरबार से जाने की बात कर धोखे से हरण दृश्य सीता की चीखो पुकार दृश्य पंडाल में बैठे दर्शकों को भाव विभोर कर गया। जटायु भी रावण से सीता रक्षा करते अपने प्राण रावण हाथों धो बैठा दृश्य के बाद राम और लक्ष्मण पंचवटी में सीता खोज दृश्य रात्रि कार्यक्रम में अति सुंदर अभिनय कलाकारों ने प्रस्तुत किया। जटायु और भिलनी से प्रभु राम की मुलाकात उपरांत सुग्रीव ने भेजें हनुमान ब्राह्मण भेष धारण कर राम और लक्ष्मण से भेंट के बाद पंपापुर में सुग्रीव से मित्रता दृश्य दर्शाया गया।

सुग्रीव से मित्रता होते ही प्रभु श्री राम ने अपने मित्र के दुख और कष्ट का संताप मिटने के लिए बाली को छुपा कर बाण से मारकर मुक्ति दिलाई दृश्य दौरान बाली और सुग्रीव युद्ध पंडाल में बैठे दर्शकों का खूब मनोरंजन कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शाया।

रावण रविंद्र शर्मा, राम रोहित, सीता हर्ष वनियाल, लक्ष्मण अमित, हनुमान राकेश मोनू, बाली अजय शर्मा, सुग्रीव अंकुश सोनी, जटायु जन्नत, जोगी बाबा राकेश शर्मा, खर अजय, भूषण व भिलनी अर्पित, तारा अथर्व भारद्वाज, अन्य कलाकारों में अमित, सूर्यांश,दीपांश, ऋतिविक, विराज, शिवम कौशल, कृष इत्यादि ने रात्रि कार्यक्रम में भूमिका निभाई।

**न्यूज ब्रीफ**

## मिड डे मील योजना की समीक्षा बैठक आयोजित



**कुल्लू 16अक्तूबर (अशेष शर्मा)।** पीएम पोषण शक्ति निर्माण (मिड डे मील) योजना की बैठक उपायुक्त कुल्लू तोरुल रवीश की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा सुनील ठाकुर, उपनिदेशक उच्च शिक्षा देश राज, तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सहित खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा सुनील कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि जिले के 1009 प्री-प्राइमरी, प्राइमरी तथा अपर प्राइमरी विद्यालयों में कुल 35,175 छात्रों को मिड-डे मील प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि छात्रों को मिड डे मील में सोमवार को दाल-चावल, मंगलवार को सब्जी पुलाव (मौसमी सब्जी), बुधवार को दाल-चावल, गुरुवार को न्यूट्री, आलू एवं चावल, शुक्रवार को आलू-पालक चावल (मौसमी सब्जी),तथा शनिवार को काले चने और चावल दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी 1009 विद्यालयों में किचन गार्डन स्थापित किए गए हैं। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विद्यालयों में बच्चों को पौष्टिक भोजन तथा निर्धारित मेनू के अनुसार मिड-डे मील उपलब्ध करवाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पीएम पोषण शक्ति निर्माण (मिड डे मील) योजना में ज़िला कुल्लू को चालू वित्त वर्ष में ?4 करोड़ 6 लाख 60 हज़ार 276 रुपये का बजट आवंटित किया गया है।

# उपभोक्ता विश्वास बनाए रखने के लिए शहद की ट्रेसेब्लिटी सुनिश्चित करने पर करें कार्य : उद्यान आयुक्त

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** विशेषज्ञों ने इस बात पर बल दिया है कि शहद की ट्रेसेब्लिटी सुनिश्चित करना उसके प्रति उपभोक्ताओं के विश्वास और साख को बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में उद्यान आयुक्त और राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन के मिशन निदेशक डॉ. प्रभात कुमार ने राष्ट्रीय मधु बोर्ड (हक्क्ष) द्वारा वित्तपोषित नौणी में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय मधुमक्खी पालन संगोष्ठी में यह विचार व्यक्त किए।

यह संगोष्ठी डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के कीट विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित की गई, जिसमें हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों से लगभग 250 किसान एवं मधुमक्खी पालक शामिल हुए।



इस अवसर पर डॉ. कुमार ने बताया कि विश्व भर में शहद के स्वास्थ्यवर्धक गुणों के प्रति बढ़ती जागरूकता के चलते मधुमक्खी कॉलोनियों की संख्या में वृद्धि हो रही है। भारत में शहद उत्पादन 2013-14 में 76 मीट्रिक टन से बढ़कर वर्तमान में 1.52 लाख मीट्रिक टन तक पहुँच गया है। उन्होंने कहा कि बी डेवलपमेंट कमेटी के तहत देशभर में सात शहद परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की गई है ताकि गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित किया जा सके।

किसानों से आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि वे अपनी मधुमक्खी कॉलोनियों का पंजीकरण 'मधु क्रांति पोर्टल' पर अवश्य करवाएँ। उन्होंने सरकार की संस्थागत व्यवस्था की जानकारी देते हुए बताया कि किसान उत्पादक संगठन (स्नक्क्रह्य) सामूहिक रूप से शहद का विपणन कर रहे हैं। देशभर में अब तक 59 ऐसे संगठन स्थापित किए जा चुके हैं।

शहद के विपणन से जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा करते हुए डॉ. कुमार ने कहा कि मूल्य संवर्धित उत्पादों और उप-उत्पादों के विकास पर विशेष ध्यान देना समय की मांग है।

## कर्मचारियों की हमेशा हितैषी रही है प्रदेश सरकार : संजीव

**कुल्लू 16अक्तूबर (अशेष शर्मा)।** सीएम सुक्खू ने कर्मचारियों को 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की घोषणा कर पेंशनरों के लिए बड़ी राहत दी है। सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्य के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और पेंशनरों को तीन प्रतिशत महंगाई भत्ते की नई किस्त अक्तूबर माह के वेतन और पेंशन के साथ नवंबर माह में देने का ऐलान किया है। इससे प्रदेशभर के कर्मचारियों में खुशी की लहर है।

जिला राजपत्रित कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजीव भारद्वाज ने कहा कि घोषणा के समय सीएम ने कहा कि द्य अप्रैल से सितंबर 2025 तक का बकाया भत्ता अक्तूबर माह में ही खातों में जमा कर दिया जाएगा, जबकि जुलाई 2023 से मार्च 2025 तक की बकाया राशि के आदेश अलग से जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा दीपावली का यह तोहफा कर्मचारियों के लिए ब?ी खुशी लेकर आया है। भारद्वाज ने कहा कि हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखू हमेशा कर्मचारियों के हितेशी रहे हैं।

# स्थानीय व्यंजनों को बढ़ावा देना आवश्यक : राहुल जैन



अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** अतिरिक्त उपायुक्त सोलन एवं परियोजना निदेशक ?िला ग्रामीण विकास अभिकरण राहुल जैन ने कहा कि स्थानीय व्यंजनों को ब?ावा देने में ऐसे महोत्सव अहम भूमिका निभाते हैं। राहुल जैन आज यहां ?िला ग्रामीण विकास अभिकरण सोलन द्वारा 8वें राष्ट्रीय पोषण माह के तहत 'ग्रामीण स्वाद महोत्सव' को सम्बोधित कर रहे थे। राहुल जैन ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए पौष्टिक भोजन का सेवन करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी उम्र के लोगों के तरह-तरह के पौष्टिक आहार का सेवन करना चाहिए जिससे वह स्वस्थ रह सके। उन्होंने कहा कि पोषण माह का उद्देश्य समुदाय में कुपोषण की दर को कम करना, स्वस्थ आदतों व परम्परागत पौष्टिक व्यंजनों का समावेश करना एवं बच्चों में शारीरिक एवं बौद्धिक विकास को बढ़ाना है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पदम देव शर्मा ने इस अवसर पर राष्ट्रीय पोषण माह के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सोलन की किरण कश्यप ने इस अवसर पर संस्थान द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षणों की जानकारी दी।

# कॉलेज में सीएससीए शपथ ग्रहण समारोह

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** राजकीय महाविद्यालय, जयनगर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कॉलेज स्टूडेंट्स सेंट्रल एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अंजना सूद ने की, जो इस अवसर की मुख्य अतिथि रहीं।



समारोह के दौरान नव-निर्वाचित पदाधिकारियों – अध्यक्ष नीरज कुमारी (बी.ए. तृतीय वर्ष), उपाध्यक्ष जया कुमारी, महासचिव पूनम देवी (बी.ए. द्वितीय वर्ष) एवं संयुक्त सचिव जतिन कुमार (बी.ए. प्रथम वर्ष) – ने अपने पद की शपथ ग्रहण की। इसके पश्चात कक्षा प्रतिनिधियों तथा विभिन्न क्लबों एवं सोसाइटियों के प्रतिनिधियों ने भी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने की शपथ ली।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्राओं द्वारा पारंपरिक नाटी नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसने कार्यक्रम में उत्सव का माहौल बना दिया। नव-निर्वाचित अध्यक्ष नीरज कुमारी ने अपने संबोधन में प्राचार्या, अध्यापक वर्ग और विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सीएससीए की पूरी टीम महाविद्यालय की उन्नति एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए मिलजुलकर कार्य करेगी।

अपने उद्बोधन में प्राचार्या डॉ. अंजना सूद ने नव-निर्वाचित सीएससीए सदस्यों को बधाई देते हुए नेतृत्व, टीमवर्क और छात्र सहभागिता के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सह-पाठयक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया और उन्हें अनुशासन, निष्ठा और सेवा के मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया।र्क

**संकल्प अभियान** — सैंज भाजपा ने विकसित भारत अभियान कार्यक्रम का किया आयोजन

# नए भारत के निर्माण में विकसित भारत एक व्यापक सामाजिक आंदोलन: अमित

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**सैंज (कुल्लू)16 अक्तूबर।** कुल्लू जिला में भाजपा द्वारा नवगठित मंडल सैंज में वीरवार को विकसित भारत संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। भाजपा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मंडल के तमाम सदस्यों के अलावा मोर्चो के सदस्यों ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम में कुल्लू जिला भाजपा के अध्यक्ष अमित सूद विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करती हुए जिला भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान से देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण की दिशा में अग्रसर कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं बल्कि नए भारत के निर्माण का एक व्यापक सामाजिक आंदोलन है। अमित सूद ने कहा कि विकसित भारत आंदोलन में समाज के प्रति वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित हो इस दिशा में बीजेपी आगे बढ़ रही है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि वे आत्मनिर्भर भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाएं। भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया, वोकल फोर लोकल जैसी आत्मनिर्भर भारत के मूल सिद्धांतों पर आधारित है जिस गांव-गांव में युवाओं, महिलाओं और उद्यमियों को सशक्त बनाया है। जबकि बीते एक दशक में भारत की आर्थिक नींव मजबूत हुई है और भारत देश आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो चुका है। भाजपा सैंज मंडल के अध्यक्ष अमर ठाकुर ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता केवल नारे नहीं लगाते बल्कि संकल्प को कर्म में बदलते हैं और यही बीजेपी की पहचान है। उन्होंने मंडल के कार्यकर्ताओं से विनती की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अटूट प्रतिबद्धता और दूरदर्शी नीतियों को दर्शाती है ऐसे में हमारी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि सुशासन का संदेश हर घर तक पहुंचे। इस मौके पर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष भीमसेन शर्मा, जिला महामंत्री नवल नेगी, मंडल के महामंत्री शेर सिंह नेगी गोपाल शर्मा सहित विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## शिष्टाचार भेंट



*सीएम नायब सैनी की सरकार का एक साल सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। नायब सैनी सभी के साथ मिलनसार व्यक्तित्व के धनी हैं। एक साल में वे प्रधानमंत्री मोदी के साथ भी कई मौकों पर शिष्टाचार भेंट कर चुके हैं।*

# विपुल गोयल ने बच्चों संग मनाई दीपावली

15 हजार देसी घी के लड्डू वितरित कर दी बच्चों के साथ बांटी खुशियां

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने दीवाली इस बार खास अंदाज में मनाई। विपुल गोयल ने 28 सरकारी स्कूलों के हजारों बच्चों को 15 हजार देशी घी के लड्डू वितरित कर बच्चों को खुशियों की सौगात दी। इस मौके पर विपुल गोयल ने कहा कि त्योहारों का असली अर्थ तभी है जब समाज के हर वर्ग के साथ खुशियाँ बाँटी जाएँ। बच्चे हमारे भविष्य हैं, और उनकी मुस्कान ही सबसे बड़ा उत्सव है। सुबह से ही सरकारी स्कूलों में उत्सव का माहौल रहा। स्कूल परिसरों को दीयों व रंगोली से सजाया गया।

विपुल गोयल ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन 2047 तक भारत को विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का है और इस सपने को पूरा करने में बच्चे ही भारत का भविष्य हैं। उन्होंने बच्चों को शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि भारत का विकास उनके प्रयासों से ही साकार होगा। उन्होंने कहा कि दीपावली केवल दीपों का त्योहार नहीं, बल्कि सेवा, सहयोग और सद्भाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि सरकारी स्कूलों में पढने वाले बच्चों को भी वही खुशी मिले जो समाज के हर वर्ग को मिलती है। सरकार बच्चों की शिक्षा और पोषण के लिए लगातार प्रयासरत है, लेकिन समाज की भागीदारी से यह अभियान और मजबूत होगा। उन्होंने शिक्षकों से भी अपील की कि वे बच्चों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और समाज सेवा की भावना को बढ़ावा दें।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने स्वच्छ दीपावली, हरित दीपावली का संकल्प भी लिया। इस पहल की शहरवासियों ने सराहना की। अभिभावकों ने कहा कि विपुल गोयल का यह कदम बच्चों में आत्मविश्वास और अपनत्व की भावना बढ़ाने वाला है। वहीं शिक्षकों ने कहा कि कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने सरकारी स्कूल के बच्चों की यह दीवाली यादगार बना दी। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने सभी को दीवाली की शुभकामनाएं देते हुए बच्चों के साथ दीप भी जलाए।

# सरल, पारदर्शी और सुलभ शासन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं भू-मित्र चैटबॉट : डॉ. विवेक

भू-मित्र व्हाट्सएप चैटबॉट के लॉन्च होने से राजस्व विभाग की सेवाएं मोबाइल फोन से तुरंत हो रही हैउपल ध

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फतेहाबाद, 16 अक्टूबर।** उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने भू-मित्र को सरल, पारदर्शी और सुलभ शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह चैटबॉट सरकारी सेवाओं को उनकी फिंगरटिप्स पर लाकर लोगों को सशक्त बनाता है। व्हाट्सएप पर बस कुछ ही टैप से, कोई भी कभी भी, कहीं भी जानकारी प्राप्त कर सकता है, शिकायत दर्ज कर सकता है या आवेदन की स्थिति देख सकता है।

उपायुक्त ने बताया कि भू-मित्र चैटबॉट पांच प्राथमिक सेवाएं प्रदान करता है, इनमें राजस्व सेवाएं, सीमांकन सेवाएं, शिकायत दर्ज करें, शिकायत की स्थिति जानें, और जन सूचना तक पहुंच शामिल हैं। यह प्रणाली हिंदी और अंग्रेजी दोनों में काम करती है, जिससे सभी नागरिकों के लिए उपयोगकर्ता-अनुकूलता सुनिश्चित होती है। भू-मित्र चैटबॉट का नंबर 9593300009 है।

उन्होंने बताया कि चैटबॉट की एक प्रमुख विशेषता इसका स्वचालित संचार है। सभी अपडेट और प्रतिक्रियाएं व्हाट्सएप और एसएमएस के माध्यम से सीधे नागरिकों के साथ साझा की जाती हैं, जिससे बार-बार कार्यालय जाने या फॉलो-अप कॉल करने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। यह समयबद्ध, कागज रहित और पारदर्शी सेवा वितरण की गारंटी देता है जो राज्य के डिजिटल-हरियाणा के दृष्टिकोण का प्रमाण है। उन्होंने जिले के लोगों को इस चैटबॉट को अपनाने का आग्रह करते हुए कहा कि डिजिटल शासन की सच्ची सफलता सक्रिय जनभागीदारी पर निर्भर करती है। भू-मित्र चैटबॉट शासन को हर घर के करीब लाकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के डिजिटल हरियाणा, सशक्त नागरिक के लक्ष्य को साकार करने में मदद कर रहा है।

## साइबर अपराध नियंत्रण को लेकर समीक्षा बैठक

**फतेहाबाद, 16 अक्तूबर।** पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस के निर्देशन में पुलिस लाइन, फतेहाबाद स्थित एनजीओ मैस में साइबर अपराधों की समीक्षा और आगामी रणनीति निर्धारण हेतु एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के समस्त थाना एवं यूनिट प्रभारी, साइबर सेल टीम तथा तकनीकी शाखा के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान साइबर अपराधों में बढ़ती प्रवृत्ति, अपराधियों के नए तौर-तरीकों और इनसे निपटने में पुलिस की तैयारी पर विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी साइबर अपराध शिकायतों पर त्वरित व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ितों को शीघ्र राहत प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी लगातार नई तकनीकों का दुरुपयोग कर रहे हैं, ऐसे में पुलिस बल को भी तकनीकी रूप से सशक्त बनना आवश्यक है।

# भूपेन्द्र हुड्डा ने किसानों की समस्याएं जानीं

अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया



**जींद।** भूपेन्द्र सिंह हुड्डा नेता प्रतिपक्ष ने आज जींद अनाज मंडी का दौरा किया और किसानों से रूबरू हुए और किसानों की परेशानियों को जाना । नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि मौजूदा सरकार में किसान बुरी हालत में जीने को मजबूर है उन्होंने बताया कि किसान को धान का पूरा मूल्य नहीं मिल रहा है और किसानों को उठान की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है पत्रकारों से बात करते हुए भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि बीजेपी सरकार में किसान, मजदूर और गरीब का जीना दूभर हो रहा है।

उन्होंने कहा कि मंडियों में हर जगह जाम की संभावना बनी रहती है वहीं किसानों को बार दाने की भी बहुत समस्या हो रही है भूपेन्द्र सिंह ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि आज की बीजेपी सरकार में कर्मचारी और किसान आत्महत्या करने पर मजबूर है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि किसानों को बीज और खाद पर भी भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जिला अध्यक्ष ऋषिपाल सिहाग ने बताया कि मौजूदा स्थिति में किसान और मजदूर बहुत परेशान है उन्होंने कहा कि बीजेपी विधायक विकास की और कोई ध्यान नहीं दे रहें है और सिर्फ पैसा कमाने में लगे हुए है। उन्होंने जींद विधायक की और इशारा करते हुए कहा कि इनको हर काम में कमीशन चाहिए होता है बिना किसी कमीशन के तो कोई फाइल भी आगे नहीं सरकती । इस मौके पर जिला अध्यक्ष ऋषिपाल सिहाग के साथ मुख्य रूप से जगबीर डिगाना, प्रदीप रेढ़ू, सुभाष अहलावत, पवन गर्ग, विजय मोर के साथ सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# समाधान शिविरों से मिल रही सीधी राहत : एसडीएम राजेश कुमार

लघु सचिवालय में जिला स्तरीय समाधान शिविर में एसडीएम राजेश कुमार ने सुनी समस्याएं

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**फतेहाबाद, 16 अक्टूबर।** हरियाणा सरकार की पहल समाधान शिविर जिलावासियों के लिए लाभकारी साबित हो रही है। इस पहल से नागरिकों को अपनी समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर मिल रहा है। वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम राजेश कुमार ने की।

एसडीएम राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि समाधान शिविरों में आई सभी शिकायतों के त्वरित निपटान के लिए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं, ताकि लोगों को शीघ्र राहत मिल सके। एसडीएम राजेश कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन हर सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक लघु सचिवालय में जनता की समस्याएं सुनकर त्वरित समाधान सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने कहा कि शिकायत समाधान शिविरों में नागरिकों की भागीदारी सरकार और प्रशासन पर उनके भरोसे को दर्शाती है।

उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों के माध्यम से नागरिकों की विभिन्न प्रशासनिक और शासकीय विभागों से जुड़ी समस्याओं का तुरंत निपटारा किया जा रहा है। इन शिविरों में लोगों को विशेष रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, भूमि पंजीकरण, समाज कल्याण पेंशन, राशन कार्ड, स्थानीय निकायों से नो-ड्यूज प्रमाण पत्र, नगरपालिका द्वारा नक्शा पास करवाने, बिजली, सिंचाई, सार्वजनिक स्वास्थ्य और आपराधिक शिकायतों जैसी सेवाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि किसी नागरिक को इन विषयों में किसी भी प्रकार की परेशानी है तो वह निःसंकोच समाधान शिविर में आकर अपनी शिकायत दर्ज कराए। उन्होंने यह भी कहा कि जिला प्रशासन और प्रदेश सरकार हमेशा नागरिकों की सहायता के लिए तत्पर हैं और जनहित में यह पहल निरंतर जारी रहेगी।

समाधान शिविर में स्थानीय निवासी वीरेंद्र कुमार, श्रवण कुमार, पुष्पा रानी व भट्टू मंडी निवासी चानन ने राशन कार्ड दोबारा शुरू करवाने, खारा खेड़ी निवासी सुशील कुमार ने पीपीपी में माता-पिता का नाम दुरुस्त करवाने, सुनील कुमार ने पीएमएवाई-यू के तहत आवास बनवाने, चिंदड़ निवासी सतीश ने लिकेज ठीक करवाने, भूथन कलां निवासी ओम प्रकाश ने बिजली की तारों को ऊंचा उठवाने व उन पर रबड़ लगवाने, फतेहाबाद निवासी हरबंस असीजा ने इंतकाल संबंधी, अशोक नगर निवासी बलदेव कुमार ने रिहायशी एरिया में कंपनी का टावर लगाने से रोकने बारे आदि शिकायत रखी।

# त्योहारों में केवल आनंद नहीं अपनी परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत से भी परिचित होते हैं : महंत

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया



**कुरुक्षेत्र, 16 अक्तूबर।** जग ज्योति दरबार में हर वर्ष की भांति इस बार भी सर्व कल्याण की भावना से दीपावली पर एक सप्ताह तक चलने वाला विशेष अनुष्ठान अनुष्ठान महंत राजेंद्र पुरी द्वारा अन्य संत महापुरुषों के सान्निध्य में किया जा रहा है। महंत राजेंद्र पुरी ने वीरवार को हवन एवं श्रद्धालुओं को आशीर्वाद के उपरांत कहा कि कार्तिक महीने में सनातन परम्परा अनुसार त्यौहार शुरू हो चुके हैं। इन त्यौहारों में दीपावली उत्सव का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि आधुनिकता की दृष्टि से त्यौहारों के महत्व को नहीं समझा जाता है। महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि सनातन धर्म में त्यौहारों का विशेष महत्व है। त्यौहारों को केवल आनंद के लिए नहीं मनाया जाता है। त्यौहारों के माध्यम से समाज की पुरानी पीढ़ी एवं नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत से परिचित करवाया जाता है। उन्होंने बताया कि जग ज्योति दरबार में एक सप्ताह तक चलने वाले अनुष्ठान में दूर दूर से यजमान एवं श्रद्धालु शामिल होंगे। दरबार में सर्वकल्याण की भावना से ही पूजन एवं अनुष्ठान होते हैं। महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि त्यौहारों से सांस्कृतिक सद्भाव का वातावरण बनता है। आपसी वैमनस्य को भुलाकर एक-दूसरे से प्रेम के बंधन में बंधा जा सकता है। उन्होंने कहा कि त्यौहारों से जीवन के नैतिक-सामाजिक मूल्य मनोरंजन के साथ मिल जाते हैं। लोगों को धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होने में मदद मिलती है। साथ ही सामूहिकता की भावना बढ़ती है एवं रिश्तों में प्रगाढ़ता आती है। त्यौहार का उद्देश्य लोगों को दीपावली के आध्यात्मिक महत्व और पर्यावरण-अनुकूल तरीकों के प्रति जागरूक करना है। यह आयोजन श्रद्धालुओं को आंतरिक शांति और आध्यात्मिक परिवर्तन की दिशा में एक पवित्र यात्रा का हिस्सा बनने का अवसर देता है। इस अवसर पर पूजन अमरीक चौहान, कमलेश चौहान, दीपक शर्मा, प्रदीप शर्मा, राजीव शर्मा, मृदुला गुप्ता, संयोगिता, जोगिंदर सिंह, सुरेंद्र, अक्षय राठी, अजय राठी एवं विजय राठी इत्यादि मौजूद रहे।

# मनीषा सांगवान को कारण बताओ नोटिस, 10 दिन में जवाब देने के आदेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र ने अनुशासनहीनता पर कार्रवाई की है। चरखी दादरी से कांग्रेस की पूर्व प्रत्याशी डॉ.मनीषा सांगवान को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह नोटिस दादरी में 13 अक्टूबर को हुए 'वोट चोर, गद्दी छोड़' कार्यक्रम के दौरान मचे भारी हंगामे के बाद जारी किया गया है, जिसमें पार्टी की छवि को गंभीर क्षति पहुंची।

राव नरेंद्र के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद यह पहली कार्रवाई है। दादरी में हुए इस कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र और एआईसीसी सचिव जितेंद्र बघेल मौजूद थे। इस कार्यक्रम में मनीषा सांगवान के समर्थकों ने नारों और नोकझोंक से माहौल बिगाड़ दिया। पूरा कार्यक्रम अव्यवस्थित हो गया और कांग्रेस की एकजुटता की तस्वीर बिखर गई। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के असिस्टेंट ऑफिस सेक्रेटरी नीरज कुमार द्वारा हस्ताक्षरित बुधवार की रात जारी नोटिस में पार्टी ने साफ लिखा है कि दादरी कार्यक्रम के दौरान आपके समर्थकों ने अनुशासनहीनता की हद पार कर दी, जिससे पार्टी की साख पर बट्टा लगा। यह भी कहा गया है कि पूरे कार्यक्रम का संदेश और प्रभाव जमीनी स्तर पर खत्म हो गया। मनीषा सांगवान से दस दिन के भीतर जवाब मांगा गया है कि आखिर उनके समर्थकों का ऐसा आचरण क्यों हुआ और इसके लिए जिम्मेदारी कौन लेगा। मनीषा सांगवान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबी मानी जाती हैं और कांग्रेस के भीतर उनका चेहरा हुड्डा गुट से जुड़ा रहा है। ऐसे में यह नोटिस सीधे तौर पर राव नरेंद्र की उस रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। राव नरेंद्र ने अध्यक्ष पद संभालते ही साफ कहा था कि पार्टी में अनुशासन सर्वोपरि होगा और जो भी सीमा लांघेगा, उसे जवाब देना होगा।

# हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन ने जारी किया 27वें स्टेट गेम्स का लोगो व मास्कट

अर्थ प्रकाश संवाददाता

2 से 8 नवंबर तक होंगे स्टेट गे स, कुरुक्षेत्र की पौराणिक गूंज के साथ बजेगा 'शंख'

**चंडीगढ़, 16 अक्तूबर।** हरियाणा में खेलों की सबसे बड़ी प्रतियोगिता एक बार फिर लौटने जा रही है। करीब 13 साल बाद राज्य में 27वें हरियाणा स्टेट गेम्स का आयोजन होने जा रहा है। हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन (एचओए) ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में एसोसिएशन ने इन खेलों का आधिकारिक लोगो और मास्कट जारी कर दिया है, जो हरियाणा की परंपरा, ऊर्जा और खेल भावना का संगम पेश करता है।

इस बार के स्टेट गेम्स का लोगो बेहद प्रतीकात्मक और अर्थपूर्ण है। इसे ओलंपिक एसोसिएशन ने विशेष रूप से डिजाइन कराया है। लोगो में 'शंख' को केंद्र में रखा गया है। शंख न केवल कुरुक्षेत्र की ऐतिहासिक पहचान है, बल्कि यह ऊर्जा, शुभता और नई शुरुआत का प्रतीक भी है। लोगो का संदेश स्पष्ट है - हरियाणा में खेलों का शंखनाद फिर से गूंजेगा।

एचओए ने खेलों का मास्कट 'महाबली' भी जारी किया है, जिसे चीते के रूप में डिज़ाइन किया गया है। चीता ताकत, गति और आत्मविश्वास का प्रतीक है, जो हरियाणा के खिलाड़ियों की पहचान भी है। 'महाबली' को हरियाणा के खेल योद्धा का रूप माना गया है, जो मैदान में हमेशा आगे बढ़ता है, कभी हार नहीं मानता।

हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष कप्तान जसविंदर सिंह मीनू बेनीवाल ने बताया कि 27वें हरियाणा स्टेट गेम्स 2 नवंबर से 8 नवंबर तक आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान राज्य भर से हजारों खिलाड़ी भाग लेंगे। खेलों में एथलेटिक्स, कुश्ती, कबड्डी, बॉक्सिंग, हॉकी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, शूटिंग, तैराकी, तीरंदाजी सहित करीब दो दर्जन से अधिक खेल विधाएं शामिल होंगी। एसोसिएशन ने आयोजन स्थलों की तैयारियां भी लगभग पूरी कर ली हैं और कहा कि इन खेलों को राज्य के इतिहास का सबसे भव्य आयोजन बनाया जाएगा।

हमने इस लोगो में हरियाणा की आत्मा बसाई है। शंख की ध्वनि सिर्फ खेलों के आरंभ की नहीं, बल्कि एक नई ऊर्जा, नई प्रतिबद्धता और नए जोश की शुरुआत की घोषणा है। कुरुक्षेत्र हमारी पौराणिक धरोहर है, वहीं से हमने प्रेरणा ली है। महाबली हमारे खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व करता है। हरियाणा का खिलाड़ी मेहनती, तेज और निर्भीक होता है। चीता उसकी स्पीड और ऊर्जा का प्रतीक है।

## डीजीपी ने लिखा प्रदेश के कर्मचारियों को पत्र

**चंडीगढ़, 16 अक्तूबर।** हरियाणा के नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह ने प्रदेश के समूह पुलिसकर्मियों को एक पत्र जारी करके अपनी कार्यप्रणाली के माध्यम से जनता में भरोसा जगाने की अपील की है। यह पत्र न केवल पुलिसकर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देता है बल्कि संगठन के भीतर मनोबल और विश्वास बहाल करने की कोशिश के रूप में भी देखा जा रहा है। आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार के सुसाइड केस के बाद पूर्व पुलिस महानिदेश्का शत्रुजीत कपूर को लंबी छुट्टी पर भेज दिया गया था। इस पृष्ठभूमि में 14 अक्टूबर को ओपी सिंह ने डीजीपी का अतिरिक्त कार्यभार संभाला। और अगले ही दिन, उन्होंने अपने पहले ही संदेश में पूरे पुलिस बल को 'विश्वास, प्रेरणा और जिम्मेदारी' का पाठ पढ़ाया।

रजत जयंती | श्री जयराम शिक्षण संस्थान के अंतर्गत सभी स्कूल व कालेज के विद्यार्थी दिखा रहे प्रतिभा

# रजत जयंती वर्ष कार्यक्रमों में जयराम कन्या महाविद्यालय की छात्राओं की रंगारंग प्रस्तुतियां

अर्थ प्रकाश/अर्पण वधवा




**कुरुक्षेत्र, 16 अक्तूबर।** देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से ग्रामीण आंचल की कन्याओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से गतिमान सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम कन्या महाविद्यालय में रजत जयंती समारोह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम बड़े हर्ष और गरिमा के साथ आयोजित किए जा रहे हैं। रजत जयंती समारोह अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हो चुके हैं।

विशिष्ट अतिथि के रूप में इंडोरामा सिंथेटिक्स इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक ओम प्रकाश लोहिया ही शामिल हुए। इसके साथ-साथ श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी, उपाध्यक्ष टीके शर्मा, निदेशक एसएन गुप्ता, लोहार माजरा गांव के सरपंच, गणमान्य सदस्य एवं शिक्षण संस्थान की प्रबंधन समिति के गणमान्य सदस्य, पांचो शिक्षण संस्थान के प्राचार्य गण उपस्थित रहे। रजत जयंती वर्ष कार्यक्रमों में उल्लास और उत्साह का वातावरण बना हुआ है। रजत जयंती समारोह में जयराम डिग्री कॉलेज, जयराम बीएड महिला कॉलेज, जयराम महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज, जयराम सैनिक स्कूल, श्रीमती केसरी देवी स्कूल, डीएसबी इंटरनेशनल स्कूल निवारसी के विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए हैं।

देश भक्ति, लोक संस्कृति और सामाजिक संदेशों पर आधारित नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। हरियाणवी, राजस्थानी, पंजाबी, कश्मीरी संस्कृति को दिखाते हुए बच्चों ने जो मनमोहक प्रस्तुतियां दी सचमुच काबिले तारीफ थी। छोटे-छोटे सैनिकों ने जल सेना, थल सेना ,वायु सेना का जो चित्रण अपने नृत्य के माध्यम से किया, वह अत्यंत प्रभावशाली रहा। रजत जयंती पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी ने छात्राओं के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि था कि हरियाणा की बेटियाँ आज हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने युवाओं को परिश्रम, अनुशासन और संस्कृति से जुड़कर आगे बढ़ने का संदेश दिया।

# डॉ. सुभिता ढाका बनी आईएएस, 2018 मिला बैच, परिवार को मिली बड़ी सौगात

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 16 अक्टूबर।** हरियाणा सरकार की वरिष्ठ एचसीएस अफसर डॉ. सुभिता ढाका अब आईएएस बन गयी हैं । सरकार ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है । श्रीमती ढाका को 2018 बैच मिला है । इस बैच को मिलने से वर्तमान में कार्यरत लगभग 4 दर्जन आईएएस अधिकारियों से वरिष्ठ बन गयी हैं । दीपावली के शुभ अवसर पर मिली इस कामयाबी से पूरा परिवार बहुत खुश हैं । काफी समय से प्रतीक्षारत इस उपलब्धि पर डॉ. सुभिता ढाका ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुझे बेहद खुशी है कि मेरे कार्य को मान्यता मिली है और एक अच्छा बैच मिला है । मेरा कार्यकाल और बेहतर होगा यही उम्मीद करती हूँ। डॉ. सुभिता ढाका के पतिदेव व भाजपा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका ने भी अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि एक बेहतर अफसर अपनी कार्यकुशलता से समाज को व जनता को लाभ पहुंचाता है । सुभिता जी भी हरियाणा के बेहतर भविष्य के लिए कार्य करती रही हैं और आगे भी करती रहेंगी।







# मुनिश्री अभय कुमार जी की स्मृति सभा में राज्यपाल ने दी श्रद्धांजलि

## कहा, 'उनका जीवन तप, साधना और समर्पण की मिसाल'

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा





**चंडीगढ़, 16 अक्तूबर।** सेक्टर 24-सी स्थित अणुव्रत भवन में आज श्रद्धेय जैन मुनि अभय कुमार जी स्वामी के ब्रह्मलीन होने पर एक भव्य स्मृति सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, 'मुनिश्री अभय कुमार जी ने तप और साधना से परिपूर्ण जीवन जिया। उन्होंने धर्मसंघ की सेवा में सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनके त्याग और संयम को मैं नमन करता हूँ।'

राज्यपाल कटारिया ने बताया कि उन्हें मुनिश्री के महाप्रयाण का समाचार कल ही प्राप्त हुआ था, लेकिन आवश्यक व्यवस्थाओं के कारण वे तत्काल उपस्थित नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि स्मृति सभा में उपस्थित होकर उनका मन अत्यंत भावुक हो उठा।

उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें यह जानकर अत्यंत आश्चर्य हुआ कि मुनिश्री अभय कुमार जी के बड़े भ्राता मुनि विनय कुमार जी आलोक ने अपने अनुज की सेवा का जो अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया, वह आज के युग में विरला है। उन्होंने कहा कि 'अभय मुनि समता, सादगी, विनम्रता और मधुर वाणी के प्रतीक थे। उनका जीवन संयम और समर्पण का प्रेरणास्रोत रहेगा।'

सभा में उपस्थित मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने बताया कि मुनि अभय कुमार उनके अनुज थे, और उनके साथ लगभग 70 वर्षों का घनिष्ठ संबंध रहा। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी मुनिश्री ने धर्म कार्यों से कभी समझौता नहीं किया। वे करोड़ों मंत्रों के ज्ञाता, कई भाषाओं में निपुण, तथा जैन आगम, वेद, उपनिषद, न्याय, व्याकरण और इतिहास के गंभीर अध्येता थे।

उन्होंने बताया कि मुनिश्री अभय कुमार जी का जन्म राजस्थान के सरदारशहर में एक सामान्य मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ था। वे चार भाई-बहनों में तीसरे क्रम पर थे और प्रारंभिक शिक्षा सरदारशहर से प्राप्त की थी। उनके पिता सुमेरमल जी और माता श्रीमती भंवरी देवी थीं।

मुनि सुधाकर कुमार जी ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा, 'अभय मुनि ने अपने आचरण से यह सिखाया कि जीवन को सार्थक कैसे बनाया जाए। उनका जीवन सहज, सरल और सबके लिए सुलभ था।'

कार्यक्रम का आरंभ दो मिनट के मौन से किया गया। इसके पश्चात प्रज्ञा जैन ने भक्ति गीत के माध्यम से मुनिश्री को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुवाहाटी सहित देश के विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ट्राइसिटी के अनेक मुनि, आर्यिका एवं श्रावक-श्राविकाओं ने भी स्मृति सभा में भाग लेकर मुनिश्री के प्रति सम्मान प्रकट किया।

सभा में राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया के अतिरिक्त पूर्व रेलमंत्री पवन कुमार बंसल, पंजाब सभा के अध्यक्ष रमेश नवलंखा, मुनिश्री के पोते पंकज जैन वैद्य, पी.सी. सिंगला, विजय शर्मा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### 70 वर्षों का संयमित जीवन, तप और साधना की मिसाल

सभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री विनयकुमार जी आलोक ने कहा, 'अभय मुनि मेरे साथ लगभग 70 वर्षों से थे। उनका जीवन तप, त्याग और सेवा की प्रतिमूर्ति रहा। जब तक मेरी सांस में सांस है, अभय मुनि सदैव मेरी स्मृतियों में जीवित रहेंगे।' उन्होंने कहा कि अभय मुनि ने अपना सम्पूर्ण जीवन साधना, संयम और आत्मकल्याण के लिए समर्पित कर दिया। वे एक कवि भी थे और उनके द्वारा रचित अनेक मंत्रों और कविताओं की पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

### श्रद्धांजलि सभा में देशभर से उमड़े श्रद्धालु

श्रद्धांजलि सभा में मुनिश्री सुधाकर जी ने उन्हें कोमल वाणी, सादा जीवन और सेवा भावना का प्रतीक बताया। स्थानकवासी साध्वी सुदेश जी ने कहा, 'अभय मुनि तप, त्याग और साधना की प्रतिमूर्ति थे।' इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से आए श्रावक-श्राविकाओं के साथ-साथ चंडीगढ़, पंचकूला व मोहाली की जैन संस्थाओं के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। चंडीगढ़ के भाजपा नेता संजय टंडन, पंजाब सभा के महामंत्री कुलदीप सुराणा, अध्यक्ष मंगतराय, कमल नवलखा, मनोज जैन, सुशील जैन सहित अनेक गणमान्य जनों ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए। तेरापंथी योग परिषद, सरदारशहर द्वारा भावभीना गीत प्रस्तुत कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

### मंत्रों के साधक, विचारों के कवि

अभय मुनि जी का जीवन मंत्र लेखन व जप को समर्पित रहा। उन्होंने करोड़ों मंत्रों का जप व आलेखन किया। उम्र के इस पड़ाव पर भी उनकी लेखनी थमी नहीं थी और उनके विचारों की धार निरंतर प्रवाहित होती रही। उनके प्रवचन सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो जाते थे। मुनि अभयकुमार जी का सरल, सहज और सेवा भाव से परिपूर्ण जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा रहेगा। उनके जीवन की तप, साधना और संयम की सुगंध मानवता को सतत प्रेरित करती रहेगी।

# 20 अक्टूबर तक दिया जाएगा सितंबर माह में दिया जाने वाला राशन

**सोनीपत (आदेश त्यागी)।** जिला खादय एवं आपूर्ति नियन्त्रक मनीषा मेहरा ने बताया की बीपीएल/एएवाई परिवारों को सितंबर माह मे दी जाने वाले आवश्यक वस्तुएं ( गेहूँ, चीनी व सरसों तेल) 20 अक्टूबर तक वितरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि सितंबर माह मे एईपीडीस, एससीएम पोर्टल व पोश मशीन का सॉफ्टवेयर अपडेट होने के कारण सितंबर माह में दी जाने वाली आवश्यक वस्तुओं का वितरण 15 सितंबर से शुरू हो सका। जिसके कारण राज्य में लाभार्थी वस्तुओं से वंचित रह गए।
















अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

# मुख्यमंत्री ने कालिंदी कुंज में यमुना के स्वच्छता कार्यों का निरीक्षण किया, छठ की तैयारियां युद्धस्तर पर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को कालिंदी कुंज पहुंचकर यमुना के स्वच्छता कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व के भव्य आयोजन के लिए सरकार युद्धस्तर पर तैयारियों में जुटी है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने दिल्ली सचिवालय में प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि स्वच्छ यमुना, घाटों पर साफ-सफाई और छठव्रतियों के लिए बेहतरीन सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए टीम दिल्ली दिन-रात कार्यरत है। अधिकारियों के साथ पूरे प्रबंध की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के निरंतर प्रयासों से यमुना फिर से स्वच्छ, निर्मल और अविरल धारा में लौट रही है। नालों को टैप करने, एसटीपी लगाने और प्रदूषण नियंत्रित करने जैसे ठोस कदमों से जल की गुणवत्ता निरंतर बेहतर हो रही है। इस वर्ष छठ पर्व पर जब श्रद्धालु स्वच्छ यमुना में खड़े होकर सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित करेंगे, तो वह हमारी आस्था, परंपरा और पर्यावरण के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार केंद्र सरकार के सहयोग से पांच महीने में यमुना को स्वच्छ करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। पिछली सरकार को भी केंद्र सरकार ने अमृत योजना एक और दो के माध्यम से सहयोग दिया, लेकिन उन्होंने यमुना सफाई के लिए कुछ नहीं किया। आज वह लोग यमुना पर झूठ की राजनीति कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने यमुना से हजारों टन जलकुंभी निकाली है। आज यमुना स्वच्छ है और दिल्ली सरकार इसके दोनों किनारों पर भव्य छठ का आयोजन कर रही है।



## केरल में दिवाली पर सिर्फ दो घंटे हरित पटाखों का इस्तेमाल करने की इजाजत

अर्थ प्रकाश/ तिरुवनंतपुरम। केरल में आगामी दिवाली पर सिर्फ दो घंटे हरित पटाखों का इस्तेमाल करने की अनुमति दी गयी है। केरल के गृह विभाग ने दिवाली के दौरान पटाखों और संबंधित विस्फोटकों के उपयोग के संबंध में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेश के अनुसार जारी दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन किये जाने के निर्देश दिए हैं। गृह विभाग के निर्देश में कहा गया है कि केवल हरित श्रेणी के पटाखों के उपयोग की अनुमति होगी तथा इसके लिए समय सीमा दो घंटे रात आठ बजे से 10 बजे तक निर्धारित की गयी है। सूत्रों के मुताबिक अधिकारियों को को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि केवल स्वीकृत श्रेणियों के ही पटाखे बेचे और इस्तेमाल किए जाएं तथा नियम के उल्लंघन की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही आम लोगों से जन सुरक्षा सुनिश्चित करने और पर्यावरण-अनुकूल एवं ज़िम्मेदारीपूर्ण दिवाली मनाने को बढ़ावा देने के लिए इन निर्देशों का आवश्यक रूप से पालन किये जाने का आग्रह किया गया है।

## छत्तीसगढ़ में अबूझमाड़ व उत्तर बस्तर नक्सल-मुक्त घोषित

अर्थ प्रकाश / रायपुर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ और उत्तर बस्तर क्षेत्र अब पूरी तरह नक्सल आतंक से मुक्त हो चुके हैं। कभी नक्सलियों के गढ़ माने जाने वाले इन इलाकों को सुरक्षा बलों की लगातार कार्रवाई और सख्त रणनीति के बाद आज 'नक्सलमुक्त क्षेत्र' घोषित किया गया है। श्री शाह ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा,'यह अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ और उत्तर बस्तर, जो कभी आतंक के ठिकाने हुआ करते थे, आज नक्सल आतंक से मुक्त घोषित किये गये हैं।' उन्होंने बताया कि अब केवल दक्षिण बस्तर में नक्सलवाद के कुछ अंश शेष हैं, जिन्हें जल्द ही सुरक्षा बल पूरी तरह समाप्त कर देंगे। गृह मंत्री ने कहा कि आज का दिन नक्सलवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में एक महत्वपूर्ण दिन है। आज छत्तीसगढ़ में 170 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया और कल 27 ने अपने हथियार डाले थे। महाराष्ट्र में कल 61 नक्सली मुख्यधारा में लौटे थे। इस तरह दो दिन में 258 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ा है। श्री शाह ने कहा कि वह हिंसा का मार्ग छोड़ने और देश के संविधान में फिर से आस्था व्यक्त करने के उनके निर्णय की सराहना करते हैं। उन्होंने कहा कि इससे इस तथ्य का पता चलता है कि इस समस्या को समाप्त करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के अथक प्रयासों से नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसें ले रहा है। श्री शाह ने कहा,'हमारी नीति स्पष्ट है-जो आत्मसमर्पण करना चाहते हैं उनका स्वागत है और जो बंदूक उठाए रखना चाहते हैं उन्हें हमारे सुरक्षा बलों की कड़ी कार्रवाई का सामना करना होगा। जो अभी भी नक्सलवाद के रास्ते पर चल रहें हैं मैं उनसे फिर अपील करता हूं कि वे अपने हथियार डालकर मुख्यधारा में लौट आयें।' गृह मंत्री ने कहा कि सरकार अगले वर्ष 31 मार्च तक देश से नक्सलवाद का उन्मूलन करने के लिए प्रतिबद्ध है। शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जनवरी 2024 में भाजपा सरकार के गठन के बाद से अब तक 2100 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, 1785 को गिरफ्तार किया गया है और 477 नक्सलियों को सुरक्षा बलों ने ढेर किया है।

## सरकारी कर्मचारियों के आरएसएस कार्यक्रमों में शामिल होने पर रोक लगायें: प्रियांक खरगे

अर्थ प्रकाश/ बेंगलुरु। कर्नाटक ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज मंत्री प्रियांक खरगे ने मुख्यमंत्री सिद्दारमैया से आग्रह किया कि वह एक सर्कुलर जारी कर सरकारी कर्मचारियों को राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ या उससे जुड़े संस्थाओं के कार्यक्रम में जाने पर रोक लगायें। श्री खरगे ने 13 अक्टूबर के पत्र में अपने पहले के अनुरोध को दोहराया कि आरएसएस को सरकारी परिसरों या सार्वजनिक स्थानों पर अपने कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिये। मंत्री ने कहा कि कई राज्य सरकार के कर्मचारी आरएसएस और अन्य समूहों द्वारा आयोजित की गयी कार्यक्रमों में भाग लेते हुए पाये गये हैं, जो कर्नाटक सिविल सेवा (आचरण) नियम 2021 के प्रावधानों का उल्लंघन है। श्री खरगे ने आचरण नियमावली के नियम पांच (एक) का हवाला देते हुए कहा कि कोई भी सरकारी कर्मचारी किसी राजनीतिक पार्टी का सदस्य नहीं हो सकता या उस संस्था से नहीं जुड़ सकता जो राजनीति में हिस्सा लेती हो, न ही वह किसी राजनीतिक आंदोलन या गतिविधि में भाग ले सकता है, न ही किसी प्रकार की सहायता के लिये चंदा देगा। मंत्री ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वे अधिकारियों को सर्कुलर जारी करने का निर्देश दें जिसमें चेतावनी दी जाये कि नियम का उल्लंघन करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। श्री खरगे के रुख पर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं सामने आयी हैं। विपक्षी नेताओं ने सरकार पर आरएसएस को निशाना बनाने का आरोप लगाया है, जबकि मंत्री ने कहा है कि उनका अनुरोध पूरी तरह से मौजूदा सेवा आचरण नियमों के अनुरूप है।

## चुनाव आयोग ने बंगाल में 78 चुनाव अधिकारियों को बदलने का दिया आदेश

अर्थ प्रकाश/ कोलकाता। चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के 78 विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) को तत्काल बदलने का आदेश दिया है। आयोग ने पाया है कि इन अधिकारियों की नियुक्ति चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मानदंडों का उल्लंघन करते हुए की गयी है। आयोग ने इस संबंध में राज्य सरकार को पत्र भेजकर ऐसे अधिकारियों के नाम प्रस्तावित करने का निर्देश दिया है जो चुनाव आयोग के निर्धारित मानकों के अनुरूप हों। आयोग के अनुसार, केवल पश्चिम बंगाल सिविल सर्विस (कार्यकारी) कैडर के उप-मंडलाधिकारी या ग्रामीण विकास अधिकारी जैसे अधिकारी ही ईआरओ नियुक्त किए जा सकते हैं। कोलकाता स्थित मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के एक अधिकारी ने हालांकि कहा कि आयोग ने पाया कि इन निर्वाचन क्षेत्रों में निर्धारित रैंक से नीचे के अधिकारी नियुक्त किए गए थे। इसी के कारण उन्हें बदलने का निर्देश दिया गया है। सूत्रों ने कहा कि चुनाव आयोग अब पश्चिम बंगाल के सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों में ईआरओ की रैंक एवं पात्रता की समीक्षा कर रहा है और अन्य क्षेत्रों में भी इसी तरह की अनियमितताएं सामने आ रही हैं। आयोग ने यह कार्रवाई विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी की हालिया शिकायत के बाद की है जिन्होंने ईआरओ की नियुक्ति में कथित उल्लंघन का मामला चुनाव आयोग के समक्ष उठाते हुए चिंता व्यक्त की थी। श्री अधिकारी ने कहा था कि आयोग के मानदंडों का उल्लंघन करते हुए कई अयोग्य अधिकारियों की नियुक्ति की गई। इसके बाद, चुनाव आयोग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को निर्देश दिया कि वह ईआरओ और बीएलओ दोनों की नियुक्ति के लिए निर्धारित मानदंडों का कड़ाई से पालन करे। चुनाव आयोग ने सभी जिला मजिस्ट्रेटों (जो जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में कार्य करते हैं) और अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेटों (चुनाव) को इस सप्ताह के अंदर अधिकारियों की फ्रमैपिंग एवं मिलानफ्र का काम पूरा करने का निर्देश दिया है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### वैष्णव ने 65 छोटे एवं मध्यम स्टेशनों पर नये प्लेटफॉर्म एवं एकीकृत यात्री सूचना प्रणाली का किया लोकार्पण

अर्थ प्रकाश/जयपुर। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को जयपुर में उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा यात्री सुविधाओं के विस्तार के लिए 65 छोटे एवं मध्यम स्टेशनों पर नये प्लेटफॉर्म, प्लेटफॉर्म उन्नयन एवं विस्तार तथा एकीकृत यात्री सूचना प्रणाली का लोकार्पण किया और जयपुर-असारवा एक्सप्रेस में वातानुकूलित श्रेणी के यात्रियों के लिए प्रिंटेड कंबल कवर की शुरुआत की। इस अवसर पर जयपुर के खातीपुरा रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में श्री वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हो रहा है और रेलवे क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता और मार्गदर्शन के कारण ही रेलवे क्षेत्र में इतने बड़े परिवर्तन संभव हो पाए हैं। प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी हमेशा ऐसी तकनीक को लाने पर बल देते हैं जिससे यात्रियों व आम लोगो को सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधा के मद्देनज़र प्रायोगिक तौर पर प्रिंटेड कंबल कवर की शुरुआत की गई। इससे वोकल फॉर लोकल को ध्यान में रखते हुए स्थानीय प्रिंट के कंबल कवर का उपयोग किया जा रहा है ताकि स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर पश्चिम रेलवे के 65 छोटे एवं मध्यम स्टेशनों पर नए प्लेटफॉर्म, प्लेटफॉर्म उन्नयन एवं विस्तार तथा एकीकृत यात्री सूचना प्रणाली की सुविधाओं का लोकार्पण किया जा रहा है। कार्यक्रम में सांसद मंजू शर्मा, घनश्याम तिवाड़ी, विधायक कैलाश चंद वर्मा, उत्तर पश्चिम रेलवे महाप्रबन्धक अमिताभ, मंडल रेल प्रबन्धक जयपुर रवि जैन अधिकारी सहित गणमान्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। श्री वैष्णव ने एक अन्य कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अर्थव्यवस्था को मज़बूत बनाने के लिए ज़मीन से जुड़े फैसले लिए हैं, जिससे बुनियादी ढांचे के निर्माण को गति मिली है। उन्होंने कहा कि भारत आज विश्व की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि मज़बूत आर्थिक स्थिति के कारण ही रेलवे स्टेशनों और बुनियादी ढांचे में व्यापक सुधार संभव हुआ है। तकनीकी क्षेत्र में हुई प्रगति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आज मोबाइल फ़ोन भी भारत में ही बन रहे हैं। वंदे भारत ट्रेन की डिज़ाइन भारत में तैयार की गई है, जो आत्मनिर्भर भारत की ताकत को दर्शाती है।

### भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की जमानत याचिका पर संशय बरकरार

अर्थ प्रकाश/ बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और पाटन विधायक भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की जमानत याचिका पर बुधवार को उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। इस मामले की न्यायमुर्ति अरविंद वर्मा की एकल पीठ में सुनवाई हुई, जिसमें बचाव पक्ष की ओर से हर्षवर्धन परगनिया और हर्षित शर्मा ने अपना पक्ष रखा। गौरतलब है कि एंटी करप्शन ब्यूरो और ईकोनॉमिक ऑफिंस विंग की कार्रवाई के बाद चैतन्य बघेल न्यायिक रिमांड पर जेल में हैं। विशेष अदालत ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई कर उन्हें 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर भेजने का आदेश दिया था। बुधवार को उच्च न्यायालय में हुई सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने जमानत के पक्ष में दलीलें दीं, जबकि एसीबी की ओर से सरकारी वकीलों ने जमानत का विरोध किया। न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित नहीं रखा और अगली सुनवाई की तिथि भी निश्चित नहीं की। इस बीच, पूरे मामले को लेकर राजनीतिक हलकों में सरगर्मी तेज है। कांग्रेस इसे राजनीतिक प्रतिशोध बता रही है वहीं सरकार का कहना है कि एसीबी-ईओडब्ल्यू कानून के अंतर्गत कार्रवाई कर रही है। अब सबकी निगाहें उच्च न्यायालय के अगले निर्णय पर टिकी हैं।

### मिजोरम- केले के अपशिष्ट बनेगा आजीविका का साधन, तैयार होंगे कागज समेत कई उत्पाद

अर्थ प्रकाश / सेरछिप। मिजोरम के सेरछिप जिले के जुंगलेंग में गुरुवार को एक नए सामान्य सुविधा केंद्र (सीएफसी) का उद्घाटन हुआ, जो केले के छद्म तने का उपयोग कर मूल्य-वर्धित उत्पाद बनाने में मदद करेगा। यह परियोजना उत्तर पूर्व प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग एवं पहुंच केंद्र (एनईसीटीएआर) की आजीविका सुधार पहल का हिस्सा है, जिसे पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय के फंड से वित्त पोषित किया जा रहा है। नई प्रसंस्करण इकाई केले के छद्म तने, जो आमतौर पर कचरा समझकर फेंक दिए जाते हैं, को रेशे से बने हस्तशिल्प, शाकाहारी चमड़ा, हस्तनिर्मित कागज और वर्मीकम्पोस्ट जैसे उत्पादों में बदलने का काम करेगी। अधिकारियों का मानना है कि इससे स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा, टिकाऊ खेती को प्रोत्साहन मिलेगा और ग्रामीण क्षेत्रों में नई आय के स्रोत पैदा होंगे। हालांकि मिजोरम भारत के बड़े केला उत्पादक राज्यों में शामिल नहीं है, लेकिन यहां केला उत्पादन स्थिर रहा है। मार्च 2025 तक राज्य में केले का उत्पादन 140.502 हजार टन रहा, जो 2024 के आंकड़ों के करीब है। 2019 में यह 143.840 हजार टन तक पहुंचा था। पिछले दस साल में औसतन 140 हजार टन सालाना उत्पादन हुआ है। ये आंकड़े बताते हैं कि मिजोरम में केला उत्पादन स्थिर है, लेकिन प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन की संभावनाएं अभी पूरी तरह इस्तेमाल नहीं हुई हैं। वहीं, हितधारकों को उम्मीद है कि जुंगलेंग की यह सुविधा पूर्वोत्तर क्षेत्र में कृषि अपशिष्ट को टिकाऊ आजीविका में बदलने का मॉडल बनेगी। साथ ही यह भारत के हरित नवाचार एजेंडे को मजबूत करेगी। इस पहल से न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे। अधिकारियों का कहना है कि यह कदम मिजोरम की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में मददगार साबित होगा। ऐसी स्थिति में अगर इसे आगे चलकर विस्तार दिया गया, तो यह हमारी आर्थिक गतिविधियों के लिए शुभ संकेत साबित हो सकता है।

### कर्नाटक : सुधा मूर्ति के सर्वेक्षण से इनकार पर संतोष लाड ने कहा, 'फैसले का सम्मान करना चाहिए'

अर्थ प्रकाश / बेंगलुरु, । कर्नाटक में सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। इन्फोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति और उनकी पत्नी, राज्यसभा सांसद सुधा मूर्ति ने सर्वे में भाग लेने से इनकार कर दिया है। कांग्रेस के श्रम मंत्री संतोष लाड ने उनके फैसले का सम्मान करने की बात कही। दरअसल, सुधा मूर्ति ने कर्नाटक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को पत्र लिखकर कहा कि वे किसी पिछड़े वर्ग से नहीं आते, इसलिए उनका व्यक्तिगत विवरण प्रदान करना सरकार के लिए उपयोगी नहीं होगा। हाईकोर्ट के फैसले के अनुसार सर्वे स्वैच्छिक है, इसलिए इनकार वैध है। संतोष लाड ने बेंगलुरु में पत्रकारों से बात करते हुए कहा, फ्रजो कुछ भी उन्होंने कहा है, वह अभिव्यक्ति का एक तरीका है। यह उनकी पसंद है। सरकार होने के नाते हम किसी को मजबूर नहीं कर सकते। कौन प्रभावशाली है, यह व्यक्तिपरक है। मुझे नहीं लगता कि इसका समाज पर कोई प्रभाव पड़ेगा। अगर उन्होंने अपना रुख अपनाया है, तो मैं उनका सम्मान करूंगा।' उन्होंने कहा, 'जो होना चाहिए, उसे सरकारी फैसले में शामिल नहीं किया जाना चाहिए। अगर वह राज्य सरकार चलाना चाहती हैं, तो उन्हें अन्य मुद्दों पर भी बोलना चाहिए।' लाड ने उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के उस बयान में सहमति जताई, जिसमें उन्होंने कहा था कि सर्वे में भागीदारी जबरन नहीं की जा सकती। सर्वे 22 सितंबर से चल रहा है, जो 7 करोड़ लोगों को कवर करेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में 90 प्रतिशत सहयोग मिला है, लेकिन बेंगलुरु में प्रगति धीमी है। प्रियांक खड़गे ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को पत्र लिखकर सरकारी परिसरों में आरएसएस की गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने वाली मांग का समर्थन किया। लाड ने कहा, 'आरएसएस की शाखाएं सरकारी स्कूलों, पार्कों और मंदिरों में चल रही हैं, जो संविधान की भावना के विरुद्ध है। बच्चों में नकारात्मक विचार डाल रही हैं।'

# सड़क दुर्घटनाओं में जान बचाने के लिए 'गोल्डन ऑवर' महत्वपूर्ण : डॉ. भानु प्रताप सलूजा

अर्थ प्रकाश /वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़।** पार्क हॉस्पिटल मोहाली की टीम, डायरेक्टर आर्थोपेडिक्स और रोबोटिक ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी डॉ भानु प्रताप सिंह , सीईओ डॉ. रोहित जसवाल, कंसल्टेंट न्यूरोसर्जरी डॉ. अनिल सोफत, कंसल्टेंट प्लास्टिक सर्जरी डॉ. अंकुर शर्मा और कंसल्टेंट जीआई सर्जरी डॉ. आशीष शर्मा ने उत्तर भारत में सड़क दुर्घटनाओं और ट्रॉमा सेवाओं के बढ़ते मामलों पर यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।

डॉ भानु प्रताप सिंह ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि पिछले 12 वर्षों में वैश्विक स्तर पर सड़क दुर्घटनाओं में 5प्र. की गिरावट आई है, जबकि भारत में इसमें 15.3त्न की वृद्धि हुई है। भारत में यातायात से संबंधित सभी मौतों में से 83प्र. सड़क दुर्घटनाओं में योगदान करती हैं। लोगों को 'गोल्डन ऑवर' कांसेप्ट के महत्व को जानना चाहिए, जिसका अर्थ है कि किसी भी दुर्घटना के बाद पहले 60 मिनट सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। अगर सही मरीज सही समय पर सही जगह पहुंच जाए तो कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने यह भी साझा किया कि सड़क दुर्घटनाओं में 70प्र. लोगों की जान तेज गति से गाड़ी चलाने के कारण जाती है।

डॉ. अनिल सोफत ने कहा कि भारत में वैश्विक वाहन आबादी का केवल 1त्न हिस्सा है और दुनिया भर में दुर्घटना से संबंधित मौतों की संख्या सबसे अधिक है। अधिकांश दुर्घटनाओं में सिर की चोट के अलावा, मोटर चालकों को वक्ष और जीआई चोटों का भी सामना करना पड़ता है, जो समान रूप से घातक होते हैं।

डॉ. अंकुर शर्मा ने कहा कि भारत में ट्रॉमा के मामलों में तेज गति से गाड़ी चलाना और सीट बेल्ट न पहनना सिर की चोटों के प्रमुख मामले हैं।इसके अलावा नशे में गाड़ी चलाना, लाल बत्ती तोड़ना, ड्राइवरों का ध्यान भटकाना, ड्राइविंग लेन का पालन न करना और गलत साइड से ओवरटेक करना भारत में सड़क दुर्घटनाओं के अन्य कारण हैं।

# पीयू चंडीगढ़ के यूआईएलएस विभाग में हुआ 48 यूनिट्स रक्त एकत्र

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़ ।** प्रोफेसर श्रुति बेदी, डायरेक्टरयूआईएलएस पीयू चंडीगढ़ के कुशल मार्गदर्शन में ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित कियागया। यूआईएलएस पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ की स्पोर्ट्स कमेटी के इंचार्ज डॉ. सनीशर्मा ने सेवा की भावना को बढ़ावा देने के लिए यह पहल की। एनर्जेटिक कोऑर्डिनेटरडॉ. पुरुषोत्तम गौड़,डॉ. सोनलप्रीत कौर जोसन, डॉ. मीना सिंह, डॉ.दीपक ठाकुर, डॉ. गुरप्रीत कौर संधू और मिस्टर तरुण की टीम ने स्टूडेंट्स, कर्मचारियोंऔर वॉलंटियर्स को इस इवेंट में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इसका मकसद अपनीमर्ज़ी से ब्लड डोनेशन को प्रोत्साहित करना और इसके जीवन बचाने वाले असर के बारेमें जागरूकता पैदा करना था।विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्षसाध्वी नीलिमा विश्वास ने बताया कि शिविर पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ की विशेषज्ञ मेडिकलटीम व विश्वास फाउंडेशन, पंचकूला के सहयोग से आयोजित किया गया। संस्था द्वारा सभी डोनर्स को उपहार भीदिए गए। शिविर में 73 लोगों ने ब्लड डोनेट करने के लिए रजिस्टर करवाया 25 कोस्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों की वजह से ब्लड डोनेट करने के लिए डाक्टरों द्वारा मनाकर दिया गया। डॉक्टर संगीता द्वारा नियुक्त की गई टीम ने 48 यूनिट्स रक्त एकत्रितकिया। इस रक्तदान शिविर में इंडियनरेडक्रॉस सोसाइटी की नोडल ऑफिसर पूनम मालिक द्वारा सभी डोनर्स के लिए प्रशंसा पत्रभी दिए गए। इस मौके पर विश्वास फाउंडेशन से सत्य भूषण खुराना, वरीन्द्र कुमार वमधू खन्ना उपस्थित रहे। डॉक्टर और सपोर्ट स्टाफ पार्टिसिपेंट्स को हेल्थ चेक, डोनेशनप्रोटोकॉल और डोनेशन के बाद की देखभाल के बारे में गाइड करने के लिए मौजूद थे। इसपहल के बारे में बात करते हुए, ऑर्गनाइज़र ने एक्सीडेंट, सर्जरी, डिलीवरीऔर मेडिकल इमरजेंसी के दौरान जान बचाने में अपनी मर्ज़ी से ब्लड डोनेशन के



महत्वपर ज़ोर दिया। उन्होंने यह भी बताया कि डोनेटकिए गए ब्लड की एक यूनिट तीन जानें बचा सकती है। अलग-अलग फील्ड के बहुत सारेजोशीले वॉलंटियर ब्लड डोनेट करने के लिए आगे आए, जिसमें यूआईएलएस के कई स्टूडेंट्स भी शामिल थे। पहली बार डोनर ज़्यादा उत्साहित थे। ब्लडडोनेशन से जुड़ी गलतफहमियों को दूर करने और रेगुलर हिस्सा लेने के लिए बढ़ावा देनेके लिए अवेयरनेस मटीरियल बांटे गए। ऑर्गनाइज़र ने सभी डोनर, मेडिकलप्रोफेशनल और वॉलंटियर को उनके सपोर्ट के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कम्युनिटी सेभी अपील की कि वे ऐसे इंसानी कामों में हिस्सा लेते रहें ताकि यह पक्का हो सके किखून की कमी की वजह से किसी की जान न जाए।

# आंध्र प्रदेश : सीएम चंद्रबाबू नायडू ने हिंदी में दिया भाषण, बोले-बिहार में एनडीए की जीत होगी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कुरनूल ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को आंध्र प्रदेश के कुरनूल में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने मंच से पीएम मोदी की प्रशंसा की।

सीएम चंद्रबाबू नायडू ने हिंदी में भाषण देकर लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस दौरान उन्होंने बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनेगी।

उन्होंने हिंदी में भाषण देते हुए कहा कि हम सब श्रीशैलम श्री मल्लिकार्जुन स्वामी से प्रार्थना करते हैं कि वे पीएम मोदी को देश की निरंतर प्रगति करने की शक्ति दें और हमारा विकसित भारत का सपना पूरा करें। उन्होंने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि बिहार में एनडीए की जीत होगी और इसी तरह प्रधानमंत्री



मोदी की विजय यात्रा आगे बढ़ती रहेगी।

इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आंध्र प्रदेश गौरव और समृद्ध संस्कृति की भूमि है। यह विज्ञान और नवाचार का केंद्र भी है। इस राज्य में असीम संभावनाएं और अपार क्षमताएं हैं। आंध्र को सही दृष्टिकोण की आवश्यकता थी। चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण के नेतृत्व में राज्य को अब वह दृष्टिकोण और केंद्र सरकार का समर्थन दोनों प्राप्त हैं।

उन्होंने आगे कहा कि 2047 में आजादी के जब 100 साल होंगे, तब 'विकसित भारत' होकर रहेगा। मैं विश्वास से कहता हूं कि 21वीं सदी हिंदुस्तान की होने वाली है। 21वीं सदी 140 करोड़ हिंदुस्तानियों की सदी होने वाली है। आंध्र प्रदेश विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। डबल इंजन वाली सरकार की ताकत से राज्य अभूतपूर्व विकास का गवाह बन रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज सड़क, बिजली, रेलवे, राजमार्ग और व्यापार से जुड़ी कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया है। इन पहलों से उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और लोगों का जीवन आसान होगा। इन परियोजनाओं से कुरनूल और आसपास के क्षेत्रों को बहुत लाभ होगा। मैं इन विकासों के लिए कुरनूल और पूरे राज्य के लोगों को बधाई देता हूं।

# आचार्य श्री सुबल सागर महाराज ससंघ के प्रवचन नया बाजार स्थित दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे हे

समय कभी किसी की प्रतीक्षा नहीं करता है केवल पुरुषार्थ पर ध्यान रखो -- आचार्य श्री सुबल सागरजी

आचार्य श्री सुबल सागर जी ससंघ की ढोल ताशे के साथ भव्य आगवानी नया बाजार जैन समाज के लोगो ने की।



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ग्वालियर -** समय कभी किसी की प्रतीक्षा नहीं करता है केवल पुरुषार्थ पर ध्यान रखो। धर्म का समय निश्चित नहीं करो आज से ही धर्म शुरू करो।यदि यही राग भगवान के गुणों के ओर मुड़ जाए तो आत्मा का विकास शुरू हो जाता है। यही राग वीतराग में बदल जाता है। संसारी प्राणी मात्र व्यापारिक वस्तु में उतार-चढ़ाव के भाव समझता है, वीतराग भाव की और दृष्टि नहीं जाती। यदि प्रवचनों में संसारी बातों को बोला जाता है तो उसे अच्छा लगता है आनंद आता है लेकिन यदि अध्यात्म की चर्चा हो तो आनंद नहीं आता। लेकिन पुण्य शाली भव्य जीव को यदि चर्चा आध्यामिक की हो तो वह अपनी आत्मा को परमात्मा बनाने हेतु प्रयास शुरु कर देता है। भव्य पुण्य शाली को गुरुओं का सान्निध्य प्राप्त हो जाता है तो कल्याण हो जाता है। हमें संसारी कार्यों को छोड़कर करके आत्म कल्याण के धर्म कार्यों में मुख्यता देना चाहिए। यह विचार आचार्य श्री सुबल सागर महाराज ने आज गुरुवार को नया बाजार स्थित दिगंबर जैन मंदिर में मंगल प्रवेश के दौरान धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

आचार्य श्री ने कहा कि भौतिक वस्तुओं का रस तो सभी अनुभव कर सकते हैं, लेकिन आत्मिक गुणों का अनुभव केवल वही कर सकता है जो आत्मा के गुणों को जानता हो। धर्म गुणों का आधार है, जो व्यक्ति को सही राह दिखाता है और जीवन को सार्थक बनाता है। धर्म का मूल ध्येय मानवता और सत्य के मार्ग पर चलना है, जो व्यक्ति को पाप और आसक्ति से दूर रखता है। धर्म ही वह साधन है जो व्यक्ति को सांसारिक दुखों से पार ले जा सकता है। इसके लिए मिथ्यात्व से दूर रहना और आत्म-साधना करना आवश्यक है। शरीर में शक्ति की आवश्यकता है वैसे ही प्रत्येक कार्य में धर्म की आवश्यकता है। धर्म शब्द का सामान्य अर्थ कर्तव्य भी है, आत्मा की शुद्धि का साधन धर्म है। वही प्रवचन से पहले आचार्य श्री सुबल सागर महाराज ससंघ माधवगंज से पद यात्रा करते हुए नया बाजार दिगंबर जैन मंदिर पहुंचे। जहां आचार्य श्री ससंघ की ढोल ताशे के साथ दीपक से आरती करते हुए भव्य आगवानी जैन समाज के लोगो ने की। वही आचार्य श्री ससंघ के चरणों में श्री फल भेंट नया बाजार मंदिर समिति ओर समाजजनों ने श्रीफल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि आचार्य श्री सुबल सागर महाराज के 17 अक्टूबर को नया बाजार स्थित दिगंबर जैन मंदिर में मंगल प्रवचन 09 ~ 00 बजे से होंगे।